[37] के द्वारा संक्षिप्त व्याख्या, "Lamb of God" at A Slice of Infinity, April 23, 2012. Accessed at: http://www.rzim.org

[38] "परमेश्वर एक बलिदान प्रदान करेगा"

❖ ***होमबलि*** (लैव्यवस्था 1) पुराने नियम की प्राथमिक भेंट थी। पशु को मारने से पहले, अराधक पशु के सिर पर अपना हाथ रखता था, यह दिखाने के लिए कि वह स्वयं पापी है जो मृत्यु के दंड के योग्य है।[39] तब पशु को वेदी पर पूरी तरह से जला दिया जाता था।

❖ ***अन्नबलि*** (लैव्यवस्था 2) एक उपहार की भेंट थी जिसे अक्सर होमबलि या मेलबलि के साथ चढ़ाया जाता था।

❖ ***मेलबलि*** (लैव्यवस्था 3) से अराधक और परमेश्वर के बीच की संगति को मनाया जाता था। इससे परमेश्वर और इस्राएल के बीच वाचा के रिश्ते की पुष्टि होती थी। केवल यही भेंट है, जो अराधक, याजक और परमेश्वर के बीच बाँटी जाती थी।[40]

❖ ***पाप की भेंट*** (लैव्यवस्था 4:1 - 5:13) व्यवस्था का अनजाने में उल्लंघन करने पर हरजाना देना में, नाकाम रहना जो व्यवस्था के लिया जरूरी हुआ करता था। पाप से व्यक्ति अशुद्ध हो जाता था; यह भेंट उसे वापस शुद्ध बना देती थी।

❖ ***अपराध या दोष की भेंट*** (लैव्यवस्था 5:14-6:7) व्यवस्था के उल्लंघन को निपटाती थी। यह भेंट पाप की भेंट के समान है, लेकिन अधिक गंभीर उल्लंघनों को संबोधित करती थी, विशेष रूप से जिन लोगों को संपत्ति की क्षतिपूर्ती और पूर्वावस्था की वापसी की आवश्यकता होती है।

यद्यपि इस्राएल बाद में बलिदानों को केवल अनुष्ठान ही मानता था, बलि व्यवस्था का उद्देश्य वास्तविक पश्चाताप का प्रतिनिधित्व करना था। जानबूझकर किये गये पाप इन भेंटों से ढांपे नहीं जाते थे।[41] एक योग्य भेंट पश्चातापी हृदय से दी जानी चाहिए।

➡ **याजकु की स्थापना** (लैव्यवस्था 8-10)

क्योंकि परमेश्वर पवित्र हैं, सभी उपासना उसी तरीके से की जानी चाहिए जो वह निर्धारित करता है। निर्गमन 32 मिस्र के सोने के बछड़े के साथ यहोवा की उपासना को एकजुटकरने के प्रयास का नतीजा दिखाता है।[42] लैव्यव्यवस्था 10, उन लोगों पर परमेश्वर के न्याय को

---

[39] लैव्यवस्था 1:4-5

[40] वह भाग जो परमेश्वर का होता था ("वसा" - सबसे उत्तम भाग) उसे जला दिया जाता था। बाकी का अराधक और याजक द्वारा खा लिया जाता था।

[41] गिनती 15:30-31, जानबूझकर किये गये पाप के लिए कोई बलिदान नहीं था। बल्कि पापी को अलग कर दिया जाता था। भजन संहिता ५१ में, दाऊद जानता है कि ऊरिय्याह की जानबूझकर और सुनियोजित रूप से की गई हत्या पापबलि को पुरी तरह से नहीं ढक्केगा। इसके बजाय, वह खुद को परमेश्वर की दया पर छोड़ देता है; तू होमबलि में नहीं प्रसन्न होता। टूटा मन परमेश्वर के लिया योग्य बलिदान है, हे परमेश्वर, तूटूटे और पिसे हुए मन का तुच्छ नहीं जानता।

दिखाता है जो अनुचित तरीके से उपासना करते हैं। एक पवित्र परमेश्वर की आवश्यकता है कि हम उसके पास उस प्रकार जायें जिस प्रकार वह आज्ञा देता है।

➡ **शुद्धता और अशुद्धता के नियम** (लैव्यवस्था 11-16)

400 वर्षों तक, इस्राएल मिस्र में रहा, उन मूर्तिपूजक लोगों से घिरे हुए जो पवित्रता के बारे में नहीं जानते थे। जब परमेश्वर ने इस्राएल को पवित्र होने के लिए बुलाया तब उन्हें आसपास के देशों के पापों से अलग होना सीखना पड़ा। इससे इस्राएल को परमेश्वर के पवित्र चरित्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला।

परमेश्वर ने शुद्धता और अशुद्धता के नियमों का इस्तेमाल पवित्रता और शुद्धता का जीता-जागता उदाहरण देने के लिए किया। रोजमर्रा की जिंदगी (भोजन, प्रसव, त्वचा रोग, और शारीरिक निर्वहन) के पहलुओं का प्रयोग करते हुए, ईश्वर ने दिखाया कि सारे जीवन उसके ही हैं।

शुद्ध और अशुद्ध के बीच के भेद एक आधुनिक पाठक के लिए स्पष्ट नहीं हैं। सबसे संभावित स्पष्टीकरण यह है कि एक शुद्ध जानवर अपने वर्ग के लिए अपेक्षित मापदंड के अनुरूप में है। एक पानी में रहने वाला प्राणी जिसके मत्स्यपंख या पपड़ी नहीं थे वह अशुद्ध था; कई पैरों वाले उड़ने वाले कीट अशुद्ध थे।[43] हालांकि वर्गीकरण के कारण हमेशा स्पष्ट नहीं होते हैं, अंतर्निहित संदेश स्पष्ट है: परमेश्वर के लोगों को शुद्ध और अशुद्ध के बीच भेद करना चाहिए।

➡ **पवित्रता की संहिताः परमेश्वर के साथ चलना** (लैव्यवस्था १७-२७)

लैव्यवस्था का अंतिम खंड पवित्र जीवन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बलि के अनुष्ठानों, याजकपन और पवित्रता के अनुष्ठान से आगे बढ़ता है। पवित्रता की संहिता में, इस्राएल को जीवन के हर क्षेत्र में पवित्रता का उदाहरण देने के लिए बुलाया गया हैः सामाजिक संबंध, परिवार, कामुकता, पवित्र दिन, और गरीबों के साथ बरताव। पवित्रता के लिए बुलाहट परमेश्वर के चरित्र पर आधारित हैः "तुम पवित्र बनोः क्योंकि मैं तेरा परमेश्वर यहोवा पवित्र हूं।"[44] यह अनुस्मारक कि 'मैं यहोवा हूँ' या 'मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ' इन अध्यायों

---

[42] निर्गमन 32:4 देखिए ("इस्राएल के लोगों, ये तुम्हारे वे देवता हैं जो तुम्हें मिस्र से बाहार ले आया।") और निर्गमन 32:5 ("कल यहोवा के लिए विशेष दावत होगी।")

[43] एक पानी में रहने वाले प्राणी के पास मत्स्यपंख या पपड़ी होने की उम्मीद की जा सकती है। टाँगो वाला कीट रेंग सकता है, उड़ नहीं सकता। इस प्रकार इन प्राणियों में ऐसी विशेषताएं थीं जो अपने वर्ग के लिए अपेक्षित मानदंड के अनुरूप नहीं थीं।

[44] लैव्यवस्था 19: 2 यही विचार लैव्यवस्था 20: 7, 26; 21: 8 में दोहराया गया है। नए नियम में, यह पतरस **1:15-16** में दोहराया जाता है और वही विचार मत्ती 05:48 में पाया जाता है।

में सैंतालीस बार पाया जाता है। परमेश्वर के लोगों की पवित्रता परमेश्वर की पवित्रता को प्रतिबिंबित करने के लिए है।

लैव्यवस्था नए नियम में

लैव्यवस्था के कई विशिष्ट अनुप्रयोग अब मसीह के आने के बाद से लागू नहीं हैं; मसीह ने व्यवस्था को पूरा किया।[45] हालांकि, लैव्यवस्था में सिखाये गये पवित्रता के सिद्धांत अभी भी प्रभाव में हैं। ये नियम परमेश्वर की पवित्रता प्रकट करते हैं, ऐसी पवित्रता जो मसीह के द्वारा सभी विश्वासियों के लिए उपलब्ध है।[46]

व्यवस्था पर गहराई से दृष्टि

? ***यदि हम अनुग्रह से बचाए गये हैं, तो नए नियम के विश्वासियों के रूप में व्यवस्था हमारे जीवन में क्या भूमिका निभाती है?***

आज की कलीसिया में अक्सर 'व्यवस्था' का दुरुपयोग किया जाता है। कई लोगों के लिए, व्यवस्था पुरानी है और पूरी तरह से मसीह लोगों के लिए अर्थहीन है। वे पौलुस की चेतावनियों को व्यवस्था[47] की आज्ञाकारिता से परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त करने की कोशिश करने के खिलाफ कहते हैं, जैसे "पर हम जानते हैं, कि यदि कोई व्यवस्था को व्यवस्था की रीति पर काम में लाए, तो वह भली है।"[48] पुराने नियम की व्यवस्था के हमारे अध्ययन में दोनों कथनों पर विचार किया जाना चाहिए क्योंकि "हर एक पवित्राशास्त्रा परमेश्वर की प्रेरणा से रचा गया है और उपदेश, और समझाने, और सुधारने, और धर्म की शिक्षा के लिये लाभदायक है।"[49]

दूसरों के लिए, व्यवस्था का पालन करना परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त करने का साधन है। वे व्यवस्था के हर विवरण का सावधानीपूर्वक पालन करते हुए खुद पर गर्व करते हैं। उनका मानना है कि इससे परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त होगा; यही गलती है जिसके कारण यहूदी दोषी थे।

एक मसीह को व्यवस्था का कैसे पालन करना चाहिए? कई मसीह पुराने नियम की व्यवस्था को तीन श्रेणियों में विभाजित करके उत्तर देते हैं। उनका तर्क है कि ***नैतिक नियम*** (जैसे दस

[45] कुरिन्थियों 9:21; गलातियों 6: 2

[46] मत्ती 5:48

[47] उदाहरण के लिए, गलातियों 2:16-21

[48] 1 तीमुथियुस 1:8

[49] 2 तीमुथियुस 3:16

आज्ञायें) इनको आज भी माना जाता है। वे तर्क करते हैं कि ***नागरिक नियम*** (एक राष्ट्र के रूप में इस्राएल के लिए विशिष्ट नियम) और ***औपचारिक नियम*** (बलिदान, याजकपन और अनुष्ठान शुद्धता से संबंधित नियम) अब नहीं माने जाते हैं।

हालांकि यह एक सामान्य विभाजन है, हम यह निर्धारित करने में कुछ कठिनाइयों का सामना करते हैं कि कौन से नियम प्रत्येक श्रेणी में बैठते हैं। लैव्यवस्था १९ से पढ़िये, प्रत्येक नियम को तीन श्रेणियों में से एक में रखिये। आप इसे बहुत ही व्यक्तिपरक पायेंगे। क्या अन्न का नियम (लैव्यवस्था 19:9-10) नागरिक नियम केवल एक राष्ट्र के रूप में इस्राएल से संबंधित है, या क्या यह सभी समाजों में गरीबों की देखभाल के लिए एक नैतिक जनादेश है? लैव्यवस्था 19:36 के न्यायोचित तराजू नागरिक नियम हैं, लेकिन वे ईमानदारी के नैतिक सिद्धांत को भी व्यक्त करते हैं।

लैव्यवस्था 19 में कहीं भी मूसा ने नागरिक, औपचारिक और नैतिक नियमों के बीच कोई अंतर नहीं बताया। क्योंकि कोई भेद नहीं है, और क्योंकि परमेश्वर का वचन शाश्वत है, व्यवस्था को बेहतर समझने का तरीका यह है कि इसको परमेश्वर के चरित्र के प्रकाशन के रूप में पढ़ा जाना चाहिए जो हर समय परमेश्वर के लोगों को मार्गदर्शन देता है।

व्यवस्था के इस दृष्टिकोण में, हम पूछते हैं: 'यह व्यवस्था परमेश्वर के पवित्र चरित्र और पवित्र लोगों के लिए उसकी आवश्यकताओं के बारे में क्या प्रकट करती है?' हम फिर मसीह के आगमन के माध्यम से व्यवस्था को पढ़ते हैं और आज हमारी परिस्थितियों में इसे लागू करते हैं।

निम्नलिखित नमूना दिखाता है कि यह कैसा दिखता है:



इस नमूने को लागू करने के लिए, अन्न के नियम का उदाहरण लीजिये (लैव्यवस्था 19:9-10)।

- प्राचीन व्यवस्था बताती है: 'तू अपनी दाख की बारी का दाना दाना न तोड़ लेना, और अपनी दाख की बारी के झड़े हुए अंगूरों को न बटोरना; उन्हें दीन और परदेशी लोगों के लिये छोड़ देना; मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूं।'
- व्यवस्था परमेश्वर के चरित्र पर आधारित है: 'मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूं।' परमेश्वर गरीबों की परवाह करता है; वह जरूरतमंदों से प्रेम करता है।

- यीशु ने इसी प्रकार अपनी सांसारिक सेवा में जरूरतमंदों की देखभाल की। यीशु ने इस नियम को रद्द नहीं किया; इसके बजाय, उन्होंने दैनिक सेवाकार्य में इस सिद्धांत को दर्शाया।
- एक कृषि समाज में, आधुनिक प्रथा इस्राएल की प्रथा के बहुत करीब हो सकती है जैसे - जरूरतमंदों के काटने के लिए फसल छोड़ना। एक औद्योगिक समाज में, आधुनिक प्रथा में गरीबों को पैसे देने या व्यावहारिक सहायता शामिल हो सकती है। इसका अनुप्रयोग भिन्न हो सकता है, लेकिन सिद्धांत हर समाज में लागू रहता है। परमेश्वर के लोगों को गरीबों से प्रेम और उनकी देखभाल करनी है जैसे परमेश्वर स्वंय गरीबों से प्रेम और उनकी देखभाल करता है। इसे 1 युहन्ना 3:17-18 और याकूब 2:14-16 में दोहराया गया है। इस प्राचीन 'नागरिक' नियम का सिद्धांत आज प्रयोग किया जाता है।

लैव्यवस्था १९ एक प्रतिमान के रूप में कार्य करता है कि सभी पवित्रता की संहिता की कैसे व्याख्या की जा सकती है। यह परमेश्वर के लोगों को जीवन के सभी क्षेत्रों में पवित्रता के लिए बुलाता है। लैव्यवस्था १९ के कुछ पहलू दस आज्ञाओं का प्रतिबिंब हैं; कुछ बलिदान के नियमों पर आधारित हैं; कुछ शुद्धता और अशुद्धता के विचारों पर आधारित हैं; कुछ अपने पड़ोसी के प्रति प्रेम पर आधारित हैं; सभी हमारे पवित्र परमेश्वर के जैसे पवित्र होने का दायित्व व्यक्त करते हैं।

गिनती

विषयः अनाज्ञाकारिता के परिणाम

गिनती की पुस्तक का अंग्रेजी नाम दो जनगणनाओं से आता है जो पुस्तक की भाग हैं; एक जो पुस्तक की शुरुआत में है और एक जो अंत में है। इब्रानी शीर्षक ('रेगिस्तान में') इस्राएल के सीनै पर्वत छोड़ने के बाद रेगिस्तान में उनके चालीस वर्षों तक भटकने का वर्णन करता है। गिनती परमेश्वर की आज्ञा न मानने का भयानक परिणाम दर्शाती है। इस्राएल की अवज्ञा के परिणामस्वरूप, रेगिस्तान में भटकने के चालीस वर्षों के दौरान एक पूरी पीढ़ी की मृत्यु हुई।

पेंटट्यूक की अन्य पुस्तकों के विपरीत, गिनती की पुस्तक एक स्पष्ट साहित्यिक प्रतिमान का अनुसरण नहीं करती। यह पुस्तक कालानुक्रमिक क्रम में है, लेकिन इसमें कोई अन्य व्यापक संरचना नहीं है। इसके बजाय, यह कई विभिन्न प्रकार की सामग्री के साथ एक यात्रा पत्रिका की तरह है जिसमेंः कथा, कविता, भविष्यव्दाणियां, आशीषें, नियम, और दो जनगणनायें हैं।

हालांकि गिनती की पुस्तक में विभिन्न प्रकार की सामग्री है, इसका मूल उद्देश्य स्पष्ट है: इस्राएल के अवज्ञा के परिणामों को दिखाना और इस्राएल को परमेश्वर की नित्य विश्नासयोग्यता दिखाना। "यदि हम अविश्वासी हैं, तो वह विश्नासयोग्य बना रहता है - क्योंकि वह खुद से इनकार नहीं कर सकता।"[50]

गिनती की पुस्तक का अवलोकन

➡ **सीनै में इस्राएल** (गिनती 1:1-10:10)

गिनती की पुस्तक लोगों की जनगणना के साथ शुरू होती है, जब वे सीनै पर्वत छोड़ने और वादा किए गए देश की यात्रा करने की तैयारी करते हैं। जनगणना में शिविर की व्यवस्था, इस्राएल द्वारा माने जाने वाले नियम, और प्रस्थान की तैयारी के निर्देश दिए जाते हैं।

➡ **इस्राएल रेगिस्तान में** (गिनती 10:11 - 21:35)

गिनती की पुस्तक का मध्य हिस्सा रेगिस्तान में भटकने के वर्षों के बारे में है, कादेश में उनकी आज्ञाभंग का परिणाम के कारण। वादा किए गए देश में प्रवेश करने की असफलता से पहले भी, इस्राएल के विश्वास की घटी तबेरा में, [51] मन्ना के बारे में उनकी शिकायत किबोथत्तावा में[52] और मूसा के नेतृत्व के विरुद्ध हारून और मिरियम का विद्रोह देखा जाता है।[53]

भेदियों के द्वारा कनान का भेद लिये जाने के बाद लोगों ने परमेश्वर के विजय के वादे पर विश्वास करने से इनकार कर दिया। दण्ड देने के लिए, परमेश्वर ने एक महामारी में विश्वासघाती भेदियों को मार डाला और घोषित किया कि कालेब और यहोशू को छोड़कर बीस वर्ष से अधिक आयु वाले कोई भी वादा किए गए देश में प्रवेश नहीं करेंगे।

इस खंड के बाकी हिस्सों में नियमों की एक श्रृंखला है जिनमें, बलिदान, कोरह, दातान और अबीराम द्वारा विद्रोह के पर दण्ड, हारून के वंशानुक्रम का पुष्टीकरण और मिलापवाला तम्बू और अशुद्धता से संबंधित निंयम शामिल हैं। जबकि कुछ विद्वान इस क्रम को अव्यवस्थित मानते हैं, यह खंड इस्राएल को परमेश्वर का अनुग्रह दर्शाता है। बलिदान के बारे में कानूनों के नवीकरण के साथ न्याय के संदेश का पालन करते हुए, परमेश्वर दिखाता है कि उसने अपने लोगों को नहीं छोड़ा है। जैसे सीनै के नियम परमेश्वर की दयालु देखभाल

---

[50] 2 तीमुथियुस 2:13, *English Standard Version.*

[51] गिनती 11:1-3

[52] गिनती 11:4-35

[53] गिनती 12:1-16

उसके लोगों को दर्शाते हैं, गिनती की किताब के नियम दर्शाते हैं कि परमेश्वर इस्राएल की उनकी अवज्ञा के बावजूद उनकी परवाह करता है। इसी तरह, हारून के याजक के वंशानुक्रम के पुष्टिकरण और मिलापवाले तम्बू से संबंधित नियम इस्राएल के मिलापवाला तम्बू के नित्य महत्व और याजकपन को दर्शाते हैं। परमेश्वर इस्राएल को नहीं भूला है; वह अपने लोगों के बीच सदा निवास करता रहेगा।

अध्याय 21 में, विद्रोह के कारण लोग विषैले सांपो से त्रस्त थे।[54] लोगों के पश्चाताप के जवाब में, परमेश्वर ने मूसा को खंबे पर एक कांस्य का सर्प बनाकर लटकाने का निर्देश दिया। उस कांस्य के सर्प को देखकर, सर्पों के द्वारा डंसे गये व्यक्ति जीवित रहे। यूहन्ना में, यीशु ने उन सभी के लिए अपने इस प्रकार के उद्धार के कार्य की ओर संकेत किया जो विश्वास में उसके पास आते हैं।[55]

➡ **इस्राएल मोआब के मैदानों में** (गिनती 22:1-36: 13)

गिनती का अंतिम खंड कनान देश में प्रवेश करने के लिए इस्राएल की दूसरी तैयारी दिखाता है। ये अध्याय पुस्तक खोलने के लगभग चालीस साल बाद आते हैं। अनाज्ञाकारिता के कारण, एक ग्यारह दिन की यात्रा चालीस वर्ष लग गए।[56]

मध्यवर्ती वर्षों में, अविश्वासी इस्राएलियों की पूरी पीढ़ी की मृत्यु हो गई। गिनती 15-21 में कोई भी मृत्यु दुश्मन के हमले से नहीं हुई। अविश्वासी पीढ़ी की मृत्यु परमेश्वर के न्याय का परिणाम था, न कि इस्राएल के शत्रुओं की ताकत।[57]

जब इस्राएली मोआब के मैदानों पर इंतजार कर रहे थे, तो मोआबी शासक बालाक ने बिलाम को इस्राएल में श्राप देने के लिए नियुक्त किया था। परमेश्वर ने बिलाम के शाप को आशीष में बदल दिया। बिलाम की आशीष पुराने नियम की उत्तम मसीहाई भविष्य्वदानियों में से एक है। इस्राएल की अवज्ञा के बावजूद भी, परमेश्वर ने अपने राष्ट्र इस्राएल को बचाकर रखा।

परमेश्वर द्वारा इस्राएल की सुरक्षा की कहानी न्याय की दूसरी कहानी के तुरंत बाद घटित होती है। इस्राएल मोआब के देवताओं को मानने लगे और उन्हें एक महामारी का दंड दिया गया जिससे 24,000 इस्राएली मर गए।[58] फिर, अवज्ञा के परिणाम स्पष्ट हैं।

---

[54] गिनती 21:4-9 "भयानक साँप" शायद ज़हर वाले सांप को दर्शाता है।

[55] यूहन्ना 3:14-16

[56] व्यवस्थाविवरण 1: 2-3

[57] इसी प्रकार यहोशू की किताब में, ऐ नगर में मृत्यु आकान के पाप के कारण आती है, ऐ नगर की ताकत के कारण नहीं।

[58] गिनती 25:1-9

इसके बाद दूसरी जनगणना के बाद, मोआब के मैदानों को छोड़ने की तैयारी, बलि के नियमों की समीक्षा, और भूमि के विभाजन के बारे में निर्देश। परमेश्वर अपने लोगों को नहीं भूला।

पुरानी पीढ़ी (गिनती 1-14)	नई पीढ़ी (गिनती 21-36)
पहली जनगणनाः 603,550 योद्धा (गिनती 1)	दूसरी जनगणनाः 601,730 योद्धा (गिनती 26)
सीनै से कादेश तक का सफर	कादेश से मोआब तक का सफर
पवित्राता का नियम (गिनती 4-9)	भेंटो और शपथों के नियम (गिनती 28-30)

गिनती नए नियम में

पौलुस ने मोआब में इस्राएल के पाप, उनके अधिकार को अस्वीकार, और उनकी शिकायत के बारे में कुरिन्थियों को चेतावनी के रूप में बताया। ये नये नियम के विश्वासी ऐसी ही विफलताओं के खतरे में थे। पौलुस ने चेतावनी दी, 'इसलिये जो समझता है, कि मैं स्थिर हूं, वह चौकस रहे; कि कहीं गिर न पड़े।' इस चेतावनी के साथ, पौलुस ने अपने पाठकों को प्रोत्साहित किया, "तुम किसी ऐसी परीक्षा में नहीं पड़े, जो मनुष्य के सहने से बाहर हैः और परमेश्वर सच्चा हैः वह तुम्हें सामर्थ से बाहर परीक्षा में न पड़ने देगा, वरन परीक्षा के साथ निकास भी करेगा; कि तुम सह सको।"[59]

इब्रानियों में, लेखक मसीह लोगों को अविश्वास के खिलाफ चेतावनी देता है जिसने इस्राएल को कनान के बाहर रखा था। क्योंकि इस्राएलियों ने अपने दिलों को कठोर किया था, इसलिए वे प्रतिज्ञा के देश में प्रवेश करने से रोके गये। इसी प्रकार, इब्रानियों के पाठक, जिनका 'अविश्वास से भरा बुरा मन' है, वे सुसमाचार के माध्यम से सब्त के विश्राम में प्रवेश नहीं करेंगे।

व्यवस्थाविवरणः वाचा को नवीनीकृत करना

विषयः

व्यवस्थाविवरण पुराने नियम की सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकों में से एक है। यह पेंटट्यूक की पराकाष्ठा है और ऐतिहासिक पुस्तकों की नींव है। बाकी के पुराने नियम में, भविष्यवक्ताओं ने व्यवस्था में सिखाए गए सिद्धांतों के अनुसार इस्राएल को मापा।

---

[59] 1 कुरिन्थियों 10:1-13

[60] इब्रानियों 3:7 - 4:13

व्यवस्थाविवरण और पुराना नियम

व्यवस्थाविवरण नाम का अर्थ 'दूसरी व्यवस्था' है। यह 'दूसरी व्यवस्था' नयी नहीं है, लेकिन एक नई पीढ़ी के लिए वाचा का नवीकरण है। इस्राएल के रेगिस्तान में अविश्वास के बावजूद, परमेश्वर अपने लोगों को नहीं भूला। व्यवस्थाविवरण की किताब बताती है कि इब्राहीम और मूसा के साथ बांधी गई वाचाएं अभी भी प्रभाव में हैं।

लैव्यवस्था का अवलोकन

व्यवस्थाविवरण में मूसा के तीन भाषण हैं। ये भाषण इस्राएल के इतिहास पर दृष्टि डालते हैं और परमेश्वर के लोगों के रूप में अपने भविष्य के लिए आशा करते हैं।

➡ **पहला भाषण - ऐतिहासिकः जो परमेश्वर ने किया है** (व्यवस्थाविवरण १-४)

अपने पहले भाषण में, मूसा इस्राएल के इतिहास की समीक्षा करता है। यह केवल एक ऐतिहासिक समीक्षा नहीं है; यह इतिहास का धर्मशास्त्र है। मूसा इस्राएल के इतिहास की समीक्षा करके वाचा को मानने के महत्व को दर्शाता है। वह इस्राएल की अवज्ञा के परिणाम को दर्शाता है, जब उन्होंने कनान में प्रवेश करने से इन्कार कर दिया। तब वह परमेश्वर की सुरक्षा को दर्शाता है जब इस्राएल परमेश्वर की आज्ञायों के प्रति आज्ञाकारी थे। मूसा ने खुद को एक ऐसे उदाहरण के रूप में बताया, जिसको उसकी अनाज्ञाकारिता के कारण कनान से बाहर रखा गया था। इस्राएल के लोगों को वाचा को नहीं भूलना चाहिए।[61]

यह पहला भाषण बाद के पुराने नियम के इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक नींव रखता है, जैसे 'बुवाई और कटाई' का सिद्धांत।[62] बाकी का पुराने नियम का इतिहास इस सिद्धांत का वर्णन करता है। जब इस्राएल आज्ञाकारी थे, तब परमेश्वर ने उसे आशीष दी; जब वह मूर्तियों की पूजा करने लगे, तब परमेश्वर ने उसे निर्वासन में भेज दिया।

➡ **दूसरा भाषण - कानूनीः परमेश्वर की आवश्यकता क्या है** (व्यवस्थाविवरण 5-26)

व्यवस्थाविवरण का मुख्य भाग वाचा की समीक्षा है। व्यवस्थाविवरण 5-11 में, मूसा व्यवस्था की सामान्य शर्तों की समीक्षा करता है; व्यवस्थाविवरण 12-26 में, मूसा इस्राएल

---

[61] व्यवस्थाविवरण

[62] बाइबल के विद्वान इसको "व्यवस्थाविवरणिक धर्मशास्त्र" या "प्रतिशोध धर्मशास्त्र" का सिद्धांत कहते हैं।, यह ऐतिहासिक पुस्तकों और भविष्यवाणियों की पुस्तकों की नींव है, औ गलातियों 6:6-7 में इसे फिर से बताया जाता है।

के समाज की विशिष्ट परिस्थितियों पर वाचा को लागू करता है। ये अध्याय बताते हैं कि कनान में इस्राएल के जीवन पर यह वाचा कैसे लागू की जाती है।[63]

मूसा के द्वारा व्यवस्था का अवलोकन दस आज्ञाओं की समीक्षा के साथ शुरू होता है। वाचा के दो बड़े सिद्धांत "परमेश्वर का भय मानना" और "परमेश्वर से प्रेम करना" है।

व्यवस्थाविवरण 5:29 में, परमेश्वर ने कहा, "भला होता कि उनका मन सदैव ऐसा ही बना रहे, कि वे मेरा भय मानते हुए मेरी सब आज्ञाओं पर चलते रहें, जिस से उनकी और उनके वंश की सदैव भलाई होती रहे!" परमेश्वर का सही भय इस्राएल को संरक्षित करेगा।

व्यवस्थाविवरण 6:4-5 में वाचा का मूल शामिल है: "हे इस्राएल, सुन! हमारा परमेश्वर यहोवा एक परमेश्वर है: और तू अपने परमेश्वर यहोवा से अपने पूरे मन से और अपने पूरे प्राण से, और अपने पूरे सामर्थ से प्रेम करना।"[64] यीशु ने "प्रथम और महान आज्ञा" के रूप में इस पर ध्यान दिया।[65]

ये दोनों सिद्धांत, परमेश्वर का भय और परमेश्वर के प्रति प्रेम, एक दूसरे के विपरीत नहीं हैं। ये दोनों शब्द भय और प्रेम रिश्ते के शब्द हैं। पुराने नियम में, "परमेश्वर का भय" मानने का मतलब उसके साथ एक सही रिश्ते में रहने से है। परमेश्वर का भय एक दास के भय जैसा नहीं है; यह परमेश्वर के प्रति जागरूकता है और उसके प्रति हमारी प्रतिक्रिया है। भय और प्रेम दोनों सकारात्मक शब्द है।

शेष भाषण इन दो सिद्धांतों को विकसित करता है और उन्हें दैनिक जीवन के लिए लागू करता है। कनान में दस आज्ञाओं की समीक्षा और जीवन में व्यवस्था को लागू करने के द्वारा, मूसा दिखाता है कि परमेश्वर का भय और परमेश्वर के प्रति प्रेम दैनिक जीवन में कैसे प्रदर्शित होता है। व्यवस्था का महत्व एक नियमों की सूची से अधिक था; यह प्रेम के रिश्ते में रहने का एक माध्यम था।

---

[63]एक उदाहरण व्यवस्थाविवरण है: "अगर तू एक नया घर बनाता है, तो छत पर मुँडेर ज़रूर बनाना, ताकि ऐसा न हो कि कोई तेरे घर की छत से गिर जाए और उसके खून का दोष तेरे परिवार पर आए". (English Standard Version) यह नियम निर्गमन या लैव्यवस्था की पुस्तक में शामिल नहीं है। रेगिस्तान में लोगों को घर बनाने से संबंधित नियमों की आवश्यकता नहीं थी। ये नियम कनान में स्थापित शहरों में नयी व्यवस्था करने के लिए आवश्यक थे। जबकि इसका उपयोग नया है लेकिन सिद्धांत नहीं। व्यवस्थाविवरण 22: 8 पहले से कहा गया सिद्धांत लागू करती है, "तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम करना" (व्यवस्थाविवरण 19:18)। यह निर्गमन 20:13 से भी संबंधित है, "तू हत्या न करना" (English Standard Version) इस आज्ञा को पूरा करने का महत्व हत्या न करने से भी अधिक है; यह अन्य मनुष्यों की सक्रिय सुरक्षा है - एक सिद्धांत जिसे यीशु ने मत्ती 5:21-24 में दोहराया है।

[64] व्यवस्थाविवरण 6:4-5 को *शेमा* कहा जाता है।

[65] मत्ती 22:38

➡ **तीसरा भाषण-भविष्यव्दाणी सम्बंधित: परमेश्वर क्या करेगा** (व्यवस्थाविवरण 27-31)

भविष्य की ओर ताकते हुए, मूसा अपने अंतिम भाषण से इस्राएल को यहोशू को सौंपे जाने वाले नेतृत्व के लिए तैयार करता है और इस्राएल के लोगों को वाचा के प्रति विश्वासयोग्य रहने की चुनौती देता है।

व्यवस्थाविवरण 27-28 में, इस्राएल के कनान में प्रवेश करने के बाद, वाचा के नवीकरण समारोह के विषय में निर्देश हैं। इस समारोह में, इस्राएल को शकेम के पास एक वेदी बनानी है। शकेम, एबाल पर्वत और गर्जिज़िम पर्वत के बीच का एक शहर है। सब गोत्रों को दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिनमें से आधे गोत्र पहले पहाड़ पर और आधे दूसरे पहाड़ होंगे। लेवीय वाचा की चेतावनियों का जिक्र करेंगे, और लोग वाचा की आशिषों और शापों के साथ जवाब देंगे । यह समारोह यहोशू 8:30-35 में हुआ। यह वाचा के दायित्व नई पीढ़ी को याद दिलाने का एक प्रभावशाली तरीका था।

व्यवस्थाविवरण 29-30 में मूसा का अंतिम संदेश शामिल है। परमेश्वर की विश्वासयोग्यता इस्राएल को याद दिलाने के बाद, मूसा ने भविष्यव्दाणी की कि इस्राएल अन्य देवताओं की ओर मुड़ जाएगा और उन्हें निर्वासन में ले जाया जाएगा। हालांकि, वह परमेश्वर की दया की भी भविष्यव्दाणी करता है जो उनको देश में वापिस लाएगी। मूसा एक विकल्प के साथ समापन करता है: "आज मैं धरती और आकाश को गवाह ठहराकर तुम्हारे सामने यह चुनाव रखता हूँ कि तुम या तो ज़िंदगी चुन लो या मौत, आशीष या शाप।तुम और तुम्हारे वंशजज़िंदगी ही चुनें ताकि तुम सब जीते रहो।"[66]

व्यवस्थाविवरण 31 में, मूसा ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में यहोशू को नियुक्त किया और मिलापवाला तंबुओं के पर्व में हर सात साल बाद व्यवस्था को पढ़ने का प्रावधान किया। यह व्यवस्था के प्रावधानों को प्रत्येक पीढ़ी को याद दिलाता है।

➡ **परिशिष्ट** (व्यवस्थाविवरण 32-34)

परमेश्वर की ओर से, मूसा ने इस्राएलियों को वाचा को याद रखने के लिए मदद का प्रावधान किया था। मूसा ने इस्राएल को वाचा के सारांश में एक गीत सिखाया। यह गीत इस्राएल के प्रति परमेश्वर की भलाई की समीक्षा करता है, भविष्य में इस्राएल के विद्रोह और निर्वासन की भविष्यव्दाणी करता है, और परमेश्वर की माफी और पूर्वावस्था की वादा करता है। व्यवस्थाविवरण 32 का गीत वाचा के प्रावधानों का एक और अनुस्मारक है।

व्यवस्थाविवरण 33 में प्रत्येक गोत्र पर मूसा की अंतिम आशीष शामिल है। जैसे एक कुलपति अपने बेटों को आशीर्वाद देता है वैसे ही मूसा ने प्रत्येक गोत्र पर आशीर्वाद के वचन बोले।[67]

---

[66] व्यवस्थाविवरण; [67]गोत्रोपर याकूब के समानांतर आशीष के लिए उत्पत्ति 49 देखिए।

व्यवस्थाविवरण 34 एक मृत्युलेख है जो शायद यहोशू के द्वारा लिखा गया होगा। मरीबा में मूसा के पाप के कारण, उसे प्रतिज्ञा के देश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी।[68] हालांकि, परमेश्वर ने मूसा को नबो पर्वत से वह देश देखने की अनुमति दी थी। परमेश्वर ने मोआब में मूसा को मिट्टी दी, और यहोशू इस्राएल के लोगों का अगुवा बना।

व्यवस्थाविवरण पुराने नियम के आखिर में

व्यवस्थाविवरण में वाचा इस्राएल के खिलाफ बाद की 'भविष्यवाणी का मुकदमा' के लिए एक आधार प्रदान करती है। इस्राएल के भविष्यवक्ता व्यवस्थाविवरण की ओर इशारा करते हैं जब वे इस्राएल का परमेश्वर पर अविश्वास दिखाते हैं। व्यवस्थाविवरण की संरचना एक ऐसे नमूने का अनुसरण करती है जो मूसा के समय राजनीतिक वाचाओं या संधियों के लिए आम था। जब इस्राएली मिस्र से आये तब यह प्रपत्र इस्राएल को परिचित था और परमेश्वर के साथ अपनी वाचा की गंभीरता को समझने में उनकी मदद की थी।

दुर्भाग्य से, इस्राएली जल्द ही उनके वादे भूल गये और वाचा को तोड़ दिया। जब न्यायियों की पुस्तक लिखना शुरू हुई, उससे पहले ही इस्राएल ने वाचा को त्यागना शुरू कर दिया था। न्यायियों, राजाओं और भविष्यवक्ताओं ने व्यवस्था में प्रस्तुत वाचा के प्रति वफादार रहने के लिए इस्राएल की विफलता प्रकट की।

इस्राएल के साथ परमेश्वर की वाचा

प्राचीन निकट पूर्व संधियां	**इस्राएल के साथ परमेश्वर की वाचा**
प्रस्तावना संधि का परिचय	व्यवस्थाविवरण 1:1-5
ऐतिहासिक प्रस्तावना दोनों पक्षों के बीच संबंधों की समीक्षा	व्यवस्थाविवरण 1:6 - 4:49
वाचा के *नियम*	व्यवस्थाविवरण 5:1 - 26:19
वाचा को तोड़ने (या पालन करने) के *शाप और आशीर्वाद*	व्यवस्थाविवरण 27:1 - 28:68
समय-समय पर *वाचा को पढ़ने के लिए प्रावधान*	व्यवस्थाविवरण 31:9-29
वाचा के गवाहों *की सूची*	व्यवस्थाविवरण 32:1-47

[68] गिनती 20

व्यवस्थाविवरण नए नियम में

व्यवस्थाविवरण को नए नियम में अस्सी बार से अधिक उद्धृत किया जाता है, यह पुराने नियम की सबसे अधिक बार उद्धृत की गयी पुस्तक है। व्यवस्थाविवरण की पुस्तक में यह प्रतिज्ञा थी कि परमेश्वर मूसा की तरह एक भविष्यद्वक्ता को उठाएगा; यह प्रतिज्ञा यीशु की सांसारिक सेवा में पूरी हुई है।[69] यीशु ने बार-बार व्यवस्थाविवरण का उल्लेख किया, जिसमें जंगल में शैतान के द्वारा परमेश्वर की परीक्षा का जवाब भी शामिल था।[70]

निष्कर्ष: पेंटट्यूक आज बताते हैं

कई कलीसियाएं अधिकांश पेंटट्यूक को नजरअंदाज करती हैं। सृष्टि की रचना और जलप्रलय की कहानियाँ बच्चों के पाठों की आधार हैं, रचना और विकास के बारे में विवाद के पाठ हैं। दस आज्ञाओं को संडे स्कूल में याद किया जाता है। हालांकि, बहुत से मसीह लोग निर्गमन से व्यवस्थाविवरण तक के अधिकांश भाग को नजरअंदाज करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि ये पुस्तकें २१ वीं सदी के मसीह लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

निर्गमन की पुस्तक मानव जाति के साथ रिश्तों को निभाने और बनाने के लिए परमेश्वर की योजना का प्रतिरूप पश करती है। व्यवस्था मानव जाति के साथ रिश्ता स्थापित करने और बनाए रखने के लिए परमेश्वर की इच्छा को प्रकट करती है। हमें, जैसे इस्राएल से, परमेश्वर कहते हैं: "डरो मत; क्योंकि परमेश्वर इसलिये आया है कि तुम्हारी परीक्षा करे, और उसका भय तुम्हारे मन में बना रहे, कि तुम पाप न करो।"[71] परमेश्वर के साथ सही संबंध का मतलब है कि हमें किसी और चीज़ से डरने की ज़रूरत नहीं है।

लैव्यवस्था पवित्रता का प्रतिरूप करता है। इससे पता चलता है कि पवित्र परमेश्वर को पवित्र लोगों की आवश्यकता है। यद्यपि बलिदानों की व्यवस्था अब लागू नहीं होती है, फिर भी परमेश्वर के साथ सही संबंध में रहने के लिए पवित्रता के सिद्धांत अभी भी आवश्यक हैं।

गिनती की पुस्तक आज्ञा न मानने के खिलाफ कलीसियों को चेतावनी देती है। पुराने नियम में, परमेश्वर के लोगों को उनकी अवज्ञा के लिए न्याय किया गया था। आज, यदि हम अवज्ञाकारी हो, तो परमेश्वर हम पर न्याय करेगा।

व्यवस्थाविरण बदलती परिस्थितियों के कानून के सिद्धांतों को लागू करने के लिए एक नमूना प्रदान करती है। व्यवस्थाविरण में, मूसा ने इस्राएल को सिखाया कि प्रतिज्ञा के देश में व्यवस्था के सिद्धांतों को जीवन में कैसे लागू करना चाहिये। हालाँकि जिन परिस्थितियों में हम जीते हैं, वे बदल जायेंगी, लेकिन परमेश्वर की व्यवस्था के सिद्धांतों में कोई बदलाव नहीं होगा। व्यवस्थाविरण का अध्ययन हमें सिखाता है कि नई स्थितियों में बाइबल के सिद्धांतों को कैसे लागू किया जाए।

---

[69] व्यवस्थाविवरण 18:14-22; व्यवस्थाविवरण 34:10-12; युहन्ना 6:14
[70] व्यवस्थाविवरण 6:13, 16; 8:3; मत्ती 4:1-10; [71] निर्गमन 20:20

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट करने के द्वारा इस पाठ को अपनी समझ से प्रदर्शित कीजिए:

१) निम्नलिखित असाइनमेंटों में से एक असाइनमेंट चुनिए:

विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

"व्यवस्था पर गहराई से दृष्टि" को पढ़ने के बाद लैव्यवस्था 19 पढ़िये। इस अध्याय में प्रत्येक आदेश के उस सिद्धांत को जो सिखाया गया हैं पता लगाइये और उसके बाद चर्चा कीजिये कि आज के संसार में यह सिद्धांत कैसे लागू किया जा सकता है। आपके समूह के प्रत्येक सदस्य को एक लघु निबंध लिखना है जिसमें लैव्यवस्था 19 का कम से कम एक समकालीन प्रयोग प्रदर्शित हो।

विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट।

"व्यवस्था पर गहराई से दृष्टि" को पढ़ने के बाद लैव्यवस्था 19 पढ़िये। एक 1-2 पृष्ठ का निबंध लिखिये, जिसमें आप इस अध्याय के प्रत्येक आदेश की सूची बनाएंगे, उस सिद्धांत को जो सिखाया गया है पता लगाइये, और फिर दिखाएये कि इस सिद्धांत को आज की दुनिया में कैसे लागू किया जा सकता है।

२) इस अध्याय की सामग्री से सम्बंधित एक परीक्षा लीजिए। इस परीक्षा में स्मृति के लिए नियुक्त पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाए।

गहराई से समझना

पेंटट्यूक के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्न संसाधन देखिए।

मुद्रित स्रोत

Fuller, Lois. The *Pentateuch (पेंटट्यूक)*। Africa Christian Textbooks, 1995.

Hamilton, Victor P. Handbook on the *Pentateuch. (पेंटट्यूक की पुस्तिका)* Baker Books, 1982.

Kitchen, Kenneth A. *On the Reliability of the Old Testament. (पुराने नियम की विश्वसनीयता)* Eerdmans, 2003.

Walton, John H. and Victor H. Matthews. *The IVP Bible Background Commentary: Genesis - Deuteronomy. (आईवीपी बाइबल पृष्ठभूमि की टिप्पणी: उत्पत्ति - व्यवस्थाविवरण)* InterVarsity Press, 1997.

ऑनलाइन स्रोत

Associates for Biblical Research: http://www.biblearcheaology.org

भाषण। "Dr James Hoffmeier - Egyptologist."Search at http://www.youtube.com

भाषण। "Did the Exodus Happen?" www.seedbed.com

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 3 के परीक्षा प्रश्न

1. मिस्र से इस्राएल के निर्गमन की सबसे अधिक संभावित तारिख क्या है?

2. प्रत्येक पुस्तक के विषय की सूची बनाइयेः

3. निर्गमन के दो प्रमुख वर्ग ________________ और ________________ हैं।

4. निर्गमन में, चार घटनाएं जो मिस्र से इस्राएल के छुटकारे को चित्रित करती है वे हैं:

5. निर्गमन में, दो घटनाएं जो यहोवा और इस्राएल के बीच संबंधों की स्थापना को चिन्हित करती हैं वे हैं:

6. लैव्यवस्था में प्रत्येक भेंट की पहचान कीजिए।

    ____________________: एक उपहार की भेंट जो दूसरी भेंट के साथ चढ़ाई जाती है।

    ____________________: पुराने नियम की प्राथमिक भेंट।

    ____________________: उल्लंघनों का व्याख्यान देती है जिन के लिए जिसमें क्षतिपूर्ति की आवश्यकता होती है।

    ____________________: व्यवस्था के अनजाने उल्लंघन का प्रायश्चित करती है।

    ____________________: अराधक और परमेश्वर के बीच की संगति को मनाती है।

7. लैव्यवस्था 17-27 के ____________________ इस्राएल को ऐसे चाल-चलन में रहना सिखाते हैं, जो रोजमर्रा की जिंदगी में पवित्रता का उदाहरण देते है।

8. पुराने नियम की व्यवस्था को लागू करने के चार चरण आज ये हैं:

9. गिनतीकेतीनप्रमुखवर्ग____________________,____________________, और ____________________ हैं

10. व्यवस्थाविवरण में मूसा के तीन भाषण हैं:

11. निर्गमन 3:14 ; लैव्यव्यवस्था 20: 7-8 ; व्यवस्थाविवरण 6: 4-5 स्मरण करके लिखें।

पाठ 4
यहोशू - रूत
विश्ववासयोग्यता और अविश्वासयोग्यता की छवियां

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में, छात्रः

(1) यहोशू - रूत के प्राथमिक विषयों की रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(2) विजय की प्रमुख घटनाओं और न्यायियों की अवधि को जान सकें।

(3) नेतृत्व के स्थानांतरण के लिए तैयारी के महत्व को पहचान सकें।

(4) यहोशू में यहोवा के (या पवित्र) युद्ध की अवधारणा को समझ सकें।

(5) यहोशू - रूत के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

यहोशू से रूत तक पढ़िए

यहोशू 1:8-9 को याद कीजिए

परिचय

अंग्रेजी बाइबल में, यहोशू से एस्तेर तक की किताबें 'ऐतिहासिक किताबें' कहलाती हैं। वे इस्राएल के इतिहास का कनान पर विजय से, 586 ईसा पूर्व में यरूशलेम तक के विनाश का और ५३६ ईसा पूर्व में वापसी की शुरुआत का विवरण प्रस्तुत करती हैं।

> ***ऐतिहासिक किताबें***
>
> *थेअक्रसी (धर्मतन्त्र) यहोशू-रूत*
> *1405 - 1043 ईसा पूर्व*
>
> *राजशाही शमूएल - इतिहास*
> *1043 - 586 ईसा पूर्व*
>
> *निर्वासन से वापसी. एज्रा - एस्तेर*
> *536 - 420 ईसा पूर्व*

इब्रानी बाइबल में, इनमें से अधिकतर पुस्तकों को (यहोशू, न्यायियों, शमूएल और राजा) 'पूर्व भविष्यवक्ता' कहा जाता है। एक 'भविष्यवक्ता' लोगों के लिये परमेश्वर का

संदेश लाता है। ऐतिहासिक किताबें इस्राएल के बारे में दिलचस्प कहानियों से बढ़कर हैं; वे परमेश्वर के लोगों को परमेश्वर के संदेश का प्रचार करती हैं।

यहोशू और न्यायियों में, परमेश्वर सिखाता है कि वह विश्नासयोग्यता को इनाम देता है और अविश्नासयोग्यता का न्याय करता है। राजा में, परमेश्वर दिखाता है कि निर्वासन इस्राएल के विद्रोह का परिणाम था। एज्रा और नहेमायाह में, परमेश्वर ने इस्राएल को आश्वासन दिया कि वह उन्हें नहीं भूला है। ऐतिहासिक किताबें परमेश्वर के लोगों को उसकी विश्नासयोग्यता दर्शाती हैं, उसकी इस्राएल के प्रति 'अनन्त दया।'

ये किताबें 'एक उद्देश्य के साथ इतिहास' हैं। वे इस्राएल के वाचा के इतिहास में परमेश्वर के कार्यो को दर्शाती हैं। इस वजह से, ये किताबें आज ईसाई पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं; ये दर्शाती हैं कि परमेश्वर अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मानव इतिहास में कैसे काम करता है।

पहली तीन ऐतिहासिक किताबें इस्राएल के इतिहास का धर्मतन्त्र (परमेश्वर द्वारा प्रत्यक्ष शासन) के रूप में विवरण देती हैं। परमेश्वर के प्रतिनिधियों के रूप में मूसा और यहोशू के साथ, इस प्रकार की सरकार सफल रही। दुर्भाग्य से, इस्राएल की अविश्वासयोग्यता के कारण न्यायियों के दौरान सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न हुईं। राष्ट्र को एकजुट करने के लिए एक राजशाही (राजा द्वारा शासन) आवश्यक हो गयी।

यहोशू

विषयः कनान की विजय

इस्राएल को बंधन से मुक्त करना अपने लोगों के लिए परमेश्वर की योजना की शुरुआत थी; कनान पर कब्ज़ा इब्राहीम के लिए परमेश्वर के वादे की पूर्ति का अगला कदम था। यहोशू में, दिव्य योद्धा अपने लोगों को वादा किये हुए विश्राम में लाता है। यहोशू उस कहानी को जारी रखता है जो निर्गमन में शुरू हुई थी और गिनती में इस्राएल की अवज्ञा के कारण देरी हुई।

जब इस्राएल परमेश्वर के प्रति विश्नासयोग्य रहते हैं तब यहोशू परमेश्वर की विश्नासयोग्यता उसको दर्शाता है। परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी रहने से उसकी आशीष मिलती है, यह सिद्धांत व्यवस्थाविवरण में सिखाया गया है। यह यरीहो में दिखाया गया है और राजाओं के गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में यहोशू 10 में भी। जब परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन होता है तब वह दण्ड की आज्ञा देता है। यह ऐ में प्रदर्शित किया गया है। इस तरह से, यहोशू इस्राएल के बाद के इतिहास की भविष्यद्वाणी करता है।

लेखक और तिथि

यहोशू की पुस्तक की घटनाएं 1405-1380 ईसा पूर्व में हुईं। इस अवधि के दौरान, कनान मिस्र द्वारा थोड़े सीधे और नाममात्र के नियंत्रण में था। परिणामस्वरूप, कनानी इस्राएल के हमले के खिलाफ संयुक्त बल प्रदर्शित करने में असमर्थ रहे।

घटनाओं को पुस्तक में दर्ज करने के बाद शायद यहोशू को लिखा गया था। यहोशू 24:26 यहोशू को किताब के लेखक के रूप में बताता है। व्यवस्थाविवरण के जैसे, बाद में छंद को जोड़ा गया था जो लेखक की मृत्यु का वर्णन करती हैं।[72]

यहोशू की पुस्तक का अवलोकन

➡ **कनान की विजय**: यहोशू 1-12

❖ **देश में प्रवेश** (यहोशू १-५)

यहोशू की पुस्तक मूसा की मृत्यु के बाद यहोशू के लिए परमेश्वर की उपस्थिति के साथ शुरू होती है। परमेश्वर ने यहोशू के साथ होने का वादा किया जैसे वह मूसा के साथ था।

विजय कि तैयारी में, यहोशू ने देश को देखने के लिए विशेषकर यरीहो को, दो जासूसों को भेजा, । शहर में जासूसों की सुरक्षा राहाब नाम की वेश्या द्वारा की गई। राहाब ने जासूसों से अपनी रक्षा करने के लिए कहा जब वे शहर पर विजय प्राप्त करें। उसने इस्राएल के परमेश्वर पर अपने विश्वास के प्रति गवाही दी। पुराने नियम के एक उदाहरण में, जो विश्वास के माध्यम से अनुग्रह द्वारा उद्धार पाते हैं, यह अन्यजाति वेश्या इस्राएल से किये गये वादों की वारिस हुई और मसीह के वंश का हिस्सा बन गई।[73]

इस्राएल को कनान में दक्षिण से (सबसे प्रत्यक्ष मार्ग) प्रवेश कराने के बजाय, परमेश्वर ने यहोशू से इस्राएलियों को यरदन नदी से पार करने के लिये बोला। इस चमत्कार ने, मूसा द्वारा लाल सागर को पार करने की घटना को दोहराते हुए, यहोशू की पुष्टि परमेश्वर के लोगों के लिए चुने हुए अगुए के रूप में की।[74]

यरदन नदी पार करने के बाद, यहोशू ने दो वाचा स्मारकों को फिर से स्थापित किया। सबसे पहले, रेगिस्तान में भटकने के वर्षों के बाद, जिसके दौरान इस्राएल ने खतना की प्रथा को

[72] यहोशू 24: 29-31

[73] मत्ती 1:5

[74]यहोशू 3 - 4; निर्गमन 14 - 15 से तुलना कीजिए। विशेष रूप से यहोशू 4:14 भीदेखिए।

अनदेखा किया था, पुरुषों का खतना किया गया। दूसरा, प्रतिज्ञा की भूमि में पहली बार फसह का पर्व मनाया गया।

❖ **भूमि पर कब्ज़ा** (यहोशू **6-12**)

कनान पर विजय से पता चलता है कि इस्राएल परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य था, परमेश्वर ने उन्हें उनके दुश्मनों पर विजय दी। परमेश्वर के निर्देशों का पालन करते हुए इस्राएल ने यरीहो के चारों तरफ चक्कर लगाकर बड़ी विजय प्राप्त की। हालांकि, आकान के पाप के कारण, इस्राएल बहुत छोटे शहर ऐ में हार गया था। आकान को दंडित किया गया, फिर परमेश्वर ने इस्राएल को ऐ पर विजय दी और फिर बेथेल पर।

गिबोनियों की कहानी अगुवाओं के लिए एक चेतावनी के रूप में कार्य करती है। परमेश्वर कि यह योजना थी कि यहोशू कनान के सभी लोगों को हरा दे। गिबोन (कनान के एक शहर), के अगुवाओं ने यहोशू को कहते हुए धोखा दिया कि हम बहुत दूर से आये हैं। परमेश्वर के मार्गदर्शन की खोज के बिना, यहोशू ने गिबोनियों के साथ एक वाचा बांधी।[75] इस मूर्ख निर्णय के परिणाम के कारण सैकड़ों वर्ष बाद दाऊद के शासनकाल के दौरान इस्राएल को बहुत दुःख उठाना पड़ा।[76]

संधि का शीघ्र परिणाम यह था कि दक्षिण से कनानी राजाओं ने गिबोन पर हमला किया। इस संधि के कारण, इस्राएल गिबोन के बचाव के लिए आया था। परमेश्वर ने इस्राएल की ओर से लड़ाई लड़ी और उस दिन "सूरज स्थिर रहा", परमेश्वर ने इस्राएल के शत्रुओं पर ओले बरसाए। परमेश्वर के सामर्थ्य का विषय, जो उनके लोगों की ओर से है, यहोशू १० में दोबारा होता है: "और यहोवा ने उन्हें पराजित कर दिया"; "प्रभु ने बड़े पत्थर बरसाए"; "प्रभु ने अमोरियों को छुड़ाया"; "प्रभु इस्राएल के लिए लड़ा," आदि। कनान पर विजय इस्राएल की ताकत से नहीं, परमेश्वर की शक्ति से मिली थी।

यहोशू ११ उत्तरी कनान पर विजय का वर्णन करता है। यहोशू १२ के अंत तक, लगभग सात साल की लड़ाई के बाद, इस्राएल अधिकांश कनान को नियंत्रित करता है।

➡ **कनान का निपटारा:** यहोशू 13 - 24

❖ **भूमि विभाजन** (यहोशू 13 - 21)

जबकि अब इस्राएल भूमि पर प्रभावी नियंत्रण था, फिर भी देशी लोगों द्वारा प्रतिरोध किया गया। हर एक गोत्र को विजय को पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। न्यायियों से पता चलता है कि दुर्भाग्य से, गोत्रों ने इस विशेष कार्य को पूरा नहीं किया।

---

[75] यहोशू 9:1-27; [76] शमूएल 21:1-14

यहोशू 14-19 में गोत्रों के बीच भूमि के विभाजन का विवरण है। छह 'शरण के नगर' और लेवियों के लिये अड़तालीस शहर इस्राएल के इतिहास में इसका विशेष महत्व है। शरण के नगर किसी ऐसे व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करते थे जिसने गलती से किसी को मार डाला हो।[77] वह व्यक्ति जो शरण के नगर की ओर जान बचाकर भागता, वह उस व्यक्ति, जिसकी उसने हत्या की थी के परिवार के अन्यायपूर्ण प्रतिशोध से बच जाता। उसी समय, यह तथ्य कि हत्यारे को महायाजक की मृत्यु तक शरण के नगर में रहना पड़ता था, इससे यह पता चलता है कि मूसा की व्यवस्था में जीवन का मूल्य बहुत उच्च था; यहां तक कि एक संयोगवश मृत्यु को भी गंभीरता से लिया जाता था।

लेवियों को स्वयं के लिये भूमि विरासत मे नहीं मिली। इसके बजाय, यह गोत्र पूरे देश में फैली हुई थी, ताकि वे सभी लोगों के बीच में रह सकें और पूरे इस्राएल का आत्मिक मार्गदर्शन प्रदान करें।

❖ **देश में परमेश्वर की सेवा करना** (यहोशू 22 - 24)

यह खंड एक कहानी के साथ शुरू होता है जिसमें यह राष्ट्र की एकता को दर्शाता है। इस्राएल स्वतंत्र गोत्रों का एक संघ नहीं था; वह एक राष्ट्र था, जो एक ही परमेश्वर की सेवा करता था। यहोशू 23 और 24 में लोगों को यहोशू की अंतिम चुनौती मिलती है। व्यवस्थाविवरण के दृश्यों में, यहोशू इस्राएल के लोगों को वाचा के नवीकरण समारोह में मूसा के अंतिम भाषण की याद दिलाते हुए, परमेश्नर के प्रति लोगों को अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए कहता है। 110 वर्ष की आयु में यहोशू की मौत के साथ किताब समाप्त होती है।

? एक कलीसिया के अगुवाओं के रूप में, आप अपनी कलीसिया को नेतृत्व के बदलाव के लिए कैसे तैयार कर सकते हैं? इस बदलाव के लिए व्यावहारिक कदमों पर चर्चा कीजिए।

व्यवस्थाविवरण के अंत में, मूसा ने नेतृत्व के स्थानांतरण का प्रतीकत्व करने के लिए यहोशू पर हाथ रखे। यहोशू के अंत में, नेतृत्व का स्थानांतरण यहोशू से किसी दूसरे अगुए को दिया जाना स्पष्ट नहीं है। इसके बजाय, न्यायियों में आ रही समस्याओं की ओर संकेत करते हुए, यहोशू एक वाक्यांश में लिखता है, "और यहोशू के जीवन भर, और जो वृद्ध लोग यहोशू के मरने के बाद जीवित रहे और जानते थे कि यहोवा ने इस्राएल के लिये कैसे कैसे काम किए थे, उनके भी जीवन भर इस्राएली यहोवा ही की सेवा करते रहे।"[78] न्यायियों की शुरुआत यह दर्शाएगी कि यहोशू के गुण और आदर्श अगली पीढ़ी में नहीं आये।

---

[77] गिनती 35:9-15; [78] यहोशू 24:31, English Standard Version.

व्यवस्थाविवरण	यहोशू
√ वाचा के नवीकरण के साथ समाप्त होता है (29-32)	√ वाचा के नवीकरण के साथ समाप्त होता है (23-24)
√ एक महान अगुए, मूसा की मृत्यु के साथ समाप्त होता है	√ एक महान अगुए, यहोशू की मृत्यु के साथ समाप्त होता है
√ नेतृत्व के स्थानांतरण के लिए प्रावधानु	× नेतृत्व के स्थानांतरण के लिए कोई प्रावधान नहीं

यहोवा के युद्ध पर गहराई से दृष्टि

यहोवा का युद्ध, या पवित्र युद्ध, व्यवस्थाविवरण २० में विनियमित होता है। यह अध्याय इस्राएल के युद्ध की प्रणाली के लिए दिशा निर्देश देता है।

हाल के वर्षों में, दो कारणों से कनानियों को नष्ट करने के लिए परमेश्वर की आज्ञायों पर नए सिरे से विचार विमर्श किया गया है। पहला, संदेहवादियों का इस आज्ञा को लेकर तर्क है कि यहोवा एक खून का प्यासा देवता है जिसकी उपासना के बजाय निंदा करनी चाहिए। दूसरा, इस्लामी जिहाद का उदय, सर्वनाश, रवांडा और बोसनिया जैसे स्थानों में हुए नरसंहार ने मसीह लोगों को यह पूछने के लिए प्रेरित किया है, 'क्या जिहाद उस पवित्र युद्ध के समान है, जिसकी आज्ञा यहोशू में दी गई है? क्या पुराने नियम का इस्राएल भी उन अत्याचारों के कारण दोषी है जो आज अल्लाह के नाम पर किये जाते हैं?

हालांकि यह प्रश्न एक छोटे सर्वेक्षण के दायरे से परे है, यहोशू का अध्ययन करते समय कुछ सिद्धांतों पर विचार किया जाना चाहिए।[79]

❖ यहोवा का युद्ध परमेश्वर के न्याय को दर्शाता है। कनानी (सभी लोगों की तरह) पापी थे, जो परमेश्वर के न्याय के अधीन थे। यह तर्क किया जा सकता है कि आश्चर्य यह

---

[79]इस मुद्देपर अधिक जानकारी के लिए, पढ़िए:

Stanley Gundry, Show Them No Mercy Four Views on God and Canaanite Genocide *(उन पर कोई दया न करोः परमेश्वर और कनानी नरसंहार पर चार राय),* Zondervan, 2003.

Paul Copan,Is God a *Moral Monster?*: Making Sense of the Old Testament God (क्या परमेश्वर एक नैतिक दैत्य है?: पुराने नियम के परमेश्वर को समझना), Baker Books, 2011.

नहीं है कि परमेश्वर ने कनानियों को नष्ट कर दिया, लेकिन यह कि उसने बाकी मानव जाति को छोड़ दिया।[80] सभी मनुष्य परमेश्वर के न्याय के योग्य है।

इस्राएल के जासूसों को राहाब की गवाही से पता चलता है कि कनानियों ने परमेश्वर की शक्ति के बारे में सुना था।[81] हालांकि, राहाब को छोड़कर, किसी भी कनानी ने पश्चाताप नहीं किया और न परमेश्वर को माना। राहाब को छोड़ने से (और एक बाद की पीढ़ी, नीनवे में), परमेश्वर की इच्छा से पता चलता है कि कनानियों द्वारा पश्चाताप परमेश्वर की दया को ला सकता था।

- ❖ यहोवा का युद्ध पृथ्वी पर परमेश्वर की संप्रभुता को दर्शाता है। प्रतिज्ञा की भूमि (पूरी पृथ्वी की तरह) परमेश्वर की है। परमेश्वर ने कनानियों से भूमि नहीं ली थी; वह भूमि परमेश्वर की थी, जिसे वह चाहे उसे दे सकता था। प्राचीन निकट पूर्व में, सभी युद्धों को पवित्र युद्ध और देवताओं के बीच युद्ध के रूप में देखा जाता था।[82] मिस्र पर विपत्तियों के समय, यहोवा ने खुद को मिस्र के देवताओं से श्रेष्ठ साबित किया; कनानी शहरों के विनाश में, यहोवा ने खुद को कनानियों के देवताओं से श्रेष्ठ साबित किया। कनानियों के खिलाफ इस्राएल का युद्ध कनान के देवताओं के विरूद्ध युद्ध था। इस्राएल की जीत ने पूरी दुनिया पर परमेश्वर की संप्रभुता को दर्शाया।

- ❖ यहोवा का युद्ध परमेश्वर की पवित्रता को दर्शाता है। पवित्र परमेश्वर अपने लोगों को कनानी मूर्तिपूजा से बचाना चाहता था। इस मुद्दे की गंभीरता को न्यायियों में देखा जाता है; शीघ्र ही इस्राएल, कनानियों के जीवित बचे हुए लोगों के देवताओं की ओर आकर्षित हो गये थे। कनानी लोगों का पूर्ण विनाश ही इस्राएलियों को धर्मत्याग से बचाता। यहोशू के पवित्र युद्ध से इस्राएल और राष्ट्रों को परमेश्वर की पवित्र प्रकृति के बारे में सिखाया गया।

- ❖ यहोवा का युद्ध परमेश्वर के प्रेम को दर्शाता है। उत्पत्ति 3:15 से बाकी के पुराने नियम तक, परमेश्वर का उद्देश्य इब्राहीम की वंशावली के माध्यम से मसीह को भेजना है। इब्राहीम और उसके वंशज आशीषित हैं ताकि वे सभी देशों को आशीष दें। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, परमेश्वर को कनानी मूर्ति पूजा से इस्राएल के राष्ट्र की रक्षा

---

[80]Daniel Gard in Stanley Gundry, *Show Them No Mercy: Four Views on God and Canaanite Genocide (*उन पर कोई दया न करो परमेश्वर और कनानी नरसंहार पर चार राय) Zondervan, 2003, पृ. 140

[81] यहोशू 2:9-11

[82] प्राचीन अश्शूर की जीवित बचे रहने वाली कला राजा और आश्शूरी देवता दोनों को अश्शूर के दुश्मनों से लड़ने के लिए धनुष चलाते हुए दिखाती है; अश्शूर के राजा की जीत अश्शूर की जीत के रूप में देखी जाती है। इस के अलावा, 1 शमूएल के 5:2 पद में देखिए जहां पलिश्ती इस्राएल पर विजय की व्याख्या यहोवा परदागोन की जीत के रूप में करते हैं।

करनी थी। यह जितना भी मुश्किल लगे, लेकिन कनानियों का विनाश सभी लोगों के लिए परमेश्वर के प्रेमपूर्ण उद्देश्य को दर्शाता है।

यहोवा का युद्ध इतिहास में एक विशिष्ट समय पर आया और आधुनिक मसीह लोगों के लिए प्रतिमान नहीं है। यह धर्म के नाम पर किए जाने वाले आधुनिक अत्याचारों के लिए बचाव का कारण नहीं है। मूसा की व्यवस्था प्रतिज्ञा के देश के बाहर लड़े जाने वाले युद्धों और देश के अन्दर लड़े जाने वाले युद्धों के बीच अंतर करती थी; कनान पर विजय के समय कोई भी आज इस्राएल की स्थिति में नहीं है।[83] जैसा कि हमने "व्यवस्था पर गहराई से दृष्टि," में देखा, हमे यहोशू को मसीह के आगमन की दृष्टि से पढ़ना चाहिए।

अंत में, संदेहवादियों को जवाब में, हमें यह ध्यान देना चाहिए कि यह नैतिक शुद्धिकरण नहीं था; यह मूर्तिपूजा के खिलाफ धार्मिक युद्ध था। परमेश्वर के प्रति कोई 'तटस्थता' नहीं है; कोई व्यक्ति या तो विश्वास में परमेश्वर की ओर जाता है या विद्रोह में परमेश्वर को अस्वीकार करता है। पुराने नियम में और नए नियम में, जो लोग परमेश्वर को अस्वीकार करते हैं, वे परमेश्वर के अंतिम न्याय का सामना करते हैं।

इस्राएल के बाद के इतिहास में, वे मूर्तिपूजा करने लगे। जवाब में, परमेश्वर ने अपने ही लोगों पर युद्ध की घोषणा की।[84] हालांकि यह नरसंहार नहीं था, फिर भी कनानियों के खिलाफ़ युद्ध भयानक था। यहोशू का युद्ध पवित्र, धर्मी और प्रेमी परमेश्वर का प्रतिबिंब है, जो पाप को माफ़ नहीं करता।

न्यायियों

विषयः इस्राएल में स्वधर्मत्याग

न्यायियों की पुस्तक गोत्रों के सहयोग से कनान पर विजय प्राप्त करने से शुरू होती है। यह पुस्तक बिन्यामीन गोत्रों के एक सदस्य द्वारा भयानक अपराध के बाद गोत्रों से गृह युद्ध में लगे, समाप्त होती है। न्यायियों की शुरूआत परमेश्वर की सेवा में लगे हु लोगों के साथ होती है। यह पुस्तक धार्मिक स्वधर्म त्याग और सामाजिक अव्यवस्था पर समाप्त होती है।

इस्राएल पतन का कारण न्यायियों 2:6-11 में संक्षिप्त किया गया है। यहोशू में अभिलिखित बड़ी विजयों के बाद, और यहोशू के अंत में वाचा के नवीनीकरण करने के बाद, न्यायी दिखाते हैं कि इस्राएल किस प्रकार धर्मत्याग में पड़ गया। सात बार, "इस्राएल ने यहोवा की दृष्टि में बुराई की।"[85]

---

[83] व्यवस्थाविवरण 20:10-18।

[84] व्यवस्थाविवरण 28:25; विलापगीत २:५; आमोस 9:7- देखिए।

[85] न्यायियों 2:11; 3:7, 12; 4:1; 6:1; 10: 6; 13:1।

इस दुखद पतन का कारण क्या था? न्यायियों की पुस्तक इस प्रश्न का उत्तर दो कथनों के साथ देती है।[86] पहला, “इस्राएल में कोई राजा नहीं था।” न्यायियों को शायद राजशाही के शुरुआती दिनों में लिखा गया था, और राष्ट्र को एकजुट करने के लिए एक राजा की आवश्यकता को दर्शाता है। दूसरा, ‘हर मनुष्य ने वही किया जो उसकी दृष्टि में सही था।‘ परमेश्नर के प्रति विश्वासयोग्य आज्ञाकारिता में एकजुट राष्ट्र के बजाए, प्रत्येक व्यक्ति ने अपना मार्ग अपनाया।

न्यायियों का उद्देश्य इस्राएल के धर्मत्याग के परिणामों को दिखाना है। बार-बार, न्यायियों मे कहा जाता है कि परमेश्नर ने इस्राएल के पापों के कारण उसे उसके शत्रुओं के हाथों में ‘बेच‘ दिया। व्यवस्थाविवरण 27-28 के शाप न्यायियों में पूरे होते हैं।

लेखक और तिथि

न्यायियों की घटनाएँ लगभग 1380-1050 ईसा पूर्व में हुईं। पुस्तक में लेखक की पहचान नहीं है, यद्यपि यहूदी परंपरा शमूएल को लेखक के रूप में पहचानती है। संभवतः यह राजशाही के शुरुआती दिनों में लिखी गयी होगी, जब दाऊद द्वारा जेबूसियों से यरूशलेम पर कब्ज़ा किया गया।[87]

न्यायी क्या है?

एक “न्यायी” कानूनी अधिकारी नहीं होता था जैसे आज हम एक न्यायाधीश के बारे में सोचते हैं। और न ही न्यायी कोई राजा की तरह राजनीतिक अधिकारी या याजक की तरह कोई धार्मिक अधिकारी होता था। न्यायी सैन्य अगुए थे, जिनको लोगों को अत्याचार से बचाने के लिए परमेश्नर की तरफ से वरदान दिया गया था। न्यायी एक-एक गोत्रों पर शासन करते थे, संपूर्ण देश पर नहीं। सम्भवतः न्यायियों का शासन एक गोत्र या गोत्रों के समूह में एक न्यायी के शासन पर अतिव्यापी था, जबकि एक अन्य न्यायी ने एक दूसरे गोत्र या गोत्रों के समूह पर शासन किया।

न्यायियों की पुस्तक का अवलोकन

➡ **इस्राएल के स्वधर्मत्याग के कारण** *(न्यायियों 1:1-3:6)*

न्यायियों के समय, इस्राएल के गोत्र पहाड़ी देश को नियंत्रित करती थीं जबकि कनानी तटीय क्षेत्रों को नियंत्रित करते थे; इस्राएल उस विजय को पूरा करने में असफल रहा जो यहोशू के तहत शुरू हुई थी। न्यायी अपूर्ण विजय के दो कारण देते हैं। न्यायियों 1:19 एक मानवीय

[86] न्यायियों *17:6; 19:1; 21:25*।

[87] न्यायियों 1:21।

कारण बताता है; यहूदा "घाटी के निवासियों को नहीं निकाला जा सका, क्योंकि उनके पास लोहे के रथ थे।" एक मानवीय दृष्टिकोण से, कनानी यहूदा के लिए बहुत शक्तिशाली थे।

हालांकि, हम पूछ सकते हैं कि, "क्या परमेश्वर कनानी लोगों के रथों से ज्यादा शक्तिशाली नहीं है?" न्यायियों २ अपूर्ण विजय का एक रहस्यमय कारण प्रकट करते हैं। विजय के दिनों में भी, इस्राएल पूरी तरह से परमेश्वर की आज्ञा का पालन करने में विफल रहा। परमेश्वर ने उनकी अवज्ञा का दंड देने और इस्राएल की परीक्षा करने के लिए कुछ निवासियों को देश में छोड़ा, ताकि वे उन के लिए समस्या बने रहें।[88]

➡ **स्वधर्मत्याग और उद्धार के चक्र** (न्यायियों 3:7-16:31)

ये अध्याय स्वधर्मत्याग और छुटकारे के छह चक्रों का वर्णन करते हैं। इस प्रतिरूप का परिचय 2 न्यायियों में दिया गया है और फिर न्यायियों के जीवन में उदाहरण से स्पष्ट किया गया है। छः बारः

- ❖ इस्राएलियों ने "यहोवा की दृष्टि में बुरा किया।"
- ❖ यहोवा ने उन्हें "उनके शत्रुओं के हाथों में बेच दिया।"
- ❖ वे "अत्यंत दुखी" हो गये और उन्होंने परमेश्वर को पुकारा।
- ❖ यहोवा ने एक न्यायी को खड़ा किया और "उन्हें उनके शत्रुओं के हाथ मुक्त किया।"[89]



न्यायियों की पुस्तक न्यायियों की उत्तमता में लगातार आते पतन को दर्शाती है। पहले न्यायियों ओथ्नीएल के बारे में कुछ भी नकारात्मक नहीं कहा गया है। "यहोवा का आत्मा उसके ऊपर आया" और परमेश्वर ने उसका इस्तेमाल इस्राएल को छुड़ाने के लिए किया।[90] हालांकि, बाद वाले न्यायी ओथ्नीएल के समान बनने में विफल रहे।

एहूद को धोखे के जरिए जीत मिली।[91] दबोरा एक वफादार अगुवी है, लेकिन उसके विजय का गीत एक राष्ट्र को दिखाता है जो प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित है।[92]

गिदोन परमेश्वर पर विश्वास करने में धीमा है, जिसे परमेश्वर की बुलाहट की पुष्टि के लिए तीन चमत्कारों की आवश्यकता है। बाद में वह इस्राएल की अगुवाई झूठी उपासना करने में करता है।[93]

---

[88] न्यायियों 2:1-3, 20-23; 3:1-4।; [89] न्यायियों 2:11-18।
[90] न्यायियों 3: 9-11।; [91] न्यायियों 3:12-30; [92] न्यायियों 4-5।
[93] न्यायियों 6-8; विशेष रूप से 8:22-27।

पहले के न्यायियों के विपरीत, ऐसी कोई टिप्पणी नहीं है कि परमेश्वर ने यिप्ताह को 'खड़ा' किया। इसके बजाय, लोगों ने उसे गिलाद का नेतृत्व करने के लिए चुना। यिप्ताह परमेश्वर को एक ऐसे देवता के रूप में देखता है जिसके साथ वह एक सौदा कर सकता है और परमेश्वर की कृपा पाने के लिए एक मूख प्रतिज्ञा करता है।[94]

अंतिम न्यायी, शिमशोन, परमेश्वर के एक आदर्श अगुए की छाया मात्र है। वह अपनी नाज़ीरी प्रतिज्ञायें तोड़ता है और कनानियों के साथ अनैतिक संबंधों का दोषी है। अंत में, शिमशोन अपने जीवन की तुलना में अपनी मृत्यु में अधिक सफल होता है।[95]

परमेश्वर ने अपने लोगों को बचाने के लिए न्यायियों का इस्तेमाल किया। हालांकि, न्यायियों का एक सर्वेक्षण राष्ट्र के आत्मिक धर्मत्याग, नैतिक क्षय और सामाजिक उथल-पुथल में लगातार होते पतन को दर्शाता है।

➡ **इस्राएल के समाज का पतन** (न्यायियों 17-21)

न्यायियों की पुस्तक दो कहानियों के साथ समाप्त होती है जो इस्राएल के समाज के पतन को दर्शाती हैं। दान के गोत्र की कहानी मीका की मूर्ति और उसके याजक के विषय में धार्मिक जीवन के पतन को दर्शाती है।[96] इस्राएल अब उस मूर्तिपूजा का दोषी है जिससे कनानी लोगों पर परमेश्वर का दण्ड आया। वहाँ इस तरह आत्मिक क्षय क्यों था? "उन दिनों में इस्राएल में कोई राजा नहीं था, सभी व्यक्तियों ने वह किया जो उनकी दृष्टि में सही था।"[97]

लैवी की उपस्त्री के बलात्कार और हत्या की भयानक कहानी सदोम और गमोरा की कहानी की याद दिलाती है। इस्राएल वही यौन पापों और हिंसा का दोषी है जो कनानियों ने किये। बिन्यामीनियों के अपराध के जवाब में, इस्राएल में गृह युद्ध शुरु हुआ। वहां ऐसा नैतिक और सामाजिक क्षय क्यों था? 'उन दिनों में इस्राएल में कोई राजा नहीं थाः हर एक मनुष्य ने वही किया जो उसकी दृष्टि में सही था।"[98]

रूत

विषयः स्वधर्मत्याग के दौर में विश्नासयोग्यता

516 ईसा पूर्व	मंदिर के निर्माण का समापन (एज्रा 5-6)
483-473 ईसा पूर्व	परमेश्वर फारस में यहूदियों को बचाता है (Esther)
458 ईसा पूर्व	एज्रा के नेतृत्व में दूसरी वापसी (एज्रा 7-12)
444 ईसा पूर्व	नहेमायाह यरूशलेम की शहरपनाह का पुनर्निर्माण करता है

एज्रा - नहेमायाह की एकता

इब्रानी बाइबल में, एज्रा और नहेमायाह की पुस्तकें एक पुस्तक है। चौथी सदी तक इन पुस्तकों को ईसाई बाइबल में विभाजित नहीं किया गया था। इन पुस्तकों मे बहुत कुछ एक समान हैः

- इनमे एक सा एतिहासिक समायोजन है।
- दोनों ही यरूशलेम में वापसियों को फारस के अर्तक्षत्र प्रथम के तहत से संबन्धित करते हैं।
- दोनों में यहूदी लोगों की नामवलियां शामिल हैं।
- नहेमायाह 7-12 में एज्रा और नहेमायाह दोनों के सुधारों का सारांश मिलता है।

पुनःस्थापन के समय में फ़ारसी राजा

कुस्रू 559-530 ईसा पूर्व।	जरूब्बाबेल की वापसी (एज्रा 1-2)
कैम्बिस 530-522 ईसा पूर्व।	
स्मेर्दिस 522 ईसा पूर्व।	
दारा 522-486 ईसा पूर्व।	मंदिर का समर्थित निर्माण (एज्रा 3-6)
क्षयर्ष 486-465 ईसा पूर्व।	एस्तेर
अर्तक्षत्र प्रथम 465-423 ईसा पूर्व।	एज्रा और नहेमायाह (एज्रा 7 - नहेमायाह 12)

एज्रा

विषयः निर्वासन से वापसी

तारीखः 538-458 ईसा पूर्व।



एज्रा की पुस्तक दो वापसियों का अनुरेखण करती है। यह मंदिर के पुनर्निर्माण और वापस लौटने वालों द्वारा सामना की गई चुनौतियों को दर्शाती है।

परंपरागत रूप से, एज्रा को एज्रा - नेहेमायाह के लेखक के रूप में पहचाना गया था, साथ ही 1 और 2 इतिहास की पुस्तक के संभव लेखक के रूप में पहचाना गया था। 2 इतिहास के अंत में कुस्रू के आदेश की पुनरावृत्ति और एज्रा की शुरुआत इन पुस्तकों की एकता को दर्शाती है।

एज्रा एक लेवी था, हारून के वंशज से था।[153] उसने अपने यहूदी साथियों की बंधुआई में सेवा की और फिर 458 ईसा पूर्व में एक समूह का यरूशलेम में नेतृत्व किया। जब नहेमायाह 444 ईसा पूर्व में लौट आया, तब एज्रा एक आत्मिक अगुए के रूप में सेवा कर रहा था। साथ ही, उन्होंने एक आत्मिक, नैतिक और सदाचार-पूर्ण पुनरजीवन बिताया। एज्रा, विशेष रूप से लोगों को वापस परमेश्वर के वचन में लाने के लिये महत्वपूर्ण था।

एज्रा की संरचना

➡ **जरूब्बाबेल की वापसी** (1-6)

❖ वापसी (1-2)

बाबुल पर कब्ज़ा करने के बाद, कुस्रू ने यहूदियों को यरूशलेम लौटने की अनुमति दी थी। ऐतिहासिक रूप से, यह फ़ारसी शासकों की नीति के साथ सही बैठती है। फारसी शासक अक्सर पराजित देशों के लोगों को उनके अपने ही देश में रहने की अनुमति देते थे। परमेश्वर ने अपने लोगों के लिए अपने सार्वभौम उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक मूर्तिपूजक शासक के माध्यम से काम किया। यही प्रतिरूप नए नियम में देखा जाता है जब परमेश्वर कैसर औगुस्तुस के माध्यम से युसुफ और मरियम को मसीह के जन्म के लिए दाऊद के नगर बैतलहम में लाता है।

---

[153] एज्रा 7:1-5

विजय प्राप्त देशों के प्रति साम्राज्यों की नीति।		
अश्शूर	विभिन्न देशों के बंदियों को मिलाकर विजय प्राप्त लोगों की राष्ट्रीय पहचान को नष्ट कर दिया।	इस्राएल के उत्तरी राज्य को नष्ट किया।
बाबुल	कब्ज़े वाले राष्ट्रों के लोगों को बाबुल में लाया गया, लेकिन उन्हें निर्वासन में अपनी पहचान बनाए रखने की अनुमति दी गई।	यहूदा को जीत लिया।
फारस	कब्ज़े वाले राष्ट्रों के लोगों को उनके देश मे रहने की अनुमति दी।	यहूदा को यरूशलेम वापस जाने की अनुमति दी।

एज्रा की पुस्तक ज़रूब्बबेल के तहत वापसी के साथ शुरू होती है, जिसमें 49,697 वापस लौटने वालों की जनगणना भी शामिल है। जरूब्बाबेल, दाऊद की वंशावली का सदस्य था जिसको फारसियों द्वारा नेतृत्व का कार्य दिया गया था और लौटे हुए निर्वासियों के लिए एक आशा का प्रतीक था।

❖ कार्यः मंदिर का पुनर्निर्माण (3-6)

यरूशलेम में पहुंचने के बाद लोगों ने मंदिर पर काम करना शुरू किया (536 ईसा पूर्व; एज्रा ३)। उन्होंने आराधना की पुनर्स्थापना की और मंदिर की नींव डाली। हालांकि, यरूशलेम के निकट रहने वाले सामरियो ने पुनर्निर्माण का विरोध किया और कार्य को रोकने में सक्षम हुए (एज्रा 4)।[154]

एज्रा 4 और 5 के बीच लगभग 15 साल का अंतर है। एज्रा 4 लगभग 534 ईसा पूर्व में समाप्त होता है जब सामरियों के विरोध ने मंदिर के कार्य में बाधा डाली थी। एज्रा 5, 520 ईसा पूर्व में कार्य के पुनरारंभ के साथ शुरू होता है। 'मंदिर के भविष्यद्वक्ताओं' हाग्गै और जकर्याह के प्रोत्साहन में। मंदिर का निर्माण 516 ईसा पूर्व में पूरा हुआ; एज्रा 6 में मंदिर के समर्पण के समारोह का विवरण दिया गया है।

---

[154] एज्रा की पुस्तक प्रत्येक वस्त ुका कालानुक्रमिक क्रम में अनुरेखण नही करती। एज्रा 4:6-23 कुस्रू के समय से हटकर पचास साल बाद क्षयर्ष के तहत सामरियों के विरोध पर स्थित होता है। पूरे अध्याय को पुनर्निर्माण के सामरी विरोध के विष यद्वारा एकीकृत किया गया है। इससे पता चलता है कि यह विरोध एक अस्थाई विरोध से अधिक था। एज्रा 4 की संरचना यह है:

A. एज्रा 4:1-5- कुस्रू के अंतर्गत मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध ईसा पूर्व।
  B. एज्रा 4:6-23 - बाद के समय में शहरपनाह के पुनर्निर्माण का विरोध (शायद एज्रा की 458 ईसा पूर्व में वापसी के बाद)।
A. एज्रा 4:24 - कुस्रू के अंतर्गत मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध (536 ईसापूर्व)।

➡ **एज्रा की वापसी** (7-10)

❖ वापसी (7-8)

जरूब्बाबेल की वापसी के करीब आठ साल बाद, एज्रा ने 1,758 लोगों को यरूशलेम पहुँचाया। "एज्रा ने यहोवा की व्यवस्था का अध्ययन करने, और इस पर चलने और इस्राएल में उसकी विधियाँ और नियम सिखाने में अपना मन लगाया।"[155] उसने परमेश्वर के लोगों के बीच आत्मिक पुनरुत्थान का नेतृत्व किया।

❖ कार्यः सामाजिक सुधार (9-10)

लौटनेवाले पहले समूह की चुनौती मंदिर को फिर से बनाने की थी। एज्रा ने एक अलग चुनौती का सामना कियाः यहूदियों और पड़ोसी लोगों के बीच अन्तर्विवाह। यह अन्तर्विवाह विवाह का मुद्दा नहीं था; यह एक धार्मिक मुद्दा था। न्यायियों और सुलैमान के जीवन में, हम देखते हैं कि कैसे अविश्वासियों के साथ शादी से इस्राएलियों ने धर्मत्याग किया। दो कारणों से, यह पुनःस्थापन के समुदाय के लिए एक विशेष समस्या थीः

- यरूशलेम अविश्वासियों से घिरा हुआ था। मूर्तिपूजा एक निरंतर प्रलोभन थी।
- फारस एक समन्वयी साम्राज्य था।[156] वह धारणा जिसने कुस्रू के लिए यहूदियों को उनके देश लौटने की अनुमति देना आसान बनाया, वह उसी समय एक धारणा थी जिसने कई धार्मिक मान्यताओं को स्वीकार करना आसान बनाया। फारसी लोग किसी भी एक धार्मिक व्यवस्था के प्रति समर्पित नहीं थे। इसके बजाय, फारसियों ने कई धार्मिक मान्यताओं को मिश्रित किया। इस परिस्थिति में, यहूदी आसानी से परमेश्वर के लोगों के रूप में अपनी पहचान को त्याग सकते थे।

इस कारण, एज्रा ने मिश्रित विवाहों के मुद्दे को तुरन्त गंभीरता से लिया। उसकी पाप-स्वीकृति की प्रार्थना ने इस मुद्दे की गंभीरता को दिखाया और उसने लोगों में इस समस्या का सामना करने के लिए इच्छा जगायी। एज्रा की पुस्तक का अध्याय 10 मिश्रित विवाह को भंग करने के लिए एज्रा की योजना के साथ समाप्त होती है।

नहेमायाह

विषयः शहरपनाह का पुनर्निर्माण

तारीखः 445 - 432 ईसा पूर्व

दानिय्येल की तरह, नहेमायाह एक यहूदी बंधुआ था जिसे फारसी साम्राज्य में एक उच्च पद मिला था। पियाऊ का काम एक भरोसेमंद पद था। राजा को खतरों के कारण, पियाऊ की

---

[155] एज्रा 7:10, English Standard Version.

[156] समन्वयता का अर्थ विभिन्न धार्मिक मान्यताओं का एक ही प्रणाली में सम्मिश्रण है।

ज़िम्मेदारी राजा की ज़हर से रक्षा करने की थी। इसके अलावा, राजा तक उसकी लगातार पहुंच के कारण, पियाऊ अक्सर राजनीतिक निर्णयों पर बहुत प्रभाव डालता था।

445 ईसा पूर्व में, नहेमायाह यरूशलेम लौट गया और अगले बीस साल यरूशलेम में बिताये। एज्रा एक लेवी था जिसने आत्मिक नवीकरण में मार्गदर्शन किया; नहेमायाह एक नागरिक अगुवा था जिसने शहर की शहरपनाह के पुनर्निर्माण में मार्गदर्शन किया। दोनों परमेश्वर की बुलाहट और परमेश्वर के लोगों के प्रति समर्पित थे। मलाकी के भविष्यद्वाणी के सेवाकार्य ने यरूशलेम में नहेमायाह के वर्षों को अतिव्याप्त किया होगा; मालाकी की पुस्तक उन बुराइयों की चर्चा करती है, जिनकी चर्चा नहेमायाह की पुस्तक के आखरी भाग में की गई है।

? नहेमायाह की प्रार्थनाओं को 1:4-11, 4:4-5; और 13:29 में पढ़िए। उसके सेवाकार्य में प्रार्थना के महत्व और अपने सेवाकार्य में प्रार्थना की भूमिका पर चर्चा कीजिए। क्या आपके सेवाकार्य में भी प्रार्थना उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी नहेमायाह के सेवाकार्य में थी?

नहेमायाह की संरचना

➡ **शहरपनाह का पुनर्निर्माण** (1-6)

एज्रा मंदिर के पुनर्निर्माण का अभिलेखन करता है, एक परियोजना जो 516 ईसा पूर्व में पूरी हुई थी। हालांकि, एज्रा 4 में विरोध के कारण, शहरपनाह पूरी नहीं हुई थीं। परिणामस्वरूप, शहर दुश्मनों से लगातार खतरे में था।

नहेमायाह ने पुनर्निर्माण की परियोजना को संगठित किया, लोगों को काम के लिए प्रेरित किया, विरोध का सामना किया और काम को उल्लेखनीय बावन दिनों में पूरा किया। नहेमायाह की पुस्तक बाइबल के नेतृत्व पर एक बहुमूल्य पाठ्यपुस्तक प्रदान करती है।

प्रार्थना नहेमायाह के सेवाकार्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। बार-बार, नहेमायाह की पुस्तक में संकट के समय में उसकी प्रार्थनाओं का अभिलेखन है। जब नहेमायाह ने यरूशलेम की अवस्था की खबर सुनी, तो वह “बैठा और रोने लगा, और कुछ दिनों तक शोक और उपवास किया, और स्वर्ग के परमेश्वर से प्रार्थना की।”[157] राजा से विनती करने से पहले, नहेमायाह ने “स्वर्ग के परमेश्वर से प्रार्थना की।”[158] जब सम्बल्लत और उसके सहयोगियों ने शहरपनाह के पुनर्निर्माण का विरोध किया, तो नहेमायाह ने परमेश्वर की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की।[159] कष्ट के समय, नहेमायाह ने बार-बार प्रार्थना की।

[157] नहेमायाह 1:4; [158] नहेमायाह 2:4

[159] नहेमायाह 4:4-5,9; 6:9

➡ **लोगों का पुनर्निर्माण** (7-13)

नहेमायाह की पुस्तक का दूसरा हिस्सा एज्रा और नहेमायाह के नेतृत्व में आत्मिक सुधारों पर केंद्रित है। निर्वासन से लौटने वालों की सूची एज्रा 2 में जनगणना के समान है। इतिहास में वंशावली की तरह, एज्रा और नहेमायाह में बंधुओं की सूची यह दिखाती है कि परमेश्वर अपने लोगों की सुरक्षा करता है।

नहेमायाह का अंतिम अनुभाग आत्मिक सुधारों पर केंद्रित है। नहेमायाह 1-6 परमेश्वर के शहर के चारों ओर एक भौतिक शहरपनाह के पुनर्निर्माण को दर्शाता है; नहेमायाह 7-13 परमेश्वर के लोगों के चारों ओर एक आत्मिक शहरपनाह के पुनर्निर्माण को दर्शाता है। यरूशलेम का इतिहास दर्शाता है कि अगर परमेश्वर के लोग उसकी व्यवस्था के प्रति विश्वासयोग्य नहीं हैं तो एक भौतिक शहरपनाह कोई बचाव नहीं करेगी।

नहेमायाह 8-10 में एज्रा के सेवाकार्य की समीक्षा है। जैसा कि मूसा ने आज्ञा दी थी, व्यवस्था को वाचा के नवीकरण समारोह में लोगों के लिए पढ़ा गया था।[160] लोगों ने अपना राष्ट्रीय अपराध स्वीकार किया और वाचा के प्रति विश्वासयोग्य रहने की प्रतिज्ञा की। नहेमायाह 11 और 12 में एक और जनगणना है, जो शहरपनाह के समर्पण के बाद की गई।

कुछ समय के लिये, नहेमायाह एक बार के लिए सुसा में लौटा। जब वह यरूशलेम लौट आया, तो उसने पाया कि लोग सब्त को अपवित्र कर रहे हैं, यह मुद्दा लगभग उसी समय मलाकी द्वारा संबोधित किया गया था। इसके अलावा, कुछ लोगों ने आसपास के (अविश्वासी) लोगों की स्त्रियों से विवाह कर लिया यह मुद्दा दो दशक पहले एज्रा द्वारा संबोधित किया गया था। नहेमायाह 13 में इसका विवरण है, कि नहेमायाह समस्याओं से कैसे निपटा।

आत्मिक नेतृत्व पर गहराई से दृष्टि

कई आत्मिक नेतृत्व की पुस्तकें नहेमायाह में सिखाये गये सिद्धांतों पर अधारित हैं।[161] नहेमायाह से नेतृत्व की शिक्षाओं में शामिल हैं:

---

[160] व्यवस्थाविवरण 31:10-11

[161] नहेमायाह और नेतृत्व पर अधिक अध्ययन करने केलिए, निम्न पुस्तकें उपयोगी हैं:

Gene Getz. Nehemiah: Becoming a Disciplined Leader नहेमायाह एक अनुशासित अगुवा बनना।

J.I. Packer. *A Passion for Faithfulness Wisdom from the Book of Nehemiah (विश्वासयोग्यता केलिए जुनून नहेमायाह की पुस्तक से बुद्धिमत्ता)।*

David McKenna. *Becoming Nehemiah: Leading with Significance (नहेमायाह बनना महत्व के साथ अगुवाई)।*

J. Oswald Sanders. *Spiritual Leadership (आध्यात्मिक नेतृत्व)।*

➢ *आत्मिक अगुवाओं को दर्शन के लोग होना चाहिए।*

नहेमायाह के पास लक्ष्य को देखने और उसको पूरा करने के लिए उपायों को ढूंढ़ने की क्षमता थी। रात में यरूशलेम में सवारी करने के बाद, उसने अगुवाओं से कहा, “आओ, हम यरूशलेम की शहरपनाह को बनाए।”[162] जहां दूसरों ने केवल मलबा देखा, नहेमायाह ने एक शहरपनाह देखी।

एक आत्मिक अगुवा परमेश्वर का दर्शन चाहता है। नहेमायाह का प्रार्थना पर ज़ोर देना ज़रूरी है, क्योंकि इससे पता चलता है कि वह परमेश्वर की योजना खोज रहा था। परमेश्वर पर निरंतर निर्भरता के बिना, नहेमायाह शायद अपनी दृष्टि के अनुसार चलता। एक आत्मिक अगुए को उस संगठन के लिए परमेश्वर के दर्शन को खोजना चाहिए जिसका उसे नेतृत्व करने के लिए बुलाया गया है।

पुस्तक के हर पहलू मे, नहेमायाह दूसरों को अपना दर्शन बताने की क्षमता को दर्शाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के सबसे बुरे दिनों में से एक, विंस्टन चर्चिल कैबिनेट कक्ष में गए और कहा, “सज्जनों, मुझे यह प्रेरणादायक लगता है।” चर्चिल जानते थे कि उन्हें कैसे एक दर्शन को अपने अनुयायियों को बताना है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। महान अगुए जानते हैं कि कठिन समय में बने रहने के लिए अपने अनुयायियों को कैसे चुनौती देनी है।

➢ *आत्मिक अगुवाओं को सावधानीपूर्वक योजना बनानी चाहिए।*

एक दूरदर्शी अगुवा, जो सावधानीपूर्वक योजना बनाने में असफल रहता है, वह शायद ही कभी वास्तविकता में उस दर्शन को पूरा कर पाये। नहेमायाह योजना बनाने में कुशल था। जब राजा ने नहेमायाह से निवेदन किया, तब नहेमायाह ने राजा से कुछ विशिष्ट निवेदन कियेः महल के कर्तव्यों से परे कुछ खाली समय, शहरपनाह के लिए सामग्री, यात्रा के लिए अधिकार पत्र।[163] नहेमायाह ने केवल यह नहीं कहा, “यह परमेश्वर का काम है, इसलिए परमेश्वर विवरणों का ध्यान रखेगा।”

नहेमाया ने सावधानीपूर्वक परियोजना के प्रत्येक चरण की योजना बनाई, लोगों के बीच काम को विभाजित किया। उसने उन क्षेत्रों में कर्मचारियों को नियुक्त किया, जो उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण थे, यह एक महत्वपूर्ण प्रेरक रणनीति है।[164] आत्मिक अगुए परमेश्वर का

---

[162] नहेमायाह 2:17; [163] नहेमायाह 2:4-8

[164] उदाहरण के लिए, याजकों ने भेड़ द्वार का निर्माण किया, मंदिर के सबसे निकट का द्वार (3:1)। यदायाह ने अपने घर के पास मरम्मत का काम किया (3:10)। नहेमाया ने उन कामों को सौंपा जो श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण थे, इससे उन्हें अपने काम का स्वामित्व मिला।

दर्शन खोजते हैं, और फिर वे परियोजना की योजना बनाने में परमेश्वर के मार्गदर्शन की तलाश करते हैं।

➢ आत्मिक अगुवाओं को साहसी व्यक्ति होना चाहिए।

जब इस्राएल ने निर्माण करना शुरू किया, तो विरोध खड़ा हो गया। सम्बल्लत और तोबियाह ने परियोजना का मज़ाक उड़ाया; बाद में उन्होंने नहेमायाह के खिलाफ खतरा पैदा किया। उन्होंने एक सभा में नहेमायाह को आमंत्रित करने की योजना बनाई, जहां वे उसे नुकसान पहुंचा सकते थे। नहेमायाह का उत्तर एक अगुए द्वारा विरोध का सामना करके अपने दर्शन पर ध्यान केन्द्रित करने का एक महान उदाहरण है: "मैं एक महान कार्य कर रहा हूं और मैं नीचे नहीं आ सकता। काम बंद करके मैं तुम्हारे पास नीचे क्यों आऊं?"[165] नहेमायाह ने काम रोकने से मना कर दिया। यहां तक कि जब उसकी ज़िंदगी खतरे में थी, तब भी उसने उस दर्शन को अपनाया जिसे परमेश्वर ने उसे दिया था। एक आत्मिक अगुए को साहसी व्यक्ति होना चाहिए।

➢ आध्यात्मिक अगुवाओं के पास सेवा की भावना है, न कि पात्रता की भावना।

एक दिन जब अगुए स्वयं की उन्नति के लिए अपने पद का इस्तेमाल करते हैं, तब नहेमायाह का उदाहरण शक्तिशाली होता है । यरूशलेम में कुछ अगुवाओं ने स्वयं के फायदे के लिए अपने पद का इस्तेमाल किया। नहेमायाह कहता है, "लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि मुझे परमेश्वर का भय है। मैं शहरपनाह के इस काम में भी दृढ़ रहा, और हमने किसी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया।"[166] एक आत्मिक अगुवा अपने पद का उपयोग उन लोगों की भलाई के लिए करता है जिनकी वह सेवा करता है, ना कि अपनी प्रगति के लिए।

चीन के महान मिशनरी रॉबर्ट मॉरिसन ने लिखा: "हमारे मिशन की सबसे बड़ी गलती यह है कि कोई भी दूसरा होना पसंद नहीं करता।"[167] आत्मिक अगुए सेवा के लिए अवसरों की तलाश करते हैं, स्व-पदोन्नति के लिए नहीं। वे अपने पद का इस्तेमाल लोगों की भलाई के लिए करते हैं।

➢ आत्मिक अगुअ प्रार्थना के महत्व को जानते हैं।

प्रार्थना नहेमायाह के नेतृत्व के लिए केंद्रीय थी। उसने प्रार्थना के बिना कोई बड़ा निर्णय नहीं लिया। यहोशू में, हमने नतीजे देखे, जब यहोशू ने परमेश्वर के मार्गदर्शन से पहले गिबोन

---

[165] नहेमायाह 6:3, *अंग्रेजी मानक संस्करण।*

[166] नहेमायाह 5:15-16

[167] जे ओसवाल्ड सैंडर्स, *आत्मिक नेतृत्व* पृ. 63 में उद्धृत।

के साथ एक समझौता किया।[168] नहेमायाह इस त्रुटि से बचा; हर निर्णय प्रार्थना के बाद किया गया था।

लूका का सुसमाचार, आत्मिक अगुवाओं के लिए प्रार्थना के महत्व का एक शक्तिशाली उदाहरण देता है। "और यह उन दिनों में हुआ, कि वह (यीशु) प्रार्थना करने के लिए एक पहाड़ पर गया, और सारी रात परमेश्वर से प्रार्थना करता रहा। और जब दिन था, तो उसने अपने शिष्यों को बुलाया; और उन में से बारह चुने, जिनका नाम उसने प्रेरित रखा था।"[169] बारह शिष्य चुनने से पहले, यीशु ने प्रार्थना में रात बिताई थी। अगर परमेश्वर के बेटे ने एक बड़े निर्णय से पहले प्रार्थना का महत्व देखा, तो हमें नेतृत्व के फैसले से पहले और कितनी प्रार्थना करनी चाहिए!

➢ ***आत्मिक अगुवाओं को प्रत्येक स्थिति में ज़रूरतों के अनुकूल होना चाहिए।***

एक महान युद्धकालीन अगुवा शांति के समय में एक विनाशकारी अगुवा हो सकता है। पादरी जो एक युवा कालिसिया बनाता है वह अधिक परिपक्व कालिसिया का नेतृत्व करने के लिए संघर्ष कर सकता है। संगठनों को उनके विकास के विभिन्न चरणों में विभिन्न प्रकार के नेतृत्व की आवश्यकता होती है।

नहेमायाह इस चुनौती का सामना करने वाले अगुवाओं के लिए एक नमूना प्रदान करता है। आत्मिक अगुवाओं को प्रत्येक स्थिति की ज़रूरतों के अनुकूल होने के लिए बुद्धिमान होना चाहिए। "एक प्रभावी अगुवा वह है जो स्थिति के अनुसार निर्देशित करता है। एक व्यक्ति जो एक ही स्थिति में एक तरह से आगे बढ़ता है, वह ज़रूरी नहीं है कि अगली स्थिति में उसी तरह का नेतृत्व करे।"[170]

एक पियाऊ के रूप में नहेमायाह एक प्रभावक की जगह में था। वहाँ, उसका प्रभाव राजा को सुनने और सलाह देने की उसकी क्षमता पर आधारित था। राजा नहेमायाह के सुझावों का सम्मान करता है; वह नहेमायाह के आदेशों को स्वीकार नहीं करता।

यरूशलेम की शहरपनाह के पुनर्निर्माण के दौरान, नहेमायाह को एक अलग दृष्टिकोण रखना चाहिए था। यहां, उसका नेतृत्व व्यवस्थित करने और प्रेरणा देने की उसकी क्षमता पर आधारित है। वह शांत सुझाव नहीं बना सकता है; उसे जरूशलम के निराश लोगों को आदेश देना चाहिए और प्रोत्साहित करना चाहिए।

बाद में, नहेमायाह ने राज्यपाल के रूप में सेवा की (नहेमायाह 7-13)। लोगों ने वाचा को तोड़ा था और नहेमायाह को अधिकार और दृढ़ विश्वास के आधार पर नेतृत्व करना था।

---

[168] यहोशू 9; [169] लूका 6:12-13

[170] Al Long, Leadership Tripod. (अल लोंग, *नेतृत्व तिपाई,*) पृ. 33

हम इसे नहेमायाह १३ में देखते हैं; 'मैंने आज्ञा दी'; 'मैंने शासकों के साथ विवाद किया'; मैंने 'उन्हें उनके स्थान पर बिठाया।' यह एक अलग नेतृत्व शैली थी एक पियाऊ या निर्माणकर्त्ता की तुलना में। आत्मिक अगुवाओं को समझना चाहिए कि प्रत्येक परिस्थिति में एक संगठन का नेतृत्व कैसे करें।

कालिसिया या सेवा के अगुऐ के रूप में, आप नहेमायाह के सावधानीपूर्वक अध्ययन और नेतृत्व के प्रति उसके दृष्टिकोण से लाभान्वित होंगे। नहेमायाह आत्मिक नेतृत्व को सही रूप में ढालता है।

एस्तेर

विषयः परमेश्वर नियंत्रण में है।
संभावित दिनांकः 483-473 ईसा पूर्व

? एस्तेर की किताब परमेश्वर के 'दिव्यसंरक्षण' को दर्शाती है जो उसके लोगों की रक्षा करता है। क्या आप अपने जीवन में या अपने कालिसिया के जीवन में परमेश्वर के दिव्यसंरक्षण का एक उदाहरण बता सकते हैं?

एस्तेर की किताब की घटनाएं एज्रा 6 और 7 के बीच हुई। जिस समय यरूशलेम में परमेश्वर अपने लोगों की रक्षा कर रहा था, उसी समय वह उन लोगों की भी रक्षा कर रहा था जो अभी भी फारस में थे। चाहे यरूशलेम में या फारस में, सब परमेश्वर के नियंत्रण में है।

एस्तेर का लेखक अज्ञात है। कुछ ने मोर्दकै को लेखक के रूप में प्रस्तावित किया है, लेकिन एस्तेर की किताब स्वयं लेखक की पहचान नहीं करती है।

क्षयर्ष के शासनकाल के दौरान। एस्तर की घटनायें शायद 483-473 ईसा पूर्व के आसपास हुई थीं।[171] यह सूसा में स्थापित है, जो फारस की राजधानी है।

रुत की किताब की तरह, एस्तर की किताब एक छोटी कहानी है जिसमें एक जवान स्त्री है और संकट के समय में विश्वासयोग्ता का उदाहरण पेश करती है। रूत एक मोआबी है जो इस्राएल में रहने के दौरान यहोवा के प्रति विश्वासयोग्य है; एस्तेर एक यहूदी है जो फारस में रहने के दौरान यहोवा के प्रति विश्वासयोग्य है। रूत की विश्वासयोग्यता उसे मसीह के वंश में एक जगह देती है; एस्तेर की विश्वासयोग्यता परमेश्वर के लोगों को विनाश से बचाती है।

[171] क्षयर्ष आमतौर पर उसके यूनानी नाम, ज़ैक्सीस से जाना जाता है। उसने फारस पर 486-465 ईसा पूर्व में शासन किया था।

एस्तेर की विषय-सूची

कुछ लेखकों ने एस्तेर की किताब के मूल्य पर सवाल उठाया है। वे इसे धर्मनिरपेक्ष यहूदी त्योहार पुरीम से जुड़ी एक धर्मनिरपेक्ष पुस्तक के रूप में देखते हैं।[172] एस्तेर की पुस्तक में कभी परमेश्वर, प्रार्थना या वाचा का उल्लेख नहीं किया गया। यह नए नियम में उद्धृत नहीं की गयी है, न ही यह मृत सागर सूचीपत्र में पायी गयी है। हालांकि, यह विश्वासियों के लिए प्रोत्साहन की एक किताब है। एस्तेर परमेश्वर के लोगों के लिए आशा का एक शक्तिशाली संदेश प्रस्तुत करती है। एस्तेर की पुस्तक सिखाती है:

➡ परमेश्वर की संप्रभुता

हालांकि परमेश्वर के नाम का ज़िक्र नहीं किया गया है, वह एस्तेर की किताब का "अनाम केंद्रीय चरित्र" है। कार्य पर परमेश्वर का हाथ, जिसे कुछ लोग मौका या संयोग बोल सकते हैं वास्तव में 'दिव्यसंरक्षण' है। इस कहानी में कुछ "संयोगों" पर विचार कीजिए:

- राज्य की सभी लड़कियों में एस्तेर, एक यहूदी, एक चुनी हुई रानी *निकलती है।*[173]
- मोर्दकै राजा क्षयर्ष को मारने की साजिश को छिपकर सुनने के लिए "संयोग से" सही जगह पर सही समय पर होता है। वह एस्तेर से साजिश का खुलासा करता है जो बाद मे राजा को बता देती है।[174]
- एस्तेर द्वारा राजा को हामान की साजिश बताने की एक रात पहले क्षयर्ष 'संयोग से' अनिद्रा से पीड़ित होता है।[175]
- सभी लेख प्रमाणों में से जिनको क्षयर्ष को सोने में मदद करने के लिए पढ़ा जा सकता था, पढ़नेवाला 'संयोग से' मोर्दकै की सेवा के लेख प्रमाण को राजा के सामने खोलता है।[176]
- हामान 'संयोग से' राजा के कमरे में तब प्रवेश करता है जब क्षयर्ष यह विचार कर रहा था कि वह मोर्दकै को कैसे पुरस्कृत कर सकता है।[177]

जैसे प्रभु परमेश्वर रूत को बोअज के खेत में लाया था, उसी तरह प्रभु परमेश्वर ने फारस में अपने लोगों की रक्षा की। मोर्दकै ने उस कार्य में परमेश्वर का हाथ देखा। "कौन जानता है कि क्या आप ऐसे समय के लिए राज्य में नहीं आए हैं?"[178]

---

[172] पुरीम को आज भी मार्च के महीन में मनाया जाता है। यह शब्द *पुर,* या "बहुत" से आता है। हामान ने चिट्ठी डालके यहूदियों के विनाश का दिन चुना। पुरीम में, यहूदी अपने दुश्मनों से उनके उद्धार का जश्न मनाते हैं।

[173] एस्तेर 2:1-18; [174] एस्तेर 2:19-23; [175] एस्तेर 6:1

[176] एस्तेर 6:1-3; [177] एस्तेर 6:6

[178] एस्तेर 4:14, *English Standard Version.*

➡ विश्वासयोग्यता का महत्व

एस्तेर की पूरी पुस्तक में, परमेश्वर के दासों की विश्वासयोग्यता स्पष्ट है। एस्तेर की कहानी में यूसुफ की कहानी के साथ कई समानताएं हैं। दोनों मे एक युवा व्यक्ति है जो एक विदेशी देश में विश्वासयोग्य हैं। दोनों पात्रों को सरकार में प्रभाव की प्रतिष्ठा के पद मिलते हैं। परमेश्वर ने अपने लोगों को खतरे के समय में बनाए रखने के लिए, दोनों पात्रों का उपयोग किया था।

परमेश्वर के प्रति एस्तेर की विश्वासयोग्यता पूरी कहानी में देखी जाती है। उसका बयान, "अगर मैं नाश हो गई, तो हो गई," परिणाम की परवाह किए बिना विश्वासयोग्यता से अपनी ज़िम्मेदारी का पालन करने के लिए एक प्रतिबद्धता है।

एस्तेर की किताब मोर्दकै की सच्चाई को दर्शाती है। यूसुफ और दानियल की तरह, मोर्दकै को प्रतिष्ठा का पद मिलता है, एक पद है जो जिससे वह परमेश्वर के उद्देश्यों को प्राप्त कर पाता है।[179]

दुष्टता की मूर्खता

पुरीम के आधुनिक अनुष्ठानों के दौरान, नाटकों द्वारा एस्तेर की कहानी को दोबारा प्रदर्शित किया जाता है। हर बार नाम हामान सुनाई पड़ता है, दर्शक परमेश्वर के लोगों के इस दुश्मन का मज़ाक उड़ाते हैं। जबकि त्योहार प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष है, और जबकि पुरीम का जश्न मनाने वाले कई लोग इस कहानी में परमेश्वर की संप्रभुता को भूला सकते हैं, तब भी उत्सव के तरीके से एस्तेर के संदेश का हिस्सा दर्शाया जाता है-दुष्टता की मूर्खता।

क्षयर्ष और हामान दोनों कहानी में मजाक के चित्र बनते हैं। क्षयर्ष 127 प्रान्तों पर एक शक्तिशाली शासक है। वह अपनी संपत्ति और शक्ति का जश्न मनाने के लिए 180 दिनों के लिए एक त्योहार मनाता है, लेकिन वह अपनी पत्नी को नियंत्रित नहीं कर सकता।

हामान को पता चला कि उसके दुष्ट षड्यंत्र उसके स्वयं के खिलाफ हो गये। हामान खुद का सम्मान करने का प्रयास करता है, लेकिन उसे अपने शत्रु मोर्दकै का सम्मान करने के लिए नियुक्त किया जाता है।[180] हामान यहूदियों को नष्ट करने की कोशिश करता है, लेकिन खुद को और अपने परिवार को नष्ट कर देता है।[181] जैसा कि नीतिवचन सिखाता है, परमेश्वर "ठट्ठा करने वालों से निश्चय ठट्ठा करता है।"[182]

---

[179] एस्तेर 10:3; [180] एस्तेर 6:1-11
[181] एस्तेर 7:7-10; 9:10; [182] नीतिवचन 3:34

नये नियम में एज्रा, नहेमायाह, और एस्तेर

2 राजा की पुस्तक के समापन में यहूदी निर्वासन में हैं, मंदिर नष्ट है, सिंहासन पर कोई राजा नहीं है, और मसीह का कोई संकेत नहीं है। इब्राहीम से की गई प्रतिज्ञा निरर्थक लगी। एज्रा और नहेमायाह इस वादे के पुनर्जन्म को दिखाते हैं। यद्यपि कोई राजा नहीं है, इस्राएल अपने देश में वापस आ गया है और मसीह के आगमन का रंगमंच तैयार है। एस्तेर महत्वपूर्ण है क्योंकि, उत्पत्ति की समाप्ति में यूसुफ की तरह, उसकी कहानी बताती है कि कैसे परमेश्वर ने मसीह के वंश को बचाकर रखा। यद्यपि इन पुस्तकों का नए नियम में कोई महत्व नहीं है, वे मसीह के जन्म के लिए आवश्यक हैं। एज्रा (एक याजक), नहेमायाह (एक पियाऊ) और एस्तेर (मूर्तिपूजक देश में एक रानी) के माध्यम से, परमेश्वर ने अपने बेटे के जन्म के लिए रास्ता तैयार किया।

ऐतिहासिक किताबें आज बाताती हैं

अध्याय 4 में, हमने देखा कि इब्रानी बाइबल ऐतिहासिक किताबों के लिए "पूर्व भविष्यवक्ताआ" शीर्षक का उपयोग करती है। यह उनके उद्देश्य को दर्शाती है: परमेश्वर के लोगों को परमेश्वर का संदेश बताना। प्रत्येक ऐतिहासिक किताब का आज हमारे लिए एक संदेश है।

न्यायियों, शमूएल, और राजा बोने और काटने के सिद्धांत को प्रदर्शित करते हैं। जब परमेश्वर के लोग वाचा के प्रति विश्नासयोग्य थे, उन्होंने परमेश्वर की आशीष का अनुभव किया; जब उन्होंने वाचा तोड़ी, तो उन्होंने परमेश्वर के न्यायदंड का अनुभव किया। इस सिद्धांत का कभी-कभी कालिसिया में गलत इस्तेमाल किया गया है। किसी अन्य स्थिति में इस्राएल देश के इतिहास को लागू करते समय हमें सावधान रहना चाहिए। कुछ दुभाषियों ने इन पुस्तकों को यह पढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया है कि एक मसीह व्यक्ति जो ईमानदारी से परमेश्वर की आज्ञा का पालन करता है उसे वित्तीय समृद्धि और शारीरिक स्वास्थ्य निश्चय मिलेंगे। अय्यूब और भजन संहिता की किताबें दर्शाती हैं कि धर्मी व्यक्तियों को दुख उठाना पड़ सकता है। हालांकि, बुनियादी सिद्धांत सत्य रहता है; परमेश्वर की मंज़ूरी और आशीष उन पर ठहरती है जो उसके प्रति विश्नासयोग्य है।

यहोशू, रुत, नहेमायाह और एस्तेर परमेश्वर के प्रति विश्नासयोग्यता के महत्व को दर्शाते हैं। परमेश्वर सार्वभौम है, लेकिन परमेश्वर मानव उपकरणों के माध्यम से काम करता है। अगर हम परमेश्वर के वचन की शिक्षा के प्रति सच्चे बने रहें तो दोनों सत्यों को स्वीकार किया जाना चाहिए। मोर्दकै ने इस सच्चाई को व्यक्त किया जब उसने एस्तेर से कहा, "यदि अभी तू चुप रहती है तो यहूदियों के लिये सहायता और मुक्ति तो कहीं और से आ ही जायेगी किन्तु तू और तेरे पिता का परिवार सभी मार डाले जायेंगे। और कौन जानता है

कि तू किसी ऐसे ही समय के लिये महारानी बनाई गयी है, जैसा समय यह है?"[183] मोर्दकै ने परमेश्वर की संप्रभुता को पहचाना; परमेश्वर अपने लोगों को किसी तरह से बचाएगा। हालांकि, मोर्दकै ने विश्वासयोग्यता के प्रति एस्तेर की ज़िम्मेदारी को भी पहचाना। इग्नाटियस को दिया गया एक उद्धरण बताता है कि आपको इस प्रकार "प्रार्थना करनी चाहिए जैसे सब कुछ परमेश्वर पर निर्भर करता हो, और इस प्रकार काम करना चाहिए जैसे सब कुछ आप पर निर्भर करता हो।"

यह आज हमें क्या बताता है? यहोशू, रूत, नहेमायाह और एस्तेर की तरह हमें पूरी तरह से परमेश्वर की सेवा के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, बिना कुछ आरक्षित रखे। फिर, उन पवित्र लोगों की तरह, हमें अपनी इच्छा को त्यागना चाहिए। एस्तेर की तरह, हमें परमेश्वर के उद्देश्यों के प्रति समर्पण की भावना को बनाए रखना चाहिए: "अगर मैं नाश हो जाऊं, तो हो जाऊं।"

अंत में, ऐतिहासिक किताबें आशा का संदेश देती हैं। एज्रा, नहेमायाह और इतिहास से पता चलता है कि निर्वासन में भी परमेश्वर अपने लोगों के साथ बना हुआ था। आज भी हम यह जानने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं कि परमेश्वर अभी भी अपने उद्देश्यों को पूरा कर रहा है। ऐतिहासिक किताबें हमें अपनी दिव्य इच्छा पूरी करने में परमेश्वर की संप्रभुता की याद दिलाती हैं। हम भविष्य का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकते हैं; सब कुछ परमेश्वर के हाथ में है।

[183] एस्तेर 4:14

पाठ असाइनमेंट

1) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिए:

विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

नहेमायाह की किताब पढ़िए और नेतृत्व के सिद्धांतों की एक सूची बनाइए। आप इस अध्याय में बांटे गये सिद्धांतों के साथ शुरू कर सकते हैं, लेकिन नहेमायाह में सिद्धांत बहुत से हैं। एक समूह में, खोजे हुए सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए। यह दिखाइये कि आप अपनी सेवा में इन सिद्धांतों को कैसे लागू करेंगे।

विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट। एक का चयन कीजिए।

क। 'पुनरुत्थान' पर 1-2 पृष्ठ का निबंध लिखिए जो एज्रा और यरूशलेम में उसके पुनरुद्धार पर आधारित है।

ख। नहेमायाह पर आधारित 'आत्मिक नेतृत्व' 1-2 पृष्ठ का निबंध लिखिए। इस अध्याय में सूचीबद्ध किये गये सिद्धांतों के अलावा, कम से कम २-३ नेतृत्व के सिद्धांतों को खोजिए। यह दिखाइये कि आप अपनी सेवा में इन सिद्धांतों को कैसे लागू करेंगे।

ग। एस्तेर पर आधारित 'परमेश्वर के दिव्यसंरक्षण' पर 1-2 पृष्ठ का निबंध लिखिए।

२) इस पाठ पर एक परीक्षा लिजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्दिष्ट पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा

गहराई से समझना

निर्वासन से वापसी के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Howard, David M., Jr. *An Introduction to the Old Testament Historical Books. (नया नियम की ऐतिहासिक किताबों का परिचय।)* Moody Press, 1993.

Jobes, Karen. *New International Version Application Commentary: Esther. (एन.आई.वी की टिप्पणी: एस्तेर।)* Zondervan, 1999.

Kidner, Derek. *Ezra and Nehemiah: An Introduction and Commentary. (एज्रा और नहेमायाह: एक परिचय और टिप्पणी।) Tyndale Old Testament Commentary. (टिंडेल की पुराने नियम की टिप्पणी)* InterVarsity Press, 1979.

Provan, Iain, V. Philips Long, and Tremper Longman III. *A Biblical History of Israel.* (इस्राएल का बाइबल का इतिहास।) Westminster John Knox Press, 2003.

ऑनलाइन स्त्रोत

Wesley, John. Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 6 के परीक्षा प्रश्न

1. पुनःस्थापन की अवधि की प्राथमिक घटनाओं की तारीखों को सूचीबद्ध कीजिए।

   जरूब्बाबेल की अगुवाई में पहली वापसीः

   मंदिर के निर्माण का समापनः

   एस्तेर की घटनाएंः

   एज्रा के नेतृत्व में दूसरी वापसीः

   नहेमायाह की वापसीः

2. प्रत्येक पुस्तक के विषयों की सूची बनाइये।

   एज्रा

   नहेमायाहः

   एस्तेरः

3. एज्रा और नहेमायाह की किताबों के बीच दो समानताएं सूचीबद्ध कीजिए।

4. ________________ साम्राज्य ने विजय प्राप्त देशों को अपने देश में रहने की अनुमति दी।

5. __________________ और ___________________ को "मंदिर के भविष्यद्वक्ता" कहा जाता है।

6. एज्रा और नहेमायाह के लिए यहूदियों और उनके पड़ोसियों के बीच एक अन्तर्विवाह गंभीर मुद्दा क्यों था?

7. कौन सा छोटा भविष्यद्वक्ता नहेमायाह के समान मुद्दों को संबोधित करता है?

8. नहेमायाह के तीन नेतृत्व सिद्धांतों की सूची बानाइये।

9. एस्तेर में सिखायी गयी तीन प्रमुख शिक्षाओं की सूची बानाइए।

10. एस्तेर की किताब से जुड़ा यहूदी उत्सव ____________________ है।

11. नेहेम्याह 2;17 और एस्तेर 4:14 स्मरण करके लिखें।

पाठ 7
अयूब्ब और भजन सहिंताः इब्रानी कविता

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) अयूब्ब के प्राथमिक विषय और संदेश को जान सकें।

(2) अयूब्ब के लिए परमेश्नर के आत्मोद्‌घाटन को समझ सकें।

(3) बाइबल कविता की प्रकृति को पहचान सकें।

(4) भजन सहिंता की पुस्तक की संरचना का वर्णन कर सकें।

(5) मसीह लोगों के लिए भजन सहिंता के अभिशाप के उपयोग का मूल्यांकन कर सकें।

(6) अय्यूब और भजन सहिंता के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

अय्यूब 1-29, 51-92 और भजन सहिंता 119-150 पढ़िये।
भजन सहिंता 119:1-8 को याद कीजिए।

इब्रानी कविता का लेख

पुराने नियम की कवि संबंधी पुस्तकों में अय्यूब, भजन सहिंता, नीतिवचन, सभोपदेशक और श्रेष्ठगीत शामिल हैं। पुराने नियम की कई अन्य पुस्तकों में कुछ कविताएं शामिल हैं, लेकिन ये पुस्तकें मुख्य रूप से काव्यगत हैं।

अंग्रेजी कविता के विपरीत, इब्रानी कविता अनुप्रास पर आधारित नहीं है। इब्रानी कविता की विशेषताओं को समझना आपको काव्य पुस्तकों की सुंदरता की बेहतर सराहना करने में मदद कर सकता है।

➡ समानांतरवाद

समानांतरवाद इब्रानी कविता में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। समानांतरवाद में, दो पंक्तियाँ एक ही विचार व्यक्त करने के लिए अलग-अलग शब्दों का प्रयोग करती हैं। एक इब्रानी कवि कुछ कहता है और फिर इसे थोड़े अलग दृष्टिकोण से दोहराता है। तीन प्रकार के समानांतरवाद हैंः

- **समानार्थी समानांतरवादः** दूसरी पंक्ति समान शब्दों के साथ पहली पंक्ति को मजबूत करती है।

  "हे यहोवा अपने मार्ग मुझको दिखला; अपना पथ मुझे बता दे।"[184]

  "धर्म की बाट में जीवन मिलता है, और उसके पथ में मृत्यु का पता भी नहीं।"[185]

- **विरोधात्मक समानांतरवादः** पहली पंक्ति दूसरी पंक्ति के विपरीत है। बुद्धिमानों के पथ और मूर्खों के पथ के विपरीत इस सूत्र का उपयोग नीतिवचन में किया जाता है।

  "बुद्धिमान पुत्र से पिता आनन्दित होता है, परन्तु मूर्ख पुत्र के कारण माता उदास रहती है।"[186]

  "धर्मी को स्मरण करके लोग आशीर्वाद देते हैं, परन्तु दुष्टों का नाम मिट जाता है।"[187]

- **कृत्रिम समानांतरवादः** दूसरी पंक्ति पहली पंक्ति के विचार को जोड़ती है।

  यहोवा मेरा चरवाहा है, मुझे कुछ घटी न होगी।[188]

  सब से अधिक अपने मन की रक्षा कर; क्योंकि जीवन का मूल स्रोत वही है।[189]

➡ अलंकार

हालांकि सभी बाइबल की पुस्तकों में अलंकार शामिल हैं, लेकिन यह कल्पना काव्य पुस्तकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इन पुस्तकों में पाये जाने वाले अलंकार में शामिल हैं:

- **एक रूपकलंकार** दो चीजों की तुलना करता है जो समान हैं। "यहोवा मेरा चरवाहा है"[190] "परमेश्नर मेरी देखभाल करता है" से ज्यादा यादगार और अर्थपूर्ण है।

- **अतिश्योक्ति** एक बिंदु पर जोर देने के लिए विचारपूर्वक अतिरंजना का उपयोग करता है। विलाप की एक भजन में, दाऊद अपने दुःख का वर्णन करता है, "हर रात मैं अपनी खाट आंसुओं से भिगोता हूं।"[191]

---

[184] भजन सहिंता 25:4
[185] नीतीवचन 12:28
[186] नीतिवचन 10:1
[187] नीतिवचन 10:7
[188] भजन सहिंता 23:1
[189] नीतिवचन 4:23
[190] भजन सहिंता 23:1
[191] भजन सहिंता 6:6, *English Standard Version.*

- ➢ **मानवीकरण** मानव विशेषताओं की ऐसी चीज़ों को देता है जो मानवीय नहीं है। हे परमेश्वर समुद्र ने तुझे देखा, समुद्र तुझे देख कर ड़र गया, गहरा सागर भी कांप उठा।[192]

- ➢ **मानवकृष्णता** परमेश्वर की प्रकृति के बारे में सच्चाई को व्यक्त करने के लिए मानव विशेषताओं का उपयोग करती है। परमेश्नर की "आँखें, उसकी पलकें मनुष्य की संतान को जांचती हैं।"[193]

➡अक्षरबद्ध कविता

अक्षरबद्ध कविता में, प्रत्येक छंद की शुरुआत वर्णमाला के एक उत्तरवर्ती अक्षर के साथ होती है। यह प्रपत्र पूर्णता को व्यक्त करता है ("अ से ज्ञ तक...") दो सबसे प्रसिद्ध इब्रानी अक्षरबद्ध कवितायें भजन संहिता 119, परमेश्नर की व्यवस्था के विषय में, और नीतिवचन 31, भली स्त्री के विषय में हैं। भजन संहिता 119 में, प्रत्येक छंद में 8 आयते शामिल हैं जो इब्रानी वर्णमाला के समान अक्षर से शुरू होती हैं। नीतिवचन 31 में, प्रत्येक आयत कविता इब्रानी वर्णमाला के उत्तरवर्ती अक्षर से शुरू होती है।

अय्यूब की पुस्तक की पृष्ठभूमि

?अपने "दुख के धर्मविज्ञान" पर चर्चा कीजिए। धर्मविज्ञान प्रश्नों पर चर्चा कीजिए, जैसे "परमेश्वर निर्दोष को क्यों दुख उठाने देता है?" और साथ ही पासबानी संबंधी प्रश्न जैसे, "हम एक निर्दोष व्यक्ति को उसके दुख से निपटने में कैसे मदद कर सकते हैं?"

तारीख और अय्यूब का लेखक

अय्यूब की पुस्तक कोई तारीख का वर्णन नहीं देती, लेकिन घटनाएं सम्भवतः कुलपतियों के युग में हुई होंगी। पिता अपने परिवार के लिए बलिदान चढ़ाता है; धन पशुधन में मापा जाता है; और अय्यूब की उम्र लंबी है। ये तथ्य अय्यूब में होने वाली घटनाओं के विषय में पितृसत्तात्मक तारीख का सुझाव देते हैं।

तारीख की तरह ही, लेखक का कोई संकेत नहीं है सुझाए गए लेखकों में अय्यूब, एलीहू, मूसा, सुलैमान और यशायाह के समय का कोई शामिल हैं।

अय्यूब की पुस्तक का विषय

देखने में, अय्यूब की पुस्तक का विषय पीड़ित प्रतीत होता है। पुस्तक की प्रमुख घटना यह है कि अय्यूब ने अपनी संपत्ति, परिवार और स्वास्थ्य खो दिये। अय्यूब की पीड़ा के प्रश्न

---

[192] भजन सहिंता 114:4

[193] भजन सहिंता 11:4, *English Standard Version.*

पर बातचीत होती है। इसके अलावा, अन्य प्राचीन निकट पूर्व अय्यूब की पुस्तक के समान लेख हैं जो पीड़ा के प्रश्न को जांचते हैं।[194]

हालांकि, अय्यूब की पुस्तक स्वयं यह नही बताती कि इसका विषय पीड़ा है। अय्यूब स्वयं अपनी पीड़ा के कारण के बारे में नहीं पूछता, और परमेश्वर कभी भी अय्यूब की पीड़ा को अपने जवाब में नहीं बताता। अगर पुस्तक मुख्य रूप से पीड़ा के विषय में होती, तो हम उम्मीद करते कि परमेश्वर पीड़ा के अर्थ का उत्तर देते। इसके बजाय, परमेश्वर कभी अय्यूब की पीड़ा का उल्लेख नहीं करता।

अय्यूब की पुस्तक के संदेश का भाग पीड़ा के मध्य में खराई है। अय्यूब अपनी खराई सिध्द करता है।[195] परमेश्वर अय्यूब की खराई को शैतान को अपने बयान में गवाही देता है।[196] अय्यूब की खराई पुस्तक का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

अय्यूब की पुस्तक का प्राथमिक विषय "परमेश्वर की खोज" है। अय्यूब अपनी संपत्ति की पूर्वावस्था या चंगाई नहीं मांगता है; उसका निवेदन है, "भला होता, कि मैं जानता कि वह कहां मिल सकता है, तब मैं उसके विराजने के स्थान तक जा सकता!"[197] अय्यूब परमेश्वर को नज़दीकी से जानता था; अब वह परमेश्वर से अलगाव महसूस करता है। उसकी खोज पीड़ा की व्याख्या के लिए नहीं है, बल्कि परमेश्वर के प्रकटीकरण के लिए है।

परमेश्वर के प्रकटीकरण के बाद इस विषय की पुष्टि की गई है: "मैंने कानों से तेरा समाचार सुना था, परन्तु अब मेरी आंखें तुझे देखती हैं।"[198] जब वह परमेश्वर को देखता है, तब अय्यूब को संतुष्टि मिलती है। अय्यूब के लिए उत्तर, पीड़ा का स्पष्टीकरण नहीं है; अय्यूब के लिए परमेश्वर स्वंय ही उत्तर है।

अय्यूब की पुस्तक का अवलोकन

अय्यूब की पुस्तक को तीन बड़े वर्गों में बांटा गया है:

- ➡ प्रस्तावना (अय्यूब 1-2)
- ➡ काव्यगत संवाद (अय्यूब 3 - 42:6)
- ➡ उपसंहार (अय्यूब 42:7-17)

---

[194] कष्ट के विषय में दो प्राचीन निकट पूर्व संवाद 1300-1000 ईसा पूर्व से आते हैं। "मैं बुद्धि के प्रभ ु की प्रशंसा करता हूँ" एक मेसोपोटामियन स्वागत-कथन है जिसमें एक महान बेबीलोनी एक बड़े संकट का सामना करता है और फिर मर्दुक ईश्वरद्वारा बचाया जाता है। *बेबीलोनी धर्मशास्त्र* एक पीड़ित व्यक्ति और मित्र के बीच संवाद है जो पीड़ा का समझाने की कोशिश करता है।

[195] अय्यूब 27:5 और 31:6; [196] अय्यूब 2:3

[197] अय्यूब 23:3; [198] अय्यूब 42:5

प्रस्तावना (अय्यूब 1-2)

प्रस्तावना में, हम सीखते हैं कि अय्यूब निर्दोष है; वह "परिपूर्ण और सीधा है।" अय्यूब की पीड़ा उसके किसी भी पाप के कारण नहीं होती। वह खराई पर चलने वाला है जिसे परमेश्वर विश्वास के एक आदर्श के रूप में बता सकता है। उसकी संपत्ति और परिवार के नुकसान, उसकी शारीरिक पीड़ा, और यहां तक कि अपनी पत्नी की निराशाजनक सलाह के बावजूद भी अय्यूब ने "अपने होंठों से पाप नहीं किया।"

प्रस्तावना में, हम शैतान की शक्ति की सीमाओं के विषय में सीखते हैं। अय्यूब पर शैतान के हमलों से, शैतान परमेश्वर की अनुमति से अधिक आगे नहीं जा सकता। बहुत लोकप्रिय विश्वास के विपरीत, शैतान और परमेश्वर बराबरी का विरोध नहीं करते हैं; शैतान परमेश्वर की सीमाओं के आगे नहीं जा सकता।

प्रस्तावना में, हम सीखते हैं कि भौतिक दुनिया जो देखते हैं और आत्मिक दुनिया जो हम नहीं देखते, के बीच एक रिश्ता है। यद्यपि अय्यूब परमेश्वर और शैतान के बीच की बातचीत से अनजान है, कि अय्यूब की परीक्षाओं के पीछे आत्मिक संघर्ष है।

अय्यूब और उसके तीन दोस्तों के बीच संवाद (अय्यूब 3-27)

प्रस्तावना के अंत में, हमरा परिचय तीन दोस्तों से होता है जो अय्यूब को सांत्वना देने आते हैं। वे एक सप्ताह तक चुपचाप बैठते हैं और अय्यूब के साथ शोक करते हैं। सप्ताह के अंत में, अय्यूब एक शिकायत के साथ चुप्पी तोड़ता है जिसमें वह अपने जन्म के दिन को श्राप देता है और मृत्यु के माध्यम से राहत मांगता है। जवाब में, दोस्त दुनिया में परमेश्वर के काम करने के तरीके को समझाने का प्रयास करते हैं।[199]

अय्यूब और उसके दोस्तों के बीच का संवाद काव्यात्मक रूप में है। उस शैली के कारण, यह पढ़ने के लिए मुश्किल हो सकता है। यह बहुत दोहराव और विस्तारित संवाद है। हालांकि, अपने मूल के जैसे यह संवाद सरल है: दोस्तों ने आग्रह किया कि अय्यूब की पीड़ा उसके जीवन में पाप के कारण है; अय्यूब ने जोर देकर कहा कि वह सभी पापों से निर्दोष है।

जबकि प्रत्येक दोस्त अलग तरीके से विवाद करते हैं, उनका मूल तर्क यह है:

- पीड़ा पाप के कारण एक सजा या सुधार के रूप में आती है।
- परमेश्नर एक धर्मी परमेश्नर है।
- इसलिए, अय्यूब किसी पाप का दोषी होगा जिसके लिए परमेश्वर उसे दंडित कर रहा है।

---

[199] *धर्मशास्त्र* दुनिया में परमेश्वर के मार्गों का औचित्य सिद्ध करने का प्रयास है। अय्यूब की पुस्तक बाइबल में सबसे बड़ा धर्मशास्त्र है। हबक्कूक भी भविष्यद्वक्ता और परमेश्वर के बीच बातचीत में इस मुद्दे को संबोधित करता है।

हर दोस्त अलग तरीके से तर्क देते हैं। एलीपज सबसे सावधान वक्ता है। वह अय्यूब को परमेश्नर के सुधार को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एलीपज को यकीन है कि परमेश्नर पश्चातापी अय्यूब को चंगा करेगा। बिलदद पारंपरिक रूढ़िवादी की ओर इशारा करता है कि एक धर्मी परमेश्वर को पापी को दंडित करना चाहिए; इसलिए, अय्यूब किसी पाप का दोषी होगा। सोपर, तीनों दोस्तों में सबसे कम सहानुभूतिवाला है, जो कहता है कि अय्यूब बड़बड़ाता है।अय्यूब वास्तव में, वह आग्रह करता है कि, परमेश्नर अय्यूब के प्रति दयालु है; अय्यूब को जितना दण्ड मिला है वह उससे भी बड़े दण्ड के योग्य है।

प्रत्येक दोस्त के जवाब में, अय्यूब अपनी निर्दोषता पर अड़ा रहा। अय्यूब का मानना है कि परमेश्नर उसे अन्यायपूर्ण ढंग से सता रहा है; लेकिन वह यह भी मानता है कि, अगर वह परमेश्नर के सामने खुद को निर्दोष साबित करने का आग्रह करेगा, तो परमेश्नर सुनेग और अय्यूब को निर्दोष ठहराएगा।

यह बातचीत अय्यूब और उसके दोस्तों के बीच संवाद के तीन चक्रों में फैली है। अय्यूब के द्वारा अपनी गलती स्वीकार न करने से उसके दोस्त अति क्रोधित हो जाते हैं; लेकिन अय्युब अपनी निर्दोषता पर अड़ा रहता है।

अय्यूब के भाषण (अय्यूब 28-31)

अध्याय 28 में, पुस्तक की शैली में परिवर्तन होता है। अय्यूब 28-31 में अय्यूब के चार भाषण हैं।

- ❖ अय्यूब 28 बुद्धि पर एक कविता है। अय्यूब बुद्धि के मूल्य की प्रशंसा करता है, यह दर्शाता है कि बुद्धि की खोज करने के लिए मनुष्य का प्रयास व्यर्थ हैं, और यह दावा करता है कि परमेश्वर ही एकमात्र सच्ची बुद्धि का स्रोत है। अय्यूब द्वारा परमेश्नर के उत्तर की तलाश में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।
- ❖ अय्यूब 29, अय्यूब की पहले की ज़िंदगी का एक चित्र है जो प्रस्तावना की घटनाओं से पहले है। वह हर तरह से आशिषित था आैर अपने समुदाय में अति सम्मानित था।
- ❖ अय्यूब 30, अय्यूब की वर्तमान पीड़ा का चित्र है। जो लोग उसका अतीत में सम्मान करते थे, वे अब उसकी हँसी उड़ाते हैं।
- ❖ अय्यूब 31, अपनी खराई के लिए अय्यूब की गवाही है। अपने दोस्तों के आरोपों के जवाब में, अय्यूब अपनी बात पर अड़ा रहता है कि वह हर पाप से निर्दोष है। वह अपने हस्ताक्षर के साथ अपनी निर्दोषता घोषित करते हुए अपनी घोषणा समाप्त करता है: "ओह! काश कोई होता जो मेरी सुनता! (मेरा हस्ताक्षर यही है! शक्तिशाली परमेश्वर

मुझे उत्तर दे!)"[201] अय्यूब 31 पढ़ते समय, हमें यह याद रखना चाहिए कि परमेश्वर ने खुद अय्यूब 1:8 में अय्यूब की निर्दोषता की गवाही दी है। अय्यूब मूर्खता से नहीं बोल रहा है; उसने वास्तव में सावधानीपूर्वक और धार्मिक जीवन जिया है।

एलीहू के भाषण (अय्यूब 32-37)

एलीहू एक युवा पुरुष है जो पहले भाषणों में से प्रत्येक को सुनता है। वह अय्यूब से नाराज है क्योंकि अय्यूब खुद को निर्दोष ठहराने की कोशिश करता है। वह दोस्तों से नाराज हैं क्योंकि उन्होंने अय्यूब को उसका दोष स्वीकारने के लिए नहीं मनाया।

एलीहू का तर्क है कि परमेश्वर पीड़ा और दर्द के माध्यम से बोलता है; अय्यूब को नम्र रूप से परमेश्वर के सुधार को स्वीकार करना चाहिए। एलीहू का कहना है कि परमेश्वर धर्मी है और ईश्वर से सवाल पूछने के लिए अय्यूब गलत है। अपने अंतिम भाषण में, एलीहू तर्क करता है कि परमेश्नर मानव जाति से इतनी दूर है कि वह पृथ्वी पर होने वाली घटनाओं से प्रभावित नहीं है। हमारी भूमिका विनम्र अधीनता होनी चाहिए।

हालाँकि एलीहू के भाषण के कुछ पहलु परमेश्नर के उत्तर के समानांतर हैं (विशेषकर उसकी प्रकृति पर परमेश्नर की संप्रभुता का विवरण), एलीहू कुछ भी नहीं कहता है। अय्यूब पहले से ही जानता है कि परमेश्नर सार्वभौम है; अय्यूब पहले से ही जानता है कि परमेश्नर पीड़ा से बोलता है; बुद्धि के बारे में अय्यूब ने भाषण में पहले ही कहा है कि परमेश्वर ही सच्ची बुद्धि का एकमात्र स्रोत है। यहां तक कि अगर एलीहू सच्चाई के कुछ पहलुओं की ओर इशारा करता है, तो वह अन्य दोस्तों की तरह, अय्यूब के केंद्रीय संघर्ष को स्वीकार करने में विफल रहता हैः अय्यूब का मानना है कि वह उस पाप के लिए दंडित किया जा रहा है जिसमें वह दोषी नहीं है।

परमेश्वर बोलता है (अय्यूब 38-42)

यदि हम मुख्य रूप से पीड़ा के अध्ययन के रूप में अय्यूब की पुस्तक पढ़ते हैं, तो परमेश्वर का उत्तर थोड़ा समझ में आता है। वह कभी अय्यूब की पीड़ा का उल्लेख नहीं करता। वह कभी अय्यूब के सवालों का जवाब नहीं देता। इसके बजाय, परमेश्वर ऐसे कई सवाल पूछता है जो उसको अय्यूब के सामने प्रकट करते हैं। ये सवाल अय्यूब को उसके सीमित ज्ञान का स्मरण कराते हैं। तब परमेश्वर के प्रश्न अय्यूब को ब्रह्मांड के प्रबंधन में परमेश्वर की शक्ति और बुद्धि के बारे में कहते हैं। वे दिखाते हैं कि अय्यूब परमेश्वर पर भरोसा कर सकता है, भले ही वह परमेश्वर के तरीकों को नहीं समझता। जवाब में, अय्यूब अपनी संतुष्टि को

---

[201] अय्यूब 31:35, *English Standard Version.*

बताता है, "प्रभु, मैंने तेरे विषय में केवल कानों से सुना था,पर अब मेरी आँखें तुझे देखती हैं।" परमेश्वर के खिलाफ अपने आरोपों का अय्यूब पश्चाताप करता है और उसके गहरे, अनुभावात्मक ज्ञान से उसे सांत्वना मिली है।

उपसंहार (अय्यूब 42:7-17)

उपसंहार में, परमेश्वर अय्यूब के मित्रों को उनके झूठे तर्कों के लिए झिड़कता हैं और अय्यूब की संपत्ति को लौटाता है। उपसंहार में शैतान का उल्लेख नहीं है; उसके मामले को अस्वीकृत कर दिया गया है। वास्तव में, एक व्यक्ति है जो केवल प्रेम से परमेश्वर की सेवा करता है।

अय्यूब नये नियम में

नए नियम में, अय्यूब धीरज का एक उदाहरण है।[202] अय्यूब पर उठाए गये सवाल नए नियम के लोगों को उलझाये रखते हैं। चेले पूछते हैं कि क्या अंधे जन्मे व्यक्ति को पाप के लिए दंडित किया जाना चाहिए;[203] पौलुस "शरीर में एक कांटे" के साथ संघर्ष करता है जिसे परमेश्वर नहीं हटाएगा;[204] इब्रानियों 11 में विश्वास के नायक बिना वादे प्राप्त किये मर जाते हैं।

विश्वासियों के लिए पीड़ा एक जारी मसला है। हालांकि, रोमियो 8:28-29 हमें भरोसा दिलाता है कि परमेश्वर अपने बच्चों के जीवन में होने वाली हर बात से भलाई ही उत्पन्न करता है। उसका परम उद्देश्य हमें अपने पुत्र की छवि के अनुरूप करना है। यह उन सब लोगों के जीवन में पूरा हो रहा है जो परमेश्वर से प्रेम करते हैं और उसकी इच्छा के अनुसार बुलाये गये हैं।

अय्यूब की पुस्तक आज भी बताती है।

अय्यूब के पाठक अक्सर इस सवाल पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि, "धार्मी लोग दुख क्यों उठाते हैं?" अय्यूब इस सवाल का जवाब नहीं देता। एक और महत्वपूर्ण सवाल यह है, 'धार्मी लोग परमेश्वर की सेवा क्यों करते हैं?" शैतान का जवाब था, "अय्यूब तेरी उन आशीषों की वजह से सेवा करता है जो वह प्राप्त करता है। आशीषों को ले ले और वह तुझे अस्वीकार करेगा।" दोस्तों के लिए, परमेश्वर की सेवा करने की प्रेरणा मुसीबत से बचने के लिए है। वे मानते हैं कि परमेश्वर के प्रति विश्नासयोग्य आज्ञाकारिता से संकट नहीं आएगा।

---

[202] याकुब 5:11

[203] युहन्ना 9:2

[204] कुरिन्थियों 12:7-9

अय्यूब के लिए, यह जवाब बहुत अलग है। वह केवल प्रेम से परमेश्वर की सेवा करता है। यद्यपि वह नहीं समझता कि क्या हुआ है, अय्यूब विश्वास करने से इन्कार करता है। इसमें अय्यूब परमेश्वर के लिए एक सच्चे प्रेम का आदर्श प्रदान करता है। दानिय्येल के दोस्तों ने यह प्रमाणित किया, "हमारा परमेश्वर जिसकी हम सेवा करते हैं वह हमें जलती हुई भट्ठी से बचा सकता है...। परन्तु यदि नहीं, तो हे राजा, तुझे मालुम हो कि हम तेरे देवताओं की उपासना नहीं करेंगे।"[205] अगर परमेश्वर हमें नहीं भी बचाता, तो भी हम उसका इन्कार नहीं करेंगे।

इब्रानियों 11 उन विश्वासी नायकों के विषय में बताता है जिन्होंने उनकी ओर से परमेश्वर की सामर्थ्य देखी: हनोक, इब्राहीम, मूसा और राहाब। यह 'दूसरों' के विषय में भी बताता है जो परीक्षा से नहीं बचे थे। "और कई एक ठट्ठों में उड़ाए जाने; और कोड़े खाने; वरन बान्धे जाने; और कैद में पड़ने के द्वारा परखे गए,पत्थरवाह किए गए; आरी से चीरे गए; उन की परीक्षा की गई; तलवार से मारे गए; वे कंगाली में और क्लेश में और दुख भोगते हुए भेड़ों और बकिरयों की खालें ओढ़े हुए, इधर उधर मारे मारे फिरे। और जंगलों, और पहाड़ों, और गुफाओं में, और पृथ्वी की दरारों में भटकते फिरे।' ये लोग भी विश्नास के पुरुष थे पर उन्हें प्रतिज्ञा की हुई वस्तु न मिली।[206]

ये पवित्रशास्त्र हमें इस बात पर विचार करने के लिए कहते हैं, "मैं परमेश्वर की सेवा क्यों करता हूं?" क्या मैं आशीषों के कारण उसकी सेवा करता हूं? क्या मैं संकट से बचने के लिए उसकी सेवा करता हूं? या, मैं केवल प्रेम से उसकी सेवा करता हूं? अय्यूब, दानिय्येल के दोस्त और इब्रानियों 11 के "दूसरे" दर्शाते हैं जिन्होंने प्रेम से परमेश्वर की सेवा की। आज, उनके समय के समान, परमेश्वर उन लोगों की तलाश में हैं, जो उसकी निःस्वार्थ प्रेम से सेव करते हैं, वे लोग जो अपने पूरे मन से उससे प्रेम करते हैं।

भजन सहिंता की पुस्तक के लिए पृष्ठभूमि

"भजन संहिता" शब्द ग्रीक शब्द से आया है जिसका अर्थ है "गीत।" इस पुस्तक के इब्रानी शीर्षक का अर्थ है "प्रशंसा," एक शीर्षक जो पुस्तक के उद्देश्य को दर्शाता है। विलाप के भजन संहिता भी प्रशंसा के साथ समाप्त होते हैं। भजन संहिता की पुस्तकें उन शब्दों को प्रस्तुत करती हैं जिनसे परमेश्वर के लोग अपनी प्रशंसा परमेश्वर से व्यक्त कर सकते हैं।

---

[205] दानिय्येल 3:17-18

[206] इब्रानियों 11:36-38

भजन संहिता में शीर्षक

100 से अधिक भजनों के शीर्षक हैं जो भजन संहिता के विषय में जानकारी देते हैं। इन शीर्षकों में लेखक, ऐतिहासिक समायोजन और संगीत निर्देशों के विवरण शामिल हैं। यद्यपि हमें नहीं पता है कि शीर्षकों को मूल हस्तलिपियों में शामिल किया गया था या नहीं, वे बहुत प्रारंभिक प्रतियों में पाए जाते हैं।

कई भजन संहिता में **लेखकों के नाम** शामिल हैं। तिहत्तर का शीर्षक "दाऊद का भजन" है। भजन संहिता 50 और 73-83 आसाफ़ के हैं, जो दाऊद के अधीन सार्वजनिक अराधना के लिए "मुख्य संगीतकार" था।। ऐसा प्रतीत होता है कि दस भजनों के शीर्षकों में "कोरह के पुत्र" का इस्तेमाल किया गया था, वे मंदिर के गायकों के दल के सदस्य थे। सुलैमान को दो भजनों का श्रेय दिया गया है। भजन संहिता 90 "मूसा की प्रार्थना" है।

अन्य शीर्षकों में भजन के **ऐतिहासिक समायोजन** के विषय में जानकारी दी गई है। भजन संहिता ३ को तब लिखा गया था जब दाऊद अपने पुत्र अबशालोम से भागा था। जब कई लोग अबशालोम के विद्रोह का समर्थन कर रहे थे, तब दाउद ने स्मरण किया: 'हे यहोवा, तू तो मेरे चारों ओर मेरी ढ़ाल है, तू मेरी महिमा और मेरे मस्तिष्क को ऊंचा करने वाला है।[207] दाऊद ने भजन संहिता 52, 54, 56, 57 और 59 लिखे थे, उन सालों के दौरान जब वह शाऊल से बचकर भागा था।[208] सबसे प्रसिद्ध रूप से, दाऊद ने भजन संहिता 51 में पश्चाताप की बड़ी प्रार्थना लिखी थी, जब नाथान ने दाऊद को बतशेबा के साथ उसके व्यभिचार के बारे में बताया।

आधुनिक पाठकों के लिए, सबसे अस्पष्ट शीर्षक वे हैं जो **संगीतमय और उपासना सम्बंधी निर्देश देते हैं**/ शीर्षक जैसे कि "शौमिनिथ के लिए,"[209] "अलामौथ के लिए,"[210] "मुथलाब्बेन के लिए"[211] संगीतमय निर्देश थे। कुछ शीर्षक उपयोग किये जाने वाले संगीत के उपकरणों को उल्लिखित करते हैं। अन्य शीर्षक उस धुन को उल्लिखित करते हैं जिसमें भजन गाया जाता था। "गितिथ,"[212] "अल्ताशिथ के लिए,"[213] और "भोर की हरिणी के लिए।"[214]

---

[207] भजन संहिता 3:3

[208] इनभजनों का ऐतिहासिक समायोजन 1 शमुएल 19-23 में मिलता है।

[209] भजनसंहिता 6 और 12

[210] भजन संहिता 46

[211] भजन संहिता 9

[212] भजन संहिता 8, 81, और 84

[213] भजन संहिता 57, 58, 59, और 75

[214] भजन संहिता 22, *English Standard Version.*

भजन संहिता की पुस्तक की संरचना

कई मायनों में, भजन संहिता की किताब आधुनिक भजन के समान है। यह मंदिर में सामूहिक उपसना के लिए और व्यक्तिगत इस्राएलियों की व्यक्तिगत उपासना के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले गीतों और प्रार्थनाओं का संग्रह था।

भजन संहिता की पुस्तक पाँच अनुभागों में विभाजित है। प्रत्येक अनुभाग एक स्तुतिगान के साथ समाप्त होता है।

- ❖ पुस्तक 1 (भजन संहिता 1-41) समाप्त होती है, "इस्राएल का परमेश्वर यहोवा अनन्तकाल से और अनन्तकाल तक धन्य हो। आमीन और आमीन।"
- ❖ पुस्तक 2 (42-72) समाप्त होती है, "धन्य हो इस्राएल का परमेश्वर यहोवा, जो अद्‌भुत कार्य करता है ...। आमीन और आमीन।" यिशै के पुत्र दाऊद की प्रार्थनायें समाप्त होती हैं।"
- ❖ पुस्तक 3 (73-8 9) समाप्त होती है, "यहोवा सदा के लिए धन्य रहे। आमीन और आमीन।"
- ❖ पुस्तक 4 (90-106) समाप्त होती है, "इस्राएल के परमेश्वर यहोवा को अनन्तकाल से अनन्तकाल तक धन्य कहोः और सब लोग कहें, आमीन। यहोवा की स्तुति करो।"
- ❖ पुस्तक 5 (107-150) भजन संहिता 150 के साथ समाप्त होती है, एक स्तुतिगान जो प्रशंसा के साथ भजन संग्रह को समाप्त करता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि इन पांच संग्रहों में से प्रत्येक को इस्राएल के इतिहास में अलग समय में एकत्रित किया गया था। कुछ संग्रहों की (जैसे पुस्तक 1 और 2) प्राथमिक तौर पर दाऊद के द्वारा भजनों की रचना की गई है और ये बहुत पहले के संग्रह थे। पुस्तक 5 निर्वासन को संदर्भित करती है और संभवतः बहुत बाद में एकत्र की गई होगी।[215] इन संग्रहों से हम प्राचीन इस्राएल के साथ परमेश्वर की स्तुति करने के लिए जुड़ सकते हैं, संकट के समय उसको पुकार सकते हैं और हमारे निर्माता और उद्धारकर्ता के रूप में उनकी अराधना कर सकते हैं।

भजन संहिता के प्रकार

भजन संहिता की किताब में कई अलग-अलग प्रकार के गीत (या शैलियाँ) शामिल हैं। जबकि भजन संहिता का संपूर्ण विषय स्तुति है, फिर भी सब भजन स्तुति के गीत नहीं हैं।

[215] भजन संहिता 137 देखिये।

भजन संहिता की शैली की एक बड़ी विविधता है। भजन संहिता संग्रह में शामिल भजन संहिताः

> *यह समझना आसान है कि क्यों भजन संहिता की किताब सभी संतों की पसंदीदा किताब है। हर अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति ऐसे भजन संहिता को खोज सकता है जो उसकी ज़रुरतों के अनुसार हैं, जिसे वह उचित मानता है जैसे कि उसकी खातिर ही उस के लिए निर्धारित किये गये हों।*
>
> मार्टिन लूथर, भजन संहिता के लिए प्रस्तावना

- ❖ सामूहिक प्रशंसा के लिए (भजन संहिता 136)
- ❖ निजी विलाप के लिए (भजन संहिता 56)
- ❖ शिक्षा के लिए (भजन संहिता 1 और 119)
- ❖ राजा के सम्मान के लिए (भजन संहिता 72)
- ❖ शाही विवाह का जश्न मनाने के लिए (भजन संहिता 45)
- ❖ यरूशलेम की तीर्थयात्रा के लिए (भजन संहिता 120-134)

भजन संहिता संग्रह के इस अवलोकन में, हम भजनों की कुछ प्रमुख श्रेणियों की जांच करेंगे।

स्तुति के भजन

कुछ भजन व्यक्तिगत स्तुति के लिए हैं; कुछ सामूहिक स्तुति के लिए हैं। दो उदाहरण बताते हैं कि भजनकारों ने परमेश्वर की प्रशंसा कैसे की।

➡ भजन संहिता 19 स्तुति का एक व्यक्तिगत भजन है। इस भजन के तीन छंद हैं।

❖ छंद 1 (1-6): परमेश्वर ने सृष्टि को प्रकट किया।

सृष्टि सृष्टिकर्ता की सामर्थ्य और महिमा की गवाही देती है। आकाश स्वयं परमेश्वर की महिमा की गवाही देता है। इन पदों में, दाऊद "ईश्वर" (इब्रानी में एलोहीम) नाम का उपयोग करता है जो परमेश्वर की महानता और महिमा के बारे में बताता है।

❖ छंद 2 (7-10): यहोवा ने अपनी व्यवस्था प्रकट की।

परमेश्वर का अधिक व्यक्तिगत प्रकाशन उसके वचन में देखा जाता है। 'व्यवस्था,' "गवाही," "विधियां," "आज्ञा," "भय" और प्रभु के 'न्याय' के माध्यम से, हम उसके स्वयं के प्रकाशन को देखते हैं। इस खंड में, दाऊद इब्रानी नाम यहोवा का उपयोग करता है। यहोवा एक व्यक्तिगत, वाचा का नाम है जिसके द्वारा परमेश्वर ने निर्गमन 3:14 में

इस्राएलियों पर स्वयं को प्रकट किया था। परमेश्वर की व्यवस्था विश्वासी के लिए बोझ नहीं है; यह उत्तम स्वर्ण और कुन्दन से भी बढ़ कर मनोहर है।

❖ छंद 3 (11-14): उद्धारकर्ता को अराधक का उत्तर

परमेश्वर के प्रकाशन के उत्तर में, दाऊद पाप से शुद्ध होने और मुक्ति पाने के लिए प्रार्थना करता है। वह प्रार्थना करता है कि उसके वचन और विचार को 'उसकी ताकत और उसके उद्धारकर्ता' को स्वीकार्य हो।

➡ भजन संहिता 136 स्तुति का एक सामुहिक भजन है। यह एक प्रतिक्रियाशील भजन के रूप में गाया गया था। अगुवा प्रत्येक पद का पहला आधा भाग गाता था; लोग उत्तर देते थे, "क्योंकि उसकी करुणा सदा की है।" सृष्टि के माध्यम से (1- 9) और इस्राएल के लिए उसकी भलाई (10-26) से, परमेश्वर की अनन्त दया प्रकट होती है।

धन्यवाद के भजन संहिता

धन्यवाद के भजन संहिता परमेश्वर के उद्धार के विशिष्ट उदाहरणों से संबंधित है। धन्यवाद के भजनों में, भजनहार पिछले संकट का वर्णन करता है और फिर संकट से मुक्ति के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करता है। धन्यवाद के एक भजन के उदाहरण के लिए, भजन संहिता 18 पढ़िए, जिसमें दाऊद परमेश्वर की शरण में आनंदित होता है जब शाऊल उसका पीछा कर रहा था।

विलाप के भजन संहिता

लगभग पचास भजन संहिता में विलाप के भजन हैं। विलापगीतों में आमतौर पर चार तत्व होते हैं, हालांकि वे हमेशा एक जैसे क्रम में नहीं होतेः

❖ **शिकायत का वर्णन** कई विलापगीतों में शत्रुओं का ज़िक्र है; दूसरे भजनहार के सामने आई समस्या का वर्णन करते हैं। भजन संहिता 13 शिकायत करता है क्योंकि परमेश्वर ने अपना मुख छिपा रखा है जबकि दाऊद के शत्रु उन्नत हैं।

❖ **परमेश्वर के प्रति गिड़गिड़ाहट।** यहाँ भजनहार उद्धार के लिए चिल्लाता है। अक्सर एक विशिष्ट निवेदन होता है। भजन संहिता 13 में, दाऊद परमेश्वर से सुनने के लिए और उसकी आंखों को हल्का करने के लिए कहता है।

❖ **परमेश्वर में आत्मविश्वास** की अभिव्यक्ति भजन संहिता 13 में, परमेश्वर की मदद मांगने के बाद, दाऊद कहता है, 'मैंने तेरी दया पर भरोसा किया है।' इस वाक्यांश के साथ, भजन संहिता निराशाजनक स्थिति से विश्वास की अभिव्यक्ति में बदल जाता है।

- **परमेश्वर की स्तुति।** अधिकांश विलापगीत परमेश्वर की प्रशंसा के साथ समाप्त होते हैं। भजन संहिता 13 समाप्त होता है, 'मैं यहोवा के लिए गाऊंगा, क्योंकि उसने मेरे लिए बहुत सी अच्छी बातें की हैं।' समापन प्रशंसा बाइबल के विलाप का एक अनिवार्य तत्व है, और परमेश्वर के प्रति हमारी पुकार के लिए एक आदर्श प्रदान करता है।

अपनी शिकायतें और ज़रूरतें ज़ाहिर करते वक्त, हमें परमेश्वर के उद्देश्यों का प्रतिरोध नहीं करना चाहिए। परमेश्वर में आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति और परमेश्वर के प्रति समाप्ति की प्रशंसा यह सुनिश्चित करती है कि हम परमेश्वर की सार्वभौमिकता के अधीन रहते हैं। भजन संहिता 13 पद 4 और 5 के बीच में दाऊद के जीवन में कोई परिवर्तन नहीं होता। पद 1-2 में उसकी बाहरी परिस्थितियाँ एक समान ही रहती हैं। बदलाव आंतरिक है; दाऊद को परमेश्वर की दया पर भरोसा करने और परमेश्वर के लिए गाने पर दृढ़ विश्वास है। यह आदर्श हमारी प्रार्थनाओं का मार्गदर्शन कर सकता है: हमारी जरूरतें व्यक्त करने में पूरी ईमानदारी और हमारे जीवन में परमेश्वर के परम उद्देश्यों के प्रति पूर्ण **अधीनता**।

विलाप के भजन संहिता मानते हैं कि दुनिया में अच्छाई और बुराई है, इसलिए हम परमेश्वर पर विश्नास कर सकते हैं कि वह अच्छाई का समर्थन करता है, भजनकार अच्छाई की तरफ है। इस कारण, भजनकार को भरोसा है कि परमेश्वर उसकी ओर से हस्तक्षेप करेगा।

पश्चात्तापपूर्ण के भजन विलाप के भजनों से संबन्धित है। हालांकि, इन भजनों में, भजनकार पाप के लिए परमेश्वर की क्षमा चाहता है। सबसे प्रसिद्ध पश्चात्तापपूर्ण भजन, भजन संहिता 51 है जिसमें दाऊद बथशेबा के साथ पाप करने के बाद परमेश्वर की दया के लिए प्रार्थना करता है। अन्य पश्चात्तापपूर्ण भजनों में भजन संहिता 6, 32, 38 और 130 शामिल हैं।

अभिशाप के भजनों पर गहराई से दृष्टि

अरी ओ बाबुल, तुझे उजाड़ दिया जायेगा। उस व्यक्ति को धन्य कहो जो तुझे वह दण्ड देगा, जो तुझे मिलना चाहिए। उस व्यक्ति को धन्य कहो जो तेरे बच्चों को चट्टान पर झपट कर पछाड़ेगा (भजन संहिता)

किन्तु मैं कहता हूँ अपने शत्रुओं से भी प्यार करो। जो तुम्हें यातनाएँ देते हैं उनके लिये भी प्रार्थना करो। (मत्ती 5:44)

समस्या

भजन संहिता की किताब में कम से कम पैंतीस अभिशाप की प्रार्थनाएं शामिल हैं, वे भजन जो परमेश्वर को भजनहार के दुश्मनों को दण्ड देने के लिए कहते हैं। मसीह लोगों ने इन

प्रार्थनाओं के साथ संघर्ष किया है। ये प्रार्थनाएँ यीशु की अपने शत्रुओं से प्रेम करने वाली आज्ञा के साथ कैसे सही बैठती है?

कुछ टिप्पणीकारों ने कहा है कि यह पुराने नियम और नये नियम के बीच अंतर को दर्शाता है। हालांकि, पुराना नियम भी सिखाता है कि हमें अपने शत्रुओं से प्रेम करना है।[216] इसके अलावा, नए नियम में भी अपराधियों पर अभिशाप के उदाहरण शामिल हैं।[217] हम मसीह लोगों के रूप में अभीशाप के भजनों को कैसे पढ़ते हैं?

अभीशाप के भजनों को पढ़ने के सिद्धांत।

❖ ***वे बुवाई और कटाई के सिद्धांत पर आधारित हैं।***
व्यवस्थाविवरण, नीतिवचन और गलातियों सीखाते हैं कि "मनुष्य जो बोयेगा, वही काटेगा।"[218] इस सिद्धांत को ऐतिहासिक पुस्तकों में सचित्र किया गया है और भविष्यव्दाणियों की पुस्तकों में प्रचार किया है। अभिशाप के भजन परमेश्वर से न्याय करने की याचना करते हैं। निर्वासन से लौटने वाले बंधुए परमेश्वर से याचना करते हैं कि बाबुलवासीयों को उनके किये का फल मिले।[219]

❖ ***इस्राएल के शत्रु अंततः परमेश्वर के शत्रु हैं।***
राजा के रूप में, दाऊद परमेश्वर का अभिषिक्त प्रतिनिधि है। उसके शत्रु इस्राएल के लिए परमेश्वर के उद्देश्यों के विरोध में हैं। अभिशाप की प्रार्थनायें परमेश्वर की धार्मिकता का समर्थन चाहती हैं।

❖ ***भजनकार मामलों को अपने हाथों में नहीं लेते।***
दाऊद ने अपने शत्रुओं पर परमेश्वर के प्रतिशोध की प्रार्थना की, लेकिन उसने शाऊल से व्यक्तिगत बदला लेने से इन्कार किया। दाऊद ने अपने शत्रुओं को परमेश्वर के हाथों में छोड़ दिया।

क्या हम आज अभिशाप के भजनों की प्रार्थना कर सकते हैं?

यहां तक कि जब हम यह मानते हैं कि अभिशाप के भजन बाइबल के न्याय के अनुरूप हैं, हमें फिर भी पूछना चाहिए कि आज हम अराधना में इन भजनों का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। अभिशाप के भजनों की दो विरोधी प्रतिक्रियाएं हैं:

---

[216] निर्गमन 23:4-5 उदाहरण के लिए
[217] 2 तीमुथीयुस 4:14 उदाहरण के लिए
[218] गलातियों 6:7
[219] भजनसंहिता 137:8

- ❖ कुछ मसीह लोग मानते हैं कि यीशु के पहाड़ी उपदेश में यीशु की शिक्षा नये नियम के विश्वासीयों को अभिशाप की प्रार्थनाएं करने से मना करती हैं।
- ❖ कुछ मसीह लोग आत्मिक युद्ध के एक तत्व के रूप में अभिशाप की प्रार्थनाओं का लगातार उपयोग करते हैं

दोनों विचार सच्चाई के कुछ पहलू दिखाते हैं। ये भजन संहिता बाइबल की सच्चाई को प्रतिबिंबित करते हैं, लेकिन यीशु ने हमें अपने शत्रुओं से प्रेम करना सिखाया है। अभिशाप के भजनों की प्रार्थना करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन प्रश्न पूछना चाहिए ताकि अभिशाप के लिए प्रेरणा का निर्धारण किया जा सके।

- ❖ **क्या मैं परमेश्वर की धार्मिकता से या मेरे क्रोध से प्रेरित हूं?**
  भजनकार परमेश्वर और उसके राज्य के लिए चिंतित थे। पौलुस ने लिखा, "क्रोधित तो करो, किन्तु पाप मत करो।"[220] धार्मिक क्रोध परमेश्नर के विरुद्ध पाप के साथ प्रतिक्रिया करता है। जो चीजें मेरे क्रोध को प्रेरित करती हैं वे परमेश्वर के राज्य के खिलाफ हैं, मेरे अपने "राज्य" के खिलाफ नहीं।"
- ❖ **क्या मैं ईश्वरीय न्याय या व्यक्तिगत बदला चाहता हूं?**
  बाइबल केअभिशाप की प्रार्थनाओं का उपयोग धार्मिकता को बढ़ावा देने,[221] परमेश्वर की सार्वभौमिकता दिखाने,[222] और दुष्टों को परमेश्वर की तलाश के लिए प्रेरित करने के लिए किया जाता है।[223] आधुनिक अभिशापवचन कभी-कभी बदला लेने की इच्छा से प्रेरित होते हैं।
- ❖ **मुझे अधिक आनन्द किससे मिलेगाः मेरे शत्रु द्वारा पश्चाताप से या मेरे शत्रु पर दण्ड से?**
  योना ने बिना कोई पश्चाताप के अवसर या परमेश्वर की दया के, न्याय की मांग की। बाइबल के अभिशाप वचन शत्रुओं को परमेश्वर की संप्रभुता पर छोड़ते हैं। उसके कारण, हम आनन्दित हो सकते हैं अगर हमारा शत्रु पश्चाताप करता है और परमेश्वर की क्षमा प्राप्त करता है।

हालांकि ये दिशानिर्देश बाइबल के अभिशाप की प्रार्थनाओं का मौका देते हैं लेकिन वे हमारे स्वयं के जीवन में इन प्रार्थनाओं के उपयोग को बहुत ही सीमित करते हैं। जब हमारे साथ

---

[220] इफिसियों 4:26
[221] भजन संहिता 7:6-11
[222] भजन संहिता 59:13
[223] भजन संहिता 83:16-18

अन्याय होता है, तब बाइबल (अभिशाप के भजनों में, यीशु की शिक्षा में, दाऊद जैसे व्यक्ति के व्यक्तिगत आदर्श में) हमें उस परिस्थिति को परमेश्वर के हाथों में सौंपना सीखाती है, जो अपनी संतान के लिए हमेशा भलाई उत्पन्न करता है।[224]

बुद्धि के भजन

बुद्धि के भजन दैनिक जीवन के लिए व्यावहारिक सलाह देने में नीतिवचन के समान हैं। वे पाठक को सिखाते हैं कि कैसे उस ढंग में जीना है जो परमेश्वर को भाता है। नीतिवचन की तरह, भजन संहिता की किताब सिखाती है, "यहोवा का भय मानना बुद्धि का आरम्भ है।"[225]

बुद्धि के भजन अक्सर दो मार्ग, दुष्ट के मार्ग और धर्मी के मार्ग की परस्पर तुलना करते हैं। भजन संहिता 1 बुद्धि के भजन का एक उदाहरण है।

सभोपदेशक और अय्यूब की पुस्तकें की तरह, बुद्धि के भजनों के लेखक दुष्टों की समृद्धि और धर्मी लोगों की पीड़ा के साथ संघर्ष करते हैं। भजन संहिता ७३ में, आसाफ ने दुष्टों की समृद्धि के कारण लगभग विश्वास खो दिया था। आसाप के लिए जवाब, अय्यूब के जैसे, परमेश्वर को देखना था। जब आसाफ पवित्रस्थान में खड़ा था, उसने महसूस किया कि दुष्टों का अंत विनाश और उजाड़ है। वह भजन संहिता को विश्वास के एक कथन के साथ समाप्त करता है। "मगर मेरे लिए परमेश्वर के निकट जाना भला है। मैने यहोवा पर विश्वास किया है, ताकि मैं तेरे सब कामों को प्रकट कर सकूँ।"[226]

राजकीय भजन

जकीय भजन इस्राएल के राजा को परमेश्वर के अभिषिक्त शासक के रूप मे दर्शाते हैं। इस्राएल का शासक आसपास के देशों के राजाओं की तरह नहीं होता था; वह परमेश्वर का सेवक होता था जो परमेश्वर के शासन का प्रतिनिधित्व करता था।[227]

भजन संहिता 2 एक नए राजा के लिए राज्याभिषेक भजन हो सकता है। धरती के राजा आपस में परमेश्वर 'और उसके अभिषिक्त के विरुद्ध' खड़े हुए, परन्तु परमेश्वर ने 'सिय्योन पर्वत पर राज्य करने के लिए मेरे राजा को चुना है।' परमेश्वर राजा की स्थापना करेगा; वह राजा से अपने बेटे के समान व्यवहार करेगा; और वह उसे इस्राएल के शत्रुओं पर विजय देगा। परमेश्वर ही है जो इस्राएल के धर्मी राजाओं को सामर्थ्य देता है।

---

[224] रोमियों 8:28
[225] भजन संहिता 111:10
[226] भजन संहिता 73:28
[227] व्यवस्थाविवरण 17:14-20

मसीह सम्बंधी भजन

कई उदाहरणों में, राजकीय भजन एक सार्वभौमिक शासन का वर्णन करते हैं जो कभी इस्राएल के इतिहास में पूरा नहीं हुआ। इस्राएल के राजाओं में से किसी भी राजा का अधिकार पृथ्वी के संपूर्ण भागों पर नहीं था।[228]

मसीहाई भजन राजा के आने की भविष्यव्दणी करते हैं जो ***पूरी तरह से*** इस शासन को पूरा करेगा जो ***आंशिक रूप से*** इस्राएल के सांसारिक राजाओं में पूरा हुआ था। इस्राएल का राजा "**अभिषिक्त**" था जो इस्राएल पर शासन करता था; यीशु "**अभिषिक्त**" (मसीहा) के रूप में आया, जिसने इस्राएल के राजा के उद्देश्य को पूर्णता से पूरा किया।

भजन संहिता 22 एक भजन का उदाहरण है जो यीशु के जीवन में पूर्ण हुआ है। जबकि दाऊद ने मूल रूप से अपनी व्यक्तिगत निराशा से इस भजन संहिता को लिखा था, यीशु ने ये भविष्यद्वाणी के शब्दों को क्रूस पर अपनी पीड़ा में पूरा किया।[229]

भजन संहिता की किताब आज भी बताती है

भजन संहिता आज मसीही उपासना के लिए एक आदर्श प्रदान करते हैं। उपासना के मुद्दों के विषय के जवाब में जो मसीह लोगों को विभाजित करते हैं, भजन संहिता की पुस्तक एक संतुलन प्रदान करती है।

भजनों से पता चलता है कि हमारी उपासना में परमेश्वर की स्तुति (स्तुति के भजन) और परमेश्वर के लोगों की शिक्षा (ज्ञान के भजन) दोनों शामिल होने चाहिए। हमारी उपासना में व्यक्तिगत र सामूहिक अराधना दोनों शामिल होनी चाहिए। हमारी अराधना में परमेश्वर ने हमारे लिए जो कुछ किया है, उसके लिए धन्यवाद और परमेश्वर जो सब लोगों के लिए है उस के लिए प्रशंसा, दोनों शामिल होनी चाहिए।

भजन संहिता विलाप और प्रशंसा का संतुलन दिखाते हैं। वे दिखाते हैं कि हमारी उपासना में हम अपनी शिकायतों और समस्याओं को परमेश्वर के पास स्वतंत्रता से ला सकते हैं। वे यह भी दिखाते हैं कि हमें उन शिकायतों को परमेश्वर के प्रधान उद्देश्यों पर छोड़ देना चाहिए। विलाप के भजन स्तूति के साथ समाप्त होते हैं। परमेश्वर ईमानदारी को पूरा करने और अपने उद्देश्यों के प्रति आत्मसमर्पण करने के लिए अपने लोगों को बुलाता है।

---

[228] भजन संहिता 2:8

[229] भजन संहिता 22:1; मत्ति 27:46

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट के साथ इस पाठ में अपनी समझ का प्रदर्शन कीजिए:

1) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिए:

   विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

   अपने समूह के प्रत्येक सदस्य को अय्यूब की पुस्तक के पात्रों का एक एक पात्र बांटिए (एलीपज, बिलदाद, सोफर और एलीहू)। अपने नियुक्त चरित्र के भाषणों को पढ़िये और उस चरित्र के तर्क की ताकत और कमजोरियों पर चर्चा कीजिए।

   विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट।

   जब आप दिए गये भजनों को पढ़ते हैं, तो परमेश्वर की विशेषताओं की एक सूची बनाइये जो भजनों में देखी जाती हैं। प्रत्येक विशेषता के लिए, 8-10 आयतों को सूचीबद्ध कीजिए जो विशेषता दिखाती हैं।

2) इस पाठ पर एक परीक्षा लीजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्दिष्ट पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

अय्यूब की पुस्तक और भजन के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Bullock, C. Hassell. *Encountering the Book of Psalms.* (भजन संहिता की किताब से मुलाकात) Baker, 2001.

Longman, Tremper, III. *How to Read the Psalms. (भजन संहिता कैसे पढ़ें)* Intervarsity, 1988.

Yancey, Philip. *Where is God When It Hurts? (जब पीड़ा होती है तब परमेश्वर कहाँ है?)* Zondervan, 1977.

ऑनलाइन स्त्रोत

"Laments in the Psalms" at http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/

"The Problem of Evil" at http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.* http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 7 के परीक्षा प्रश्न

1. तीन प्रकार के इब्रानी समानांतरवादों को परिभाषित कीजिए।

2. अक्षरबद्ध कविता को परिभाषित कीजिए।

3. अय्यूब की किताब का प्राथमिक विषय क्या है?

4. अय्यूब के दोस्तों के तर्कों में तीन मुख्य बिंदु क्या हैं?

5. अय्यूब 28-31 में अय्यूब के भाषणों के विषय क्या हैं?

6. निजी भजनों के शीर्षकों में कौनसी तीन प्रकार की जानकारियाँ मिलती है?

7. विलाप के अधिकांश भजनों में निहित कौनसे चार तत्व हैं?

8. अभिशाप के भजनों को समझने के लिए तीन सिद्धांतों को सूचीबद्ध कीजिए।

9. राजकीय और मसीहाई भजनों के बीच क्या संबंध हैं?

10. भजन सहिंता 119: 1-8 स्मरण करके लिखें।

पाठ 8

नीतिवचन, सभोपदेशक और श्रेष्ठगीत

इब्रानी ज्ञान

पाठ का उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) प्रत्येक सुलैमानी पुस्तक के प्राथमिक संदेश को समझ सकें।

(2) बाइबल में बुद्धि और मूर्खता की प्रकृति को पहचान सकें।

(3) नीतिवचन और सभोपदेशक में दो मार्गों की प्रतिमावली को समझ सकें।

(4) सुलैमानी पुस्तकों की साहित्यिक शैली की सराहना कर सकें।

(5) सुलैमानी पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

नीतिवचन, सभोपदेशक और श्रेष्ठगीत को पढ़िये
नीतिवचन 1:7, सभोपदेशक 12:13-14 याद कीजिए

इब्रानी ज्ञान का पाठ

> हमारी बुद्धि, जैसे कि उसे सच्ची और ठोस बुद्धि समझा जाना चाहिए, इसमें लगभग दो भाग शामिल हैं: परमेश्वर का और खुद का ज्ञान।
>
> जॉन केल्विन,
> ईसाई धर्म की संस्था

अय्यूब, नीतिवचन, सभोपदेशक, और भजन संहिता के कुछ हिस्सों को काव्यगत पुस्तकें और बुद्धि साहित्य के रूप में जाना जाता है। बुद्धि साहित्य पढ़नेवाले को सिखाता है कि बाइबल की सही बुद्धि कैसे प्राप्त करनी है। नीतिवचन सीखाता है कि परमेश्वर का भय बुद्धि की शुरुआत है; भजन संहिता सिखाता है कि हम अपने "दिन गिनकर" और समय का सही इस्तेमाल करके बुद्धिमान होते हैं।[230] बुद्धि

---

[230] नीतिवचन *9:10; भजन संहिता 90:12*

प्राप्त करना हर व्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण खोज है। सच्ची बुद्धि शिक्षा, अवलोकन और अनुभव के माध्यम से प्राप्त होती है।[231]

१६वीं शताब्दी के धर्मशास्त्री जॉन केल्विन ने लिखा कि सच्ची बुद्धि में दो चीजें होती हैं: परमेश्वर का ज्ञान और खुद का ज्ञान। बुद्धि की किताबें बुद्धि के दोनों पहलुओं को दर्शाती हैं। अय्यूब परमेश्वर के नये ज्ञान को प्राप्त करता है। नीतिवचन एक जवान पुरूष को खुद को जानना और परमेश्वर का भय मानना सिखाता है। सभोपदेशक इस संदेश के साथ समाप्त होता है, "परमेश्वर का भय मानो, और उसकी आज्ञाओं का पालन करो: क्योंकि मनुष्य का सम्पूर्ण कर्तव्य यही है।"[232]

ये किताबें बताती हैं कि बुद्धि लंबरूप है ("परमेश्वर का भय मानना बुद्धि की शुरुआत है") और क्षैतिज है (नीतिवचन में विवाह, बच्चों और समुदाय के साथ संबंधों का विवरण है)। इन पुस्तकों का अध्ययन करके, हम परमेश्वर और अपने आप का और गहरा ज्ञान प्राप्त करते हैं।

नीतिवचन की व्याख्या

एक नीतिवचन आज्ञा की तुलना में अलग तरह से बतलाता है। जहां व्यवस्था कहती है कि, "तू नहीं ... ..." एक नीतिवचन जीवन के एक सामान्य सिद्धांत को बतलाता है। नीतिवचन सत्य का एक छोटा, यादगार विवरण है। नीतिवचन की प्रकृति को समझना नीतिवचन की पुस्तक की व्याख्या करने मे मदद करता है। नीतिवचन की विशेषताओं में शामिल हैं:

- ❖ नीतिवचन एक सामान्य सिद्धांत है जो कई अलग-अलग स्थितियों में लागू होता है।
- ❖ नीतिवचन जीवन के अनुभव पर आधारित है। नीतिवचन अक्सर जीवन के अनुभव से प्राप्त समय-परीक्षण की सच्चाई का सारांश देता है।
- ❖ नीतिवचन एक वादा नहीं है; यह जीवन के बारे में एक सामान्य अवलोकन है। जबकि कुछ पाठकों ने कुछ पदों को पूर्ण वादों की तरह समझा है जैसे नीतिवचन २२:६, जबकि बाकी के नीतिवचन बताते हैं कि सही तरीके से पाला पोसा गया बच्चा मूर्ख का मार्ग चुन सकता है।
- ❖ नीतिवचन कोई आज्ञा नहीं है। नीतिवचन की पुस्तक पालन करने के लिए नियमों का एक समूह नहीं है; यह सिद्धांतों का एक संग्रह है जो एक व्यक्ति का सही बुद्धि की ओर मार्गदर्शन करती है।

---

[231] नीतिवचन 22:17-21; 6:6-8; और 12:1

[232] सभोपदेशक 12:13

जब रब्बी कैनन पर चर्चा कर रहे थे, उन्होंने नीतिवचन 26:4-5 में स्पष्ट विरोधाभास पर चर्चा की। "मूर्ख को उस की मूर्खता के अनुसार उत्तर न देना ऐसा न हो कि तू भी उसके तुल्य ठहरे। मूर्ख को उसकी मूढ़ता के अनुसार उत्तर दे, ऐसा न हो कि वह अपने लेखे में बुद्धिमान ठहरे।" पद 4 पाठक से कहता है कि वह मूर्ख को उसकी मूर्खता के अनुसार उत्तर न दे; पद 5 मूर्ख को जवाब देने के लिए कहता हैं।

रब्बियों को यह पता था कि बुद्धिमान व्यक्ति को मूर्ख की प्रकृति को जानना चाहिए। एक 'सरल' मूर्ख को सिखाया जा सकता है और इस तरह से जवाब दिया जाना चाहिए जिससे वह "अपने ही अहंकार में बुद्धिमान" बनने से बचे। हालांकि, एक "मजाक करन्ोवाले" मूर्ख से दूर रहना चाहिए क्योंकि वह सीखने से इनकार करता है; एक व्यक्ति जो इस मूर्ख को जवाब देने का प्रयास करता है, वह भी मूर्ख के समान ठहरता है। रब्बीयों ने एहसास किया कि इन पदों में से कोई भी निरपेक्ष आज्ञा नहीं है; बल्कि, वे एक सिद्धांत प्रदान करते हैं जो बुद्धिमान व्यक्तियों को निर्देशित करता है उन लोगों के साथ जो बुद्धिमान नहीं हैं।

पुस्तक का एक प्रमुख पद नीतिवचन 25:11 है: "जैसे चांदी की टोकरियों में सोने के सेब हों वैसे ही ठीक समय पर कहा हुआ वचन होता है।" सही परिस्थितियों में बोला जाने वाला सही शब्द चांदी की टोकरी में एक सुनहरे आभूषण के समान सुंदर होता है। बुद्धि स्थिति के लिए सही शब्द जानने में शामिल होती है।

? एक ऐसी समस्या पर चर्चा कीजिए जो आपको सेवा में चुनौती देती है तो नीतिवचन में सत्यों की खोज कीजिए जो समस्या के लिए उचित होगी। अपनी स्थिति पर लागू सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए।

नीतिवचन का संदेश

नीतिवचन की पुस्तक में पांच मुख्य संग्रह शामिल हैं। प्रत्येक संग्रह बुद्धि के एक अलग पहलू पर केंद्रित है।

➡ *संग्रह 1: बुद्धि पर प्रवचन (1-9)*

नीतिवचन[233] के उद्देश्य का परिचय देने के बाद, पहला संग्रह बुद्धि और मूर्खता के बीच का अंतर दिखाता है। यह संग्रह अधिकतर "प्रवचन नीतिवचन" के रूप में है, जो बुद्धि की प्रकृति पर लंबे अनुच्छेद हैं।

---

[233] नीतिवचन 1:1-7

नीतिवचन 1:7 दो मार्गों में विरोधाभास को दिखाता है: बुद्धि और मूर्खता। शेष संग्रह ज्ञान के मार्ग पर चलने और मूर्खता के मार्ग से बचने के लिए एक जवान पुरुष को सलाह देता है। संग्रह 1 पाठक को इन दो मार्गों का परिचय देता है।

➡ *संग्रह 2: सुलैमान के नीतिवचन (10:1 - 22:16)*

नीतिवचन 10:1 इस संग्रह को, इस शीर्षक से प्रस्तुत करता है, "सुलैमान के नीतिवचन।" इस संग्रह में मुख्यतः दो पंक्तियों वाले नीतिवचन शामिल हैं जो पाठक को बुद्धि के व्यावहारिक पहलुओं में सलाह देते हैं।[234] इनमें से अधिकांश नीतिवचन विरोधात्मक समानांतर हैं; वे बुद्धिमानों के पथ को मूर्ख के पथ से अलग करते हैं।

इस संग्रह में संबोधित विषयों में जीवन के कई व्यावहारिक पहलू शामिल हैं: धन, बोली, अनुशासन और काम। जाहिर तौर पर इस खंड की संरचना उस चाल-चलन को दर्शाती है जिसमें हम वास्तविक जीवन की समस्याओं का सामना करते हैं। बुद्धि उत्पन्न होने वाली स्थितियों में व्यक्ति को इनका सामना करने के लिए तैयार करती है।

➡ *संग्रह 3: "बुद्धिमान के शब्द" (22:17 - 24:34)*

यह संग्रह एक परिचयात्मक कथन के साथ शुरू होता है: "क्या मैं बहुत दिनों से तेरे हित के उपदेश और ज्ञान की बातें नहीं लिखता आया हूं ताकि तुझे उचित और सही का पता चल सके?"[235] यह कथन इस संग्रह और मिस्र के ज्ञान के संग्रह के बीच संबंध को दर्शाता है जिसे अमेनेमोप की शिक्षा कहा जाता है। यह संबंध नीतिवचन के एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को दर्शाता है: बुद्धि कई स्रोतों से प्राप्त की जा सकती है। जब एक यहूदी व्यक्ति को मिस्र के स्रोतों में बुद्धि मिली, तो उसने इसे ईश्वरीय सत्य की दृष्टि से पढ़ा और दैनिक जीवन में इसे लागू किया। वे समझते थे कि "सभी सत्य परमेश्वर का सत्य है।"

मिस्र के ज्ञान में कुछ तत्व हैं जो नीतिवचन के ज्ञान के समान हैं। हालांकि, बाइबल का ज्ञान सभी संसारिक ज्ञान से एक महत्वपूर्ण पहलू में भिन्न है; बाइबल का ज्ञान परमेश्वर के भय पर आधारित है। एक तुलना इस अंतर को प्रदर्शित करेगी।

"खेती की भूमि की सीमाओं पर से सीमा के पत्थर को न हटाना और न विधवा की सीमा को गिराना ऐसा न हो कि कोई भय की वस्तु तुझे मार दे" *(अमेनेमोप की शिक्षा)*।[236]

---

[234] एक दो-पंक्ति नीतिवचन को *द्विचरण* कहा जाता है।

[235] नीतिवचन 22:20-21, *English Standard Version*

[236] Bill T. Arnold और Bryan E. Beyer, *Encountering the New Testament (नया नियम से मुलाकात),* पृ. में उद्धृत।

"पुराने सिमाओं न बढ़ाना, और न अनाथों के खेतों में घुसनाः क्योंकि उनका छुड़ाने वाला सामर्थी है; उनका मुकद्दमा तेरे संग वही लड़ेगा" (नीतिवचन 23:10)।

दोनों ग्रंथ संपत्ति की चोरी के खिलाफ चेतावनी देते हैं। अंतर केवल आज्ञाकारिता की प्रेरणा में है। नीतिवचन में, यह सिद्धांत कोई अस्पष्ट 'भय की वस्तु' पर आधारित नहीं है बल्कि परमेश्वर की प्रकृति पर आधारित है। गरीबों का छुड़ाने वाला 'शक्तिशाली' है; वह कमजोरों का मुकद्दमा लड़ेगा। यह लैव्यवस्था 19 की शिक्षा के समान है। परमेश्वर के लोग इस तरीके से रहना है जो परमेश्वर के स्वरूप को दर्शाता हैः "तुम पवित्र हो जाओगे क्योंकि मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा पवित्र हूं।"[237]

➡ *संग्रह 4: सुलैमान के अन्य नीतिवचन (25-29)*

इस संग्रह में "सुलैमान के नीतिवचन हैं, जिनकी यहूदा के राजा हिजकिय्याह के लोगों ने प्रतिलिपियां बनायी थीं।"[238] यह खंड व्यावहारिक अनुभव के आधार पर नेतृत्व के दिशानिर्देश प्रदान करता है।

➡ *संग्रह 5: आगूर (30) और लमुएल (31) की कहावतें*

नीतिवचन के अंतिम अध्याय में "संख्यात्मक कहावतों" की एक श्रृंखला शामिल है, कहावतें जो ज्ञात से शुरू होती हैं और अज्ञात की ओर बढ़ती हैं। यह सच्ची बुद्धि की प्रकृति को दर्शाता है; यह हमें जीवन के अनुभव से प्राप्त बुद्धि का उपयोग करने के लिए अज्ञात का सामना करने के लिए तैयार करता है।

? नीतिवचन 30:24-28 पढ़िए। एक सिद्धांत का पता लगाएं जो आगुर द्वारा दिए गए चार उदाहरणों को एकजुट करता है। चर्चा कीजिए कि इस सिद्धांत को हमारे बुद्धि के उपयोग का मार्गदर्शन कैसे करना चाहिए।

युवाओं को सिखाने के लिए परिकल्पित की गई पुस्तक के लिए उपयुक्त, नीतिवचन एक अच्छी पत्नी की आशीषों पर एक अक्षरबद्ध कविता के साथ समाप्त होता है। नीतिवचन की पूरी पुस्तक में, लेखक मूर्ख महिलाओं के साथ संबंधों के खिलाफ चेतावनी देता है। यह पुस्तक यह दिखाकर समाप्त होती है कि जब कोई पुरूष को पुण्य पत्नी मिलती है तो वह कितना धन्य होता है।

---

[237]लैव्यवस्था 19:2

[238]नीतिवचन 25:1

नीतिवचन की पुस्तक की व्याख्या करना[239]

क्योंकि नीतिवचन की पुस्तक पुराने नियम की अन्य पुस्तकों की तुलना में एक अलग शैली में लिखी गई है, इसलिए आपको इसे पेंटट्यूक या भविष्यद्वक्ताओं की तुलना में एक अलग तरीके से अध्ययन करना चाहिए। नीतिवचन पढ़ते समय पूछने के लिए कुछ प्रश्न हैं:

1) "क्या यह नीतिवचन बुद्धि की ओर या मूर्खता की ओर है?" नीतिवचन की पुस्तक इन दो मार्गों के विरोधाभास को दर्शाती है।

2) "नीतिवचन का दूसरा भाग पहले भाग में क्या जोड़ता है?"

3) "इस नीतिवचन में बुद्धि का स्रोत क्या है?" क्या यह सत्य बाइबल के रहस्योद्घाटन, व्यक्तिगत अनुभव, प्राचीन परंपरा, दुनिया के अवलोकन, या इनमें से एक संयोजन से प्राप्त किया गया है?

4) "यह नीतिवचन मेरी स्थिति पर कैसे लागू होता है?" एक नीतिवचन कोई वादा नहीं है जो हर परिस्थिति में लागू होता है।

5) "क्या नीतिवचन में अन्य वचन हैं, उस विषय से संबंधित जो मैं पढ़ रहा हूं?" अपनी स्थिति पर लागू होने वाले विभिन्न नीतिवचनों को खोजिए।

6) "क्या बाइबल की अन्य पुस्तकें उस विषय को संबोधित करती हैं जिसका मैं अध्ययन कर रहा हूँ?"

7) "क्या बाइबल का कोई पात्र है जो उस नीतिवचन का उदाहरण देता है, जिसका मैं अध्ययन कर रहा हूँ?"

नीतिवचन की व्याख्या करना: एक उदाहरण

"जब अभिमान होता, तब अपमान भी होता है, परन्तु नम्र लोगों में बुद्धि होती है" (नीतिवचन 11:2)।

1) नितिवचन 11:2 दो दिशाओं में इशारा करता है: अभिमान से अपमान होता है; विनम्रता से बुद्धि प्राप्त होती है।

2) नीतिवचन का पहला आधा भाग अभिमान का फल दिखाता है: अपमान। दूसरा आधा भाग विनम्रता का फल दिखाता है: बुद्धि।

---

[239]Tremper Longman III सेअनुकूलित, How to Read Proverbs (नीतिवचन कैसे पढ़ें) InterVarsity Press, 2002.

3) यह सच बाइबल की शिक्षा में प्राचीन परंपराओं में देखा जाता है और अभिमानियों की जिंदगी का अवलोकन करके यह देखा जा सकता है। अनुभव से यह सबक सीखना दर्दनाक है।

4) हालांकि उनका अपमान तुरंत नहीं देखी जा सकता, लेकिन यह नीतिवचन अभिमानियों की जिंदगी में पूर होग।

5) अभिमान पूरे नीतिवचन में एक विषय है। अन्य नीतिवचन जो अभिमान को संबोधित करते हैं 13:10; 16:5, 18; 18:12; और 29:23।

6) अभिमान कई अन्य पदों में संबोधित किया गया है, भजन संहिता 10: 4 और 138:6; यशायाह 2:11; 1 कुरिन्थियों 13:4; और याकूब 4:6।

7) राजा शाऊल के पतन में नीतिवचन 11:2 की सच्चाई का एक दुखद उदाहरण दिया गया है। राजा दाऊद पर परमेश्वर की आशीष इस वचन के आखिरी भाग का एक उदाहरण प्रदान करता है।

नीतिवचन की पुस्तक आज भी बताती है।

क्या बुद्धि के अभाव में एक मसीह व्यक्ति के लिए धर्मी होना संभव है? बाइबल बताती है कि यह संभव है। लूत धर्मी था; लेकिन वह बुद्धिमान नहीं था।[240] हालांकि लूत स्वर्ग तक पहुंच सकता था, उसकी मूर्खता की कीमत उसके परिवार के जीवनों को भुगतनी पड़ी, दूसरों पर उसका प्रभाव नष्ट हो गया, और उसे दिल के दर्द का जीवन मिला।

कई बार, मसीह लोगों की साक्षी नष्ट हुई, क्योंकि मसीह लोग बुद्धिमानी से कार्य नहीं कर पाए। कलीसियाएं विभाजित हुईं; विवाह बर्बाद हुए, और युवा लोगों ने कलीसियाओं के अगुवों के मूर्ख कार्यों की वजह से अपना विश्वास छोड़ दिया। निजी स्तर पर, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय कठिनाइयां, और पारस्परिक समस्याएं बुद्धि की कमी के कारण और बिगड़ जाती हैं।

नीतिवचन की पुस्तक बुद्धिमान रहन सहन में मसीहियों का मार्गदर्शन कर सकती है। नीतिवचन आंतरिक भक्ति और हमारे चारों ओर की दुनिया के बीच का रिश्ता दर्शीता है।[241] नीतिवचन हमें इस तरह से रहने में मदद करता है जिससे दुनिया मसीह लोगों के जीवन से आशिषित हो।

---

[240] 2 पतरस 2:7-8

[241] जी.आर.फ्रेंच। “नीतिवचन आंतरिक भक्ति और हमारे आसपास की दुनिया के बीच के अंतराफलक पर आधारित है।”

मूर्ख पर गहराई से दृष्टि

नीतिवचन में, "मूर्ख" शब्द के लिए चार भिन्न इब्रानी शब्द शामिल हैं। प्रत्येक शब्द एक अलग प्रकार की मूर्खता का वर्णन करता है। इस वजह से, हर तरह के मूर्खों के प्रति हमारा जवाब अलग होना चाहिए।

➡ ***भोले लोग***

नीतिवचन में, युवाओं को अक्सर "भोला" कहा जाता है।[242] भोले लोग अनुभवहीन और सीधे-सादे होते हैं। वे मूर्खता के काम करते हैं और कभी-कभी मूर्खों के साथ समूहीकृत होते हैं। वे गैर जिम्मेदार और अपरिपक्व होते हैं। क्योंकि वे अपने फैसले के खतरे को देखने में असमर्थ हैं,[243] वे आसानी से भटक जाते हैं।[244]

सरल और मूर्ख के बीच के अंतर को एक शब्द में अभिव्यक्त किया गया है: सिखानेयोग्य। मूर्ख "ज्ञान और शिक्षा से घृणा करते हैं,"[245] लेकिन भोले व्यक्ति सुनेंगे। नीतिवचन का एक लक्ष्य भोलों को बुद्धि की ओर ले जाना है।

➡ ***मूर्ख***

दो इब्रानी शब्द हैं जिनका अनुवाद "मूर्ख" शब्द के तौर पर किया गया है। पहला शब्द एक ऐसे व्यक्ति का सुझाव देता है जो बुद्धि की खोज के लिए जिद्दी, अधीर और अनिच्छुक है। वह "ज्ञान से नफरत करता है"[246] और मूर्खता में बना रहता है।[247] क्योंकि वह बुद्धि की कदर नहीं करता, मूर्ख कभी बुद्धि प्राप्त करने का प्रयत्न नहीं करता।[248]

दूसरा शब्द जो मूर्ख का वर्णन करता है वह और ज़ोरदार है। यह मूर्ख नैतिक रूप से भ्रष्ट है; उसने प्रभु के भय को अस्वीकार कर दिया है।[249] वह "पाप का मज़ाक" बनाता है।[250]

---

[242] नीतिवचन 1:4।

[243] "बुद्धिमान मनुष्य विपत्ति को आता देख कर छिप जाता है; परन्तु भोले लोग आगे बढ़े चले जाते और हानि उठाते हैं। नीतिवचन 27:12, English Standard Version

[244] विशेष रूप से नीतिवचन 7:6-27 देखिए। यह युवक परीक्षा को खोजने के लिए बाहर नहीं जाता, लेकिन परीक्षा उसे खोज लेती है।

[245] नीतिवचन 1-7

[246] नीतिवचन 1:22

[247] नीतिवचन 26:11

[248] नीतिवचन 17:16

[249] नीतिवचन 1:7, 29; 12:15

[250] नीतिवचन 14:9

मूर्खता का मूल नैतिक है, बौद्धिक नहीं है। लोकप्रिय बातचीत में, मूर्ख वह व्यक्ति होता है जो होशियार नहीं है। पवित्रशास्त्र में, मूर्ख एक वह व्यक्ति है जो परमेश्वर के भय को त्याग देता है।

➡ ***ठट्ठा करनेवाला***

नीतिवचन में सबसे गंभीर किस्म का मूर्ख ठट्ठा करनेवाला है। यह शब्द नीतिवचन में सत्रह बार उपयोग किया जाता है। ठट्ठा करनेवाला न केवल बुद्धि को अस्वीकार करता है, वह अन्य लोगों को मूढ़ता में ले जाने के लिए प्रसन्न होता है। वह उन लोगों से नफरत करता है जो उसे सही[251] करते हैं और जहाँ भी जाता हैं वह विवाद पैदा करता है।[252] ठट ्ठा करनेवाला के ऊपर भयानक दण्ड है; क्योंकि ठट्ठा करनेवाले ने बुद्धि को अस्वीकार कर दिया है, बुद्धि ने ठट्ठा करनेवाले को अस्वीकार कर दिया है।[253]

मूर्खता के लिए इलाज

मूर्खता के इलाज के लिए, हमें मूर्खता के कारण को समझना होगाः मूर्ख ने परमेश्वर पर अविश्वास करने और अपनी ही बुद्धि पर विश्वास करने का चुनाव किया है।[254] एक महत्वपूर्ण मार्ग में, इन दोनों विकल्पों को एक साथ रखा जाता है। हम अपने पूरे दिल से परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं या हम अपनी समझ का सहारा ले सकते हैं; हम दोनों नहीं कर सकते।[255] परमेश्वर में विश्वास हमे बुद्धि की ओर ले जाता है; अपने आप में भरोसा करना मूर्खता की ओर जाता है।

मूर्ख के लिए इलाज, तो, परमेश्वर का भय है। मूर्खता का कारण आत्मिक है; मूर्खता का इलाज भी आत्मिक है। मूर्ख के लिए समस्या एक मन है जो परमेश्वर के खिलाफ है। मूर्ख की मदद के लिए, एक माता-पिता, शिक्षक या पासबान को दिल से निपटना चाहिए। हम मूर्ख को सुधार नहीं सकते हैं; इसके बजाय, उसका दिल परमेश्वर द्वारा परिवर्तित किया जाना चाहिए।

सभोपदेशक की भूमिका

लेखक और दिनांक

यद्यपि सभोपदेशक सुलैमान के लेखक के रूप में प्रत्यक्ष रूप से पहचान नहीं करता, लेकिन प्रारंभिक वाक्यांश सुलैमान की ओर इशारा करता हैः "उपदेशक के शब्द, दाऊद का पुत्र,

---

[252] नीतिवचन 9:8
[251] नीतिवचन 22:10
[253] नीतिवचन 3:34
[254] नीतिवचन 1:22-25; 12:15
[255] नीतिवचन 3:5-7

यरूशलेम में राजा।" लेखक के धन और उपलब्धियों का विवरण, जो हम सुलैमान के बारे में जानते हैं उसके साथ मेल खाता है। सभोपदेशक को सोलोमन के जीवन के अंत के आसपास लिखा गया होगा, शायद उसके धर्मत्याग से वापसी के दौरान। इससे लगता है कि किताब 935 ईसा पूर्व के आस पास की है।

बुद्धि का शिक्षण

सभोपदेशक के विषय को खोजने का प्रयास करने से पहले, इब्रानी ज्ञान शिक्षण की प्रकृति को समझना मददगार होगा। आज, हम उम्मीद करते हैं कि एक शिक्षक व्याख्यान दें जो विद्यार्थियों के सवालों के स्पष्ट उत्तर प्रदान करें। प्राचीन इब्रानी शिक्षक शिक्षण की एक अलग शैली का इस्तेमाल करते थे। वे प्रश्न पूछते थे और परिस्थितियों का वर्णन करते थे जिनके विद्यार्थियों को जवाब खोजने होते थे। नीतिवचन 30 की संख्यात्मक कहावतों में, विवरणों की एक श्रृंखला के लिए छात्र को एक सामान्य सिद्धांत खोजने की आवश्यकता होती है। शिक्षक की जिम्मेदारी जवाब देना नहीं है, लेकिन विद्यार्थियों को जवाब खोजने में मार्गदर्शन करना है।[256]

परमेश्वर का अय्यूब को जवाब इस तरह के शिक्षण का उपयोग करता है। परमेश्वर अय्यूब से नहीं कहता, "यह मेरे स्वभाव के बारे में तीन बिंदु रूपरेखा है।" इसके बजाय, परमेश्वर कई सवाल पूछता है जो अय्यूब को उसकी प्रकृति प्रकट करते हैं। ये प्रश्न संकेत हैं जो अय्यूब का सच्चाई की ओर मार्गदर्शन करते हैं।

सभोपदेशक इस शिक्षण शैली का उपयोग करता हैं। यह जीवन के तनाव प्रकट करता है जिनका बुद्धिमान व्यक्ति को सामना करना होगा। उत्तर देने के बजाय, सभोपदेशक प्रश्न पूछत है और समस्याएं उठाता हैं। यह तब जीवन की कठिनाइयों के उत्तर पाने के लिए पाठक को चुनौती देता है। अय्यूब के लिए परमेश्वर के प्रश्नों की तरह, सभोपदेशक में कठिनाइयों का उद्देश्य पाठक को बुद्धि तक ले जाना है।

सभोपदेशक का संदेश

सभोपदेशक का संदेश लंबे समय से विचार-विमर्श किया गया है। बार-बार आनेवाले शब्द "व्यर्थ" के कारण, कई दुभाषी पुस्तक को एक नकारात्मक, लगभग निराशाजनक, पुस्तक के रूप में देखते हैं। कई पाठकों ने पूछा है, "बाइबल में ऐसी निराशाजनक किताब क्यों है?" इब्रानी शिक्षण की शैली को समझना हमारी बुद्धि के लिए मार्गदर्शन की खोज

---

[256] इस विषय का अध्ययन करने के लिए, Curtis, Edward M. and John J. Brugaletta को पढ़िए। *Discovering the Way of Wisdom (बुद्धि के मार्ग की खोज)* MI: Kregel Academic, 2004.

के रूप में सभोपदेशक को देखने में मदद करता है दो मूलभाव बुद्धि की इस खोज का हिस्सा हैं।

➡ *मूलभाव १: व्यर्थ*

सभोपदेशक में एक बार-बार आनेवाला मूल भाव जीवन की व्यर्थता है। पुस्तक निराशाजनक वाक्यांश के साथ शुरू होती है, “व्यर्थ ही व्यर्थ, व्यर्थ ही व्यर्थ; सबकुछ व्यर्थ है।”[257] शब्द व्यर्थ को पूरी पुस्तक में दोहराया जाता है।

व्यर्थता कुछ ***अस्थायी*** चीज़ के विषय में बताती है। भजन संहिता 144:4 जीवन की संक्षिप्तता को दर्शाता है, “मनुष्य तो फूँक के समान है; उसके दिन ढलती हुई छाया के समान हैं।” सभोपदेशक में, सुख, धन, यहां तक कि जीवन अस्थायी हैं।

व्यर्थता कभी कभी ***अर्थहीनता या अन्याय*** को संदर्भित करती है। “एक व्यर्थ बात पृथ्वी पर होती है, अर्थात ऐसे धर्मी हैं जिनकी वह दशा होती है जो दुष्टों की होनी चाहिये, और ऐसे दुष्ट हैं जिनकी वह दशा होती है जो धर्मियों की होनी चाहिये। मैं ने कहा कि यह भी व्यर्थ ही है: मैंने कहा कि यह भी व्यर्थता ही है।”[258]

व्यर्थता कभी-कभी ***अर्थहीनता*** को दर्शाती है। सभोपदेशक के लेखक ने आनन्द का अर्थ जानना चाहा और पाया कि यह व्यर्थ है; इसका कोई स्थायी महत्व नहीं है।[259]

इब्रानी साहित्य में, शब्दरूप “*X* के *X*” उत्तमावस्था को संदर्भित करता है। “अति पवित्र स्थान” सबसे पवित्र स्थान है; “श्रेष्ठगीत” सबसे बेहतरीन गीत हैं। “व्यर्थ ही व्यर्थ” सबसे शून्य, अर्थहीन चीजों से सबसे शून्य, सबसे अर्थहीन बातों के विषय बताता है। और, सबसे शून्य या अर्थहीन बात क्या है? “***सब कुछ*** व्यर्थ है।” जीवन स्वयं ही व्यर्थ है। यह इस मूल भाव की पूर्ण निराशा को दर्शाता है।

➡ *मूल भाव २: आनन्द*

“व्यर्थता” सभोपदेशक का एकमात्र संदेश नहीं है। जबकि मनुष्य की उपलब्धियां व्यर्थ हैं, सभोपदेशक जीवन के सकारात्मक चित्र को भी शामिल करता है। यह एक दूसरे मूल भाव में देखा जाता है जो पूरे सभोपदेशक, “आनन्द” की आकृति में प्रकट होता है।

अध्याय 1 और 2 में व्यर्थता के वर्णन के बाद, लेखक ने निष्कर्ष निकाला: “मनुष्य के लिये खाने-पीने और परिश्रम करते हुए अपने जीव को सुखी रखने के सिवाय और कुछ भी

---

[257] सभोपदेशक 1:2

[258] सभोपदेशक 8:14

[259] सभोपदेशक 2:1-12

अच्छा नहीं। मैंने देखा कि यह भी परमेश्वर की ओर से मिलता है। यह भी मैंने देखा, कि यह परमेश्वर के हाथ से था।"[260] जीवन परमेश्वर का उपहार है यह संदेश पूरी पुस्तक में बार-बार आता है। आनन्द का संदेश सभोपदेशक के लिए केंद्रीय है।[261]

➡ सभोपदेशक का विषयः जीवन के अर्थ की एक खोज

दो मूल भाव, व्यर्थता और आनंद, विरोधाभासी हो सकते हैं। हालांकि, दो वाक्यांश और हैं जो पूरी पुस्तक में बार बार आते हैं। उन्तीस बार, सभोपदेशक ने "सूरज के नीचे जीवन" को संदर्भित किया है। "सूर्य के नीचे जीवन" एक जीवन है जिसको केवल एक सांसारिक दृष्टिकोण से देखा जाता है। बार-बार, "सूर्य के नीचे जीवन" को "व्यर्थता" के साथ जोड़ा जाता है।

पांच बार, सभोपदेशक "परमेश्वर के उपहार" या "परमेश्वर के हाथ से" दिये गये जीवन को संदर्भित करता है। इसे अक्सर "आनन्द" या "आनंद लेने" के साथ जोड़ा जाता है।

जीवन परमेश्वर का उपहार

साथ में, ये वाक्यांश एक विषय को संकेत करते हैं जो पुस्तक को एकजुट करता है। नीतिवचन की तरह, सभोपदेशक दो मार्ग प्रदान करता है। नीतिवचन में, विकल्प बुद्धि या मूर्खता हैं। सभोपदेशक में, विकल्प व्यर्थता हैं (सूर्य के नीचे का जीवन) या आनन्द (परमेश्वर के उपहार के रूप में जीवन।) पूरी तरह से एक सांसारिक दृष्टिकोण से देखा जाने वाला जीवन अर्थहीन और व्यर्थ है। परमेश्वर के भय में जिया जाने वाला जीवन आनन्द है।

सभोपदेशक का ज्ञान यह हैः परमेश्वर ने "मनुष्य के हृदय में नित्यता डाली है, फिर भी वह नहीं जान सकता जो परमेश्वर ने शुरू से लेकर अंत तक किया है।"[262] परमेश्वर ने मनुष्य को अनंत काल और सच्चे आनन्द की जागरूकता दी है। हालांकि, हम स्वयं के प्रयासों से इस आनंद को कभी नहीं खोज पाएंगे। सच्चा आनन्द केवल परमेश्वर के साथ रिश्ते में है और परमेश्वर के भय में है।

---

[260] सभोपदेशक 2:24

[261] आनन्द का संदेश व्यर्थता के विषय के लिए एक बार का अपवाद नहीं है। आनंद मनाने के उपदेश सभोपदेशक 2:24-26; 3:12, 22; 05:18; 08:15; 9: 7-9; और 11:9-10 में पाये जाते हैं।

[262] सभोपदेशक ३:११।, English Standard Version.

दो मार्गों के विषय को ("व्यर्थ ही व्यर्थ") के परिचय में संक्षेप किया गया है और निष्कर्ष यह है ("परमेश्वर का भय मान और उसकी आज्ञाओं क पालन कर, क्योंकि यह मनुष्य का संपूर्ण कर्तव्य है")। सभोपदेशक निराशा की पुस्तक नहीं है; यह एक बुद्धि की पुस्तक है जो सच्चे आनन्द की ओर संकेत करती है।

सभोपदेशक नये नियम में सभोपदेशक

सभोपदेशक के संदेश को नए नियम में दोहराया जाता है। परमेश्नर के अलावा जीवन की व्यर्थता धन की खोज के खिलाफ यीशु की चेतावनियों में देखी जाती है।[263] उसी समय, यीशु ने वादा किया कि जीवन के लिए आवश्यक सभी चीजें उन लोगों के लिए प्रदान की जाएंगी जो पहले उसके राज्य की खोज करते हैं।[264] पृथ्वी की चीज़ों के लिए बिताया गया जीवन व्यर्थ है; परमेश्नर के उपहार के रूप में जीवन बिताया गया जीवन, वास्तव में आनन्द लाता है।

श्रेष्ठगीत

शीर्षक

इस पुस्तक को या तो गीतों का गीत या श्रेष्ठगीत कहा जाता है: "गीतों का गीत", जो सुलैमान का है।"[265] शीर्षक "गीतों के गीत का अर्थ है कि यह गीत सभी गीतों से बेहतरीन है। शीर्षक "सुलैमान का गीत" इस पुस्तक को राजा सुलैमान के साथ जोड़ता है।

गीतों के गीत की व्याख्या कारना।

गीतों के गीत से संबंधित सबसे बड़ा सवाल "हम इस पुस्तक की व्याख्या कैसे करते हैं?" इस पुस्तक को पढ़ने के लिए दो प्रमुख दृष्टिकोण हैं: रूपकात्मक और काव्यात्मक।

➡ रूपकात्मक व्याख्या

पाठकों ने अक्सर पूछा है कि क्यों रोमानी प्रेम के लिए समर्पित एक किताब पवित्रशास्त्र का हिस्सा है। इस वजह से, श्रेष्ठगीत की व्याख्या रूपकात्मक रूप से करने की एक लंबी परंपरा है। तीसरी शताब्दी में ओरिजन के विद्वानों में हडसन टेलर के टिप्पणीकारों ने बीसवीं सदी मे श्रेष्ठगीत पर रूपकात्मक टिप्पणियां लिखी थीं।

श्रेष्ठगीत के लिए एक रूपकात्मक दृष्टिकोण कविता को अपने लोगों के लिए परमेश्वर के प्यार के एक विवरण के रूप में देखता है। यहूदी पाठकों ने इस पुस्तक को इस्राएल के लिए

---

[263] लूका 12:16-21, उदाहरण के लिए।
[264] मत्ती 6:33
[265] श्रेष्ठगीत 1:1

परमेश्वर के प्यार के एक विवरण के रूप में देखा; ईसाई दुभाषी इसको कलीसिया के लिए परमेश्वर के प्यार के विवरण के रूप में देखते हैं।

जो लोग एक रूपकात्मक दृष्टिकोण को अस्वीकार करते हैं, वे दो तर्क देते हैं। सबसे पहले, श्रेष्ठगीत स्वयं एक रूपकात्मक व्याख्या की ओर इशारा नहीं करता। दूसरा, एक रूपकात्मक दृष्टिकोण में अक्सर स्पष्ट अर्थ का अभाव होता है। जब आप श्रेष्ठगीतों पर टिप्पणियों को पढ़ते हैं, यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्येक टिप्पणिकार काव्यगत चित्रों की व्याख्या अलग तरीके से करता है। रूपकात्मक व्याख्या हर पाठक को परमेश्वर के वचन पर अपने अधिकार के रूप में छोड़ सकती है

➡ काव्यगत व्याख्या

श्रेष्ठगीत का काव्यात्मक दृष्टिकोण मानव प्रेम के विवरण के रूप में इस पुस्तक को देखता है।[266] चाहे इसे किसी नाटक संरचना के बिना विवाह में समापन या प्रेम कविताओं के एक संग्रह के रूप में देखा जाये, यह दृष्टिकोण पुस्तक को प्रेम कविताओं के एक संग्रह के रूप में देखता है

कलीसिया के अधिकांश इतिहास में, काव्यात्मक दृष्टिकोण रूपकात्मक संबंधी व्याख्या से कम लोकप्रिय था। बीसवीं सदी में, शाब्दिक व्याख्या अधिक आम हो गई।[267]

इस दृष्टिकोण में, श्रेष्ठगीत को रोमानी प्रेम के एक काव्य चित्र के रूप में देखा जाता है। ग्रामीण अलंकृत भाषा का प्रयोग करते हुए, श्रेष्ठगीत प्रेमी और उसकी प्रेमीका के प्यार को दिखाता है; यह एक पुरुष और पत्नी के बीच प्रेम का विवरण है। कुछ लेखकों ने श्रेष्ठगीत को नीतिवचन 31 के समानांतर के रूप में देखा है। नीतिवचन 31 शादी के व्यावहारिक पहलू को दर्शाता है; श्रेष्ठगीत शादी के प्रणय को दिखाता है।

चूंकि पाठ में ऐसा कोई चिह्न नहीं है, जो यह बताता है कि पुस्तक एक रूपक कथा है, जो काव्यात्मक व्याख्या का समर्थन करते हैं, वे तर्क देते हैं कि पुस्तक की शाब्दिक रूप से व्याख्या करनी चाहिए। जो लोग काव्यात्मक व्याख्या का विरोध करते हैं, वे पवित्रशास्त्र में रोमानी काव्यात्मकता की उपस्थिति पर प्रश्न करते हैं। उनका तर्क है कि पुस्तक अपने लोगों के लिए परमेश्वर के प्रेम की एक रूपक कथा के रूप में अधिक उपयुक्त है।

---

[266] इसे "शाब्दिक" व्याख्या भी कहा जा सकता है हालांकि, यहां तक कि एक शाब्दिक दृष्टिकोण से यह भी पता चलता है कि कविता ऐसे रूपकों का उपयोग करती है जिनकी शाब्दिक रूप से व्याख्या नहीं की जा सकती। इस कारण से, "काव्यात्मक" व्याख्या एक बेहतर शब्द है।

[267] पूर्व टिप्पणीकारों ने श्रेष्ठगीत के कवितात्मक पाठ का प्रोत्साहित किया। इनमें पहली सदी के जोसेफस और चौथी सदी के मोप्सेस्टिया के थियोडोर शामिल हैं। आदम क्लार्क और जॉन केल्विन ने कवितात्मक व्याख्या ओं कासमर्थन किया, हालांकि दोनों ने पाठ के कुछ रूपकात्मक पहलुओंको देखा।

श्रेष्ठगीत का संदेश

कई पाठकों ने पूछा है, 'बाइबल में यह पुस्तक क्यों है?' इसका कारण मानवता के मूल्य को दिखाने के लिए हो सकता है। सभोपदेशक बताता है कि जीवन की आशीष परमेश्वर का उपहार है, जो उनको आनन्द लेने के लिए दी जाती है जो उसका भय मानते हैं; उसी तरह, श्रेष्ठगीत दर्शाता है कि मानव प्रेम परमेश्नर की तरफ से उपहार है जिसका आदर किया जाना चाहिए।

परमेश्वर सब लोगों में रुचि रखता है। प्लेटो की तरह कुछ शुरुआती यूनानी दार्शनिकों ने देखा कि आत्मा अच्छी है, लेकिन देह खराब है। कभी-कभी कुछ मसीहियों ने भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपनाया है। यह दृष्टिकोण कहता है कि शरीर बुरा है; आत्मा अच्छी है। हालांकि, उत्पत्ति सिखाती है कि परमेश्वर ने मनुष्य को बनाया, "उसने जो कुछ बनाया था, वह सब कुछ देखा, और देखो, यह बहुत अच्छा था।"[268] हालांकि पतन ने सृष्टि को बिगाड़ दिया, परमेश्नर फिर भी अपनी बनाई दुनिया का आदर करता है। प्रारंभिक कलीसियाओं में उन लोगों के लिए जिन्होंने शादी से मना किया था, पौलुस ने जवाब दिया, "क्योंकि परमेश्वर की सृजी हुई हर एक वस्तु अच्छी है: और कोई वस्तु अस्वीकार करने के योग्य नहीं; पर यह कि धन्यवाद के साथ कही जाए।"[269] श्रेष्ठगीत मानव प्रेम के मूल्य के लिए बाइबल की गवाही है। शादी की सीमा के भीतर, परमेश्वर के उपहार के रूप में शारीरिक प्यार का आनंद लिया जाना चाहिए।

श्रेष्ठगीत आज बताता है

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, एडॉल्फ हिटलर के खिलाफ ईसाई विपक्ष का नेतृत्व करने वाले एक जर्मन पासबान डीट्रिच बोनहॉफ़र की मारिया वॉन वेडेमियर से शादी करने के लिए सगाई हुई। कुछ साथी पासबानों ने इस तरह की राष्ट्रीय उथल-पुथल के समय में शादी करने के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने तर्क दिया कि बोनहॉफ़र को 'आत्मिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।' हालांकि, बोनहॉफ़र ने दृढता से कहा कि विवाह विशेष रूप से अशांति के समय में सही था। उत्पत्ति, सभोपदेशक और श्रेष्ठगीत से उनका मानना था, कि परमेश्वर की अच्छी रचना की खुशी मनायी जानी चाहिए। बोनहॉफ़र परमेश्वर द्वारा दिए गए सुखों को "गैर-आत्मिक" नहीं मानते थे। बोनहॉफ़र ने कहा कि हमारे "परमेश्वर को हां" परमेश्वर की सृष्टि की अच्छी चीजों को "हां" है।[270]

[268] उत्पत्ति 1:31

[269] 1 तीमुथियुस 4:4

[270] Eric Metaxas, Bonhoeffer, पृ 468

आज, कई पक्ष विवाह के विरोध में है। धर्मनिरपेक्ष दुनिया में, शादी को अप्रचलित प्रथा के रूप में माना जाता है। व्यापक तलाक, समलैंगिक विवाह, और अविवाहित जोड़ों द्वारा सहवास सभी विवाह की पवित्रता को कम करते हैं। कई मसीह लोगों के घरों में, विवाह बना रहता है - लेकिन यह एक आनंदपूर्ण, रोमांस से भरा विवाह नहीं है। श्रेष्ठगीत परमेश्वर के उस रोमानी प्रेम के उपहार को दर्शाता है, जो परमेश्वर की संतान द्वारा आनन्द लेने के लिए है। मसीह विवाहों को इस आनन्द का उदाहरण पेश करना चाहिए। जबकि कोई विवाह चुनौतियों से मुक्त नहीं है, तो मसीहियों को यह दिखाना चाहिए कि बाइबल के सिद्धांतों से बिताया गया विवाह जीवित रह सकता है, जो पति-पत्नी दोनों के लिए जीवन भर की खुशी हो सकती है। एक प्रेममय मसीह विवाह हमारी दुनिया के लिए एक शक्तिशाली गवाही है। यह श्रेष्ठगीत की विरासत का हिस्सा है।

पाठ असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट के साथ इस पाठ को अपनी समझ से प्रदर्शन कीजिए:

1) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिए:

   विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

   अपने समूह के प्रत्येक सदस्य को एक एक विषय बांटिए (धन, बोली, विवाह आदि)। जैसा आपने नीतिवचन में पढ़ा, आपको दिए गये विषय से संबन्धित सभी आयतों को सूचीबद्ध कीजिए। अंत में, समूह को एक छोटी प्रस्तुति दीजिए जैसे "नीतिवचन की शिक्षा पर"

   विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट

   कोई एक विषय चुनिये जैसे धन, बोली, विवाह, आदि। जैसा आपने नीतिवचन में पढ़ा, आपको दिए गये विषय से संबन्धित सभी आयतों को सूचीबद्ध कीजिए। एक पृष्ठ निबंध लिखिए शीर्षक के साथ जैसे "नीतिवचन की शिक्षा पर।"

2) इस पाठ पर एक परीक्षा लिजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए दिए गये पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

सुलैमान की किताबों के बारे में और जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्रोत

Curtis, Edward M. and John J. Brugaletta. *Discovering the Way of Wisdom. (ज्ञान के मार्ग की खोज।)* Kregel Academic, 2004.

Estes, Daniel J. *Handbook on the Wisdom Books and Psalms. (ज्ञान की पुस्तकों और भजन संहिता पर पुस्तिका)* Baker Books, 2005.

Gaebelein, Frank. *Expositor's Bible Commentary: Psalms - Song of Songs. (एक्सपोज़िटर की बाइबल टिप्पणी: भजन संहिता - श्रेष्ठगीत)* Zondervan, 1991.

Kaiser, Walter C. *Ecclesiastes:Total Life.* (सभोपदेशक: कुल जीवन) Moody Press, 1979.

Longman, Tremper, III. *How to Read Proverbs. (नीतिवचन कैसे पढ़ें)* Inter-Varsity Press, 2002.

Longman, Tremper III. *New International Commentary on the Old Testament: Song of Songs. (न्यू इंटरनेशनल की पुराने नियम पर टिप्पणी: श्रेष्ठगीत)* Eerdmans, 2005. (लांगमैन श्रेष्ठगीत की काव्यात्मक रूप में व्याख्या करते हैं)

Taylor, J. Hudson. *Union and Communion.* (संघ और समन्वय) Moody Press, n.d. (टेलर ने श्रेष्ठगीत की व्याख्या दृष्टांत की तरह की)

पाठ 8 के परीक्षा प्रश्न

1. जॉन केल्विन के अनुसार, सच्ची बुद्धि में दो चीजें कौन सी हैं?

2. इस अध्याय में दिए गए एक नीतिवचन की चार विशेषताओं में से दो को सूचीबद्ध कीजिए।

3. संग्रह 1 में सबसे सामान्य प्रकार का नीतिवचन कौन सा है (नीतिवचन 1- 9)?

4. नीतिवचन की व्याख्या के लिए इस पाठ में दिए गए सात प्रश्नों में से चार को सूचीबद्ध कीजिए।

5. नीतिवचन में 'भोले' और 'मूर्ख' के बीच प्राथमिक अंतर क्या है?

6. सभोपदेशक का प्राथमिक विषय क्या है?

7. दो मूलभाव कौन से हैं जो सभोपदेशक में पाये जाते हैं?

8. श्रेष्ठगीत की व्याख्या करने के दो तरीके कौन से हैं?

9. नीतिवचन 1: 7 ; सभा उपदेशक 12: 13-14 स्मरण करके लिखें।

पाठ 9

यशायाहः पांचवां सुसमाचार

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) यशायाह की संभावित तिथि और ऐतिहासिक समायोजन को जान सकें।

(2) यशायाह के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(3) बाइबल की भविष्यद्वाणी की प्रकृति को पहचान सकें।

(4) ाशायाह की मसीहाई प्रतिज्ञाओं की सराहना कर सकें।

(5) यशायाह की पुस्तक के तर्कों को समझ सकें कि इसका एक ही लेखक है।

(6) यशायाह के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

यशायाह पढ़िये
यशायाह 9:6-7 को याद कीजिये

भविष्यद्वाणी की पुस्तकों का परिचय

❓ पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं का सेवाकार्य कैसा था? उनका संदेश सुननेवालों के लिए कितना स्पष्ट था, और कितना भविष्य तक छिपा रहा?

पुराने नियम की भविष्यद्वाणी की पुस्तकों में बड़े भविष्यद्वक्ता (यशायाह, यिर्मयाह, यहेजकेल और दानिय्येल) और बारह छोटे भविष्यद्वक्ता (होशे, योएल, आमोस, ओबद्याह, योना, मीका, नहूम, हबक्कूक, सपन्याह, हाग्गै, जकर्याह, और मालाकी) शामिल हैं। पुस्तकों को एक एक करके पढ़ने से पहले, पुराने नियम के इस्राएल में भविष्यद्वक्ता की भूमिका का अध्ययन करना सहायक होगा।

"शास्त्रीय" या "लेखन" भविष्यद्वक्ताओं ने लगभग 800 ईसा पूर्व से 450 ईसा पूर्व तक सेवा की। पहले भविष्यद्वक्ता जैसे एल्लियाह और एलीशा ने अपने उपदेशों का कोई लिखित अभिलेख नहीं छोड़ा। सोलह लेखन के भविष्यवक्ताओं को उनके नामों की पुस्तकों द्वारा याद किया जाता है।

इब्रानी बाइबल एक भविष्यवक्ता का उल्लेख करने के लिए तीन शब्दों का इस्तेमाल करती है। ये तीन शीर्षक इस्राएल में एक भविष्यवक्ता की भूमिका को दर्शाते हैं। पहले दो शब्द (होज़े और रोह) एक वर्गमूल से आते हैं जिसका मतलब है "देखना।" ये शब्द हमें बताते हैं कि भविष्यवक्ता "पैग़ंबर" होता था, जो परमेश्वर की चीजों को देखता था। तीसरे शब्द (नबी) का अर्थ है "बुलाया हुआ व्यक्ति।" यह एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसे परमेश्वर ने लोगों को परमेश्वर का संदेश सुनाने के लिए बुलाया है।

भविष्यद्वाणी की पुस्तकें भविष्यद्वक्ताओं की कई विशेषताएं दर्शाती हैं:

➢ भविष्यद्वक्ता खुद का संदेश नहीं बताते थे; वे परमेश्वर का संदेश बताते थे। 350 से अधिक बार, भविष्यद्वाणी की पुस्तकों में 'यहोवा यों कहता है' वाक्यांश शामिल है। भविष्यद्वक्ताओं को परमेश्वर के लोगों को परमेश्वर का वचन सुनाने के लिए बुलाया गया था।

➢ भविष्यद्वक्ताओं ने अपनी पीढ़ी को परमेश्वर का संदेश बताया। उनका संदेश पहले अपने ही लोगों को दिया गया था। जब हम भविष्यद्वक्ताओं की पुस्तकों को पढ़ते हैं, तो हमें पूछना चाहिए, "भविष्यद्वक्ता के सुननेवालों ने उसके संदेश को कैसे समझा?" यह जानकर कि पहले सुननेवालों ने भविष्यद्वक्ता के संदेश को कैसे समझा, आज के लिए उसका संदेश बेहतर ढंग से समझने में हमारी मदद करता है।

➢ भविष्यद्वक्ताओं ने भविष्य की पीढ़ियों को परमेश्वर का संदेश बताया। भविष्यद्वक्ता 'पैग़ंबर' थे। यशायाह के पहले शब्द बहुत भविष्यद्वक्ताओं के समान हैं: "अमोस के पुत्र यशायाह का दर्शन।"[271] दर्शनों और विशेष प्रकाशनों के माध्यम से, परमेश्वर ने अपने भविष्यद्वक्ताओं को भविष्य में होने वाली बातें प्रकट कीं। भविष्यद्वक्ताओं ने भविष्य का न्याय और भविष्य की पुनरस्थापना दोनों देखीं।

जैसे हम भविष्यद्वाणियों की पुस्तकों का अध्ययन करते हैं, वैसे हम देखेंगे कि कुछ विषयों को बार-बार दोहराया जाएगा। इन पुस्तकों में सब जगह तीन विषय दिखाई देते हैं:

➡ वाचा के प्रति विश्वासयोग्यता

बार-बार, भविष्यद्वक्ताओं ने अपने सुननेवालों को याद दिलाया कि इस्राएल को परमेश्वर के चुने हुए लोगों के रूप में बुलाया गया है। सीनै पर, इस्राएल ने परमेश्वर के साथ वाचा बांधी। यह वाचा अनुष्ठानों और बलिदानों से अधिक थी; यह परमेश्वर के सामने व्यक्तिगत पवित्रता और अन्य लोगों के प्रति न्याय की आवश्यकता थी। मीका और आमोस जैसे भविष्यद्वक्ताओं ने इस्राएल का सामना किया क्योंकि इस्राएली वाचा के प्रती आज्ञाकारी रहने में विफल रहे।

---

[271]यशायाह 1:1

➡ यहोवा का दिन

भविष्यद्वक्ताओं ने बीस बार से अधिक 'यहोवा के दिन' का उल्लेख किया। यहोवा के दिन का भविष्यद्वक्ताओं द्वारा तीन तरीकों से उपयोग किया गया है:

- यहोवा का दिन अविश्वासियों पर न्याय का समय होगा।
- यहोवा का दिन परमेश्वर के लोगों को शुद्ध करने का समय होगा।
- यहोवा का दिन विश्वासयोग्य व्यक्तियों के लिए उद्धार का समय होगा।

➡ मसीह का आगमन

भविष्यद्वक्ताओं का एक महत्वपूर्ण संदेश मसीहा का वादा है। बाइबल के विद्वानों ने लगभग 300 पुराने नियम की भविष्यद्वाणियों का पता लगाया है जो मसीहा के आगमन की ओर इशारा करती हैं।

यशायाह की पृष्ठभूमि

ऐतिहासिक समायोजन

यशायाह की पुस्तक पर एक नज़र

लेखकः यशायाह

सुननेवालेः यहूदा

तारीखः 740-680 ईसा पूर्व

विषः यपांचवां सुसमाचार

उद्देश्य: यहूदा को आने वाले प्रलय की चेतावनी देना यहूदा के आने वाले उद्धार का वादा करना

यशायाह की पुस्तक में सुसमाचारः

मसीहा एक कुवाँरी से पैदा होगा।

वह अन्यजातियों की सेवा करेगा।

वह पापियों को छुड़ाने के लिए मारा जाएगा।

मसीहा के माध्यम से, परमेश्वर का राज्यसभी राष्ट्रों के लोगों के लिए खुला होगा।

आमोस के पुत्र यशायाह ने, ८वीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत के दौरान यहूदा के शाही दरबार में सेवा की। यशायाह नाम का अर्थ है "प्रभु ने बचाया है," एक ऐसा नाम जिसमें यशायाह की सेवा का एक केंद्रीय विषय प्रस्तुत था, मतलब, परमेश्वर के लोगों के लिए मुक्ति।

यशायाह की भविष्यद्वाणी की सेवा के लिए बुलाहट उस वर्ष में हुई, जिस वर्ष राजा उज्जियाह की मृत्यु हुई।[272] उसने 681 ईसा पूर्व में सन्हेरीब की मृत्यु दर्ज की[273] इससे पता चलता है कि यशायाह पुस्तक की सम्भावित तारीख लगभग 740-680 ईसा पूर्व है।

यशायाह ने योताम, आहाज, हिजकिय्याह और मनश्शे के शासन के दौरान सेवा की। यहूदी परंपरा कहती है कि मनश्शे ने यशायाह को आरी से कटवाकर मरवा डाला।

---

[272] यशायाह 6:1। राजा उज्जियाह लगभग 740 ईसा पूर्व में मर गया था।; [273] यशायाह 37:38

यशायाह की सेवा के शुरुआती वर्षों के दौरान, तिग्लैथ-पिलेसर तृतीय ने अश्शूरी साम्राज्य का विस्तार किया। उत्तरी राज्य के राजा पेकाह ने यहूदा पर हमला किया क्योंकि आहाज ने अश्शूर के खिलाफ गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया था। यशायाह की आपत्तियों पर, आहाज ने अश्शूर से अपील की। यशायाह के संदेश ने तत्काल भविष्य और मसीह के जन्म की भविष्यद्वाणी के लिए एक चिह्न दिया।[274]

आहाज की मृत्यु के बाद, उसके पुत्र हिजकिय्याह ने अश्शूर के खिलाफ विद्रोह किया और मिस्र के साथ एक गठबंधन में प्रवेश किया। जवाब में, अश्शूरी शासक सन्हेरीब ने 701 ईसा पूर्व में यहूदा पर हमला किया। हिजकिय्याह पहले हार गया और अश्शूर को सम्मान देने के लिए उसे मजबूर किया गया।[275] बाद में, हिजकिय्याह ने सन्हेरीब के खिलाफ विद्रोह किया। हिजकिय्याह की प्रार्थना के जवाब में, परमेश्वर के दूत ने अश्शूर की सेना पर हमला किया, 180,000 लोगों को मारा और यहूदा से अश्शूरियों को खदेड़ा। हिजकिय्याह का बाकी का शासन शांति का समय था।[276]

उद्देश्य

उत्तरी राज्य के पतन के साथ, यहूदा को एक परीक्षा का सामना करना पड़ा। क्या वह धर्मत्याग में इस्राएल के पीछे चलेगी या वह परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहेगी? यशायाह ने यहूदा को उसके पाप के कारण दण्ड की चेतावनी दी। उसने यहूदा को मुक्ति के वादे के साथ प्रोत्साहित किया, लेकिन उनको वाचा की ओर मुड़ना है।

यशायाह की पुस्तक का अवलोकन

यशायाह को कभी-कभी "लघु बाइबल" के रूप में देखा जाता है। पहले उनतालीस अध्याय (पुराने नियम की उनतालीस पुस्तकों के अनुरूप) यहूदा और आसपास के देशों का न्याय करने में परमेश्वर का न्याय दर्शाते हैं। क्योंकि परमेश्वर एक पवित्र ईश्वर है, वह पाप को अनदेखा नहीं कर सकता। आखिरी सत्ताईस अध्याय (नये नियम की सत्ताईस पुस्तकों के अनुरूप) मसीह के आगमन के आश्वासन के साथ यहूदा को सांत्वना देते हैं।

एक किताब जो साठ साल, चार राजाओं, दो महान साम्राज्यों (अश्शूर और बाबुल) को शामिल करती है, और जो भविष्य में सैकड़ों वर्षों की घटनाओं की भविष्यद्वाणी करती है,

---

[274] थायशायाह 7:10-17 दिखाता है कि भविष्यद्वक्ता के संदेश ने अप ने समकालीनों से और भविष्य से कैसे बत की। 735 ईसा पूर्व में, यशायाह ने अहाज़ से कहा कि उस दिन पैदा हुए एक पुत्र की उम्र से पहले, सीरिया और एप्रैम (उत्तरी राज्य) को नष्ट कर दिया जाएगा। इस भविष्यद्वाणी की आंशिक पूर्ति 732 ईसा पूर्व में सीरिया के पतन और 722 ईसा पूर्व में उत्तरी साम्राज्यके पतन के साथ पूरी हुई। अंतिम ापूर्ति एक कुंवारी को पैदा हुए "इम्मानुएल" यीशु मसीह के जन्म के साथ पूरी हुई (मत्ती 1: 20-23)।

[275] राजा 18:14-16

[276] यशायाह 37

इसका कुछ अनुच्छेदों में संक्षेप करना मुश्किल है। जब आप यशायाह पढ़ते हैं, तब यह रूपरेखा आपका पुस्तक में से मार्गदर्शन करेगी। विषयों का सारांश महत्वपूर्ण सुझावों का पालन करने का सुझाव देगा।

यशायाह की पुस्तक की रूपरेखा

- न्याय की भविष्यद्वाणियां (यशायाह 1-35)
  - न्याय पर ज़ोर
  - मुख्य रूप से यशायाह के समय के विद्रोही लोगों को संबोधित करना
  - चेतावनी दी है कि अश्शूर इस्राएल के उत्तरी साम्राज्य को पराजित करेगा
  - इस्राएल, अश्शूर, बाबुल, पलेसी, मोआब, दमिश्क, कुश, मिस्र, एदोम, यहूदा और सूर सहित कई देशों पर न्याय के संदेश।
- विश्वासयोग्य के लिए उद्धार (यशायाह 35)
  - ऐतिहासिक अन्तराल (यशायाह 36-39)
  - सन्हेरीब का खतरा और परमेश्वर का छुटकारा (यशायाह 36-37)

    यशायाह 1 से 35 तक जो अश्शूर की कहानी है सन्हेरीब की कहानी समाप्त होती है। यह 701 ईसा पूर्व में हुआ, और यह दर्शाता है कि परमेश्वर में विश्वास करने से परमेश्वर की आशीष मिलती है।
  - हिजकिय्याह की बीमारी और चमत्कारी स्वास्थ्य लाभ (यशायाह 38)
  - बाबुल से मेरोदक-बालादन के साथ हिजकिय्याह की मूर्खतापूर्ण यात्रा (यशायाह 39)

    711 ईसा पूर्व में मेरोदक-बालदान की यात्रा की कहानी बेबीलोन पर ज़ोर देना यशायाह 40 - 66 में शुरू करता है। यहूदा के पाप बेबीलोन को निर्वासन की ओर ले जाएंगे।[277]
- मसीही सांत्वना की भविष्यद्वाणियां (यशायाह 40-66)
  - पुनरस्थापना और वादे पर ज़ोर देना
  - सभी पीढ़ियों के विश्वासयोग्य लोगों को संबोधित किया।

---

[277] यशायाह 38:6 बताता है कि यशायाह 38-39 की घटनाएँ यशायाह से 36-37 पहले हुई थीं। इस किताब का क्रम संभवतः यशायाह की सामयिक संरचना पर ज़ोर देना है। यशायाह 36 - 37 अश्शूर पर ज़ोर देना समाप्त करता है और यशायाह 38 - 39 बेबीलोन पर ज़ोर देना शुरू करता है। गैर कालानुक्रमिक संरचना भविष्यद्वाणी की पुस्तकों में आम है।

- ➢ यहूदा के लिए शान्ति और छुटकारा (यशायाह 40-48)
- ➢ आने वाला दास छुटकारा प्रदान करेगा (यशायाह 49-55)
- ➢ परमेश्वर उन सभी को पुनर्स्थापित करेगा जो वाचा के प्रति विश्वासयोग्य हैं (यशायाह 56-66)

यशायाह की पुस्तक में महत्वपूर्ण विषय

➡ शेष लोग

राष्ट्र के धर्मत्याग के बावजूद भी परमेश्वर बचे हुए व्यक्ति की रक्षा करेगा जो परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य है।[278] यशायाह ने भविष्यद्वाणी संदेश के रूप में अपने पुत्रों में से एक का नाम "शार-जशूब" रखा, मतलब कि परमेश्वर निर्वासन के बाद शेष विश्वासयोग्य व्यक्तियों को यरूशलेम वापस लायेगा।[279]

➡ परमेश्वर, इस्राएल का पवित्र

अपनी भविष्यद्वाणी की सेवा के शुरूआती दौर में, यशायाह ने देखा "प्रभु एक बहुत ऊँचे सिंहासन पर विराजमान है।" परमेश्वर के चारों तरफ साराप स्वर्गदूत थे जो पुकार-पुकार कर कह रहे थे, "सेनाओ का यहोवा पवित्र, पवित्र, पवित्र हैः पूरी पृथ्वी उसकी महिमा से भरी है।"[280] इस दर्शन ने यशायाह के जीवन और सेवा को बदल दिया। उनतीस बार, यशायाह ने "इस्राएल का पवित्र ईश्वर" वाक्यांश का इस्तेमाल किया, एक नाम जो परमेश्वर की पवित्रता को दर्शाता है।[281] यशायाह के संदेश का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस्राएल न्याय का सामना करेगा क्योंकि उन्होंने परमेश्वर की पवित्रता को नज़रअंदाज़ किया जो उसकी अराधना करने का दावा करते हैं।

इस्राएल के पवित्र परमेश्वर की संप्रभुता को देखा जाता है, जब वह इस्राएल के दुश्मनों को दण्ड देता है। परमेश्वर ने यशायाह को अपने एक बेटे का नाम "माहेर-शालाल-हैश-बाज़" रखने का आदेश दिया, जो यहूदा के शत्रुओं पर शीघ्र दण्ड का प्रतिनिधित्व करेगा।[282] यहूदा के आश्चर्य के लिए, परमेश्वर की संप्रभुता यहूदा पर उसकी दण्ड की आज्ञा में भी देखी जाती है क्योंकी यहूदा ने धर्मत्याग किया था।

---

[278] यशायाह 1:9

[279] यशायाह 7:3 और 10:20-21।शियर-जशूब का अर्थ है "शेष लोग वापस आएंगे।"

[280] यशायाह 6:1-8

[281] यशायाह 1:4; 5:19, 24; 10:17, 20; 12:6; 17:7; 29:19, 23; 30:11-12, 15; 31:1; 37:23; 40:25; 41:14, 16, 20; 43:3, 14-15; 45:11; 47:4; 48:17; 49:7; 54:5; 55:5; 60:9।

[282] यशायाह 8:1-3

अंत में, इस्राएल का पवित्र परमेश्वर अपने लोगों को पुनःस्थापित करता है। यशायाह ने एक दिन का पूर्वानुमान लगाया जब परमेश्वर के लोगों को फिर "त्यागे हुए" नहीं कहा जाएगा, लेकिन उन्हें "यहोवा उनसे प्रसन्न है" कहा जाएगा। उसने एक दिन का पूर्वानुमान लगाया जब देश फिर "निर्जन" नहीं कहलाएगा, लेकिन इसे "सुहागन" कहा जाएगा।[283] एक धर्मत्यागा राष्ट्र के बजाय, यहूदा को "पवित्र लोग" कहा जाएगा; निर्वासन के बजाय, वे "प्रभु द्वारा छुड़ाये हुए" कहलाएंगे; अस्वीकार किए जाने के बजाय, वे 'ग्रहण किए हुए' कहलाएंगे; त्यागे हुए होने के बजाय, यरूशलेम को "एक शहर जिसको त्यागा नहीं गया ह" कहा जाएगा।[284]

➡ मसीह का आगमन

मसीह के आगमन पर ज़ोर देने के कारण, यशायाह की पुस्तक को कभी-कभी "पांचवा सुसमाचार" कहा जाता है। यशायाह भविष्यद्वाणी करता है कि मसीह यहूदा को छुड़ाएगा और उन सभी को जो विश्वास में उसके पास आते हैं। नासरत में अपने पहले उपदेश में, यीशु ने यशायाह की पुस्तक से पढ़ा और घोषणा की कि वह भविष्यद्वक्ताओं द्वारा किए गए वादों को पूरा करने आया है।[285]

यशायाह की पुस्तक के अंतिम खंड में, भविष्यद्वक्ता परमेश्वर के अभिषिक्त मसीह के आगमन की भविष्यद्वाणी करता है। वह एक कुंवारी से पैदा होगा[286]; वह जरूरतमंदों की सेवा करेगा[287]; वह मानव जाति को बचाने के लिए दुख उठाएगा[288]; वह एक दिन महिमा में शासन करेगा।[289] मसीह के कारण, परमेश्वर के लोगों का भविष्य उज्ज्वल है - चाहे उनकी वर्तमान परिस्थितियाँ कैसी भी हों।

यशायाह की ग्रन्थकारिता पर गहराई से दृष्टि

कुछ बाइबल आलोचकों का तर्क है कि यह पुस्तक केवल यशायाह द्वारा ही नहीं लिखी गयी थी। वे कहते हैं कि यशायाह 1-39 खुद यशायाह ने लिखे थे, जबकि अध्याय 40 - 66 कोई दूसरे लेखक द्वारा लिखे गए होंगे, जो यशााहह के १०० साल बाद रहा होगा। वे इन लेखकों को "यरूशलेम का यशायाह" और "दूसरा यशायाह" कहते हैं। ये आलोचक यशायाह का नए नियम की गवाही के लेखक के रूप में संदेह करते हैं। धर्मशास्त्रीयों का विश्वास है कि परमेश्वर ने अपने भविष्यद्वक्ता को यशायाह की पूरी पुस्तक बतायी। नीचे दी गयी सारणी में आलोचनात्मक विद्वानों का तर्क और एक सुसमाचारकों की प्रतिक्रिया है।

---

[283] यशायाह 62:4, English Standard Version; [284] यशायाह 62:12;
[285] लूका 4:16-30; यशायाह 61:1-2 और 58:6
[286] यशायाह 7:14; [287] यशायाह 61:1-3
[88] यशायाह 52:13 - 53:12; [289] यशायाह 60 - 66

समस्या	लिबरल आलोचकों का विश्वास	सुसमाचारकों का विश्वास
यशायाह ने 740 ईसा पूर्व से 680 ईसा पूर्व तक सेवा की। वह निर्वासन से वापसी का उल्लेख करता है, जो 538 ईसा पूर्व में शुरू हुआ था। उसने 44:28 और 45:1 में कुस्रू नाम का उल्लेख किया।	चूंकि कुस्रू यशायाह की मृत्यु के 100 साल बाद तक जीवित रहा, भविष्यद्वक्ता भविष्य के शासक की भविष्यद्वाणी नहीं कर सकता था।	परमेश्वर ने यशायाह को भविष्य प्रगट किया था - जिसमें, फारस के भविष्य के शासक कुस्रू का नाम शामिल था।
यशायाह 1 - 39 मुख्य रूप से अश्शूर और न्याय के बारे में है। यशायाह 40 - 66 मुख्य रूप से बाबुल और उद्धार के बारे में है।	एक लेखक के लेखन में ऐसा काफ़ी अनतर या बदलाव नहीं आता। यशायाह 40 - 66 का एक अलग लेखक होना चाहिए।	यशायाह ने अपने तत्काल सुन्-निवालों (पाप के लिए दण्ड) और भाविष्य के पाठकों (विश्नासयोग्यों की पुनरस्थापना) दोनों से बात की। यही बड़े प्रतिरोध का कारण है।
यशायाह 40 - 66 में उपयोग की गई भाषा (विशेषकर ‘शान्ति‘ की भाषा) यशायाह 1 - 39 में इस्तेमाल नहीं की गई है।	एक अलग भाषा अलग लेखक को दर्शाती है।	1 - 39 और 40 - 66 के विभिन्न विषयों को अलग भाषा की आवश्यकता है। हालांकि, पुस्तक के दोनों हिस्सों में ‘इस्राएल का पवित्र’ जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है।
संपूर्ण पुस्तक के लेखक के रूप में यशायाह को स्वीकार करने के कारण		
यशायाह १:१ आमोज के पुत्र यशायाह को लेखक का नाम देता है।		
यशायाह की सभी शुरुआती प्रतियां पुस्तक को एक ही पुस्तक के रूप में दिखाती हैं। कोई प्रमाण नहीं है जो बताता है कि यशायाह 1 - 39 और 40 - 66 को कभी दो अलग-अलग पुस्तकों के रूप में माना गया हो।		
नए नियम में यशायाह के बीस संदर्भ हैं। ये सन्दर्भ यशायाह की पुस्तक के दोनों हिस्सों से आते हैं और यशायाह को पूरी पुस्तक के लेखक के रूप में मानते हैं।[290]		

[290] उदाहरणों में मत्ती 3:3, प्रेरितों के काम 8:28, और रोमियो 9: 27-29 शामिल हैं। यूहन्ना 12:38-41 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यूहन्ना यशायाह 6:10 और 53:1 से लगातार आयतों को उद्धृत करता है। यूहन्ना दोनों संदर्भों को यशायाह की ओर से मानता है।

यशायाह की पुस्तक आज भी भी बताती है

यशायाह का संदेश उसके समय और हमारे समय दोनों के लिए उचित है। यशायाह ने एक ऐसे राष्ट्र को, जिसको स्वधर्म त्याग करने या परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहने का चुनाव करना था, उसने उन दण्ड की आज्ञाओं के बारे में बताया जो उनके ऊपर आएंगी अगर वे परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य न हो। उसने यहूदा और अन्य राष्ट्रों को चेतावनी दी कि इस्राएल का पवित्र परमेश्वर पाप को अनदेखा नहीं कर सकता। आज की अनुमति देने वाली संस्कृति में, हमें याद रखना चाहिए कि परमेश्वर पापों का न्याय करता है।

एक ऐसे देश को जो जल्द ही बाबुल के निर्वासन का सामना करेगा, यशायाह ने शेष बचे लोगों पर परमेश्वर की आशीष की बात कही, जो परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य बने रहते हैं। मसीह लोगों को आज की धमकियों का सामना करते समय यह याद रखना चाहिए कि विश्नासयोग्य रहने वालों का परमेश्वर सम्मान करता है। वह उन लोगों को सुनने और पुनःस्थापित करने का वादा करता है जो पश्चाताप करते हैं। यशायाह 21वीं सदी की जरूरतों के लिए प्रभावशाली ढंग से बोलता है।

निष्कर्ष: यशायाह नए नियम में

यशायाह पुराने नियम की पुस्तकों में से एक है जिसे बार बार नए नियम में ज़िक्र किया गया है। यशायाह के कुछ उदाहरण जो नये नियम में इस्तेमाल किये गये हैं, इनमें शामिल हैं:

- यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला जंगल में एक पुकार के रूप में (यशायाह 40:3; मत्ती 3:3)
- यीशु का कुंवारी से जन्म (यशायाह 7:14; मत्ती 1:23)
- यीशु द्वारा दृष्टान्तों का उपयोग (यशायाह 6:9-10; मत्ती 13:13-15)
- अन्यजातियों के लिए यीशु की सेवा (यशायाह 9:1-2 और 61:1-3; मत्ती 4:13-16 और लूका 4:14-21)
- राष्ट्रों का रूपांतरण (यशायाह 11:10 और 65:1, रोमियों 15:12 और 10:20)

यीशु के सेवाकार्य के दौरान, सुसमाचार लेखकों ने यीशु को यशायाह की भविष्यद्वाणियों की पूर्ति के रूप में देखा। अपने लोगों को पुनर्स्थापित करने और छुड़ाने के परमेश्वर के वादे बाबुल से लौटने में आंशिक तौर पर पूरे हुए; वे वादे यीशु नासरी के उद्धार के सेवाकार्य में पूर्ण रूप से पूरे हुए। मुख्य और अंतिम पूर्ति तब होगी जब परमेश्वर का परिवार उपासना में परमेश्वर के सिंहासन के चारो तरफ एकत्रित होगा।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंटों के साथ इस पाठ की अपनी समझ का प्रदर्शन कीजिए:

1) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिए:

विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

यशायाह 53 में यीशु के वर्णन पर चर्चा कीजिए। समझाइये कि यीशु ने इन भविष्यद्वाणियों को कैसे पूरा किया। अपने समूह की चर्चा का एक संक्षिप्त सारांश लिखिए।

विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट।

जब आप यशायाह की पुस्तक पढ़ते हैं, मसीह के आगमन की भविष्यद्वाणियों की एक सूची बनाइये। यशायाह की उन आयतों को सूचीबद्ध कीजिए जिनमें मसीह के विषय में भविष्यद्वाणी शामिल है और फिर नये नियम की आयतों को सूचीबद्ध कीजिए जो उस भविष्यद्वाणी की पूर्ती को दर्शाती हैं।

2) इस पाठ पर एक परीक्षा लीजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्धारित पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

यशायाह के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Bullock, C. Hassell. *An Introduction to the Old Testament Prophetic Books. (पुराने नियम की भविष्यद्वाणी की पुस्तकों का एक परिचय)* Moody Press, 1986.

Motyer, J. Alec. *Tyndale Old Testament Commentary: Isaiah (टिंडेल की पुराने नियम पर टिप्पणी: यशायाह)* InterVarsity, 1999.

Oswalt, John N. *Isaiah. NIV Application Commentary. (एन.आई.वी की टिप्पणी)* Zondervan, 2003.

ऑनलाइन स्त्रोत

"Yahweh and the Ancient Gods" at http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 9 के परीक्षा प्रश्न

1. वाक्यांश ______________________________ दर्शाता है कि भविष्यद्वक्ताओं ने परमेश्वर का वचन लाया था, न कि उनका अपना संदेश।

2. भविष्यद्वक्ताओं का वर्णन करने के लिए __________ नाम का उपयोग दर्शाता है कि परमेश्वर ने अपने भविष्यद्वक्ताओं को भविष्य के सत्य प्रकट किए।

3. तीन विषयों को सूचीबद्ध कीजिए जो भविष्यद्वाणी की पुस्तकों में हर जगह पाये जाते हैं।

4. यहोवा के दिन में तीन पहलू शामिल हैं। वे कौन से पहलू हैं?

5. यशायाह ने यहूदा के किन चार राजाओं के शासन के दौरान सेवा की?

6. यशायाह की पुस्तक के लिए दो उद्देश्यों को सूचीबद्ध कीजिए।

7. यशायाह में बचे हुए लोग कौन - कौन थे?

8. परमेश्वर की पवित्रता और संप्रभुता दिखाने के लिए यशायाह में परमेश्वर के किस नाम का प्रयोग किया गया है?

9. यशायाह को यशायाह की संपूर्ण पुस्तक के लेखक के रूप में स्वीकार करने के तीन कारणों को सूचीबद्ध कीजिए।

10. नए नियम में इस्तेमाल किये गये यशायाह के दो उदाहरणों को सूचीबद्ध कीजिए।

11. यशायाह 9:6-7 स्मरण करके लिखें।

पाठ 10
यिर्मयाह और विलापगीतः विलापकर्ता भविष्यद्वक्ता

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) यिर्मयाह की संभावित तिथि और ऐतिहासिक समायोजन को समझ सकें।

(2) यिर्मयाह के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(3) भविष्यद्वक्ताओं के लेखों में 'भविष्यद्वाणी के मुकदमे' को पहचान सकें।

(4) यरूशलेम के पतन की दुःखद घटना को महसूस कर सकें।

(5) यिर्मयाह की शांती के संदेश की सराहना कर सकें।

(6) यिर्मयाह के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

यिर्मयाह और विलापगीत को पढ़िए। विलापगीत 3:21-24 याद कीजिए।

यिर्मयाह, बाइबल की दूसरी सबसे लंबी किताब है, जीसमें यरूशलेम के पतन के आखिरी दिनों का एक विवरण है। परमेश्वर के लोगों के पाप, उसके विलाप और परमेश्वर के शहर के विनाश के कारण, यिर्मयाह को 'विलापकर्ता भविष्यद्वक्ता' के नाम से जाना जाता है।

यिर्मयाह की पुस्तक में, हम यहूदा के लोगों को परमेश्वर का संदेश लाने के लिए भविष्यद्वक्ता के संघर्ष को देखते हैं। विलापगीत की पुस्तक में, हम भविष्यद्वक्ता के दुःख को देखते हैं क्योंकि वह अपने प्यारे नगर बाबुल को नष्ट होते देखता है।

यिर्मयाह और विलाप गीत पर एक नज़र

लेखकः यिर्मयाह

श्रोतागणः यहूदा

दिनांकः 627-580 ईसा पूर्व

विषयः यरूशलेम शहर का पतन

उद्देश्यः आने वाले दण्ड के बारे में यहूदा को चेतावनी देना। यरूशलम के विनाश को अभिलिखित करना।

यिर्मयाह की पुस्तक में सुसमाचारः

यीशु धर्मी शाखा के रूप में आया जो यहूदा का ब्धार करेगा (यिर्मयाह 23:1-8)।

यिर्मयाह की तरह, यीशु को अपने ही लोगों ने अस्वीकार कर दिया था।

यिर्मयाह कीतरह, पौलुस ने कुम्हार और मिट्‌टी के संदेश में परमेश्वर की कृपा देखी।

यिर्मयाह की भूमिका

यिर्मयाह और विलापगीत का ऐतिहासिक समायोजन

यिर्मयाह हिल्किय्याह का पुत्र था, जो अनातोत से एक याजक था, जो यरूशलेम से पांच किलोमीटर उत्तर में एक लेवीय शहर था। अपने पिता के जैसे याजक बनने के बजाय, यिर्मयाह को एक भविष्यद्वक्ता के रूप में सेवा करने के लिए बुलाया गया। उसका शेष जीवन यहूदा के खिलाफ परमेश्वर के सन्निकट दण्ड के संदेश को लाने के लिए समर्पित था। यरूशलेम में आने वाली परेशानी के संकेत के रूप में, परमेश्वर ने यिर्मयाह को शादी नहीं करने का आदेश दिया।[291]

यिर्मयाह ने बड़े विरोध के कारण दुख उठाया, जिसमें हत्या की कोशिश, मारपीट, राजद्रोह का आरोप और कारावास शामिल हैं। यरूशलेम के पतन के बाद, एक समूह यिर्मयाह को उसकी इच्छा के विरुद्ध मिस्र ले गया।[292]

यरूशलेम के पतन से पहले यिर्मयाह ने चालीस वर्ष तक भविष्यद्वाणी की। उसने शायद अपना सेवाकार्य योशिय्याह के शासनकाल के दौरान शुरू किया था जो यहूदा का अंतिम अच्छा राजा था। 609 ईसा पूर्व में मिगिदो में मिस्र के फिरौन नेको से लड़ते हुए योशिय्याह की मृत्यु हो गई थी। इस समय से यहूदा के पतन की अवधि शुरू हुई। योशिय्याह के पुत्र यहोआहाज को मिस्र ले जाने से पहले, उसने तीन महीने तक ही सेवा की थी। मिस्र ने उसके भाई, यहोयाकीम को सिंहासन पर बैठाया। 605 ईसा पूर्व में बाबुल ने यरूशलेम पर हमला किया और यहूदी बंधुओं के पहले समूह को निर्वासन में ले लिया।[293]

598 ईसा पूर्व में यहोयाकीम ने बाबुल के खिलाफ विद्रोह किया, लेकिन यरूशलेम की बाबुल द्वारा घेराबंदी के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उसके पुत्र, यहोयाकीन ने नबूकदन्-ेस्सर से पराजित होने से पहले केवल तीन महीने तक शासन किया था। 597 ईसा पूर्व में यहोयाकीन को बंदिओ के दूसरे समूह के साथ बाबुल ले जाया गया।[294] नबूकदनेस्सर ने योशिय्याह के एक और पुत्र सिदकिय्याह को सिंहासन पर बैठाया। सिदकिय्याह ने 586 ईसा पूर्व तक शासन किया, लेकिन यह यहूदा के लिए स्थिर गिरावट की अवधि थी। सिदकिय्याह ने यिर्मयाह की चेतावनियों को सुनने से इनकार किया, यहां तक कि भविष्यद्वक्ता को जेल में डाल दिया।

---

[291] यिर्मयाह 16:1-4

[292] यिर्मयाह 11:18-23 और 26:1-15; 20:2; 37:11-16; 38:1-13; और 43:1-7

[293] बंधुओं के पहले समूह में दानिय्येल और उसके दोस्त थे (दानिय्येल 1: 1-7)।

[294] बंधुओं के दूसरे समूह में यहेजकेल शामिल था (यहेजकेल 1:1-3)।

बेबीलोनियन शासन को खत्म करने की कोशिश करते हुए, सिदकिया ने अन्य राजाओं के साथ एक गठबंधन बनाने की कोशिश की।[295] जवाब में, नबूकदनेस्सर ने फिर से 587-586 ईसा पूर्व में यहूदा पर हमला किया। इस तीसरे आक्रमण के दौरान, नबूकदनेस्सर ने यरूशलेम को हरा दिया और गदल्याह को राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया।[296] यहूदा में फिर कभी कोई राजा दाऊद के परिवार से राजा न बना।

यिर्मयाह की सेवा को तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है:

- 627-605 ईसा पूर्व उसने भविष्यद्वाणी की, जब अश्शूर और मिस्र ने यहूदा को धमकी दी।
- 605-586 ईसा पूर्व यहूदा पर बाबुल के हमलों के दौरान उसने भविष्यद्वाणी की।
- 586-580 ईसा पूर्व उसने यहूदा के पतन के बाद यरूशलेम और मिस्र में सेवा की।

उद्देश्य

यिर्मयाह यहूदा को परमेश्वर की धैर्ययुक्त चेतावनियां बताता है। चूंकि उन्होंने पश्चाताप करने से इनकार कर दिया, इसलिए परमेश्वर का दण्ड निश्चित था। यिर्मयाह ने परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहने वाले बचे हुए लोगों की पुनःस्थापन का वादा भी बताया। जबकि यिर्मयाह के श्रोतागणों ने उसके संदेश को कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उसने जो किताब छोड़ी, वह यहूदा के आखिरी दिनों में परमेश्वर की विश्वासयोग्यता का अभिलेख बताती है।

यिर्मयाह की पुस्तक का अवलोकन

यिर्मयाह की पुस्तक कालानुक्रमिक क्रम में नही है। इसमें स्पष्ट संरचना की कमी है कि जिसे कोई यिर्मयाह के जीवनकाल के महान तनाव के साथ जोड़ सकता है।

आप इस क्रम में निम्नलिखित अध्यायों को पढ़कर यिर्मयाह की ज़िंदगी और यरूशलेम के पतन का अवलोकन कर सकते हैं:

अध्याय	अनुमानित तिथि	विषय
1	627 ईसा पूर्व	यिर्मयाह की बुलाहट
7	609-597	मंदिर में उपदेश
11-13	अनिश्चित	यिर्मयाह के सेवाकार्य के प्रति विरोध
26	608	यिर्मयाह को मौत की धमकी

[295] यिर्मयाह 27:1-15

[296] यिर्मयाह 39-40

25	605	सत्तर साल की कैद
36	605	यहोयाकीम ने यिर्मयाह की पुस्तक को जलाया
29	597	बंधुओं को पत्र
20	597-586	पशहूर याजक के द्वारा विरोध
27-28	594	हनन्याह से सामना
32	588	यिर्मयाह एक खेत खरीदता है।
37-38	588	यिर्मयाह कैद में
39 & 52	586	यरूशलेम का पतन
40-41	586	गदल्याह राज्यपाल के रूप में
42-43	586/585	यिर्मयाह को मिस्र में ले जाया जाता है।

शेष अध्यायों में परमेश्वर के लोगों को यिर्मयाह के संदेश हैं, वे संदेश जिनको उसके श्रोताओं द्वारा बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया जाता है।

यिर्मयाह की पुस्तक की रूपरेखा

➡ यिर्मयाह की बुलाहट (यिर्मयाह 1)

***?* अपनी सेवकाई की बुलाहट का वर्णन कीजिए। आपकी सेवकाई में इस बुलावाट की पुष्टि कैसे हुई है?**

यिर्मयाह के जन्म से पहले, परमेश्वर ने उसे राष्ट्रों के लिए एक भविष्यद्वक्ता नियुक्त किया। जब परमेश्वर ने उसे एक भविष्यद्वक्ता होने के लिए बुलाया, तो यिर्मयाह ने जवाब दिया कि वह अभी भी एक युवा है और इस तरह की जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं है। परमेश्वर ने यिर्मयाह की बुलाहट की पुष्टि करने के लिए तीन संकेतों के साथ जवाब दिया:

- परमेश्वर ने यिर्मयाह के मुंह को छुआ ताकि अपने शब्दों को उसके मुंह में डाल सके (यिर्मयाह 1:9-10)।
- परमेश्वर ने यिर्मयाह को एक बादाम के पेड़ का दर्शन दिया और उससे कहा कि परमेश्वर अपने वचन को पूरा करने के लिए जागृत है (यिर्मयाह 1:11-12)।[297]
- परमेश्वर ने यिर्मयाह को उबलते हुए पानी के मटके का दृष्टान्त दिया, जो देश में आनेवाले दण्ड को दर्शाता है (यिर्मयाह 1:13-14)।

---

[297] बादाम का पेड़ एक इब्रानी शब्द का खेलहै। “बादाम” इब्रानी शब्द *शाक़ेद* है, “देखना” शब्द *शोक़ेद* है। बसंत में बादाम के पेड़ में सबसे पहले अंकुर निकलता था, इसलिए इब्रानी लोग कहते थे कि बादाम के पेड़ “बसंत की प्रतीक्षा करना है। उसी तरह, परमेश्वर यिर्मयाह को बताता है कि वह भविष्यद्वाणी के संदेश को पूर्ण होने की प्रतीक्षा करे।

➡ **वाचा के प्रति यहूदा की अविश्वासयोग्यता** (यिर्मयाह 2-10)

उपदेशों, वस्तुओं के उदाहरण और दृष्टान्तों के माध्यम से, यिर्मयाह वाचा के प्रति यहूदा की अविश्वासयोग्यता को दर्शाता है। यहूदा एक अविश्वासयोग्य पत्नी की तरह है जो दूसरे प्रेमियों के पीछे भागती है। यिर्मयाह 7 के 'मंदिर उपदेश' में, भविष्यद्वक्ता उन उपासकों की निंदा करता है जो विश्वास करते हैं कि वे मंदिर की वजह से बचाये जाएंगे। जैसे परमेश्वर ने शीलो (इस्राएल का पूर्व अराधना स्थाल) को नष्ट होने दिया, उसी तरह वह मंदिर को नष्ट होने देगा।[298] परमेश्वर का घर लुटेरों का अड्डा बन गया है और अब पवित्र नहीं है, क्योंकि अराधक पवित्र नहीं हैं।

➡ **यिर्मयाह परमेश्वर और यहूदा के साथ संघर्ष करता है** (यिर्मयाह 11-20)

यह खंड, जिसे 'यिर्मयाह का अंगीकार' कहा जाता है, इस में प्रार्थनाएं शामिल हैं जिनमें यिर्मयाह अपने सुननेवालों के हठ के बारे में परमेश्वर से शिकायत करता है। यिर्मयाह को उन लोगों को प्रचार करने के लिए भेजा गया है, जिन लोगों ने सुभसंदेश को अस्वीकार किया और वे दूत को मारने के लिए षडयंत्र करते हैं।

इस निराशा के संदेश को प्रचार करने पर यिर्मयाह निराशा हुआ। परमेश्वर यिर्मयाह से कहता है, "यदि मूसा और शमूएल भी मेरे सामने खड़े होते, तौभी मेरा मन इन लोगों की ओर न फिरता।"[299] क्योंकि यहूदा पश्चाताप करने से मना करता है, इसलिए दण्ड के सिवाय कुछ भी नहीं बचा है। झूठे भविष्यद्वक्ताओं ने लोगों से कहा है कि परमेश्वर शांति लाएगा; इसके बजाय वे या तो मर जाएंगे या कैद में जाएंगे।[300] धर्मत्यागी यहूदा के लिए कोई शांति नहीं होगी।

➡ **यिर्मयाह का यहूदा के शासकों और भविष्यद्वक्ताओं के साथ सामना** (यिर्मयाह 21-29)

यिर्मयाह राजा यहोयाकीम का सामना करता है, जिसने परमेश्वर की आज्ञाकारिता अपने पिता के जैसे पालन नहीं किया था। राजा के अंतिम संस्कार के साथ जुड़े विस्तृत रस्मों के बजाय, यिर्मयाह भविष्यद्वाणी करता है कि यहोयाकीम को शहर के फाटक के बाहर खींच लिया जाएगा और एक मरे हुए गधे की तरह फेंक दिया जाएगा।

यिर्मयाह झूठ बोलनेवाले झूठे भविष्यद्वक्ताओं का सामना करता है जो परमेश्वर के सामने निंदा करने वाले लोगों के लिए आशा के झूठे संदेश देते हैं।

---

[298] यिर्मयाह 7:14; 1 शमूएल 1:3 और 4:2-11

[299] यिर्मयाह 15:1

[300] यिर्मयाह 14:3-16 और 15:2-9

घेराबंदी के समय के दौरान, यिर्मयाह मंदिर के बाहर खड़ा होता है ताकि लोगों को दण्ड का संदेश सुना सके। वह उनसे कहता है कि वे सत्तर साल की बंधुआई का सामना करेंगे। परमेश्वर के क्रोध का कटोरा भरा है; यरूशलेम सभी राष्ट्रों समेत प्याले से पीएंगे जो परमेश्वर को त्यागते हैं।

यिर्मयाह यरूशलेम के बाबुल के प्रति आत्मसमर्पण के प्रतीक के रूप में अपनी गर्दन के आसपास एक जुए को पहनता है। एक झूठा भविष्यद्वक्ता हनन्याह जुए को तोड़ देता है और कहता है कि परमेश्वर जल्द ही नबूकदनेस्सर से राष्ट्र को मुक्त कर देगा। दण्ड में, परमेश्वर हनन्याह के जीवन को ले लेता है।

इस खंड की अंतिम भविष्यद्वाणी बाबुल में बंधुओं को एक पत्र के रूप में आती है। यद्यपि हनन्याह और अन्य झूठे भविष्यवक्ता बाबुल की हार की भविष्यद्वाणी करते हैं, यिर्मयाह बंधुओं को घर बनाने, पौधों के बगीचे बनाने और बाबुल में शांति के लिए प्रार्थना करने के लिए कहता है, क्योंकि वे वहां सत्तर साल तक होंगे।

➡ **भविष्य के पुनःस्थापन का वादा** (यिर्मयाह 30-33)

इन अध्यायों को अक्सर "शांती की पुस्तक" कहा जाता है। यद्यपि यिर्मयाह के संदेश का अधिकांश भाग दण्ड का संदेश है, वह अपने सुननेवालों से कहता है कि परमेश्वर यहूदा को देश में पुनः स्थापित करेगा। यद्यपि इस्राएल वाचा के प्रति अविश्वासयोग्य रहा, फिर भी परमेश्वर "उनके हृदय" पर एक नई वाचा लिखेगा और "उनका पाप फिर याद नहीं करेगा।"[301]

परमेश्वर यिर्मयाह को उसके चचेरे भाई हनमेल से जमीन का एक टुकड़ा खरीदने के लिए कहता है। यह एक आश्चर्यजनक आज्ञा है क्योंकि यरूशलेम जल्द ही नष्ट हो जाएगा! जब यिर्मयाह एक स्पष्टीकरण मांगता है, तो परमेश्वर अद्‌भुत वादा करता है कि वह दिन आ रहा है जब "खेतों को पैसे देकर खरीदा जाएगा, और दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किये जाएंगे, मुहर लगाई जाएगी और प्रमणित किया जाएगा ... क्योंकि मैं उनके दिनों को लौटा ले आऊंगा; यहोवा की यही वाणी है।"[302] परमेश्वर अपने लोगों को नहीं भूला है। दण्ड में भी, वह भविष्य के पुनःस्थापन का वादा करता है।

➡ **यरूशलेम के अंतिम दिन** (यिर्मयाह 34-45)

अध्याय 34-45 में यरूशलेम के आखिरी दिनों का विवरण है। यहूदा के अगुए अंतिम समय तक परमेश्वर के वचन को अस्वीकार करते रहते हैं। घेराबंदी के दौरान यिर्मयाह के विनाश

---

[301] यिर्मयाह 31:31-34

[302] यिर्मयाह 32:44, *English Standard Version.*

के संदेश की वजह से यिर्मयाह के साथ राज-द्रोही के रूप में बर्ताव किया जाता है, और उसे बंदीगृह में डाल दिया जाता है। हालांकि, परमेश्वर का दण्ड का संदेश पूरा हो गया है: यरूशलेम का पतन होता है, राजा सिदकिय्याह पकड़ा जाता है, और सिदकिय्याह के अंधे होने से पहले उसके पुत्रों को मार डाला जाता है। आखिरी चीज जो सिदकिय्याह देखता है वह उसके पुत्रों की मृत्यु है।

बेबीलोन की कठपुतली हाकिम गदल्याह की हत्या के बाद, यहूदीयों का एक समूह मिस्र को भाग निकलता है, यिर्मयाह और उसके सचिव बारूक को लेकर। यहां तक कि मिस्र में, कई यहूदी मूर्तियों की पूजा करना जारी रखते हैं। यिर्मयाह अपनी निरंतर मूर्तिपूजा के परिणामस्वरूप और दुःख की भविष्यद्वाणी करता है।

➡ **अन्य राष्ट्रों के प्रति भविष्यद्वाणियां** (यिर्मयाह 46-51)

जबकि यिर्मयाह का अधिकांश भाग यहूदा पर दण्ड के संदेश के लिए समर्पित है, लेकिन परमेश्वर की संप्रभुता अन्य राष्ट्रों तक फैली हुई है। भविष्यद्वाणियों की एक श्रृंखला में, यिर्मयाह ने मिस्र, पलेसी, मोआब, अम्मोन, एदोम, दमिश्क, केदार, हासोर और एलाम के खिलाफ भविष्यद्वाणी की थी। अंत में, इसके होने के पचास साल पहले, यिर्मयाह ने मादियों द्वारा बाबुल के पतन होने की भविष्यद्वाणी की।[303]

इस खंड से पता चलता है कि परमेश्वर सभी लोगों पर प्रभु है। परमेश्वर ने इस्राएल को दण्ड देने के लिये अन्य राष्ट्रों का इस्तेमाल किया, परन्तु वह उन राष्ट्रों को दण्ड देगा और अपने लोगों को यरूशलेम में पुनः स्थापित करेगा। परमेश्वर ने इस्राएल को दंड देने के लिए अश्शूर का इस्तेमाल किया; तब उसने नबूकदनेस्सर को अश्शूर से हरवाया। निर्वासन के बाद, परमेश्वर यहूदा को पुनः स्थापित करेगा और माफ़ करेगा।[304]

➡ **यरूशलेम के पतन फिर से बताया गया** (यिर्मयाह 52)

यिर्मयाह की पुस्तक यरूशलेम के पतन को फिर से सुनाकर समाप्त होती है। यिर्मयाह 52, 2 राजा 24 - 25 और यिर्मयाह 39 के समानांतर है। पुस्तक आशा की एक टिप्पणी पर समाप्त होती है। नबूकदनेस्सर के उत्तराधिकारी एविल-मरोदक ने राजा यहोयाकीन को जेल से छोड़ दिया और उसे राजा की मेज़ से खाने की अनुमति दे दी। यह यिर्मयाह के पाठकों को याद दिलाता है कि दाऊद का वंश को सुरक्षित रखा गया है। परमेश्वर हमेशा अपने लोगों की देखभाल करता हैं, यहां तक कि निर्वासन में भी।

---

[303] यिर्मयाह 51:11। 550 ईसा पूर्व में, कुस्रू द्वारा मादी फ़ारसी साम्राज्य में शामिल हो गए। इस साम्राज्य ने 539 ईसा पूर्व में बाबुल को नष्ट कर दिया और इस्राएल के लोगों को यरूशलेम लौटने की अनुमति दी।

[304] यिर्मयाह 50:17-20

"भविष्यद्वाणी के मुकदम" पर गहराई से दृष्टि

पेंटट्यूक में, हमने इस्राएल के इतिहास में वाचा के महत्व को देखा। मूसा की व्यवस्था इस्राएल को शासित करनेवाले नियमों के एक समूह से कहीं ज्यादा थी। इस्राएल के साथ परमेश्वर की वाचा प्रेम के संबंध पर आधारित थी। इस्राएल की अवज्ञा से उस वाचा का उल्लंघन हुआ, जिससे परमेश्वर और इस्राएल के बीच एक मजबूत रिश्ता था।

भविष्यद्वक्ता अक्सर मूसा की व्यवस्था की ओर संकेत करते हैं, यह दर्शाने के लिए कि इस्राएल ने परमेश्वर के साथ अपनी वाचा की शर्तों को तोड़ दिया है। हम इन दोषारोपणों को 'भविष्यद्वाणी का मुकदमा' कहते हैं, जो यहूदा के खिलाफ दोषारोपणों की एक सूची है। यिर्मयाह दर्शाता है कि यहूदा ने वाचा का उल्लंघन किया है और उन शापों को भुगतना होगा जो वाचा का हिस्सा था। नीचे दिए गए चार्ट में यिर्मयाह में भविष्यद्वाणी के मुकदमे के तत्वों को दिखाया गया है।

भविष्यद्वाणी के मुकदमे	**यिर्मयाह**
उल्लंघन करने वाले पक्ष को आह्नान	"हे याकूब के घराने, हे इस्राएल के घराने के कुलों के लोगो, यहोवा का वचन सुनो!" (यिर्मयाह 2: 4)।
यहूदा को परमेश्वर की भलाई का अनुस्मारक	"मैं तुम को इस उपजाऊ देश में ले आया कि उसका फल और उत्तम उपज खाओ;" (यिर्मयाह 2: 5-7)।
इस्राएल के खिलाफ दोषारोपण	"यहोवा की यही वाणी है, और फिर भी मैं तुम्हारे साथ वाद-विवाद करूँगा, और तुम्हारे बेटे और पोतों से भी प्रश्न करूंगा... मेरी प्रजा ने अपनी महिमा को निकम्मी वस्तु से बदल दिया है.... क्योंकि मेरी प्रजा ने दो बुराइयां की हैं: उन्होंने मुझ बहते जल के सोते को त्याग दिया है, और, उन्होंने हौद बना लिए, वरन ऐसे हौद जो टूट गए हैं, और जिन में जल नहीं रह सकता' (यिर्मयाह 2:9-13)।
यहूदा के खिलाफ साक्षी को पुकार	"हे आकाश, चकित हो, बहुत ही थरथरा और सुनसान हो जा, यहोवा की यह वाणी है। (यिर्मयाह 2:12)।
यहूदा की अविश्वासयोग्यता के लिए विलाप	"क्या कुमारी अपने सिंगार या दुल्हिन अपनी सजावट भूल सकती है? तौभी मेरी प्रजा ने युगों से मुझे भुला दिया है" (यिर्मयाह 2:31-32)।
यदि यहूदा ने पश्चाताप किया तो पुनःस्थापन का वादा	"हे भटकने वाले लड़को लौट आओ, यहोवा की यही वाणी है.... उस समय यरूशलेम यहोवा का सिंहासन कहलाएगा, और सब जातियां उसी यरूशलेम में मेरे नाम के निमित्त इकट्ठी हुआ करेंगी" (यिर्मयाह 3:13-17)।

विलापगीत

विलापगीत की भूमिक और संरचना

यद्यपि विलापगीत की पुस्तक एक लेखक की पहचान नहीं करती है, यहूदी और ईसाई परंपरा यिर्मयाह को पुस्तक का लेखक बताती है। यह पुस्तक यरूशलेम के पतन के तुरंत बाद लिखी गई थी, जो पुस्तक का मुख्य विषय है। ऐसी संभावना है कि यिर्मयाह ने विलापगीत की पुस्तक को मिस्र में बंदी बनकर ले जाये जाने से पहले लिखा होगा।

विलापगीत की पुस्तक में पांच कवितायें शामिल हैं जो यरूशलेम के विनाश का शोक प्रकट करती हैं। ये कविताएं कवि के व्यक्तिगत दुःख को व्यक्त करती हैं।

विलापगीत 5 को छोड़कर प्रत्येक अध्याय एक विशेष रूप में है जिसे अक्षरबद्ध कविता कहा जाता है। इब्रानी वर्णमाला में बाईस अक्षर हैं। विलापगीत में 1, 2, और 4 प्रत्येक अक्षर से एक पद शुरू होता है। विलापगीत 1:1 आलेफ, इब्रानी वर्णमाला के पहले अक्षर के साथ शुरू होता है। विलापगीत1:2 बेत के साथ शुरू होता है और पूरे अध्याय में यही प्रतिरूप चलता है। विलापगीत 3 में छियासठ पद हैं, हर तीन पदों के बाईस समूह हैं। इस काव्यात्मक रूप का इस्तेमाल यिर्मयाह के दुःख के प्रकटीकरण को एक प्रतिरूप प्रदान करता है।

विलापगीत का उद्देश्य

इन कविताओं में यरूशलेम के पतन के विषय में लेखक के बड़े दुःख का विवरण हैं। वे यह स्पष्ट करती हैं कि यरूशलेम की पीड़ा यहूदा के पाप का परिणाम था, परमेश्वर की विफलता नहीं। यिर्मयाह की पुस्तक यरूशलेम के आने वाले पतन के भविष्य का ध्यान करती है; विलापगीत की पुस्तक शहर के पतन को स्मरण करती है।

के पतन के दो दृश्य

विलापगीत का संदेश

विलापगीत दुःख से प्रार्थना की ओर बढ़ता है। यह यरूशलेम के दुखद अंत का वर्णन करते हुए एक विलात के साथ शुरू होता है। यह जो एक महान शहर था अब विधवा हो गयी

है। वह परमेश्वर के प्रती अविश्वासयोग्य थी, और अब उसने "उसके बहुत से अपराधों के कारण उसे दुःख दिया है।"[305] विलापगीत का धर्मविज्ञान राजाओं और यिर्मयाह के समनुरूप है। ये किताबें बताती हैं कि यरूशलेम का पतन हुआ।

- ➢ लोगों के पापों के कारण (विलापगीत 1:18)
- ➢ झूठे भविष्यद्वक्ताओं और पापी याजको के कारण (विलापगीत 4:13)

विलापगीत 3 यरूशलेम के लिए शोक करना जारी रखता है, लेकिन परमेश्वर की दया का विषय भी प्रस्तुत करता है। विलापगीत 3:19-39 परमेश्वर की भलाई और दृढ़ प्रेम पर एक प्रतिबिंब है।

यरूशलेम की घेराबंदी के दौरान एक अन्य विलाप की स्थिति का वर्णन करते हुए (विलापगीत 4), कवि पुनर्स्थापना की प्रार्थना के साथ समाप्त करता है। विलापगीत की मान्यता है कि यहूदा की एकमात्र आशा परमेश्वर की दया है: 'हे यहोवा, हम को अपनी ओर फेर, तब हम फिर सुधर जाएंगे![306]

यिर्मयाह की किताब आज भी बताती है

आजकल की कलिसिया का एक हिस्सा एक शिक्षा के बंधन में है जो मसीह लोगों को विशेष रूप से सेवकों के स्वास्थ्य और धन का वादा करती है। कुछ देशों में, 'समृद्धि सुसमाचार' के प्रचारक देश के सबसे धनी लोगों में से एक हैं; गरीब लोग इन अगुवाओं की भव्य जीवन शैली का भरण पोषण करने के लिए त्याग-भाव से दान देते हैं। यह दृष्टिकोण बाइबल की मिसाल से बहुत परे है।

यिर्मयाह दर्शाता है कि परमेश्वर के संदेश के प्रति विश्वासयोगेयता बहुमूल्य है। यिर्मयाह ने परमेश्वर की बुलाहट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए दुख उठाया; यीशु ने पिता के कार्य के प्रति उसकी आज्ञाकारिता के लिए दुख उठाया; आज के सेवकों को विरोध का सामना करने के लिए विश्वासयोग्यता में बने रहने के लिए बुलाया जाता है।

यिर्मयाह 29:11 का वादा आसन्न बाबुल के निर्वासन के संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। यिर्मयाह ने लोगों से वादा किया, 'क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानि की नहीं, वरन कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा।' हालांकि, परमेश्वर के लोगों को जल्द ही बड़ी पीड़ा का सामना करना होगा। अपने लोगों के लिए परमेश्वर की योजना अच्छी है; परन्तु इससे दुःख से मुक्त

---

[305] विलापगीत 1:5

[306] विलापगीत 5:21, English Standard Version

जीवन का आश्र्वासन नहीं मिलता। यहां तक कि पाप और हमारी दुनिया पर इसके प्रभावों के कारण, परमेश्वर के लोग भी दुख उठाते हैं।

हालांकि, जैसा विलापगीत की पुस्तक दर्शाती है, कि पीड़ा में भी परमेश्वर अपने लोगों के प्रति विश्वासयोगेय है। मुसीबत में भी, हम परमेश्वर की भलाई पर भरोसा कर सकते हैं। “यहोवा का दृढ़ प्रेम कभी खत्म नहीं होता; उसकी दया कभी खत्म नहीं हुई; वे हर सुबह नए होती हैं; हे यहोवा, तेरी सच्चाई महान है।”[307]

निष्कर्ष: यिर्मयाह नये नियम में

नए नियम के लेखकों द्वारा अक्सर यिर्मयाह का हवाला दिया जाता है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक ‘बाबुल’ के आने वाले विनाश, परमेश्वर के लोगों के शत्रु का वर्णन करने के लिए यिर्मयाह की पुस्तक से हवाला देती है।[308]

यिर्मयाह की सेवा और यीशु की सांसारिक सेवा के बीच कई समानताएँ हैं। जैसे यिर्मयाह यरूशलेम के विनाश पर रोया, वैसे ही यीशु शहर पर रोया और मंदिर के विनाश की भविष्यद्वाणी की।[309] मंदिर के शुद्धिकरण होने पर, यीशु ने परमेश्वर के घर के डाकुओं के अड्डे में अनर्थ का वर्णन करने के लिए, यिर्मयाह की भाषा का प्रयोग किया।[310] यिर्मयाह और यीशु दोनों को उन लोगों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया, जिनकी सेवा करने के लिए वे आए थे।

पौलुस ने अन्यजातियों को उद्धार के लिए बुलाने के लिए परमेश्वर की संप्रभुता के लेख में यिर्मयाह की भाषा का इस्तेमाल किया। कुम्हार का मिट्टी पर अधिकार है और उसने “और दया के बरतनों पर महिमा के धन को प्रगट किया है।”[311]

सबसे महत्वपूर्ण, सुसमाचार को परमेश्वर के लोगों के लिए भविष्य के पुनःस्थापन के यिर्मयाह के वादों में देखा जाता है। यह पुनःस्थापन पूर्ण रूप से कभी इस्राएल के इतिहास में पूरा नहीं हुआ था। यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से, यह पुनःस्थापन कलिसिया के माध्यम से पूरा होता है।

---

[307] विलापगीत 3:22-23

[308] उदाहरणों में शामिल है प्रकाशित वाक्य 18:4, 8, और 24

[309] लूका 19:41-44 और मत्ती 24:1-2

[310] यिर्मयाह 7:11 और मत्ती 21:13

[311] रोमियों 9:20-24

पाठ असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंटों के साथ इस पाठ की अपनी समझ का प्रदर्शन कीजिएः

1) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिएः

   विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

   यिर्मयाह 11-20 में यिर्मयाह के 'अंगीकार' पर चर्चा कीजिए। यिर्मयाह की शिकायत और परमेश्वर के जवाबों की एक सूची बनाइये। यिर्मयाह की शिकायतों की तुलना अपनी उन मुश्किलों से कीजिए जिनका आप सेवाकार्य में सामना करते हैं। यिर्मयाह के उदाहरण से आपके समूह को कौन सी शिक्षाएं मिल सकती हैं? अपनी चर्चा का एक पृष्ठ सारांश लिखिए।

   विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट

   अ। परमेश्वर की सच्ची दया पर उपदेश देने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा लिखिए जो यिर्मयाह और विलापगीत पर अधारित हो।

   ब। परमेश्वर के न्याय पर उपदेश देने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा लिखिए जो यिर्मयाह और विलापगीत पर अधारित हो।

2) इस पाठ पर एक परीक्षा लिजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्धारित पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

यिर्मयाह के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Fretheim, Terence E. *Jeremiah. (यिर्मयाह)* Smyth and Helwys, 2002.

Lallman, Hetty. *Tyndale Old Testament Commentaries: Jeremiah and Lamentations. (टिंडेल की पुराने नियम पर टिप्पणियांः यिर्मयाह और विलापगीतः)* Intervarsity Press, 2013.

Thompson, J.A. *New International Commentary on the Old Testament: Jeremiah (न्यू इंटरनेशनल की पुराने नियम पर टिप्पणीः यिर्मयाह)* Eerdmans Publishing Co., 1980.

Varughese, Alex. *New Beacon Bible Commentary: Jeremiah* (2 vols.). *(न्यू बीकन की बाइबल टिप्पणीः यिर्मयाह)* Beacon Hill Press, 2008-2010.

ऑनलाइन स्त्रोत

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 10 के परीक्षा प्रश्न

1. यिर्मयाह को "विलाप का भविष्यद्वक्ता" क्यों कहा जाता है?

2. यिर्मयाह की पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या थी?

3. निर्वासन में गए बंदियों के तीन समूहों की तिथियों को सूचीबद्ध कीजिए। पहले दो समूहों के लिए, उस एक भविष्यद्वक्ता का नाम बताइये जिसको निर्वासन में ले जाया गया था।

4. यिर्मयाह और विलापगित के प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं?

5. "भविष्यद्वाणी का मुकदमा" क्या है?

6. "यिर्मयाह के अंगीकार" क्या हैं?

7. यिर्मयाह में "शान्ति की किताब" क्या है?

8. विलापगीत के 5 अध्यायों में से 4 में कौन से काव्यात्मक रूप का प्रयोग किया गया है?

9. विलापगीत 3:21-24 स्मरण करके लिखें।

पाठ 11
यहेजकेल और दानिय्येलः निर्वासन में भविष्यवक्ता

पाठ के उद्देश्य

इस अध्याय के अंत तक, छात्रः

(1) यहेजकेल और दानिय्येल की संभावित तिथि और ऐतिहासिक व्यवस्था को जान सकें।

(2) यहेजकेल और दानिय्येल के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों की संक्षेप रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(3) कयामत की भविष्यद्वाणी की व्याख्या में शामिल मुद्दों को समझ सकें।

(4) मानव इतिहास पर परमेश्वर की संप्रभुता का आदर कर सकें।

(5) यहेजकेल और दानिय्येल के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

यहेजकेल और दानिय्येल पढ़िए

यहेजकेल 36:25-27 को याद कीजिए

बहुत समानता हैं यहेजकेल, दानिय्येल और यिर्मयाह की पुस्तके के बीच में। ये तीनों पुस्तकें यरूशलेम के पतन के वर्षों के दौरान आती हैं। दानिय्येल और यहेजकेल बाबुल में हैं, जबकि यिर्मयाह यरूशलेम में है। यिर्मयाह ने यरूशलेम के विनाश को प्रत्यक्ष देखा, यहेजकेल ने बाबुल में अपने घर से विनाश के दर्शन देखे। दानिय्येल को जो यिर्मयाह और यहेजकेल से छोटा था, उसको यरूशलेम की पहली घेराबंदी के दौरान बाबुल को ले जाया गया था।

यद्यपि इन पुस्तकों में प्रत्येक में आशा और पुनःस्थापन के संदेश हैं, परन्तु यहेजकल और दानिय्येल की पुस्तकें भविष्य की पुनःस्थापन पर यिर्मयाह से ज़्यादा ध्यान केन्द्रित करती हैं। यिर्मयाह का प्राथमिक संदेश यरूशलेम पर न्याय के विषय में था। यहेजकेल ने पुनःस्थापन का एक प्रेरणादायक दर्शन देखा। दानिय्येल ने दूरस्थ भविष्य में परमेश्वर के उद्देश्यों की अंतिम पूर्ति का दर्शन देखा।

यहेजकेल और दानिय्येल की समय रेखा	
तिथि	**घटना**
605 ईसा पूर्व	दानिय्येल को बाबुल ले जाया गया
597 ईसा पूव	यहेजकेल को बाबुल ले जाया गया

586 ईसा पूव	यरूशलेम का पतन
571 ईसा पूव	यहेजकेल के सेवाकार्य का अंत
539 ईसा पूव	फारस का बाबुल पर शासन होता है
538 ईसा पूव	निर्वासन से पहली वापसी
536 ईसा पूव	दानिय्येल के सेवाकार्य का अंत

यहेजकेल की पुस्तक की भूमिका

यहेजकेल का एतिहासिक समायोजन

यहेजकेल के नाम का अर्थ है "परमेश्वर ने सुदृढ़ किया है।" वह 621 ईसा पूर्व में योशिय्याह की व्यवस्था की खोज के कुछ समय पहले पैदा हुए था। एक याजक के बेटे के रूप में, यहेजकेल ने पुनरुत्थान की गवाही दी जो योशिय्याह के सुधारों के साथ थी और संभवता है उसने यिर्मयाह का प्रचार सुना था।

यहेजकेल एक नज़र में

लेखकःयहेजकेल

श्रोतागणः बाबुल में बंधुए

तारीखः 593-571 ईसा पूर्व।

विषयः न्याय और पुनःस्थापन

उद्देश्यः आने वाले न्याय के विषय में चेतावनी देना
भविष्य की पुनःस्थापन का वादा करना

यहेजकेल की पुस्तक में सुसमाचारः

यहेजकेल ने एक ऐसे दिन का दर्शन देखा जब परमेश्वर की उपस्थिति उसके लोगों के साथ फिर होगी। यह यीशु में पूरा हुआ (यूहन्ना 1:14)।

यहेजकेल ने एक बहती जीवन की नदी देखी जो जीवन देती है। यीशु ने खुद को उस जीवन देने वाले जल का स्रोत बताया (यूहन्ना 4:10-14)।

यहोयाकीम के विद्रोह के बाद यहेजकेल को 597 ईसा पूर्व के निर्वासन में बाबुल ले जाया गया। वह निप्पुर शहर के पास स्थित कबार नदी के निकट बंधुओं के एक समुदाय में बस गया था। यहेजकेल विवाहित था, लेकिन उसके किसी बच्चे का उल्लेख नहीं किया गया है।

यरूशलेम में एक याजक के रूप में सेवा करने के बजाय, यहेजकेल ने बंधुओं के बीच एक भविष्यद्वक्ता के तौर पर सेवा की।[312] एक याजक का सेवाकार्य तीस वर्ष की आयु से शुरू होता था और पचास पर समाप्त होता था।[313] यहेजकेल का पहला दर्शन तीस वर्ष की आयु के आस-पास आया था और वह दर्शन जिसके साथ पुस्तक समाप्त होती है तब

[312] यहेजकेल 8:1;14: 1; 20:1
[313] गिनती 4:3

आया जब यहेजकेल पचास वर्ष का था।[314] यिर्मयाह की तरह, यहेजकेल में संदेश हमेशा कालक्रमानुसार नहीं हैं। यहेजकेल की भविष्यद्वाणी कि नबूकदनेस्सर मिस्र[315] को हरायेगा 571 ईसा पूर्व में की गयी थी, उस दर्शन के दो साल बाद जिसके साथ पुस्तक समाप्त होती है।

यिर्मयाह के मुख्य श्रोतागण यरूशलेम के लोग थे, लेकिन उसने बाबुल में बंधुओं को पत्र लिखे। यहेजकेल के प्राथमिक श्रोतागण बाबुल में यहूदी थे, लेकिन उसने यरूशलेम के लोगों को पत्र लिखे।

उद्देश्य:

बाबुल में बंधुओं के पास कई सवाल थे: "निर्वासन कब तक खत्म होगा?" "हमारे शहर का क्या होगा?" "क्या भविष्य के लिए आशा है?" यहेजकेल ने जवाब दिया कि बंधुआई कई वर्षों तक रहेगी। उसने यरूशलेम के लोगों को चेतावनी दी कि वे जल्द ही बाबुल में बंधुओं से मिल जाएंगे। शहर के विनाश के बाद, यहेजकेल परमेश्वर के पुनःस्थापन के वादे को लाया। अंतिम रूप में, यहेजकेल की पुस्तक आशा का एक संदेश है; परमेश्वर ने अपने लोगों को नहीं छोड़ा है।

बंधुओं के प्रश्न	**यहेजकेल का उत्तर**
क्या बाबुल जल्द ही पराजित हो जाएगा?	नहीं। बाबुल यहूदा पर और अधिक जीत हासिल करेगा। यरूशलेम में अब तक के कई लोग निर्वासित किये जाएंगे (यहेजकेल 12)।
यरूशलेम का क्या होगा?	यरूशलेम नष्ट हो जाएगा (यहेजकेल 5)।
जो हमारे पुरखाओं ने किया उसके लिए हमें क्यों दण्डित किया जाता हैं?	हर कोई अपने पाप के लिए ज़िम्मेदार है। "जो प्राणी पाप करे वही मरेगा" (यहेजकेल 18)।
क्या परमेश्नर के लोगों के लिए आशा है?	जी हाँ! परमेश्नर एक शानदार भविष्य का वादा करता है (यहेजकेल 40-48)।

यहेजकेल की पुस्तक का अवलोकन

यहेजकेल की पुस्तक की रूपरेखा

➡ **यहेजकेल की बुलाहट** (यहेजकेल 1-3)

यहेजकेल की बुलाहट, उसके कई संदेश की तरह, परमेश्नर की ओर एक दर्शन के रूप में आयी। दर्शन में पांच प्रकरण शामिल थे:

---

[314] यहेजकेल का दर्शन जो उसने पुस्तक के अंत में देखा (40:1), वह उसने अपने पहले दर्शन के बीस साल बाद देखा (यहेजकेल 1:2)।; [315] यहेजकेल 29:17-21

- ❖ समायोजन (1:1-3)
    - ○ परमेश्नर के सिंहासन के समीप आना (1:4-28)
        - • बुलाहट (2:1-3:11)
    - ○ परमेश्नर के सिंहासन से प्रस्थान (3:12-13)
- ❖ समायोजन (3:14-15)

यशायाह और यिर्मयाह की तरह, यहेजकेल को उन लोगों के बीच में प्रचार करने के लिए बुलाया गया जो नहीं सुनना चाहते थे। परमेश्वर ने यहेजकेल को बताया कि यहूदा के विद्रोही लोगों की तुलना में किसी अन्य भाषा के लोगों से बात करना आसान होगा। वे "ज़िद्दी और कठोर मन के हैं।" हालांकि, परमेश्वर ने यहेजकेल को भरोसा दिलाया, "देख, मैं तेरे मुख को उनके मुख के समान, और तेरे माथे को उनके माथे के समान, ज़िद्दी कर देता हूँ।"[316] परमेश्वर ने अपने कठिन कार्य के लिए यहेजकेल को मज़बूत किया।

➡ **यहूदा पर दण्ड की आज्ञा** (यहेजकेल 4-24)

दृष्टांत और प्रतीकात्मक कार्यों की एक श्रृंखला के माध्यम से, यहेजकेल ने बाबुल में बंधुओं को न्याय का संदेश सुनाया। पुस्तक के संदेश का प्रमुख भाग 8-11 अध्यायों में यहेजकेल का दर्शन है। यहेजकेल ने मंदिर में हो रही घृणित वस्तुओं का दर्शन देखा; वृद्ध मंदिर में मूर्तिपूजा का अभ्यास कर रहे थे। जवाब में, परमेश्वर ने छह जल्लादों को लोगों को नष्ट करने 'और आंगनो को मारे गये लोगों से भरने की आज्ञा दी।"[317] यहेजकेल ने परमेश्वर की महिमा को मंदिर छोड़ते देखा। यह खंड (यहेजकेल 10-11) यिर्मयाह द्वारा मंदिर में दिए उपदेश (यिर्म 7) के अनुकूल है जिसका संदेश मंदिर पर न्याय के विषय में है।

यहेजकेल ने यरूशलेम के पतन की भविष्यद्वाणी करते हुए उपदेशों और दृष्टान्तों की एक श्रृंखला दी। न्याय के संदेश यहेजकेल की पत्नी की मृत्यु से और बढ़ गए। परमेश्वर ने यहेजकेल को शोक न करने की आज्ञा दी। जब लोगों ने पूछा कि उसने अपनी पत्नी की मृत्यु के कारण शोक क्यों नहीं किया, यहेजकेल ने उन्हें बताया कि यरूशलेम ऐसी दहशत को भुगतेगा कि जीवित लोग अपने प्रियजनों के लिए शोक के अनुष्ठान का पालन नहीं कर पायेंगे।[318]

➡ **विदेशी राष्ट्रों पर दण्ड** (यहेजकेल 25-32)

भविष्यद्वाणी की पुस्तकों में एक महत्वपूर्ण विषय यह है कि सभी राष्ट्रों पर परमेश्वर की संप्रभुता है। इस्राएल के पड़ोसियों के झूठे देवताओं के विपरीत, यहोवा एक स्थानीय देवता

---

[316] यहेजकेल 3:7-8, English Standard Version.
[317] यहेजकेल 9:7
[318] यहेजकेल 24:15-27

नहीं है। सभी लोगों पर परमेश्वर की हुकूमत को दर्शाते हुए, यहेजकेल ने अम्मोन, मोआब, एदोम, पलेसी, सूर, सिदोन और मिस्र के खिलाफ दण्ड की भविष्यद्वाणियां की। इस्राएल के "दुश्मन जान लेंगे कि मैं यहोवा हूँ, जब मैं उसके बीच दण्ड दूंगा और उसमें अपने को पवित्र ठहराऊंगा।"[319]

➡ **इस्राएल की पुनर्स्थापना** (यहेजकेल 33-39)

यरूशलेम के पतन के बाद, यहेजकेल का संदेश दण्ड से पुनःस्थापन में बदल जाता है। परमेश्वर अपने नाम के खातिर, लोगों को पुनःस्थापित करेगा।[320] शारीरिक पुनःस्थापना में, परमेश्वर उन्हें वापस देश में लाएगा; आत्मिक पुनःस्थापना में, परमेश्वर उनके हृदयों को नया करेगा। परमेश्वर इस्राएल को पानी से शुद्ध करने (उनको बाहरी रूप से शुद्ध करते हुए) और उन्हें एक नया हृदय और नई आत्मा प्रदान करने (उन्हें भीतर से शुद्ध करते हुए) का वादा करता है।[321] इस्राएल के नये जीवन को यहेजकेल के एक दर्शन में चित्रित किया गया है जो सूखी हड्डियों की घाटी है और परमेश्वर की आत्मा की सांस से बहाल है।

➡ **इस्राएल का नया मंदिर** (यहेजकेल 40-48)

यहेजकेल की पुस्तक एक दर्शन के साथ समाप्त होती है जो पढ़ने के लिए प्रेरणादायक है, लेकिन व्याख्या करने में मुश्किल है। परमेश्वर यहेजकेल को एक ऊँचे पर्वत पर ले गया और उसे एक नये मंदिर का दर्शन दिखाया। यहेजकेल ने एक नया मंदिर, वेदी और भेंटे, मंदिर से बहती हुई एक नदी, जो कि राष्ट्रों को चंगाई देती है, बहाल राष्ट्र की जनजातीय सीमाएं और यरूशलेम के बारह फाटक देखे। आवश्यक रूप से, यहेजकेल ने परमेश्वर की महिमा को यरूशलेम लौटते हुए देखा।[322]

बाइबल के अनुवादक इस दर्शन के सटीक अर्थ के विषय में असहमत होते हैं। क्योंकि भक्त ईसाई लोग जो पवित्रशास्त्र की सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध हैं, वे दर्शन के विवरण के विषय में असहमत हैं, इसलिए हमें ऐसे विश्वासियों के प्रति परोपकारी होना चाहिए जो इस दर्शन के अर्थ के विषय में हमसे भिन्न हो सकते हैं। इस दर्शन की व्याख्या के लिए कुछ विकल्प शामिल हैं:

- कुछ इस दर्शन को इस वादे के रूप में देखते हैं कि यहूदा के यरूशलेम लौटने के बाद मंदिर फिर से बनाया जाएगा। इस दृष्टि में, विश्वास की कमी ने लोगों को उन सब को प्राप्त करने से रोका जो परमेश्वर ने यहेजकेल को दिखाया था।

---

[319] यहेजकेल २८:२२
[320] यहेजकेल 36:16-23
[321] यहेजकेल 36: 24-25 बाहरी शुद्धता के लिए पानी से शुद्ध होना गिनती 19: 19-21 की ओर संकेत करता है। युहन्ना 3:5 में, यीशु निकुदेमुस के साथ अपनी बातचीत में इस भाषा का उपयोग करता है।
[322] परमेश्वर की महिमा यहेजकेल 11 में चली जाती है और यहेजकेल 43 में वापस आती है।

- कुछ लोग इस दर्शन को सांसारिक सहस्राब्दी की एक छवी के रूप में देखते हैं। इस दृश्य में, धरती पर मसीह के एक हजार साल के शासन के दौरान, मंदिर का पुनर्निर्माण किया जाएगा और बलिदान मसीह की मृत्यु के अनुस्मारकों के रूप में बहाल होंगे।
- कुछ लोग इस दर्शन को आज, कलिसिया के माध्यम से परमेश्वर के कार्य की छवी के रूप में देखते हैं। इस दृष्टिकोण में, परमेश्वर कलिसिया के माध्यम से अपने वादे को पूरा कर रहा है।
- कुछ लोग इस दर्शन को नए स्वर्ग और नई पृथ्वी में अपने लोगों के बीच परमेश्वर की उपस्थिति के लिए एक रूपक के रूप में देखते हैं। इस दृश्य में, मंदिर और बलिदान स्वर्ग में अराधना की एक छवी है; वे एक शाब्दिक ढंग से बहाल नहीं किये जाएंगे।
- अंत में, कुछ लोग दर्शन में शाब्दिक और प्रतीकात्मक तत्वों दोनों को शामिल देखते हैं। इस दृश्य में, यहेजकेल 40-48 यरूशलेम लौटने में आंशिक रूप से पूरा हुआ था और अंत के दिनों में पूर्ण रूप से पूरा होगा।

यहेजकेल की भविष्यद्वाणी की शैली

भविष्यद्वक्ता द्वारा अपने सुननेवालों को परमेश्वर का संदेश पहुँचाने का तरीका, यहेजकेल के सबसे आकर्षक पहलुओं में से एक है। पुस्तक को समझने के लिए यहेजकेल की भविष्यद्वाणियों के दो पहलू महत्वपूर्ण हैं: यहेजकेल द्वारा नाटक और उसके दर्शन का उपयोग।

यहेजकेल को उसके कुछ संदेशों को कार्यान्वित करने की आज्ञा मिली। वह मिट्टी की ईंट पर "येरूशलेम" नाम लिखता है और ईंट की घेराबंदी करके नबूकदनेस्सर द्वारा यरूशलेम की घेराबंदी की भविष्यद्वाणी करता है।[323] वह इस्राएल के अधर्म को दर्शाने के लिए 390 दिनों तक अपनी बाईं तरफ लेटता है; और यहूदा के अधर्म को दर्शाने के लिए चालीस दिन तक अपनी दाहिनी तरफ लेटता है।[324]

यहेजकेल अपना सिर मूंड़ना है और बालों को भागों में विभाजित करता है। 1/3 जलाया जाता है, जो यरूशलेम में आग को दर्शाता है; 1/3 तलवार से टुकड़ों में काटा जाता है, जो लड़ाई में मृत्यु को दर्शाता है; 1/3 को हवा में फेंका जाता है, जो निर्वासन में यहूदियों के बिखरने को दर्शाता है। परमेश्वर यहेजकेल को बाल के कुछ टुकड़े रखने और उन्हें उसके कपड़े के छोर में बांधने के लिए कहता है; यह शेष बचे हुए हैं जो यरूशलेम में रहेंगे।[325]

---

[323] यहेजकेल 4:1-3
[324] यहेजकेल 4:4-8
[325] यहेजकेल 5:1-12

यहेजकेल के दर्शनों की व्याख्या करना कठिन हो सकता है। कुछ पाठक दृष्टान्तों के विवरण से इतने मोहित हो जाते हैं कि वे समस्त संदेशों को छोड़ देते हैं। यहेजकेल उस भाषा का प्रयोग करता है जो दर्शाती है कि जो कुछ वह देखता है, उसका सटीक वर्णन करने का प्रयास नहीं करता है; पन्द्रह बार वह किसी चीज़ की "समानता" को संदर्भित करता है और तीन बार वह किसी चीज़ का उसी प्रकार वर्णन करता है "जैसी यह थी" वह किसी चीज़ का वर्णन करने के लिए उस भाषा का प्रयोग करता है जो मानवीय वर्णन से परे है।

यद्यपि हम यहेजकेल के दर्शन के हर विवरण को समझ नहीं सकते हैं, लेकिन संपूर्ण संदेश स्पष्ट है: परमेश्वर अपने लोगों के पापों का न्याय करेगा। फिर, न्याय के बाद, परमेश्वर अपने लोगों को पुनःस्थापित करेगा। उसकी महिमा फिर से उसके लोगों के बीच में वास करेगी।

दानिय्येल का पृष्ठाधार

दानिय्येल का ऐतिहासिक समायोजन

दानिय्येल को 605 ईसा पूर्व में यहूदी बंधुओं के पहले समूह के साथ बाबुल ले जाया गया था। संभवतः उस समय वह एक किशोर था, उसने अपना शेष लंबा जीवन बाबुल में एक भविष्यद्वक्ता के रूप में बिताया। दानिय्येल की पुस्तक में 536 ईसा पूर्व तक की घटनाओं का अभिलेखन है, फारस पर राजा कुस्रु के शासन का तीसरा वर्ष।[326] दानिय्येल ने प्रत्यक्ष रूप से यहूदा के पतन, बेबीलोन साम्राज्य के पतन, और फारसी साम्राज्य के उदय को देखा।

दानिय्येल पर एक नज़र

लेखकः दानिय्येल

तारीखः 605-536 ईसा पूर्व।

श्रोतागणः हर समय में परमेश्वर के लोग

विषयः परमेश्वर का राज्य

उद्देश्यः परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्यता को दर्शाना (दानिय्येल 1-6)
इतिहास में परमेश्वर की संप्रभुता को दर्शाना (दानिय्येल 7-12)

दानिय्येल में सुसमाचारः
परमेश्वर की विजय का वादा मसीह की मृत्यु और जी उठने में आंशिक रूप से पूरा हु आहै।
यह वादा मसीह के द्वितीय आगमन में पूरी तरह से पूरा होगा।

दानिय्येल नाम का अर्थ है 'परमेश्वर मेरा न्यायी है,' यह एक ऐसे भविष्यद्वक्ता के लिए उपयुक्त नाम है जिसने दुनिया भर में परमेश्वर की संप्रभुता का संदेश सुनाया। दानिय्येल

[326] दानिय्येल 10:1

दर्शाता है कि परमेश्वर दुनिया का न्यायी है। परमेश्वर अपने उद्देश्य को इतिहास में पूरा करेगा।

उद्देश्यः

उत्पीड़न और उथलपुथल के समय में लिखते हुए, दानिय्येल ने दो महत्वपूर्ण सत्यों के बारे में बतायाः परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्यता का महत्व और मानव इतिहास पर परमेश्वर की संप्रभुता की वास्तविकता। वर्तमान परिस्थितियों के बावजूद, परमेश्वर अंत में अपने लोगों को निर्दोष ठहराएगा। दानिय्येल दर्शाता है कि केवल इस्राएल का इतिहास ही नहीं, पूरे विश्व का इतिहास, परमेश्वर के उद्देश्यों को पूरा करता है।

दानिय्येल की पुस्तक का अवलोकन

दानिय्येल की पुस्तक की संरचना

➡ **बेबीलोन के दरबार में विश्वासयोग्यता** (1-6 दानिय्येल)

दानिय्येल और उसके तीन दोस्तों की कहानियाँ निर्वासन के दौरान विश्वासयोग्यता के आदर्श प्रदान करती हैं। वे दर्शाती हैं कि एक मूर्तिपूजक दुनिया में भी विश्वासयोग्य रहना संभव है।

दानिय्येल के प्रारंभिक वाक्य परमेश्वर की संप्रभुता का विषय स्थापित करते हैं:

"यहूदा के राजा यहोयाकीम के शासनकाल के तीसरे वर्ष में, बाबुल के राजा नबूकदनेस्सर ने यरूशलेम में आकर इसे घेर लिया। और यहोवा ने परमेश्वर के भवन के कुछ पात्रों के साथ यहूदा के राजा यहोयाकीम को उसके हाथों में दे दिया।"[327]

नबूकदनेस्सर ने यरूशलेम को घेर लिया; लेकिन यह प्रभु था जिसने 'यहूदा के राजा को नबूकदनेस्सर के हाथों में दे दिया।' परमेश्वर ही है जिसने बाबुल को विजय दिलायी।

चूंकि परमेश्वर प्रभुत्व-सम्पन्न है, परमेश्वर के लोगों को उस समय भी उसके प्रति विश्वासयोग्य होना चाहिए जब परमेश्वर के शत्रुओं के हाथों में नियंत्रण हो। दानिय्येल की पुस्तक उदाहरणों की एक शृंखला के साथ परमेश्वर की विश्वासयोग्यता को दर्शाती है:

- ➢ दानिय्येल और उसके दोस्त बाबुल की प्रथाओं के साथ 'खुद को' अशुद्ध नहीं करते। परमेश्वर उन्हें एक मूर्तिपूजक राजा के साथ कृपा देकर उनकी विश्वासयोग्यता का सम्मान करता है (दानिय्येल 1)।
- ➢ परमेश्वर दानिय्येल को नबूकदनेस्सर के सपने की व्याख्या देता है। परमेश्वर बाबुल में दानिय्येल और उसके दोस्तों को प्रतिष्ठा के पदों तक बढ़ाता है (दानिय्येल 2)।

[327] दानिय्येल 1:1-2, *ESV.*

- ➢ दानिय्येल के दोस्त मूर्ती के आगे झुकने से इनकार करते हैं।[328] परमेश्वर आग की भट्टी में उनकी जान बचाकर उनकी विश्वासयोग्यता का सम्मान करता है। राजा तीन व्यक्तियों के साथ चौथे व्यक्ति "परमेश्वर के पुत्र के समान" को देखकर चकित हो जाता है (दानिय्येल 3)।
- ➢ परमेश्वर नबूकदनेस्सर को नम्र करके अपनी संप्रभुता दिखाता है (दानिय्येल 4)।
- ➢ परमेश्वर बेलशस्सार से राज्य को छीनकर दारा मादी को देकर अपनी संप्रभुता दिखाता है (दानिय्येल 5)।
- ➢ जब दानिय्येल को परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्यता के कारण शेरों की गुफा में डाल दिया जाता है, तो परमेश्वर उसे निश्चित मृत्यु से बचाता है (दानिय्येल 6)।

ये बच्चों की कहानियों से अधिक बढ़कर है; वे सभी परिस्थितियों में विश्वासयोग्यता के शक्तिशाली चित्रण प्रदान करते हैं। जब दानिय्येल और उसके दोस्त परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य बने रहे, तो परमेश्वर उनके प्रति विश्वासयोग्य रहा।

➡ **परमेश्वर की संप्रभुता के दर्शन** (दानिय्येल 7-12)

यह खंड ध्यानपूर्वक पुस्तक के पहले आधे भाग से जुड़ा हुआ है। ये दो खंड भाषा से जुड़े हुए हैं (अध्याय 2-7 अरामी में हैं, इब्रानी में नहीं)। ये दोनों खंड परमेश्वर की संप्रभुता पर एक विषयगत केंद्र-बिंदु से भी जुड़े हुए हैं।

दानिय्येल उन दर्शनों को देखता है जो मानव इतिहास पर परमेश्वर की संप्रभुता की गवाही देते हैं। परमेश्वर केवल यहूदियों का परमेश्वर नहीं है; वह संपूर्ण पृथ्वी का परमेश्वर है।

दानिय्येल 7-12 में दर्शन कालानुक्रमिक नहीं हैं। इसके बजाय, वे एक ही सामग्री को कई बार सम्मिलित करते हैं। एक लेखक बताता है कि अध्याय 7-12 एक घुमावदार सीढ़ी की तरह हैं; प्रत्येक अध्याय हमें एक उच्च बिंदु पर लाता है, जिससे कि मानव इतिहास में परमेश्वर के कार्य को स्पष्ट रूप से देखा जा सके।[329]

❖ चार जन्तुओं का दर्शन (दानिय्येल 7)

समुद्र से बाहर निकलने वाले चार महान जन्तु सिंहासन पर बैठे अति प्रचीन की महिमा के विरुद्ध हैं। चौथा जन्तु सबसे भयानक था; उसके दस सींग और लोहे के दांत थे और यह अन्य जन्तुओं का बचा हुआ सबकुछ फाड़ खाता था। जन्तुओं के पराजित होने के बाद, मनुष्य के पुत्र को प्राचीन द्वारा महिमा और शक्ति दी गई।

---

[328] यह माना जा सकता है कि दानिय्येल उस समय उपस्थित नहीं था, जब मूर्ती के आगे झुकने की आज्ञा दी गई थी।
[329] डी.ए. कार्सन और डोनाल्ड गुथरी। *नई बाइबल कॉमेंट्री।* इंटरवर्सिटी प्रेस 1994।

जब दानिय्येल ने व्याख्या के लिए कहा, तो उसे बताया गया कि चार महान जन्तु चार राज्य हैं जो पृथ्वी पर उदय होंगे। चौथा राज्य दूसरे राज्यों का नाश करेगा। दस सींग दस राजा हैं जो चौथे राज्य से आएंगे। और सबसे छोटा तीन राजाओं को गिरा देगा और वह परमप्रधान के विरुद्ध बातें कहेगा। वह पवित्र लोगों का 'साढ़े तीन काल तक' विरोध करेगा, जिसके बाद पवित्र लोग अनन्त के राज्य में रहेंगे।

❖ मेढ़े और बकरे के विषय में दर्शन (दानिय्येल 8)

इस दर्शन में, दो सींगों वाला एक मेढ़ा (एक सींग दूसरे से बड़ा था) शक्तिशाली था। एक बकरा जिसकी आंखों के बीच एक सींग था, उसने मेंढ़े को हराया पर उसका सींग टूट गया और उसकी जगह चार छोटे सींग लग गये। इनमें से एक सींग बड़ा हो गया जो स्वर्ग तक पहुंच गया। इसने तारों में से भी कितनों को भूमि पर गिरा कर रौंद डाला और खुद को राजकुमार के रूप में स्थापित किया। जिब्राएल ने दानिय्येल को समझाया कि दो सींग वाला मेढ़ा मादी और फारस के राजाओं को दर्शाता है। बकरा यूनान है; बड़ा सींग उसका राजा है; छोटे सींग यूनान से उदय हो रहे छोटे राज्य हैं; जो सींग स्वर्ग तक पहुंचा था वह एक बुरा राजा है जो पवित्र लोगों को नाश करेगा। यह राजा नष्ट हो जाएगा, लेकिन मानव शक्ति द्वारा नहीं।

❖ सत्तर सप्ताहों का दर्शन (दानिय्येल 9)

जब दानिय्येल दुख उठाते यहूदियों के लिए मध्यस्थता कर रहा था, तब जिब्राएल ने उन्हें बताया कि इस्राएल को अपने पापों के लिए सत्तर सप्ताहों तक दुख उठाना होगा। तब वे यरूशलेम का पुनर्निर्माण करेंगे और अभिषिक्त के प्रकट होने तक उनहत्तर सप्ताहों तक प्रतीक्षा करेंगे। एक अन्य शासक यरूशलेम को नाश करेगा, इस्राएल से एक सप्ताह की वाचा बांधेगा, और उजाड़नेवाली घृणित वस्तु तब तक लगाएगा जब तक उसका अंत न हो जाए।

❖ इस्राएल के भविष्य के दर्शन (दानिय्येल 10-11)

दानिय्येल ने सन का वस्त्र पहने हुए और कुन्दन से कमर बान्धे हुए एक आदमी को देखा, उसका बिजली के जैसा चेहरा था, उसकी आँखे जलते हुए दीपक जैसी थीं, और हाथ और पैर कांस्य जैसे थे। एक दूत ने दानिय्येल से कहा कि तीन राजा फारस में होंगे और चौथा यूनान के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करेगा। शक्तिशाली राजा के प्रकट होने के बाद, उसका राज्य चार खंडों में विभाजित हो जाएगा। दक्षिण और उत्तर के राजाओं के बीच युद्ध उत्तरी सत्ता पाने वाले राजा के साथ समाप्त हो जाएगा। वह विश्वासियों को सताएगा और 'उजाड़नेवाली घृणित वस्तु' लाएगा।

❖ दानिय्येल के दर्शनों का निष्कर्ष (दानिय्येल 12)

आखिरकार, प्रधान स्वर्गदूत मीकाईल बड़े संकटमय समय के दौरान उन लोगों को बचाने के लिए उठेगा जिनका नाम उसकी पुस्तक में लिखा होगा। "यह साढ़े तीन काल" के बाद होगा।[330] स्वर्गदूत ने उसे बताया कि यह उजाड़नेवाली घृणित वस्तु के 1,290 दिनों बाद होगा।

दानिय्येल के दर्शनों में राज्य

दानिय्येल के राज्यों के दर्शनों के विषय में एक आम समझ की बात नीचे दी गई तालिका में देखी जाती है।

राज्य	**दानिय्येल 2 में छवि**	**दानिय्येल 7 में जन्तु**	**दानिय्येल**
बाबुल	चोखे सोने का सिर	शेर की तरह ऊकीब के पंखोवाला	
मादी-फारस	छाती और बाहें चांदी की	भालू की तरह	दो सींगोंवाला मेंढ़ा
यूनान	पेट और जांघें कांस्य की	चार पंखों और चार सिरों वाले तेंदुए की तरह	एक बकरा, जिसका एक बड़ा सींग, चार सींग और एक छोटा सींग था।
रोम	लोहे की टांगें, लोहे और मिट्टी के पैर	दस सींगों और छोटे सींग वाला अतुल्य जन्तु	
परमेश्वर के राज्य	पत्थर जो एक महान पहाड़ बन जाता है	मसीह और पवित्र लोगों को राज्य प्राप्त होता है	

दानिय्येल की पुस्तक में विषय

जबकि विद्वान दानिय्येल के दर्शन के विवरण के बारे में असहमत हैं, लेकिन तीन विषय पूरी पुस्तक में देखे जाते हैं।

➡ परमेश्वर की संप्रभुता

अध्याय 1-6 और अध्याय 7-12 में परमेश्वर की सुरक्षा की कहानियों के माध्यम से, दानिय्येल ने दिखाया कि परमेश्वर न केवल यरूशलेम पर बल्कि पूरे विश्व के ऊपर प्रभु

[330] दानिय्येल 12:7

है। विदेशी देशों में रहने वाले बंधुओं के लिए, यह एक शक्तिशाली संदेश था। अपने लोगों के लिए एक सनातन राज्य स्थापित करने वाली प्राचीनकाल की भविष्यद्वाणियों की छवियों के माध्यम से यहूदा को नबुकदेनेस्सर को देने में परमेश्वर की संप्रभुता की प्रारंभिक गवाही से, दानिय्येल दिखाता है कि परमेश्वर मानव इतिहास का प्रभारी है।

➡ मानव जाति का गौरव

दानिय्येल सिखाता है कि परमेश्वर विश्नासयोग्यों को बचाता है और अभिमानियों को दण्ड देता है। 1-6 अध्यायों में, बाबुल के शासक परमेश्वर और उसके लोगों के खिलाफ खड़े होते हैं। नबूकदनेस्सर के अपमान (दानिय्येल 4) और बेलतशस्सर (दानिय्येल 5) पर परमेश्वर के दण्ड की कहानियाँ दर्शाती हैं कि परमेश्वर अभिमानियों को नम्र करता है।[331]

7-12 अध्यायों में, दुनिया के प्रमुख अगुवे परमेश्वर के उद्देश्यों का विरोध करते हैं। इनमें से प्रत्येक को अंत में पराजित कर दिया गया है। उस समय के प्राचीन और मनुष्य का पुत्र, इन पृथ्वी के शासकों की जगह लेते हैं। दानिय्येल के अंतिम अध्यायों में, स्वर्ग की सेनाएं परमेश्वर के दुश्मनों को कुचल देती हैं।

➡ परमेश्वर के लोगों की परम विजय

दानिय्येल के दर्शनों में राज्यों की व्याख्या कैसे भी की जाये, परन्तु परमेश्वर के लोगों की परम विजय स्पष्ट है। दानिय्येल परमेश्वर के अनन्त राज्य के आगमन में विलंब का वर्णन करता है, वह विलंब जिसके दौरान परमेश्वर के लोगों को परीक्षा और सताव भुगतना होगा। हालांकि, जो विश्वासयोग्य हैं, वे अंतिम विजय का आनंद लेंगे।

दानिय्येल का प्राथमिक संदेश आज की विश्वासयोग्यता के लिए एक चुनौती है। परमेश्वर और उसके लोगों की अंतिम विजय के कारण, विश्वासियों को आज विश्वासयोग्यता से रहना चाहिए।

यहेजकेल और दानिय्येल

कलिसिया कभी-कभी दुनिया में जीवन के अन्य हिस्सों को छोड़के 'आत्मिक' चिंताओं की यहूदी बस्ती में वापस जाने के लिए मोहक हुई है। अब्राहम कूपर ने कहा, "हमारे मानव अस्तित्व के पूरे क्षेत्र में एक वर्ग इंच भी ऐसा नहीं है, जिस पर मसीह, जो सभी का प्रभु है, रोता

> "हमारे मानव अस्तित्व के पूरे क्षेत्र में एक वर्ग इंच भी ऐसा नहीं है, जिस पर मसीह, जो सभी का प्रभु है, रोता नहीं है: 'मेरा!'
>
> -अब्राहम कूप

[331] ध्यान दीजिए कि कैसे दानिय्येल ऐसे नाटकीय ढंग से बेलतशस्सर के गर्व का वर्णन करता है, जो उस परमेश्वर के अधीन होने से इनकार करता है जिसने उसके पिता नबूकदनेस्सर को नम्र किया था दानि।

नहीं है: 'मेरा!'" 19वीं शताब्दी के विद्वान, राजनीतिज्ञ और ईसाई लोग यह समझते थे कि परमेश्वर सभी का प्रभु है।

यहेजकेल के अंतिम अध्याय और दानिय्येल का आखिरी भाग पूरे मानव इतिहास पर परमेश्वर की संप्रभुता की घोषणा करते हैं। परमेश्वर अपने उद्देश्यों को पूरा करता है। यह दो कारणों से महत्वपूर्ण है:

- यह इस विश्व के विरोध का सामना करने के लिए साहस देता है। एक विदेशी देश में बंधुओं के रूप में, दानिय्येल और यहेजकेल ने परमेश्वर पर उसके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भरोसा किया। दानिय्येल कुछ पूरे हुए उद्देश्यों को देखने के लिए जीवित रहा; यहेजकेल शायद उस समय तक जीवित नहीं रहा कि निर्वासन से वापसी को देख पाता। हालांकि, वे दोनों जानते थे कि परमेश्वर अपने उद्देश्यों को पूरा करेगा। 21वीं सदी के ईसाई होने के नाते, हम इस विश्वास में जीते हैं कि हमारी दुनिया परमेश्वर के नियंत्रण में है। कोई भी चीज़ उसके उद्देश्यों को पूरा होने से नहीं रोक सकती।
- ये हमें रोज़मर्रा की जिंदगी में विश्नासयोग्यता से रहने की हमारी ज़िम्मेदारी स्मरण कराते हैं। ईसाईयों को राजनीतिक प्रक्रिया, शैक्षणिक व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रयासों, या शैतान के किसी अन्य क्षेत्र के प्रभाव के आगे हार नहीं माननी चाहिए। परमेश्वर हमें जहां भी रखता है, हमे प्रभु परमेश्वर के प्रतिनिधियों के रूप में रहना चाहिए। यहेजकेल के लिए, इसका अर्थ निर्वासन में एक भविष्यद्वक्ता के रूप में, विश्वासयोग्यता था। दानिय्येल के लिए, यह इसका अर्थ सरकार के एक प्रभावशाली सदस्य के रूप में, विश्वासयोग्यता था। परमेश्वर अपने राज्य में आपको कहाँ इस्तेमाल करना चाहता है?

निष्कर्ष: नए नियम में यहेजकेल और दानिय्येल

नए नियम में यहेजकेल के कम-से-कम पैंसठ संकेत दिए गए हैं। इनमें से लगभग पचास प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में हैं।

दानिय्येल वादा करता है कि परमेश्वर बुराई को पराजय करेगा और दुनिया पर शासन करेगा; अभी तक 538 ईसा पूर्व में यरूशलेम में वापसी बुराई की हार नहीं लाई है। नया नियम इस वादे की पूर्ति को दर्शाता है। पौलुस बताता है कि क्रूस पर यीशु ने बुराई की शक्तियों को पराजित किया।[332]

दानिय्येल का वादा अंत में प्रकाशितवाक्य में पूरा होता है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक शैतान पर परमेश्वर की परम विजय को दर्शाती है। दानिय्येल 7 में, चार जन्तु समुद्र से निकलते हैं; प्रकाशितवाक्य 13 में, एक जन्तु समुद्र से बाहर निकलता है। प्रकाशितवाक्य 19:11-21 में, यीशु ईश्वरीय योद्धा है जो बुराई की शक्तियों को पराजित करता है।

[332] कुलुस्सियों १:१३-१५

कयामत के साहित्य पर गहराई से दृष्टि

दानिय्येल, प्रकाशितवाक्य और यहेजकेल और जकर्याह के कुछ हिस्सों को कयामत के साहित्य कहा जाता है। कयामत का साहित्य यहूदी दुनिया में प्रसिद्ध था; इस रूप के कई गैर-बाइबल के उदाहरण हैं। कयामत का साहित्य बाइबल लेखन के अन्य शैलियों की तुलना में काफी भिन्न है और सावधान व्याख्या की आवश्यकता है।

कयामत का साहित्य छिपे हुए सत्य को उजागर करता है। बाइबल की कयामत का साहित्य परमेश्वर के उद्देश्यों के प्रकाश में दुनिया के इतिहास की घटनाओं को देखता है। यह विशेष रूप से समय के अंत में परमेश्वर के अंतिम उद्देश्यों की पूर्ति पर केंद्रित है। जहां पुराने नियम के अधिकांश भविष्यद्वक्ता इस्राएल और वाचा पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं दानिय्येल परमेश्वर के परम उद्देश्यों के प्रकाश में धर्मनिरपेक्ष विश्व के राज्यों को देखता है।

कयामत का साहित्य दर्शनों के माध्यम से भविष्यद्वाणी के सत्य का वर्णन करता है। दानिय्येल, 'दर्शन' शब्द का इस्तेमाल तीस से अधिक बार करता है। दर्शन अक्सर अतिव्यापी होते हैं, इसलिए सटीक कालानुक्रमिक क्रम बनाना मुश्किल है। एक घटना के वैकल्पिक दृष्टिकोण पेश करने के लिए विभिन्न दर्शन एक ही घटना के अतिव्यापी दृश्य पेश कर सकते हैं। इन दर्शनों के माध्यम से, दानिय्येल (और बाद में प्रकाशितवाक्य देनेवाला युहन्ना) आत्मिक दुनिया की खिड़की खोलते हैं। कयामत का साहित्य दर्शाता है कि आत्मिक दुनिया भौतिक दुनिया के जितनी वास्तविक है।

कयामत का साहित्य सत्य को व्यक्त करने के लिए नाटकीय प्रतीकों का उपयोग करता है। दानिय्येल और प्रकाशितवाक्य कई प्रतीकों में सहभागी हैं। दानिय्येल और प्रकाशितवाक्य दोनों में, विचित्र जन्तु बुरे साम्राज्यों को दर्शाते हैं। जन्तु अक्सर विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण हैं, जो इस्राएल के लिए घृणित हैं।[333]

कयामत के साहित्य में विशेषकर सताव के समय में महत्वपूर्ण है। दानिय्येल ने यहूदी लोगों को प्रोत्साहित किया जब वे अन्तिकुस अपिफेन के द्वारा सताव का सामना कर रहे थे। प्रकाशितवाक्य को कलिसिया के रोमी सताव के दौरान लिखा गया था। इन समय में, कयामत के साहित्य ने दर्शाया कि परमेश्वर दिव्य योद्धा है जो अपने लोगों की ओर से लड़ता है। बाइबल के कयामत के साहित्य का एक प्राथमिक उद्देश्य भविष्य के लिए परमेश्वर की योजना में, हमारे विश्वास के कारण आज विश्नासयोग्यता को प्रोत्साहित करना है।

कयामत के साहित्य के पाठक को इसके विवरण से अभिभूत हुए बिना प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दानिय्येल में, बड़ा विषय मानव इतिहास पर परमेश्वर की संप्रभुता है। हालांकि कई साम्राज्य परमेश्वर का विरोध करते हैं, लेकिन उसकी परम विजय निश्चित है। दानिय्येल अपने पाठकों को विश्नासयोग्य रहने के लिए प्रेरित करता है उनको यह आश्वासन देकर कि परमेश्वर अंतिम विजय लाएगा।

---

[333] उदाहरण के लिए, दानिय्येल 7 का पहला जन्तु "शेर की तरह था और उसके उकाबों के पंख थे।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट के साथ इस पाठ में अपनी समझ का प्रदर्शन कीजिए:

१) निम्नलिखित असाइनमेंट में से एक चुनिए:

विकल्प १: समूह असाइनमेंट

यहेजकेल 40-48 में एक नए मंदिर के विषय में दर्शन को पढ़िए। अपने समूह के प्रत्येक सदस्य को इस पाठ में चर्चा की गई व्याख्या के विकल्पों को बांटिये। प्रत्येक सदस्य को यहेजकेल 40-48 का अध्ययन करना होगा और समझाना होगा कि उनको सौंपी गई पद्धति से यहेजकेल के दर्शन की व्याख्या होती है।

विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट

अ. नए मंदिर के यहेजकेल के दर्शन पर एक पृष्ठ निबंध लिखिए। इस अध्याय में चर्चा की गयी व्याख्यायों के विकल्पों में से एक व्याख्या चुनिए और उस व्याख्या के प्रकाश में दर्शन की व्याख्या कीजिए।

ब. दानिय्येल 7-12 पर आधारित मानव इतिहास के लिए परमेश्वर की योजना पर उपदेश के लिए एक पृष्ठ विस्तृत सारांश लिखिए।

२) इस पाठ पर एक परीक्षा लीजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्दिष्ट शास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

यहेजकेल और दानिय्येल के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Bullock, C. Hassell. *An Introduction to the Old Testament Prophetic Books. (पुराने नियनम की भविष्यद्वाणी की पुस्तकों का परिचय)* Moody Press, 1986.

Craigie, Peter. Daily *Study Bible: Ezekiel. (दैनिक अध्ययन बाइबल: यहेजकेल)* Westminster John Knox Press, 1983.

Duguid, Iain. *NIV Application Commentary: Ezekiel. (एन.आई.वी. की टिप्पणी: यहेजकेल)* Zondervan, 1999.

Longman, Tremper. *NIV Application Commentary: Daniel. (एन.आई.वी की टिप्पणी: दानिय्येल)* Zondervan, 1999.

ऑनलाइन स्त्रोत

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 11 के परीक्षा प्रश्न

1. यहेजकेल नाम का क्या अर्थ है?

2. यहेजकेल की पुस्तक का क्या उद्देश्य है?

3. यहेजकेल की यिर्मयाह के मंदिर उपदेश के साथ क्या समानता है?

4. नए मंदिर के विषय में यहेजकेल के दर्शन की व्याख्या के पाँच विकल्प सूचीबद्ध कीजिए।

5. यहेजकेल को ________________ ईसा पूर्व में बाबुल ले जाया गया था।

   दानिय्येल को ________________ ईसा पूर्व में बाबुल ले जाया गया था।

6. दानिय्येल की पुस्तक में कौन से तीन विषय केंद्रीय हैं?

7. दानिय्येल की पुस्तक में किन दो भाषाओं का प्रयोग किया गया है?

8. पारंपरिक व्याख्या में, इन छवियों द्वारा किस साम्राज्य का वर्णन किया जाता है?

   उकाब के पंखों वाला एक शेर

   भालू की तरह

   एक बड़े सींग वाला बकरा

   लोहे की टांगें, लोहे और मिट्टी के पैर

   एक पत्थर जो एक बड़ा पहाड़ बन जाता है

9. बाइबल की कौन सी पुस्तकें मुख्य रूप से या आंशिक रूप से कयामत के साहित्य से बनी हैं?

10. नये नियम की कौनसी पुस्तक यहेजकेल और दानिय्येल को सबसे अधिक बार उद्धरण करती है?

11. यहेजकेल 36: 25-27 स्मरण करके लिखें।

पाठ 12

छोटे भविष्यद्वक्ता I: होशे, योएल, अमोस

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) होशे, योएल और आमोस की संभावित तारीख और ऐतिहासिक समायोजन को जान सकें।

(2) होशे, योएल और आमोस के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(3) छोटे भविष्यद्वक्ताओं में धार्मिकता के विषय को समझ सकें।

(4) परमेश्वर के हृदय को महसूस कर सकें जब उसने अपने लोगों की अविश्वासयोग्यता को देखा।

(5) होशे, योएल और आमोस के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

होशे, योएल, और अमोस पढ़िए

होशे 10:12 योएल 2:13; अमोस 5:24 को याद कीजिए

नये नियम की आखिरी बारह पुस्तकें छोटे भविष्यद्वक्ता कहलाती हैं। इब्रानी बाइबल में, ये किताबें एक ही सूचीपत्र में है जिसे 'बारह की पुस्तकें' कहा जाता है।

क्योंकि छोटे भविष्यद्वक्ता प्रमुख भविष्यद्वक्ताओं की तुलना में छोटे हैं, कुछ पाठकों का मानना है कि ये किताबें महत्वहीन हैं। हालांकि, ये भविष्यद्वक्ता अपने संदेश या प्रभाव के मामले में 'छोटे' नहीं थे। 'छोटा' शब्द का इस्तेमाल पुस्तकों के आकार को संदर्भित करने के लिए किया जाता है, न कि संदेश के आकार को। इन भविष्यद्वक्ताओं का संदेश प्राचीन इस्राएलऔर यहूदा की दुनिया पर एक बड़ा प्रभाव था और आज भी कलीसिया से बात करता है।

छोटे भविष्यद्वक्ताओं की लगभग सही अनुमान लगाई गई तारीखें

8वीं शताब्दी	योना	आमोस	होशे	मीका
7वीं शताब्दी	नहूम	सपन्याह	हबक्कूक	
6वीं शताब्दी	ओबद्याह	हाग्गै	जकर्याह	
5वीं शताब्दी	मलाकी	योएल (संभावित)		

होशेः परमेश्वर के हृदय की पीड़ा

होशे का ऐतिहासिक समायोजन

> **होशे पर एक नज़र**
>
> **श्रोतागणः** उत्तरी राज्य
>
> **दिनांकः** ८वीं शताब्दी का अंतिम आधा हिस्सा।
>
> **विषयः** परमेश्वर के हृदय की पीड़ा
>
> **उद्देश्यः** इस्राएल के आत्मिक व्यभिचार का सामना करना
>
> **होशे कि पुस्तक में सुसमाचारः** इस्राएल के आत्मिकव यभिचार का उत्तर परमेश्वर और दाऊद राजा के पास आना है (होशे 3:5)। यह मसीह के समय में होगा जब अनन्तकाल का राजा यीशु अपने शासन के अधीन सभी विश्वासयोग्यों का सम्मिलन करेगा।

होशे और आमोस उत्तरी साम्राज्य में 8वीं शताब्दी के भविष्यद्वक्ता थे।[334] वे यहूदा में यशायाह के समकालीन थे।

ईसा पूर्व के 8वीं शताब्दी की शुरुआत में, यारोबाम द्वितीय उत्तरी राज्य का राजा था। यह इस्राएल में समृद्धि का एक समय था। घर पर संघर्ष के कारण अश्शूर की शक्ति अस्थायी रूप से कम हो गई थी। इस्राएल ने अपनी सीमाओं का विस्तार किया और अपने पड़ोसियों के साथ व्यापार से लाभ उठाया। राजा दाऊद के दिनों में से अब इस्राएल और यहूदा ज्यादा क्षेत्र नियंत्रित करते है।

दुर्भाग्य से, इस्राएल आर्थिक रूप से सफल रहा, लेकिन आत्मिक रूप से समृद्ध नहीं हुआ। आत्मिक रूप से, इस्राएल धर्मत्यागी था; उत्तरी राज्य के लोग बाल की पूजा यहोवा की पूजा के साथ करते थे।[335]

---

[334] होशे इस्राएल के उत्तरी राज्य को "एप्रैम" पैंतीस बार संदर्भित किया।

[335] यहोवा और अन्य देवताओं की पूजा के संयोजन के लिए शब्द "समरूपता" है। यह इस्राएल के लिए एक बार-बार दोहरायी गयी समस्या थी, जिसमें निर्गमन 32 में सुनहरे बछड़े की पूजा भी शामिल है और फिर जब सुलैमान अपनी विदेशी पत्नियों के देवता ओं की पूजा करनेलगा।

होशे ने जरोबाम द्वितीय के शासनकाल में अपना सेवाकार्य शुरू किया। अश्शूर सत्ता वापस पा रहा था और शीघ्र ही तेगथ-पिलेसर क्ष्क्ष्क्ष् के तहत प्रमुख विश्व साम्राज्य बन जाएगा। कुछ वर्षों के भीतर, अश्शूर ने सामरिया पर विजय प्राप्त करेगा और उत्तरी राज्य को नष्ट कर देगा।

होशे की पुस्तक का उद्देश्य

होशे ने इस्राएल के आत्मिक व्यभिचार के खिलाफ प्रचार किया। उसने चेतावनी दी कि बाल की पूजा के कारण परमेश्वर का दण्ड आयेगा। उसने इस्राएल की अविश्वासयोग्ता से परमेश्वर को हुई पीड़ा को दर्शाया।

***?* परमेश्वर और उसके लोगों के बीच के रिश्ते का वर्णन करने के लिए बाइबल अक्सर विवाह के रूपक का उपयोग करता है। अगर मानव विवाह अपने लोगों के साथ परमेश्वर के रिश्ते पर आधारित है, तो इससे हमें विवाह के बारे में क्या सीखते है?**

होशे की पुस्तक में विषय

➡ **आत्मिक व्यभिचार**

पूरे पवित्रशास्त्र में, विवाह अपने लोगों के साथ परमेश्वर के रिश्ते का एक विवरण है। विवाह एक पुरुष और स्त्री के बीच पूरे जीवन का प्रतिबद्धता है। इसी तरह, परमेश्वर ने इस्राएल के साथ अनन्त काल के लिए वाचा स्थापित की। विवाह और वाचा परमेश्वर के साथ विशिष्ट रिश्ते हैं। जैसे एक पति या पत्नी को कभी अपने जीवनसाथी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए, वैसे ही परमेश्वर के लोगों को कभी भी परमेश्वर के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। होशे में, परमेश्वर ने दिखाया कि इस्राएल दूसरे देवताओं के साथ आत्मिक व्यभिचार के दोषी थे, उसी तरह जैसे एक पत्नी दूसरे प्रेमियों की हो जाती है, और व्यभिचार की दोषी ठहरती है।

होशे की सुस्पष्ट भाषा इस्राएल की मूर्तिपूजा की प्रकृति के लिए अनुकूल है। बाल सीरिया-फिलिस्तीन का वायु देव था। वह वर्षा, कृषि और प्रजनन क्षमता को नियंत्रित करने वाला था। मूर्तिपूजक तीर्थों पर, लोग बाल की पूजा वेश्यावृत्ति अनुष्ठान के साथ करते थे। उनका मानना था कि उनका यौन व्यवहार बाल को उपजाऊ बीज और भूमि के लिए बारिश करने के लिए उत्तेजित करता था। होशे की कल्पना से पता चलता है कि पंथ की वेश्याओं के साथ इस्राएल का पाप उनकी आत्मिक वेश्यावृत्ति का प्रतिबिंब है।

होशे का परिवार

गोमेर-इस्राएल के आत्मिक व्यभिचार को दर्शाता है

यिज्रेल-घाटी जहां अश्शूर इस्राएल को हरा देगा।

लो-रुहमा कोई दया नहीं

लो-अम्मी-मेरे लोगनहीं

परमेश्वर ने होशे को गोमेर से शादी करने का आदेश दिया, जो "वेश्यापन की स्त्री" थी।[336] कुछ टिप्पणीकारों का मानना है कि गोमेर शादी से पहले ही एक वेश्या थी। स्वीकार करने में कठिनाई के कारण कि परमेश्वर इस तरह के कार्य की आज्ञा देगा, अन्य लोगों का मानना है कि परमेश्वर ने होशे को एक औरत से शादी करने का निर्देश दिया था जो बाद में अविश्वासयोग्य हो गयी थी। अंत में, कुछ लोग मानते हैं कि गोमेर एक मूर्तिपूजक थी जो राष्ट्र के आत्मिक व्यभिचार का प्रतीक थी। वाक्यांश की विशिष्ट व्याख्या के बावजूद, होशे के प्रति गोमेर की अविश्वासयोग्यता, इस्राएल की यहोवा के प्रति अविश्वासयोग्यता का एक वर्णन है।

होशे के बच्चों के नाम भविष्यसूचक थे। यिज्रेल का नाम घाटी के नाम पर रखा गया था, जहां अश्शूर जल्द ही इस्राएल पर एक बड़ी जीत हासिल करेगा। लो-रुहमा का मतलब "कोई दया नहीं", क्योंकि परमेश्वर विद्रोही राष्ट्र पर कोई दया नहीं दिखाएगा। लो-अम्मी का मतलब "मेरी प्रजा नहीं है", क्योंकि परमेश्वर उस राष्ट्र को अस्वीकार कर देगा जो अन्य देवताओं की ओर मुड़ गये।

जब उसकी अविश्वासयोग्यता के कारण दास के रूप में गोमेर की शर्मनाक बिक्री हुई, तब परमेश्वर ने होशे से उसे वापस खरीदने के लिए कहा। इसी तरह, जब झूठे देवता इस्राएल को त्याग देंगे, तब परमेश्वर उसको घर वापस लाएगा।

➡ इस्राएल के खिलाफ परमेश्वर का मुकदमा

अध्याय १० में, हमने भविष्यद्वाणी के मुकदमे पर विचार किया जिसमें परमेश्वर ने इस्राएल के खिलाफ वाचा के प्रति उसकी अविश्वासयोग्यता के लिए दोष लगाया था। होशे 4-5 में उसी भाषा का इस्तेमाल किया जाता है जब परमेश्वर इस्राएल को दोषी ठहराता है।

होशे चेतावनी देता है कि इस्राएल अब सचमुच परमेश्वर को नहीं जानता है। इब्रानियों में, "ज्ञान" बौद्धिक जागरूकता से अधिक है; यह संबंध का एक शब्द है। किसी को जानने का मतलब है कि उसके साथ एक अनुभवात्मक रिश्ते का होना। इस्राएल के लोग अब परमेश्वर को नहीं जानते थे; उन्होंने परमेश्वर की व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं को अस्वीकार

---

[336] होशे। बाकी के पूरे पुराने नियम के इतिहास में, यह वाक्यांश वर्तमान या पिछली अविश्वासयोग्यता की ओर संकेत करता है; यह भविष्य की अविश्वासयोग्यता को कभी नहीं बताता है। यह परमेश्वर के आदेश की पहली व्याख्या के लिए कुछ समर्थन प्रदान करता है।

कर दिया था; वे "ज्ञान की कमी के कारण नष्ट" हो गये।[337] उन्होंने बाल के ज्ञान के लिए परमेश्वर के ज्ञान को बेच दिया।

➡ पुनःस्थापन की आशा

अन्य भविष्यद्वक्ताओं की तरह, होशे ने पुनःस्थापन के वादे के साथ समाप्त करता है, अगर इस्राएल अपने आत्मिक व्यभिचार को छोड़कर यहोवा के पास लौट आये। परमेश्वर ने इस्राएल से प्रेम किया और उसे मिस्र से बाहर ले आया। अब, वह उसे फिर से प्राप्त करने और चंगा करने का प्रयास करता है।

होशे 14 में पश्चाताप और चंगाई के वादे का बुलावा शामिल है। यद्यपि इस्राएल आशा करती थी कि अश्शूर उसका मित्र बन जाएगा, लेकिन अश्शूर मित्र के बाजाय उसका दुश्मन बन गया। हालांकि, अगर इस्राएल पश्चाताप करे, तो परमेश्वर ने वादा किया, "मैं उनकी भटक जाने की आदत को दूर करूंगा; मैं स्वतंत्रता से उन से प्रेम करूंगा।"[338] परमेश्वर का इस्राएल को उसके पाप के लिए दण्ड देना अवश्य था, लेकिन उसने पुनःस्थापन की आशा भी जाहिर की।

होशे नये नियम में

होशे का नए नियम में बार-बार उल्लेख किया गया है। मत्ती ने दिखाया कि मिस्र से यीशु की वापसी होशे की पूर्ति थी।[339] होशे के शब्दों का इस्तेमाल करते हुए, यीशु ने अपने शत्रुओं को याद दिलाया कि दया बलिदानों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है।[340] पौलुस ने होशे की ओर इशारा करते हुए कहा कि परमेश्वर उन लोगों का सर्जन कर रहा है जिसमें यहूदी और अन्यजातियां दोनो शामिल हैं।[341] परमेश्वर का ज्ञान (वह ज्ञान जिसे इस्राएल ने त्याग दिया) जल्द ही अन्यजातियों में आएगा।

योएलः प्रभु का दिन

योएल का ऐतिहासिक समायोजन

योएल ने एक भयानक टिड्डीयो की विपत्ति के तुरंत बाद सेवा की। योएल ने इस प्राकृतिक आपदा को न्याय के एक भविष्य के दिन, "परमेश्वर के दिन" के लिए एक उपमा के तौर पर इस्तेमाल किया।

---

[337] होशे 4:6

[338] होशो 14:4

[339] मत्ती 2:15; होशे 11:1

[340] मत्ती 9:13; होशे 6:6

[341] रोमियो ९:२५-२६; होशे १:१०-११ और २:२३

उसके नाम के अलावा भविष्यद्वक्ता योएल के बारे में बहुत कुछ पता नहीं है (इसका अर्थ है "यहोवा परमेश्वर है") और उसका पिता (वह पाथुएल का पुत्र था)।

यहां तक की पुस्तक की तारीख भी अनिश्चित है; कोई घटना नहीं है जो एक तिथि की पुष्टिकरती है। क्योंकि योएल उत्तरी राज्य या यहूदा के राजा का उल्लेख नहीं करता, इसलिए यह संभव है कि योएल ने निर्वासन से लौटने के बाद उपदेश दिया। हालांकि, बाइबल के विद्वानों के बीच इस बारे में काफी असहमति है।

योएल की पुस्तक पर एक नज़र

श्रोतागणः यहूदा

दिनांक : शायद 500-450 ईसा पूर्व

विषयः प्रभु का दिन

उद्देश्यः न्याय के आनेवाले दिन का अनुमान लगाना पुनःस्थापन के आनेवाले दिन की भविष्यद्वाणी करना

योएल कि पुस्तक में सुसमाचारः योएल का वादा पिन्तेकुस में पूरा होता है।

योएल की पुस्तक का उद्देश्य

योएल ने यहूदा को पुकारा ताकि वह परमेश्वर के पास वापस जाए। टिड्डीयो की विपत्ति अवज्ञाकारियों पर आने वाले दण्ड का प्रतीक थी। हालांकि, योएल ने विश्वासयोग्यों के पुनःस्थापन के लिए आनेवाले दिन की भी भविष्यद्वाणी की।

योएल की पुस्त में विषय

➡ **टिड्डीयो की विपत्ति और परमेश्वर का दिन** (योएल 1:1-2: 17)

योएल 1:2-2:17 टिड्डीयों की विपत्ति का विलाप है। यह विपत्ति बहुत भयानक और बदतर थी जो पहले कभी किसी ने नहीं देखी थी; यह एक सेना की तरह थी जिसने देश को नष्ट कर दिया।

टिड्डीयो की विपत्ति आने वाली बुरी चीजों का संकेत थी। परमेश्वर का दिन परमेश्वर के लोगों पर दण्ड का समय होगा पुनःस्थापन समय के बजाय, यदि वे पश्चाताप नहीं करते। बाहरी संकेतों में "अपने वस्त्रों को फाड़ना" पर्याप्त नहीं था; सच्चा पश्चाताप मन से आना चाहिए। परमेश्वर यहूदा से चाहता था कि "अपने मनों को फाड़ो।" यदि लोग परमेश्वर के पास जायें, तो वे पायेंगे कि "वह अनुग्रहकारी, दयालु, विलम्ब से क्रोध करने वाला, करूणानिधान और दुःख देकर पछतानेहारा है।"[342]

---

[342] योएल 2:13

➡ **भविष्य के लिए एक भविष्यसूचक संदेश** (योएल 2:18-3: 21)

दण्ड के साथ, परमेश्वर ने पुनःस्थापन का वादा दिया। सबसे पहले, परमेश्वर देश का पुनरुद्धार करेगा। वह "उन वर्षों की उपज की हानी भरेगा जो टिड्डियों ने खा ली थी।"[343] फिर, परमेश्वर ने आत्मिक पुनःस्थापन का वादा किया।

जैसे टिड्डियों की भौतिक विपत्ति आत्मिक आपदा का प्रतीक थी, वैसे ही देश का पुनःस्थापन आने वाली आत्मिक जागृति का प्रतीक था। परमेश्वर समाज के सभी स्तरों के लोगों पर अपनी आत्मा उंडेलेगा।

उस समय के दौरान, सारी पृथ्वी के लोग परमेश्वर की संप्रभुता को जानेंगे। परमेश्वर के लोगों के दुश्मनों को दंडित किया जाएगा, जबकि यहूदा परमेश्वर की विशेष आशीष का आनंद लेगा।

योएल नये नियम में

योएल ने वादा किया कि परमेश्वर सभी लोगों पर अपनी आत्मा उंडेलेगा। यह इस्राएल के इतिहास में समय-समय पर आने वाली पुनरावृत्तियों से अधिक था। ये पुनरावृत्तियों ने परमेश्वर की योजना से इस्राएल के गंभीर पतन में देरी की, लेकिन वे स्थायी परिवर्तनों के बजाय अस्थायी साबित हुईं। इसके अलावा, वे इस्राएल तक सीमित थीं।

योएल ने उस समय की प्रतीक्षा की जब परमेश्वर का आत्मा "सभी लोगों" पर उंडेला जाएगा। पिन्तेकुस में, पतरस ने घोषणा की कि योएल की भविष्यद्वाणी पूरी हो रही है।[344] ऊपरी कमरे में पवित्र आत्मा के उंडेले जाने के बाद, प्रेरितों ने यरूशलेम, यहूदिया और सामरिया और पृथ्वी के छोर तक सुसमाचार का प्रचार किया।

यह एक अस्थायी पुनरुत्थान नहीं था। इसके बजाय, कलिसिया के सेवाकार्य के माध्यम से अभी भी प्रभु के दिन का वादा पूरा हो रहा है। जब हम सुसमाचार सुनाते हैं और चेले बनाते हैं, हम ऐसा इस आश्वासन में करते हैं कि मानव जाति के लिए परमेश्वर के उद्देश्य को पूरा करने के लिए परमेश्वर की आत्मा हमारे माध्यम से काम कर रही है। उसकी पवित्र आत्मा को अब भी कलिसिया के कार्य के माध्यम से सभी लोगों पर उंडेला जा रहा है।

अमोसः सच्ची धार्मिकता के लिए एक चरवाहा

अमोस का ऐतिहासिक समायोजन

आमोस तकोई से एक चरवाहा था, जो यरूशलेम के दक्षिण में एक छोटा सा शहर था। गर्मियों में, चरवाहे अपनी भेड़-बकरियों को ऊंचे स्थान पर ले जाया करते थे। इन महीनों के दौरान, आमोस अंजीर देने वाले गूलर के पेड़ों की देखभाल करता था।

---

[343] योएल 2:25

[344] योएल 2:28-32; प्रेरितों के काम 2:14-21

> **अमोस की पुस्तक पर एक नज़र**
>
> **श्रोतागणः** उत्तरी राज्य
>
> **दिनांकः** 8वीं सदी ईसा पूर्व के मध्य
>
> **विषयः** सच्ची धार्मिकता के लिए एक चरवाहा
>
> **उद्देश्यः** इस्राएल पर उस के अधार्मिक व्यवहार के कारण परमेश्वर के दण्ड की भविष्यद्वाणी करना - परमेश्वर और उसके पड़ोसी दोनों के प्रति
>
> **अमोस की पुस्तक में सुसमाचारः** आमोस की तरह, यीशु ने दिखाया कि परमेश्वर के लिए प्यार (प्रथम महान आज्ञा) हमारे पड़ोसी (दूसरे महान आज्ञा) के लिए प्यार में देखा जाना चाहिए। याकूब की पत्री के विषयों की आमोस के विषयों के साथ कई समानताएं है।

परमेश्वर ने उत्तरी राज्य की यात्रा करने के लिए आमोस को नियुक्त किया। एक चरवाहा के रूप में, आमोस में एक भविष्यद्वक्ता की पहचान की कमी थी। और भी बुरे प्रकार से, यहूदा के एक भविष्यद्वक्ता के रूप में, उत्तरी राज्य के लोगों का आमोस पर भरोसा नहीं था।[345]

अपने संदेश के प्रति विरोध को बढ़ाते हुए, आमोस ने उस समय के दौरान दण्ड का संदेश सुनाया जब उत्तरी राज्य बेमिसाल आर्थिक और राजनीतिक सफलता का अनुभव कर रहा था। कई इस्राएली मानते थे कि समृद्धि परमेश्वर की आशिष का एक चिह्न है। उनकी दृष्टि में, अमोस के दण्ड का संदेश इस्राएल की दृश्य समृद्धि के कारण अवैध था। हालांकि, आमोस दण्ड का संदेश लाने के लिए परमेश्वर की बुलाहट के प्रति विश्वसयोग्य था।

अमोस की पुस्तक का उद्देश्य

एक समृद्धि अनुभव कर रहे देश के प्रति, आमोस ने दण्ड की भविष्यद्वाणी की। बहुतायत के नए दिन के बजाय, इस्राएल न्याय के दिन का सामना कर रहा था। परमेश्वर का दण्ड इसलिए आया क्योंकि इस्राएल ने समाज के सबसे निम्न श्रेणी के सदस्यों के प्रति न्याय के साथ कार्य करने से इनकार कर दिया था। आमोस ने प्रचार किया कि धार्मिक अनुष्ठानों को मानने से बढ़कर धार्मिकता है; धार्मिकता हमसे अपेक्षा करती है कि हमारा अपने पड़ोसी के प्रति व्यवहार सही हो।

अमोस की पुस्त में विषय

➡ **न्याय** (अमोस 1:1 - 9:10)

आमोस की अधिकांश पुस्तक में दण्ड का संदेश है। आमोस तीन प्रश्नों का उत्तर देता है:

- *कौन* दण्ड भेजेगा?

[345] आमोस

पुस्तक में अश्शूर का उल्लेख नहीं है; आमोस दर्शाता है कि आने वाला न्याय परमेश्वर की ओर से है। बार-बार, वह इस संदेश को भेजता है: "यहोवा गरजेगा... यहोवा यों कहता हैं ... अपराधों के कारण मैं उसका दण्ड न छोडूंगा ... मैं आग भेजूंगा ... मैं दमिश्क के बेण्डों को तोड़ डालूंगा।"[346]

• दण्ड *कैसे* आएगा?

अकाल, सूखा, महामारी और विपत्ति परमेश्वर के दण्ड के साधन होंगे।[347] अश्शूर देश पर आक्रमण करेगा और देश को पूरी तरह से नष्ट कर देगा जैसे एक शेर भेड़ को नष्टकरके केवल एक पैर या कान का टुकड़ा छोड़ देता है।[348] देश के अगुवाओं को दूर किया जाएगा और[349] भूमि पर कब्जा कर लिया जाएगा।[350]

• परमेश्वर दण्ड *क्यों* भेजेगा?

परमेश्वर का दण्ड इस्राएल के पाप का परिणाम है। परमेश्वर सभी राष्ट्रों में केवल इस्राएल और यहूदा को ही जानता था। इस्राएल ने वाचा के विशेष लाभों का आनंद लिया; परन्तु वह वाचा की जिम्मेदारियों को भूल गयी। *क्योंकि परमेश्वर उसे जानता है* इसलिए इस्राएल परमेश्वर के दण्ड का सामना करती है।[351] वाचा से विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों को मिलीं।

दण्ड की घोषणा भविष्यसूचक संदेशों की एक श्रृंखला के माध्यम से दी जाती है। आमोस का प्रत्येक अनुभाग इस संदेश को एक अलग तरीके से लाता है। आमोस के संदेश में शामिल हैं:

➡ राष्ट्रों के खिलाफ दण्ड की भविष्यद्वाणियां
(आमोस 1-2)



आमोस ने अन्य राष्ट्रों के खिलाफ दण्ड के वचनों के साथ शुरू किया: दमिश्क, पलिश्तीन, और सूर। तब वह उन राष्ट्रों पर आया, जिनका इस्राएल के साथ खून का रिश्ता था। एदोम, एम्मोन और मोआब। इन देशों ने इस्राएल के खिलाफ क्रूर अपराध किए थे। आमोस तब यहूदा के आत्मिक

---

[346]अमोस 1:2-8; [347] अमोस 4:6-11; [348] अमोस 3:11-12;
[349]अमोस 4:2-3 और 5:27; [350] अमोस 6:14
[351]अमोस 3:1-2 होशे से स्मरण कीजिए कि "जानना" शब्द संबंधों को संदर्भ तकरता है, न कि केवल मानसिक ज्ञानको।

पापों के बारे में बोलता है - व्यवस्था को त्यागने और झूठे देवताओं के पीछे हो लेने के विषय में।

इस्राएल के आस-पास के देशों से बात करने के बाद, आमोस ने उत्तरी राज्य के पापों का व्याख्यान दिया। यहां तक, आमोस के सुननेवाले उसके संदेश के साथ सहमत हो गये होते। हालांकि, एक अप्रत्याशित मोड़ में, आमोस कहता है कि यहोवा का दिन इस्राएल के लिए भी दण्ड का दिन होगा। इस्राएल का उसके पापों के कारण न्याय किया जाएगाः कमजोरों पर अंधेर ("वे दरिद्र को एक जोड़ी जूतियों के लिये बेच डालते हैं"[352]), यौन पापों और मूर्तिपूजक समारोहों के कारण।

➡ **इस्राएल के विरुद्ध भविष्यवाणियाँ** (आमोस 3-6)

आमोस ने इस्राएल पर परमेश्वर के दण्ड का न्याय दिखाने के लिए कई प्रश्न पूछे।[353] उसने पलिश्तियों और मिस्र के लोगों से इस्राएल के पापों की तुलना की।[354] उसने इस्राएलियों के विशिष्ट समूहों के पापों का व्याख्यान दियाः सामरिया की सौहार्दपूर्ण महिलाएं, जो पापों में रहते हुए बलि चढ़ाती थी, और अगुएं जो अपनी संपत्ति और स्पष्ट सुरक्षा में अभिमानी थे।[355]

आमोस ने इस्राएल पर एक अंतिम संस्कार विलापगीत गाया, मृतकों के शोक का गीत।[356] चेतावनियों के बावजूद, इस्राएल ने पश्चाताप करने से मना किया। वे परमेश्वर से उम्मीद करते थे कि वे अन्य राष्ट्रों का न्याय करे; उन्हें नहीं पता था कि परमेश्वर इस्राएल को उसके पापों के लिए दण्ड देगा।

➡ **दण्ड के दर्शन** (आमोस 7:1-9:10)

परमेश्वर ने आमोस को आने वाले दण्ड को चित्रित करने वाले पांच दर्शनों की एक श्रृंखला दी। अमोस ने देखाः

- एक टिड्डीयो की विपत्ति जिसने देश को नष्ट करने की धमकी दी। इसने इस्राएल पर परमेश्वर के दण्ड को दिखाया। आमोस ने इस्राएल के लिए मध्यस्थता की और परमेश्वर ने तरस खाया।

---

[352]अमोस 2:6

[353] अमोस 3:3-6

[354] अमोस 3:9-15

[355] अमोस 4:1-11 और 6:1-14

[356] अमोस 5:1-3

- एक आग इतनी गर्म है कि उसने भूमध्य सागर को जला दिया। फिर, आमोस ने इस्राएल के लिए मध्यस्थता की और परमेश्वर ने तरस खाया।
- दीवार की सीधाई से जांच करने के लिए एक साहुल रेखा। जब परमेश्वर के धर्म के स्तर तक मापा गया, तो इस्राएल कुटिल निकला। इस वजह से, परमेश्वर दीवार को गिरा देगा।
- पके फलों की एक टोकरी। इसने इस्राएल की अवस्था को दर्शाया; वह शीघ्र दण्ड के लिए परिपक्व थी। लोग सब्त मनते थे; लेकिन सब्त के समाप्त होने के बाद, अन्य लोगों के साथ बेईमानी से व्यवहार करते थे। सच्ची धार्मिकता में सही व्यवहार शामिल है; धार्मिक अनुष्ठान पर्याप्त नहीं हैं।
- परमेश्वर न्याय के निश्चितता की घोषणा करने के लिए वेदी के बगल में खड़ा है। कोई बचने का उपाय नहीं था। अपने लोगों को देखने के लिए अपने पहले के वादे के एक भयावह व्याख्या में, परमेश्वर ने कहा, "मैं उन पर भलाई करने के लिये नहीं, बुराई की करने के लिये दृष्टि करूंगा।"[357]

➡ **पुनःस्थापन** (अमोस 9:11-15)

होशे की तरह आमोस ने, आशा के संदेश के साथ समाप्त किया। परमेश्वर अपने लोगों को नहीं भूला है। पुस्तक भविष्य के पुनःस्थापन के संदेश के साथ समाप्त होती है।



महान परिवर्तन

दण्ड (अमोस 1:1-9:10)	पुनःस्थापन (अमोस 9:11-15)
पतनः इस्राएल की कुमारी कन्या गिर गई, और फिर उठ न सकेगी (5: 2)।	**उदयः** उस समय मैं दाऊद की गिरी हुई झोंपड़ी को खड़ा करूंगा (9: 11)।
टूटी हुई दीवारें: और तुम बाड़े के नाकों से हो कर सीधी निकल जाओगी (4: 3)।	**मरम्मत की गईं दीवारें:** उसके बाड़े के नाकों को सुधारूंगा (9:11)।
विनाशः और मैं जाड़े के भवन को और धूपकाल के भवन, दोनों को गिराऊंगा; और हाथीदांत के बने भवन भी नाश होंगे, और बड़े बड़े घर नाश हो जएंगे, यहोवा की यही वाणी है (3:15)।	**पुनर्निर्माणः** उसके खण्डहरों को फिर बनाऊंगा (9:11)।

[357]अमोस 9:4

अकालः जो मनभावनी दाख की बारियां तुम ने लगाई हैं, उनका दाखमधु न पीने पाओगे (5:11)।	**दावतः** वे दाख की बारियां लगाएंगे और दाखमधु पीएंगे; वे उद्यान भी बनाएंगे, और उनमें से फल खाएंगे (9:14)।
निर्वासनः इसलिए मैं तुम्हें दमिश्क के पार कैद में ले जाऊंगा (5:27)।	**वापसीः** मैं उन्हें, उन्हीं की भूमि में बोऊंगा, और वे अपनी भूमि में से जो मैं ने उन्हें दी है, फिर कभी उखाड़े न जाएंगे, तुम्हारे परमेश्वर यहोवा का यही वचन है (9:15)।

अमोस नये नियम में

पहाड़ी उपदेश में, यीशु ने आमोस की तरह एक संदेश का प्रचार किया: धार्मिकता हमारे पड़ोसी के प्रति हमारे कार्यों में दिखनी चाहिए। यही संदेश याकूब की पुस्तक में देखा गया है। विश्वास की घोषणा ही काफी नहीं है; यह विश्वास रोज़मर्रा के जीवन में कर्मों सहित होना चाहिए।

?* कई बार कलिसियाओं ने सुसमाचार का प्रचार करते वक्त समाज के पापों को नजरअंदाज किया है। कई बार, कलिसियाओं ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ प्रचार करते वक्त सुसमाचार के संदेश को नजरअंदाज किया है[358] आपके समाज में, कलिसिया बाइबल के सुसमाचार के प्रभाव को बनाय रखकर, कैसे प्रभावी ढंग से समाज के पापों से बात कर सकती है?

भविष्यद्वक्ताओं में "धार्मिकता" पर गहराई से दृष्टि

आमोस के प्रमुख पदों में से एक है 5:24: "परन्तु न्याय को नदी की नाईं, और धर्म महानद की नाईं बहने दो।" यह पद कई सामाजिक न्याय आंदोलनों के लिए एक विषय रहा है, जिनमें से कुछ सामाजिक कार्यों के लिए अपनी सहानुभूति में सुसमाचार को भूल गये।

हालांकि, आमोस का संदेश "सामाजिक सुसमाचार" से परे है जो यीशु मसीह के उद्धार के संदेश को सामाजिक कार्य के साथ बदलता है। इसके बजाय, आमोस दर्शाता है कि सच्ची धार्मिकता परमेश्वर के चरित्र पर आधारित है। परमेश्वर के प्रति सच्ची धार्मिकता के परिणामस्वरूप हमारे पड़ोसी के प्रति हमारा सही व्यवहार होगा। यह संदेश पूरे पवित्रशास्त्र में दोहराया गया है:

---

[358] इसे अक्सर "सामाजिक सुसमाचार" कहा जाताहै।

- परमेश्वर ने कहा, "तुम पवित्र बने रहो; क्योंकि मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा पवित्र हूं।" इसके बाद आज्ञाओं की शृंखला आती है जो इस्राएलियों द्वारा गरीबों, कर्मचारियों, अपंगों और अन्य इस्राएली लोगों के साथ सही व्यवहार करने के विषय को बताती है।[359]
- अय्यूब ने परमेश्वर के सामने अपनी निर्दोषता प्रकट की। अपने बचाव के हिस्से के रूप में, उसने अपने पड़ोसी के प्रति अपने धार्मिक व्यवहार की गवाही दी।[360]
- फरीसियों ने यीशु की पापियों के साथ खाने की आलोचना की। जवाब में, यीशु ने होशे 6:6 को उद्धृत किया: "क्योंकि मैं बलिदान से नहीं, स्थिर प्रेम ही से प्रसन्न होता हूं, और होमबलियों से अधिक यह चाहता हूं कि लोग परमेश्वर का ज्ञान रखें।"[361]
- याकूब ने उन मसीहियों का विरोध किया जो अमीरों के प्रति पक्षपात दिखाते थे, जो भूखों को खिलाने में और नंगो हुओं के कपड़े पहने में नाकाम रहे, और जो बुरी बातें बोलने के दोषी थे। याकूब ने "शुद्ध भक्ति" के अर्थ का संक्षेप दिया: "अनाथों और विधवाओं के क्लेश में उन की सुधि लेना, और अपने आप को संसार से निष्कलंक रखना"[362]

धार्मिकता परमेश्वर के चरित्र का वर्णन करती है; हमारे पड़ोसी के साथ न्याय से व्यवहार करना परमेश्वर के चरित्र को प्रतिबिंबित करना है। २१वीं शताब्दी में मसीह होने के रूप में, हमें अविश्वसी दुनिया में परमेश्वर के चरित्र को प्रदर्शित करना है। परमेश्वर के साथ सही संबंध हमारे पड़ोसी के साथ हमारे संबंध को बदल देगा। आमोस में धार्मिकता का अर्थ यह था; यह आज की दुनिया में धार्मिकता का अर्थ है।

निष्कर्ष

कुछ मसीहियों ने राजनीतिज्ञ विलियम विल्बरफोर्स की तुलना में सुसमाचार फैलाने और मसीह न्याय के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता को प्रभावी ढंग से विकसित किया, जो एक अंग्रेजी राजनीतिज्ञ थे, और उनका जीवन काल 1759-1833 था।

विल्बरफोर्स को 21 वर्ष की आयु में सदन के लिए चुना गया था। चार साल बाद, वह एक मसीह बन गये। मसीह में आने से इस युवा अभिजात का पूरा जीवन बदल गया। यह केवल एक निजी 'विश्वास की घोषणा नहीं था। मसीह में आने से उनके राजनीतिक जीवन के बारे में उनका विचार, उनकी आत्म-केंद्रित जीवन शैली, और उनके अपने धन का उपयोग सब बदल गये।

---

[359] लैव्यवस्था 19:2 और निम्नलिखित।
[360] अय्यूब 31
[361] मत्ती 9:13
[362] याकूब 1:27

विलियम विल्बरफोर्स का मानना था कि मसीहियों को खोये हुओं के लिए सुसमाचार और दुःख उठाने वालों की शारीरिक ज़रूरतों के लिए चिंताशील होना चाहिए। परिणामस्वरूप, उन्होंने कई संगठनों के साथ काम किया ताकि गरीबों की मदद करें और सुसमाचार फैल सके। उन्होंने भारत और अफ्रीका के लिए मिशनरियों को प्रायोजित किया। उन्होंने बेहतर अस्पतालों, शरण, शरणस्थानों और जेलों के लिए काम किया। उन्होंने रविवार के स्कूल, शरणार्थियों, एकल माताओं और काम करने वाले गरीबों को सहारा दिया। अपने जीवन के अधिकांश भाग में, विल्बरफोर्स ने अपनी वार्षिक आय का एक चौथाई भाग गरीबों को दिया।

एक राजनीतिक अगुए के रूप में विल्बरफोर्स का सबसे स्थायी योगदान उनकी दास-प्रथा के खिलाफ लड़ाई थी। यह मानते हुए कि दास-प्रथा हमारे पड़ोसी के लिए मसीह प्रेम के साथ असंगत है, विल्बरफोर्स ने अपने जीवन का अधिकांश भाग इस बुराई से लड़ने के लिए समर्पित किया। सबसे पहले, कुछ ही लोगों का मानना था कि शायद ही वह शक्तिशाली उपशाला को हरा पायेंगे जो दास-प्रथा की रक्षा करता थे। अंग्रेजी व्यापारी हर साल लगभग 50,000 दासों को अफ्रीका से अटलांटिक ले जाते थे इस व्यापार को एक अंग्रेजी 'अधिकार' के तौर पर व्यापारियों द्वारा सुरक्षित रखा गया, व्यापारियों द्वारा एक आर्थिक आवश्यकता के तौर पर सर्मथन मिला, और कई ईसाइयों द्वारा एक आवश्यक बुराई को दुख के रुप में स्वीकार किया।

विल्बरफोर्स इस बुराई को स्वीकार नहीं कर सके। उन्हें परमेश्वर की ओर से प्रभाव की स्थिति में रखा गया था। उन्होंने इस स्थिति को परमेश्वर की सेवा करने के अवसर के रूप में देखा। वह 'न्याय को नदी की नाईं, और धार्मिकता को महानद की नाईं बहने देने' के लिए दृढ़ थे। दास-प्रथा की बुराइयों के बारे में सीखते हुए, विल्बरफोर्स इस शर्मनाक पाप का अन्त करने के लिए प्रतिबद्ध हो गए। उन्होंने लिखा, 'परिणाम जैसे भी हों: मैंने इस समय से यह निश्चय किया है कि जब तक मैं इसके समापन को प्रभावित न करूं, तब तक मैं कभी शांती से नहीं बैठूंगा।'

1789 की शुरुआत में, विल्बरफोर्स ने हर वर्ष दासों के व्यापार के खिलाफ बिल पेश किए। बारह दास विरोधी बिलों को 1789 और 1805 के बीच विफल कर दिया गया। अंत में, 1807 में, संसद ने अंग्रेजि साम्राज्य में दास व्यापार को समाप्त कर दिया।

तब विल्बरफोर्स ने साम्राज्य भर में दासता को खत्म करने (न सिर्फ नए दासों का व्यापार) को समाप्त करने की लड़ाई शुरू की। दासता को खत्म होते देखने के लिए विल्बरफोर्स ने पच्चीस साल और काम किया। उनकी मृत्यु के तीन दिन पहले, संसद ने अंग्रेजी साम्राज्य के सभी दासों को मुक्त करने के लिए कानून पारित किया।

पाठ असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंटों के साथ इस पाठ को अपनी समझ से प्रदर्शन कीजिए:

1) निम्नलिखित असाइनमेंटों में से एक पूरा कीजिए।

   विकल्प 1: समूह असाइनमेंट

   अपने समाज में एक अन्याय के क्षेत्र की चर्चा कीजिए, जिसमें कलिसिया को बोलना चाहिए। आमोस के आदर्श का उपयोग करते हुए, यह बताइए कि कलिसिया को इस स्थिति का सामना कैसे करना चाहिए। अपनी चर्चा का एक पृष्ठ सारांश लिखिए।

   विकल्प 2: व्यक्तिगत असाइनमेंट

   "एक अविश्वासी राष्ट्र के लिए परमेश्वर के दण्ड और प्रेम" पर उपदेश के लिए एक विस्तृत उपदेश की रूपरेखा तैयार कीजिए। यह दिखाइए कैसे होशे का संदेश आज हमारी दुनिया से बात करता है।

2) इस पाठ पर आधारित एक परीक्षा लिजिए। परीक्षा में स्मृति के लिए निर्दिष्ट पवित्रशास्त्रों को शामिल किया जाएगा।

गहराई से समझना

छोटे भविष्यद्वक्ताओं के बारे में अधिक जानने के लिए, कृप्या निम्न संसाधन को देखिए।

मुद्रित स्त्रोत

Bullock, C. Hassell. *An Introduction to the Old Testament Prophetic Books. (नये नियम भविष्यवाणी पुस्तकें का परिचय।)* Moody Press, 1986.

Hubbard, David Allan. *Tyndale Old Testament Commentary: Hosea, Joel, and Amos. (टिंडेल की पुराने नियम पर टिप्पणी: होशे, योएल, और अमोस।)* InterVarsity Press, 1989.

McCain, Danny. *Notes on Old Testament Introduction.* (पुराने नियम के परिचय पर टिप्पणियां) Africa Christian Textbooks, 2002.

ऑनलाइन स्त्रोत

Dew, Diane. "The Backslider in Heart."

http://www.dianedew.com/backsldg.htm

Wesley, John. Wesley's Explanatory Notes on the Old Testament.

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 12 के परीक्षा प्रश्न

1. इब्रानी बाइबल में छोटे भविष्यद्वक्ता क्या कहलाते हैं?

2. प्रमुख भविष्यद्वक्ताओं और छोटे भविष्यद्वक्ताओं के बीच क्या अंतर है?

3. 8 वीं शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान उत्तरी राज्य की आर्थिक और आत्मिक स्थितियों का वर्णन कीजिए।

4. होशे की पुस्तक का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

5. होशे के बच्चों के नाम इस्राएल के लिए क्या भविष्यद्वाणी करते हैं?

6. पुराने नियम में, 'जानना' शब्द का क्या अर्थ है?

7. योएल की पुस्तक का प्राथमिक विषय क्या है?

8. योएल में, कौनसी प्राकृतिक आपदा आने वाले दण्ड की भविष्यद्वाणी है?

9. नए नियम के मुताबिक, योएल की आने वाली आत्मिक जागृति की भविष्यद्वाणी कब पूरी हुई?

10. आमोस की पुस्तक का क्या उद्देश्य है?

11. आमोस में दण्ड के पांच दर्शनों की सूची बनाइए और उनका अर्थ दीजिए।

12. होशे 10:12; योएल 2:13; आमोस 5:24 स्मरण करके लिखें।

पाठ 13
छोटे भविष्यद्वक्ता II
राष्ट्रों के लिए भविष्यद्वक्ता

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत तक, छात्रः

(1) ओबद्याह, योना, मीका, नहूम, हबक्कूक और सपन्याह की पुस्तकों की तारीख और ऐतिहासिक समायोजन को जान सकें।

(2) ओबद्याह, योना, मीका, नहूम, हबक्कूक और सपन्याह के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने में सक्षम हो सकें।

(3) पुराने नियम की भविष्यद्वाणी की व्याख्या के लिए बुनियादी सिद्धांतों को समझ सकें।

(4) सभी देशों पर परमेश्वर की संप्रभुता की सराहना कर सकें।

(5) ओबद्याह, योना, मीका, नहूम, हबक्कूक, और सपन्याह के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों के साथ संबंधित कर सकें।

पाठ

ओबद्याह, योना, मीका, नहूम, हबक्कूक और सपन्याह को पढ़िए।
मीका 6:8; नहूम 1:7-8; हबक्कूक 3:2 को याद कीजिए।

प्राचीन दुनिया के झूठे देवताओं के विपरीत, यहोवा एक स्थानीय देवता नहीं था। यहोवा पूरी दुनिया का प्रभु था, और अभी भी है। यह इस्राएल के अलावा अन्य देशों के लिए छोटे भविष्यद्वक्ताओं के संदेश में देखा जाता है। इस अध्याय में पढ़ी गयी पुस्तकों में, परमेश्वर ने अपने भविष्यद्वक्ताओं के माध्यम से एदोम, निनवे, इस्राएल, यहूदा और सपन्याह में पूरी दुनिया से बात की। इस अध्याय में, हम उन लोगों पर परमेश्वर की संप्रभुता को देखते हैं जो उसके अधिकार को जानते तक नहीं हैं। परमेश्वर पूरे विश्व का प्रभु है।

ओबद्याहः एदोम के लिए एक संदेश

ओबद्याह का ऐतिहासिक समायोजन

ओबद्याह की पुस्तक एदोम, एसाव के वंशज और इस्राएल, याकूब के वंशज के बीच लंबे समय तक संघर्ष के संदर्भ में पढ़ी जानी चाहिए। निर्गमन के दौरान, एदोमियों ने इस्राएल को अपने देश से होकर जाने नहीं दिया।[363] बाबुल द्वारा घेराबंदी के दौरान, एदोमी यरूशलेम

के विनाश से आनन्दित हुए। 587 ईसा पूर्व में यहूदा के प्रति उनकी क्रूरता ने भजन संहिता 137:7-9 के अभिशाप वचनों और ओबद्याह के भविष्यद्वाणी के संदेश को प्रेरित किया।

हम ओबद्याह नबी के नाम के अलावा उसके बारे में और कुछ नहीं जानते। उसके नाम का अर्थ हो "जो यहोवा की सेवा करता है" और पुराने नियम में एक सामान्य नाम है।[364]

ओबद्याह पर एक नज़र

श्रोतागणः एदोम

दिनांकः 587 और 553 ईसा पूर्व के बीच।

विषयः एदोम का पतन

उद्देश्यः एदोम के विनाश की भविष्यद्वाणी करना क्योंकि उसने बाबुल द्वारा घेराबंदी के दौरान यहूदा के साथ क्रूरता से व्यवहार किया था।

ओबद्याह में सुसमाचारः निर्वासन के बाद, यहूदा को पुनः स्थापित किया जाएगा। उसके माध्यम से, सुसमाचार अन्यजातियों तक पहुँचा याजाएगा।

ओबद्याह का संदेश

ओबद्याह की भविष्यद्वाणी, एदोम पर दण्ड का संदेश और यहूदा के लिए सांत्वना का संदेश है। सबसे पहले, ओबद्याह एदोम के खिलाफ न्याय का संदेश लाता है। एदोम अभिमान से मानता है कि उसकी राजधानी, सेला जो एक उच्च और सुरक्षित रक्षा-स्थान पर उसे उसके दुश्मनों से बचाएगी।[365] हालांकि, यहूदा के खिलाफ उसकी हिंसा के कारण, परमेश्वर एदोम को नष्ट कर देगा। एक धर्मी परमेश्वर एदोम को उसके पाप के कारण निर्दोष नहीं ठहराएगा। ओबद्याह की भविष्यद्वाणी पूरी हुई जब एदोम को 553 ईसा पूर्व में पराजित कर दिया गया।

ओबद्याह सांत्वना का संदेश भी लाता है। वह यहूदा को परमेश्वर की वाचा का प्रेम स्मरण कराता है जो उसके लोगों के लिए है। यरूशलेम के विनाश के बाद भी, परमेश्वर ने अपने लोगों के लिए आशा का वादा किया। ओबद्याह का आधारभूत पद (1:15) वादा करता है कि यहोवा का दिन सभी देशों के लिए निकट है।

योनाः नीनवे की ओर एक अनिच्छुक भविष्यद्वक्ता

योना का ऐतिहासिक समायोजन

योना ने अश्शूर साम्राज्य की निर्बलता के दौरान भविष्यद्वाणी की। उसने यारोबाम द्वितीय के दिनों में उत्तरी राज्य के विस्तार की भविष्यद्वाणी की।[366]

---

[363] गिनती २०:१४-२१

[364] छोटा भविष्यद्वक्ता वह ओबद्याह नहीं है जो 1 राजा 18 में अहाब के घराने में एक अधिकारी था।

[365] ओबद्याह 1:3

[366] 2 राजा 14:25

एक आक्रामक साम्राज्य, अश्शूरी लोग, इस्राएल की स्वतंत्रता के लिए सबसे बड़ा खतरा थे। जीवित बची कलाकृति से पता चलता है कि अश्शूरियों को अपने दुश्मनों के साथ क्रूरता करने में खुशी मिलती थी। जब योना को नीनवे में प्रचार करने के लिए परमेश्वर की बुलाहट मिली, तो वह तर्शीश को भाग गया।

योना पर एक नज़र

श्रोतागणः नीनवे

दिनांकः 793 और 753 ईसा पूर्व के बीच

विषयः परमेश्वर का अनुग्रह *सभी* लोगों के लिए है।

उद्देश्यः सभी लोगों को और इस्राएल के दुश्मनों को भी छुड़ाने की परमेश्वर की इच्छा को दर्शाना।

योना में सुसमाचारः यीशु ने योना की पुस्तक को पुनरुत्थान के चिह्न के रूप में बताया।

प्रेरितों और प्रारंभिक कलीसिया के सेवाकार्य के माध्यम से, सुसमाचार को सभी देशों के लिए प्रचार किया जाता है।

वह उस संदेश का प्रचार नहीं करना चाहता था जिससे नीनवे पश्चाताप करे। वह जानता था कि अगर नीनवे ने पश्चाताप किया, तो परमेश्वर शहर को क्षमा कर देगा।[367] एक निष्ठावान इस्राएली के रूप में योना के दृष्टिकोण से, नीनवे का विनाश इस्राएलियों के लिए एक आशिष होगा।

योना का उद्देश्य

योना की पुस्तक, परमेश्वर की दया के विषय में बताती है, यहां तक कि इस्राएल के शत्रुओं पर भी उनकी दया के विषय में बताती है। योना से पता चलता है कि परमेश्वर की करुणा सिर्फ "हमारे" (इस्राएल) लिए नहीं है; परमेश्वर की करुणा 'उनके' (निनवे) लिए भी है।

परमेश्वर के विपरीत, भविष्यद्वक्ता योना नीनवे पर कोई तरस नहीं खाता। योना की किताब हमें यह विचार करने के लिए मजबूर करती है कि, "क्या मैं योना की तरह हूं या परमेश्वर की तरह हूं?"

[367] योना 4:2

Image: "KCE Lachish impale" taken by kevincellis36109, retrieved from https://www.flickr.com/photos/36339698@N00/17005960457/ licensed under CC BY 2.0, desaturated from the original.

क्या योना की कहानी सत्य है?

कुछ लेखकों ने तर्क दिया है कि योना की कहानी एक सच्ची कहानी नहीं है, लेकिन यह एक दृष्टान्त है जिसका उद्देश्य एक सीख देना है कि इस्राएल, राष्ट्रों के लिए परमेश्वर का कार्य करने में असफल रहा। हालांकि, योना की किताब में कुछ भी ऐसा नहीं है जो यह बताता है कि यह एक दृष्टांत के तौर पर है। कहानी को एक सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और इसमें ऐतिहासिक और भौगोलिक विवरण शामिल हैं, जिसकी हम एक सच्ची कहानी से अपेक्षा करते हैं।

योना के संदेशों में से एक, परमेश्वर की संप्रभुता है। परमेश्वर ने "एक प्रचण्ड आंधी चलाई'; उसने 'योना को निगलने के लिए एक बड़ी मछली तैयार की'; उसने योना के लिए आश्रय प्रदान करने के लिए "कद्दू का पेड़" तैयार किया, और उसने कद्दू के पेड़ को नष्ट करने के लिए "एक कीड़ा तैयार" किया। अगर कहानी सच्ची नहीं है, तो उसकी सृष्टि पर परमेश्वर की संप्रभुता का संदेश लुप्त हो जाता है।

यीशु ने योना की कहानी को इतिहास के रूप में माना। उसने चेतावनी दी, "नीनवे के लोग न्याय के दिन इस युग के लोगों के साथ उठकर उन्हें दोषी ठहराएंगे, क्योंकि उन्होंने योना का प्रचार सुनकर, मन फिराया और देखो, यहां वह है जो योना से भी बड़ा है।"[368]

इन कारणों से, हम जानते हैं कि योना की कहानी एक सच्ची कहानी है।

योना का संदेश

➡ **भाग एकः आज्ञाकारिता में सीख** (योना 1-2)

अध्याय १ और २ आज्ञाकारिता में सीख देते हैं। जब परमेश्वर योना को नीनवे जाने के लिए बुलाता है, तो योना विपरीत दिशा में भागता है। "परन्तु योना तर्शीश को भाग जाने के लिये उठता है" वह "परमेश्वर की उपस्थिति से" भागने के लिए एक जहाज पर चढ़ जाता है।[369] परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता मानता है कि वह सर्वव्यापी परमेश्वर की उपस्थिति से बचकर भाग सकता है। हालांकि, परमेश्वर सार्वभौम है। "परमेश्वर ने एक बड़ी आंधी चलाई" जिससे जहाज टूटने वाला था।

जब नाविकों ने इसका कारण जानने के लिए पर्ची डाली, तो उन्होंने पाया कि इसमें योना का दोष है। योना के विपरीत (जो निनवे के बारे में परवाह नहीं करता), नाविक अपने साथी

[368] मत्ति 12:41
[369] योना 1:3

योना के जीवन को बचाने की कोशिश करने के लिए पर्याप्त देखभाल करते हैं। मूर्तिपूजक नाविक परमेश्वर के भविष्यद्वक्ता की तुलना में अधिक करुणा दिखाते हैं। जब नाविकों ने अंततः योना को समुद्र में फेंक दिया, तो तूफान तुरन्त शांत हो गया। योना का जीवन बच जाता है क्योंकि "योना को निगलने के लिए परमेश्वर ने एक बड़ी मछली तैयार की थी।"

यह पहला खंड योना के धन्यवाद की प्रार्थना के साथ समाप्त होता है जो परमेश्वर की दया के लिए है। योना वादा करता है कि "जो मन्नत मैं ने मांगी, उसको पूरा करूंगा।" उसने आज्ञाकारिता में एक सबक सीखा।

➡ **भाग दो: आज्ञाकारिता में करुणा** (योना 3-4)

अध्याय 1 की तरह, योना 3 परमेश्वर की बुलाहट के साथ शुरू होता है। इस बार, योना आज्ञा का पालन करता है; "तो योना उठा, और नीनवे को गया।" योना ने आज्ञाकारिता में सबक सीखा; अब परमेश्वर उसे करुणा पर एक सीख देता है।

योना नीनवे में दण्ड के संदेश का प्रचार करता है। अध्याय 1 के जैसे, योना की तुलना में मूर्तिपूजकों को परमेश्वर की करुणा का अधिक विवेक है। अध्याय 1 में, मूर्तिपूजक नाविकों ने योना के जीवन को बचाने की कोशिश की। अध्याय 3 में, यह नीनवे का मूर्तिपूजक राजा है जो बताता है कि परमेश्वर शहर पर दया कर सकता है। 'सम्भव है, परमेश्वर दया करे और अपनी इच्छा बदल दे, और उसका भड़का हुआ कोप शान्त हो जाए और हम नाश होने से बच जाएं।' परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता केवल दण्ड का प्रचार करता है; एक मूर्तिपूजक राजा परमेश्वर की दया का प्रचार करता है।

अध्याय 2 की तरह, योना 4 में एक प्रार्थना है। योना 2 योना पर परमेश्वर की दया के लिए धन्यवाद की प्रार्थना है; योना 4 में नीनवे पर परमेश्वर की दया के लिए शिकायत की एक प्रार्थना है। योना शिकायत करता है क्योंकि परमेश्वर ने निनवे शहर को क्षमा कर दिया। यह अध्याय योना को सिखाई गई परमेश्वर की सीख के साथ समाप्त होता है, जो खोए हुए लोगों के लिए परमेश्वर की महान करुणा के बारे में एक सीख है।

योना नये नियम में

योना की पुस्तक नये नियम में कम से कम दो तरीकों से प्रतिबिंबित है। पहले, यीशु ने कब्र से अपने पुनरुत्थान के लिए एक समानता के रूप में मछली के पेट से योना के बचाव को बताया।[370]

---

[370] मत्ति 12:39-40

दूसरा, योना इस्राएल की विफलता के विषय में बताता है, जिसमें वह दूसरे देशों के लिए अपने लक्ष्य को पूरा करने में असफल रहता है। उत्पत्ति 12:2-3 के इब्राहीम के वादे से, यह स्पष्ट है कि अन्य लोगों को आशीष देने का स्रोत बनने के लिए इस्राएल को आशीष मिली थी। योना की पुस्तक उस कार्य को पूरा करने के लिए इस्राएल की विफलता को दिखाती है। मसीह के आने से, यह कार्य नया हो जाता है, जिसके लिए चेलों को कार्य को पूरा करने के लिए नियुक्त किया जाता है: 'इसलिए तुम जाओ, और सब देशों के लोगों को शिक्षा दो।"[371]

योना 21वीं सदी में

योना अनिच्छुक भविष्यद्वक्ता, जो चाहता है कि परमेश्वर नीनवे को क्षमा न करे, उसका उपहास करना आसान है; हालांकि, योना हमें परमेश्वर की दृष्टि से हमारी दुनिया को देखने के लिए मजबूर करता है। जब मैं योना की पुस्तक पढ़ता हूं, तो मुझे अपने आप से पूछना चाहिए:

- मुझे किससे आनन्द मिलता है: मेरे दुश्मन के विनाश से या मेरे दुश्मन के पश्चाताप से?
- क्या मैं परमेश्वर की दया को उतने आनन्द से प्रचार करता हूं जितने आनन्द से मैं परमेश्वर के दण्ड का प्रचार करता हूं?
- क्या मैं उन लोगों के पास जाने के लिए अनिच्छुक हूँ जो परमेश्वर के लोगों के दुश्मन हैं?
- मेरे पास योना का चरित्र है या परमेश्वर का चरित्र है?

मीका: यहूदा और इस्राएल के लिए एक संदेश

मीका का ऐतिहासिक समायोजन

उत्तरी राज्य के पतन के कुछ ही समय पहले मोरेशेती के एक भविष्यद्वक्ता मीका ने यहूदा में प्रचार किया। उसके संदेश से हिजकिय्याह के शासनकाल के दौरान एक पुनर्जागरण आया।

मीका का उद्देश्य

एक वाचा के मुकदमे को इस्तेमाल करके, मीका ने दर्शाया कि यहूदा वाचा

मीका पर एक नज़र

श्रोतागण: यहूदा

दिनांक: 740-700 ईसा पूर्व

विषय: सच्ची जीवित वाचा

उद्देश्य: यह दर्शाना कि परमेश्वर वाचा को तोड़ने के लिए यहूदा को दण्ड देगा।

मीका में सुसमाचार: मीका यीशु के लिए, हृदय से भक्ति के संदेश का पूर्वाभास देता है। सच्ची भक्ति अनुष्ठान से बढ़कर है; सच्ची भक्ति 6:8 में अभिव्यक्त की गयी है: "तू न्याय से काम करे, और कृपा से प्रीति रखे, और अपने परमेश्वर के साथ नम्रता से चले।"

[371] मत्ति २८:१९

के प्रति अविश्वासयोग्य है।[372] मीका ने वाचा को तोड़ने वालों के लिए दण्ड का प्रचार किया, और पश्चाताप करने वालों के लिए आशा का। मीका ने दिखाया कि धार्मिकता अनुष्ठानों के पालन से बढ़कर है; सच्ची धार्मिकता "न्याय से काम करना, और कृपा से प्रीति रखना, और अपने परमेश्वर के साथ नम्रता से चलना।"[373]

मीका का संदेश

मीका तीन भविष्यद्वाणियों का एक अनुक्रम लाया। प्रत्येक अनुभाग शब्द "सुन" के साथ शुरू होता है। प्रत्येक संदेश दण्ड के साथ शुरू होता है और फिर पूर्वावस्था की प्रप्ति के वादे पर जाता है।

➡ **संदेश 1** (मीका 1-2)

शोमरोन और यरूशलेम पर मीका की पहली दण्ड की भविष्यद्वाणी, जो इस्राएल और यहूदा की राजधानियां हैं। परमेश्वर शोमरोन को खंडहरों का ढेर बना देगा और उसकी मूर्तियों का नाश करे देगा। यरूशलेम के लिए, परमेश्वर गंजेपन की लज्जा का वादा करता है जब यहूदा को निर्वासन में ले लिया जोएगा।

मीका 1:10-15 में, भविष्यद्वक्ता ने उस मार्ग का पता लगाया जिसका सन्हेरीब ने बाद में 701 ईसा पूर्व में यरूशलेम की यात्रा के लिए इस्तेमाल किया। यहूदा पर उसके हमले में, सन्हेरीब ने गत, अप्रा, शाफीर, ज़ानान, बेत-एज़ेल, मारोथ, लाकीश, मोरेसेठ गथ और अक्शीब शहरों को जीत लिया। मीका की भविष्यद्वाणी परमेश्वर के दण्ड के विषय में उसके भविष्य कथन में निश्चित है।

यह दण्ड की आज्ञा बचे हुऐ लोगों के पूर्वावस्था की प्रप्ति के वादे के साथ समाप्त होती है। यहोवा अपने लोगों को लड़ाई में ले जाएगा।

➡ **संदेश 2** (मीका 3-5)

मीका का दूसरा संदेश यहूदा के भ्रष्ट अगुवाओं की निंदा के साथ शुरू होता है। नागरिक अगुवाओं को नरभक्षियों के रूप में वर्णित किया जाता है जो अपने अनुयायियों को खा जाते हैं। (3:1-4) भविष्यद्वक्ता "भाड़े के दूत" हैं, जो उन लोगों पर आशीषों की भविष्यद्वाणी करते हैं जो अच्छी कीमत देते हैं और उनकी निंदा करते हैं जो कुछ भी नहीं दे सकते (3:5-8)। शासक, याजक और भविष्यद्वक्ता सभी निंदा के योग्य हैं।

---

[372] वाचा के मुकदमे की संरचना के लिए, इस पाठ्यक्रम का पाठ 10 देखिए।

[373] मीका 6:8

पहले संदेश की तरह, यह संदेश दण्ड से आशा की ओर बढ़ता है। एक दिन आयेगा जब “यहोवा के भवन का पर्वत सब पहाड़ों पर दृढ़ किया जाएगा”; और हर जाति के लोग सेनाओं के यहोवा की विधियां सीखने आयेंगे। परमेश्वर बचे हुए विश्वासयोग्य लोगों को बचाएगा और उनके ऊपर शासन करेगा। वह बाबुल से सिय्योन को छुड़ाएगा और अपने झुंड की चरवाही करेगा।

यहूदा के लिए अंतिम छुटकारा तब आएगा जब “इस्राएल में एक शासक जो प्राचीन काल से, वरन अनादि काल से होता आया है” बेतलेहेम एप्राता से बाहर निकलेगा। मत्ति का सुसमाचार, मीका को यीशु मसीह के जन्म की भविष्यद्वाणी के तौर पर बताता है।[374]

➡ **संदेश 3** (मीका 6-7)

मीका का अंतिम संदेश एक वाचा के मुकदमे का रूप लेता है। परमेश्वर अपने लोगों को वाचा के प्रति अविश्वासयोग्यता के लिए दोषी ठहराता है। अपनी गलती को कबूल करने के बजाय, लोग व्यंग्यात्मक सवालों की एक श्रृंखला के साथ जवाब देते हैं:

> क्या परमेश्वर को होमबलि के लिये एक एक वर्ष का बछड़ा चाहिए?
>
> क्या परमेश्वर को हजारों मेढ़, व तेल की लाखों नदियां चाहिए?
>
> क्या परमेश्वर हमसे हमारी सन्तानों का बलिदान चाहता है?

परमेश्वर व्यवस्था की अपरिवर्तनीय अपेक्षाओं की फिर से घोषणा करके जवाब देता है: न्याय, दया और परमेश्वर के साथ नम्रता से चलना।

यहूदा के खिलाफ परमेश्वर के दोषारोपण

मीका 6:1-8

6:1-2 गवाहों को बुलाहट (पहाड़ और पहाड़ियां यहूदा की अविश्वासयोग्यता के लिए गवाह हैं)

6:3 यहूदा को जवाब के लिए एक मौका

6:4-5 अतीत में यहूदा पर परमेश्वर की कृपा का एक अनुस्मारक

6:4-5 लोगों के उपहास की प्रतिक्रिया

6:4-5 परमेश्वर का जवाब - व्यवस्था की मांगों का सारांशः न्याय, दया और

दोषों के बाद, परमेश्वर यरूशलेम पर दण्ड की घोषणा करता है (6:9-7:7)। क्योंकि यहूदा ने अहाब के धर्मत्याग को अपनाया है, इसलिए परमेश्वर देश को उजाड़ देगा।

मीका फिर से दण्ड से आशा की ओर आगे बढ़ता है। यहूदा में भक्त लोगों की खोज में असफल रहने के बाद (7:1-7), मीका एक प्रार्थना के साथ समापन करता है कि परमेश्वर

---

[374] मीका 5:2 और मत्ति 2:4-6

"तू लाठी लिये हुए अपनी प्रजा की चरवाही कर" और अन्यजातियों के सामने उनको चंगा कर। वह आत्मविश्वास से समापन करता है: परमेश्वर एक एसा परमेश्वर है जो अधर्म को क्षमा करता है और करूणा से प्रीति रखता है।

21वीं सदी को मीका का संदेश

यिर्मयाह 26:17-19 से पता चलता है कि मीका के संदेश से पुनरुद्धार आया। फलस्वरूप, यहूदा 100 वर्षों से अधिक समय तक परमेश्वर के दण्ड से बचा रहा। इससे हमें प्रोत्साहन मिलना चाहिए जब हम अपने समय में परमेश्वर का संदेश सुनाते हैं। हालांकि कई लोग परमेश्वर के वचन को अस्वीकार करते हैं, बचे हुए व्यक्ति प्रत्युत्तर देंगे; परमेश्वर का वचन व्यर्थ नहीं लौटेगा। इसको वफादार उद्घोषणा करने के लिए हमारे दिनों में हमें प्रोत्साहित करना चाहिए।

नहूम: नीनवे को एक संदेश

नहूम का ऐतिहासिक समायोजन

नहूम ने उस उपदेश का प्रचार किया जिसका प्रचार योना प्रचार करना चाहता था: नीनवे का विनाश। नीनवे के पश्चाताप के जवाब में योना की पुस्तक परमेश्वर की दया दिखाती है; नहूम की पुस्तक नीनवे के विद्रोह के जवाब में परमेश्वर का दण्ड दिखाती है।

नहूम पर एक नज़र

श्रोतागण: नीनवे

दिनांक: 663 और 612 ईसा पूर्व के बीच

विषय: नीनवे का विनाश

उद्देश्य: नीनवेके दुष्ट शहर और अश्शूरी साम्राज्य पर परमेश्वर के दण्ड की भविष्यद्वाणी करना।

नहूम में सुसमाचार: नहूम 1:15 यहूदा को विश्वासयोग्यता में बुलाता है। वह शांति का अच्छा सुसमाचार लायेगा; मसीह आयेगा

योना के नीनवे के दौरे से प्रेरित पुनरुत्थान थोड़े समय का था। योना ने 793 और 753 ईसा पूर्व के बीच कुछ समय तक प्रचार किया था। 745 ईसा पूर्व तक तिग्लैथ-पिलेसर III सत्ता में आ गया था और उसने मानव इतिहास में सबसे क्रूरतम साम्राज्यों में से अश्शूर साम्राज्य की स्थापना की। 722 ईसा पूर्व में, अश्शूर ने उत्तरी राज्य को नष्ट कर दिया।

सन्हेरीब, जिसने 704-681 ईसा पूर्व से अश्शूरी साम्राज्य पर शासन किया था, उसने नीनेवे को राजधानी बनायी थी। उसने यहूदा के अधिकांश भाग पर विजय प्राप्त की, हालांकि परमेश्वर ने यरूशलेम को बचाया और बाद में आसार के नियंत्रण से यहूदा को मुक्त कराया। 663 ईसा पूर्व के कुछ समय बाद, नहूम ने नीनवे और अश्शूर साम्राज्य पर परमेश्वर के

दण्ड की भविष्यद्वाणी की।[375] यह भविष्यद्वाणी 612 ईसा पूर्व में पूरी हुई, जब नीनवे नष्ट हो गया। 609 ईसा पू्र्व तक, अश्शूर साम्राज्य के अंतिम अवशेष पर कब्ज़ा कर लिया गया और यह साम्राज्य इतिहास से मिट गया। परमेश्वर के दण्ड निश्चित हैं।

नहूम का उद्देश्य

ओबद्याह ने एदोम का पूर्ण और निश्चित विनाश का प्रचार किया; नहूम ने नीनवे का पूर्ण और निश्चित विनाश का प्रचार किया। इस बार, कोई पश्चाताप नहीं होगा; "तेरा घाव न भर सकेगा, तेरा रोग असाध्य है।"[376] नहूम की पुस्तक नीनवे के विनाश की घोषणा करती है और यहूदा के लोगों को यह आश्वासन देते हुए आशा देती है कि परमेश्वर उनके शत्रुओं को दण्ड देगा।

नहूम का संदेश

नहूम की पूरी पुस्तक नीनवे पर परमेश्वर के दण्ड के विषय में है। अध्याय 1 परमेश्वर का विवरण दिव्य योद्धा के रूप में देता है जो अपने लोगों की ओर से लड़ता है। परमेश्वर एक धर्मी न्यायाधीश है; वह "अपने द्रोहियों से बदला लेगा, और वह अपने शत्रुओं के लिए रोष रखनेवाला है।"

यद्यपि परमेश्वर ने पश्चाताप करने वाले नीनवे को छोड़कर अपनी दया दिखायी, वह "शक्ति में महान भी है, और दुष्टों को दोषमुक्त नहीं करेगा।" नीनवे ने परमेश्वर को अस्वीकार कर दिया है, और अब वह उनसे बदला लेगा।

पुस्तक की मुख्य विषमता नहूम 1:7-8 में देखी जाती है। धर्मियों के लिए, "यहोवा भला है; संकट के दिन में वह दृढ़ गढ़ ठहरता है।" दुष्टों के लिए, "वह उमड़ती हुई धारा से उसके स्थान का अन्त कर देगा।"

अध्याय 2 नीनवे के विनाश का वर्ण सड़कों पर लड़ाईयों की छवियों के साथ और एक शेर के रूपक जो अपने शिकार को टुकड़ों में फाड़ता है।

अध्याय 3 नहूम के संदेश "हाय की भविष्यद्वाणी" के साथ समाप्त होता है, जिसमें "खूनी शहर" के अपराध की घोषणा करता है जो "झूठ और डकैती से भरा" है। नहूम नीनवे के अपराधों को सूचीबद्ध करता है और फिर परमेश्वर के अंतिम दण्ड की घोषणा करता है: "मैं

---

[375] नहूम ३:८ में मिस्र में थीबिस के विनाश का उल्लेख है (KJV, पुराना नाम "नहीं", शहर केलिये उपयोग करता है)। यह 663 ईसा पूर्व में हुआ। नहूम ने थीबिस के पतन (663 ईसा पूर्व) और नीनवे के पतन के बीच उपदेश दिया था (612 ईसा पूर्व)।

[376] नहूम 3:19

तुझे जाति-जाति के सामने नंगा और राज्यों के सामने नीचा दिखाऊंगा। मैं तुझ पर घिनौनी वस्तुएं फेंक कर तुझे तुच्छ कर दूंगा, और सब से तेरी हंसी कराऊंगा।"[377] दुनिया अश्शूर के पतन की खबर पर आनन्द करेगी। "जितने तेरे समाचार सुनेंगे, उतने तेरे ऊपर ताली बजाएंगे। क्योंकि ऐसा कौन है जिस पर तेरी लगातार दुष्टता का प्रभाव न पड़ा हो?"[378]

नहूम सिखाता है कि पवित्र परमेश्वर पाप को निर्दोष नहीं छोड़ेंगे। यद्यपि परमेश्वर ने इस्राएल और यहूदा को उनके पापों के लिए दण्ड देने के लिए अश्शूर का उपयोग किया था, लेकिन उसने अश्शूर के पापों की अनदेखी नहीं की। आखिरकार, उसने यहूदा में विश्वासयोग्य बचे हुओं को संरक्षित किया और अपने दुश्मनों को हरा दिया। अपने लोगों के लिए परमेश्वर की विश्वासयोग्यता नहीं बदली है।

हबक्कूकः परमेश्वर और उसके भविष्यद्वक्ता के बीच एक वार्ता

हबक्कूक का ऐतिहासिक समायोजन

हबक्कूक पर एक नज़र

दिनांकः सम्भवतः 608 और ईसा पूर्व के बीच

विषयः परमेश्वर के मार्गों का समझना

उद्देश्यः हबक्कूक को परमेश्वर के उद्देश्य प्रकट करना

हबक्कूक में सुसमाचार: हबक्कूक 2:4 को नए नियम में तीन बार उद्धृत किया गया है। "धर्मी अपने विश्वास के द्वारा जीवित रहेगा।" हर समय में अपने लोगों के लिए परमेश्वर की योजना है।

भविष्यद्वक्ता की पुस्तकों में हबक्कुक अद्वितीय है; यह कोई विशिष्ट श्रोतागणों को संबोधित नहीं करता। इसके बजाय, पुस्तक में परमेश्वर और भविष्यद्वक्ता के बीच एक संवाद होता है।

हबक्कूक ने यरूशलेम के पतन तक के वर्षों में सेवा की। अधिकांश विद्वानों का मानना है कि हबक्कूक का संवाद 605 ईसा पूर्व में, नबूकदनेस्सर की सत्ता में उदय के कुछ समय पहले हुआ था। परमेश्वर से हबक्कूक के रहस्योद्घाटन के बीस वर्षों के भीतर, भविष्यद्वाणी पूरी होगी।

हबक्कूक का उद्देश्य

हबक्कूक की पुस्तक भविष्यद्वक्ता के लिए परमेश्वर के उद्देश्यों को प्रकट करती है। हबक्कूक के प्रश्नों और परमेश्वर के उत्तरों के माध्यम से, भविष्यद्वक्ता ने परमेश्वर की सार्वभौम योजना पर विश्वास करना सीखा।

---

[377] नहूम 3: 5-6, *English Standard Version.*

[378] नहूम 3:19, *English Standard Version.*

हबक्कूक का संदेश

➡ **प्रश्न 1: दुष्ट यहूदा की समृद्धी क्यों होती है?** (हबक्कूक 1:1-11)

जब हबक्कूक ने यहूदा का आत्मिक और नैतिक पतन देखा, वह परमेश्वर के प्रत्युत्तर की कमी के कारण परेशान था। हबक्कूक ने पूछा, "तू मुझे अनर्थ काम क्यों दिखाता है, और क्या कारण है कि तू व्यर्थ में देखता ही रहता है?"[379] हबक्कूक को ऐसा प्रतीत होता है कि न्याय भ्रष्ट हो रहा है।

परमेश्वर का प्रत्युत्तर भविष्यद्वक्ता को अचेत कर देता है। परमेश्वर हबक्कूक को बताता है कि वह यहूदा को दण्ड देने के लिए कसदियों को उठा रहा है।[380] उनके घोड़े तेंदुओं की तुलना में तेज़ी से यात्रा करेंगे; वे विजय के लिए भूखे बाजों की तरह होंगे।

➡ **प्रश्न 2: परमेश्वर यहूदा को दण्ड देने के लिए बाबुल का उपयोग कैसे कर सकता है?** (हबक्कूक 1:12 - 2:20)

जबकि पहले जवाब से पता चलता है कि परमेश्वर बुराई की अनदेखी नहीं कर रहा था, इससे एक और बड़ा सवाल खड़ा हो गया। परमेश्वर यहूदा को एक और दुष्ट राष्ट्र से कैसे दण्ड दिलवा सकता है? यद्यपि यह सच था कि यहूदा दण्ड के योग्य था, लेकिन बाबुल यहूदा से कहीं ज्यादा दुष्ट था। हबक्कूक ने परमेश्वर से पूछा, "जब दुष्ट निर्दोष को निगल जाता है, तब तू कैसे चुप रह सकता है?"[381]

जवाब में, परमेश्वर ने हबक्कूक को एक दर्शन लिखने के लिए कहा। दण्ड निश्चित था और ऐसा ही होगा जैसा परमेश्वर ने वादा किया था। हबक्कूक को दो जवाबों में से एक तय करना है। वह अहंकार के साथ जवाब दे सकता है या वह परमेश्वर के उद्देश्यों के लिए विश्वास में राज़ी हो सकता है।

इस संदेश के बाद बाबुल को दण्ड देने के लिए परमेश्वर की योजना का रहस्योद्घाट है। पांच हाय की भविष्यद्वाणियों की एक श्रृंखला के माध्यम से, हबक्कूक बताता है कि बाबुल प्रभु के क्रोध का प्याला पीने के लिए मजबूर हो जाएगा। वे मूर्तियों पर भरोसा करते हैं, लेकिन मूर्तियों पर उनका विश्वास बेकार होगा। बेकार मूर्तियों के विपरीत, "परमेश्वर अपने पवित्र मंदिर में है।" एकमात्र उचित प्रत्युत्तर है उसकी संप्रभुता के सामने शांत रहना।

